द्वितीय पुष्प

# कविवर बूचराज

## एवं

## उनके समकालीन कवि

[संवत् १५६१ से १६०० तक होने वाले पाँच प्रतिनिधि
कवि बूचराज, छीहल, चतुरुमल, गारवदास एव
ठक्कुरसी का जीवन परिचय, मूल्यांकन तथा
उनकी ४४ कृतियों का मूल पाठ]


लेखक एवं सम्पादक

डॉ० कस्तूरचन्द कासलीवाल



श्री महावीर ग्रन्थ अकादमी, जयपुर

सम्पादक मण्डल :

डा० ज्योतिप्रसाद जैन, लखनऊ
डा० दरबारीलाल कोठिया, वाराणसी
पं० मिलापचन्द शास्त्री, जयपुर
डा० कस्तूरचन्द कासलीवाल, जयपुर
प्रधान सम्पादक

निदेशक मण्डल :

| | |
|---|---|
| संरक्षक | साहु अशोककुमार जैन, देहली |
| अध्यक्ष | श्री कन्हैयालाल जैन, मद्रास |
| उपाध्यक्ष | श्री गुलाबचन्द गंगवाल, रेनवाल (जयपुर) |
| | श्री अजितप्रसाद जैन ठेकेदार, देहली |
| | श्री कमलचन्द कासलीवाल, जयपुर |
| | श्री कन्हैयालाल सेठी, जयपुर |
| | श्री पदमचन्द तोतूका, जयपुर |
| | श्री फूलचन्द विनायक्या, डीमापुर |
| | श्री त्रिलोकचन्द कोठारी, कोटा |
| निदेशक | डा० कस्तूरचन्द कासलीवाल, जयपुर |

प्रकाशक : श्री महावीर ग्रन्थ अकादमी
गोदीकों का रास्ता,
किशनपोल बाजार, जयपुर–३०२००३

श्रुत पंचमी
सन् १६७६

मूल्य ३० रुपये

मुद्रक मनोज प्रिन्टर्स
जयपुर।



कविवर ब्रह्म बूचराज



कविवर ठक्कुरसी

# श्री महावीर ग्रन्थ अकादमी जयपुर, एक परिचय

जैन कवियों द्वारा हिन्दी भाषा में निबद्ध कृतियों के प्रकाशन एवं उनके मूल्यांकन की आज अतीव आवश्यकता है। देश के विश्वविद्यालयों एवं शोध संस्थानों मे जैन हिन्दी साहित्य को लेकर जो शोध कार्य हो रहा है तथा शोधार्थियों मे उस पर शोध कार्य की ओर जो रुचि जाग्रत हुई है वह यद्यपि उत्साहवर्धक है लेकिन अभी तक हिन्दी साहित्य के इतिहास मे जैन कवियों को नाम मात्र का भी स्थान प्राप्त नही हो सका है और हमारे अधिकांश कवि अज्ञात एवं अपरिचित ही बने हुए हैं। अभी तक जैन कवियो की कृतिया ग्रन्थागारों मे बन्द हैं तथा राजस्थान के शास्त्र भण्डारों को छोडकर अन्य प्रदेशों के भण्डारों के तो सूची पत्र भी प्रकाशित नही हुए हैं। देश की किसी भी प्रकाशन सस्था का इस ओर ध्यान नहीं गया और न कभी ऐसी किसी योजना को मूर्त्त रूप दिये जाने का सकल्प ही व्यक्त किया गया। क्योंकि अधिकाश विद्वानो एव साहित्यकारो को हिन्दी जैन साहित्य की विशालता की ही जानकारी प्राप्त नहीं है।

स्थापना—इसलिए सन् १९७६ वर्ष के अन्तिम महिनों में जयपुर के विद्वान् मित्रो के सहयोग से 'श्री महावीर ग्रन्थ अकादमी' सस्था की स्थापना की गयी जिसका प्रमुख उद्देश्य पञ्चवर्षीय योजना बनाकर समस्त हिन्दी जैन साहित्य को २० भागो मे प्रकाशित करने का निश्चय किया गया। इन भागो मे ९० से अधिक प्रमुख जैन कवियो का विस्तृत जीवन परिचय, उनकी कृतियो का मूल्याकन एव प्रकाशन का निर्णय लिया गया। हिन्दी जैन साहित्य प्रकाशन योजना के अन्तर्गत निम्न प्रकार २० भाग प्रकाशित किये जावेंगे—

**प्रकाशन योजना**

| | | |
|---|---|---|
| १ | महाकवि ब्रह्म रायमल्ल एव भट्टारक त्रिभुवनकीर्ति | (प्रकाशित) |
| २ | कविवर बूचराज एव उनके समकालीन कवि | (प्रकाशित) |
| ३ | महाकवि ब्रह्म जिनदास एवं भ० प्रतापकीर्ति | (प्रकाशनाधीन) |
| ४. | कविवर वीरचन्द एवं महिचन्द | |
| ५ | विद्याभूषण, ज्ञानसागर एवं जिनदास पाण्डे | |
| ६ | ब्रह्म यशोधर एवं भट्टारक ज्ञानभूषण | |
| ७. | भट्टारक रत्नकीर्त्ति, कुमुदचन्द एवं समयसुन्दर | |
| ८ | कविवर रूपचन्द, जगजीवन एव ब्रह्म कपूरचन्द | |

९. महाकवि भूधरदास एवं बुलाकीदास
१०. जोधराज गोदीका एवं हेमराज
११ महाकवि द्यानतराय एवं आनन्दघन
१२ प० भगवतीदास एवं भाउ कवि
१३. कविवर खुशालचन्द काला एवं अजयराज पाटनी
१४ कविवर किशनसिंह, नथमल बिलाला एवं पाण्डे लालचन्द
१५ कविवर बुधजन एवं उनके समकालीन कवि
१६ कविवर नेमिचन्द्र एवं हर्षकीर्ति
१७ भैय्या भगवतीदास एवं उनके समकालीन कवि
१८. कविवर दौलतराम एवं छत्रदास
१९ मनराम, मन्ना साहू एवं लोहट कवि
२० २० वीं शताब्दी के जैन कवि

उक्त २० भागों को प्रकाशित करने के लिए निम्न प्रकार एक पञ्चवर्षीय योजना बनाई गयी है—

| वर्ष | पुस्तक संख्या |
|---|---|
| १९७८ | ३ |
| १९७९ | ४ |
| १९८० | ४ |
| १९८१ | ४ |
| १९८२ | ५ |
| | २० |

उक्त योजना के अन्तर्गत अब तक पांच भाग प्रकाशित हो जाने चाहिए थे लेकिन प्रारम्भिक एक वर्ष योजना के क्रियान्वय के लिए आर्थिक साधन जुटाने मे लग गया और सन् १९७८ में तीन पुस्तकों के स्थान पर केवल एक पुस्तक महाकवि ब्रह्म रायमल्ल एवं भट्टारक त्रिभुवनकीर्ति" का प्रकाशन किया जा सका। प्रस्तुत पुस्तक "कविवर बूचराज एवं उनके समकालीन कवि" उसका दूसरा पुष्प है। इस वर्ष कम से कम दो भाग और प्रकाशित हो सकेंगे।

**आर्थिक पक्ष**—अकादमी का प्रत्येक भाग कम से कम ३०० पृष्ठों का होगा। इस प्रकार अकादमी करीब ६ हजार पृष्ठों का साहित्य प्रथम पांच वर्षों मे अपने सदस्यों को उपलब्ध करावेगी। पूरे २० भागों के प्रकाशन में करीब दो लाख रुपये व्यय होने का अनुमान है। योजना का प्रमुख आर्थिक पक्ष उसके सदस्यों द्वारा प्राप्त शुल्क होगा।

**सदस्यता**—अकादमी के दो प्रकार के सदस्य होंगे जो संचालन समिति के सदस्य एवं विशिष्ट सदस्य कहलायेंगे। संचालन समिति के सदस्यों की संख्या १०१ होगी जिसमे सरक्षक, अध्यक्ष, कार्याध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं निदेशक के अतिरिक्त शेष सम्माननीय सदस्य होंगे। सचालन समिति का सरक्षक के लिए ५००१) रु०, अध्यक्ष एव कार्यकारी अध्यक्ष के लिए २५०१) रु०, उपाध्यक्ष के लिए १५०१) रु० तथा निदेशक एवं सम्माननीय सदस्यो के लिए ५०१) रु० अकादमी को सहायतार्थ देना रखा गया है। विशिष्ट सदस्यों से २०१) रु० लिये जावेंगे। सभी सदस्यो को अकादमी द्वारा प्रकाशित होने वाले २० भाग भेंट स्वरूप दिये जावेंगे। अब तक अकादमी की सचालन समिति के पदाधिकारियों सहित ४५ सदस्यों तथा १२५ विशिष्ट सदस्यो की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। मुझे यह सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि समाज मे साहित्य प्रकाशन की इस योजना का अच्छा स्वागत हुआ है।

**पदाधिकारी** - अकादमी के प्रथम सरक्षक समाज के युवक नेता साहु अशोक कुमार जैन है जिनसे समाज भली भांति परिचित है। इसी तरह अकादमी के अध्यक्ष श्री सेठ कन्हैयालाल जी पहाडिया मद्रास वाले हैं जो अपनी सेवा के लिए उत्तर भारत से भी अधिक दक्षिण भारत मे अधिक लोकप्रिय हैं। उपाध्यक्ष के रूप में हमें अभी तक सात महानुभावो की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। सभी समाज के जाने माने व्यक्ति हैं और अपनी उदार मनोवृत्ति तथा साहित्यिक प्रेम के लिए प्रसिद्ध हैं। उपाध्यक्षो के नाम हैं सर्व श्री गुलाबचन्द जी गगवाल, रेनवाल (जयपुर) श्री अजितप्रसाद जी जैन ठेकेदार (देहली), श्री कमलचन्द जी कासलीवाल जयपुर, श्री कन्हैयालाल जी सेठी जयपुर, श्री पदमचन्द जी तोतूका जयपुर, श्री फूलचन्द जी विनायक्या डीमापुर, एव श्री त्रिलोकचन्द जी कोठारी कोटा। इन सभी महानुभावो के हम आभारी हैं।

**सहयोग**—अकादमी के सदस्य बनाने के कार्य में सभी महानुभावों का सहयोग मिलता रहता है। इनमे सर्व श्री सुरेश जैन डिप्टी कलेक्टर इन्दौर, श्री मूलचन्द जी पाटनी बम्बई, डा० भागचन्द जैन दमोह, प० मिलापचन्द जी शास्त्री जयपुर, श्रीमती कोकिला सेठी जयपुर, श्री गुलाबचन्द जी गगवाल रेनवाल, प्रो० नरेन्द्र प्रकाश जैन फिरोजाबाद, वैद्य प्रभुदयाल कासलीवाल एव प० अनूपचन्द जी न्यायतीर्थ आदि के नाम विशेषत उल्लेखनीय हैं। मुझे पूर्ण आशा है कि जैसे-जैसे इसके भाग छपते जावेंगे इसकी सदस्य संख्या में वृद्धि होती रहेगी। इस वर्ष के अन्त तक इसके कम से कम ३०० सदस्य बन जायें ऐसा सभी से सहयोग अपेक्षित है। सबके सहयोग के आधार पर ही अकादमी अपनी प्रथम पञ्चवर्षीय योजना मे सफल हो सकेगी ऐसा हमारा विश्वास है।

*प्रथम प्रकाशन पर अभिमत*—साहित्य प्रकाशन के इस यज्ञ में कितने ही विद्वानों ने सम्पादक के रूप मे और कितने ही विद्वानों ने लेखक के रूप मे अपना सहयोग देना स्वीकार किया है। अब तक ३० से भी अधिक विद्वानो की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। अकादमी के प्रथम भाग पर राष्ट्रीय एव सामाजिक सभी पत्रो में जो समालोचना प्रकाशित हुई है उससे हमें प्रोत्साहन मिला है। यही नहीं साहित्य प्रकाशन की इस योजना को आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज, एलाचार्य श्री विद्यानन्द जी महाराज एव आचार्य कल्प श्री श्रुतसागर जी महाराज जैसे तपस्वियो का आशीर्वाद मिला है तथा भट्टारक जी महाराज श्री चारुकीर्त्ति जी मूडविद्री, एव श्रवणबेलगोला, भट्टारक जी महाराज कोल्हापुर, डा० सत्येन्द्र जी जयपुर, पडित प्रवर कैलाशचन्द जी शास्त्री, डा० दरबारीलाल जी कोठिया, डा० महेन्द्रसागर प्रचडिया, पं० मिलापचन्द जी शास्त्री एव डा० हुकमचन्द जी भारिल्ल जैसे विद्वानो ने इसके प्रकाशन की प्रशसा की है।

भावी प्रकाशन—सन् १९७९ मे ही प्रकाशित होने वाला तीसरा पुष्प "महाकवि ब्रह्म जिनदास एव प्रतापकीर्त्ति" की पाण्डुलिपि तैयार है और उसे शीघ्र ही प्रेस मे दे दिया जावेगा। इसके लेखक डा० प्रेमचन्द रावका हैं। इसी तरह चतुर्थ पुष्प "महाकवि वीरचन्द एव महिचन्द" वर्ष के अन्त तक प्रकाशित हो जाने की पूरी आशा है।

श्री महावीर ग्रन्थ अकादमी को पजीकृत कराने की कार्यवाही चल रही है। जो इस वर्ष के अन्त तक पूर्ण हो जाने की आशा है।

अन्त मे समाज के सभी साहित्य प्रेमियो से सादर अनुरोध है कि वे श्री महावीर ग्रन्थ अकादमी के अधिक से अधिक सदस्य बन कर जैन साहित्य के प्रचार प्रसार में अपना योगदान देने का कष्ट करें। हमे यह प्रयास करना चाहिए कि ये पुस्तकें देश के प्रत्येक विश्वविद्यालय मे पहुँचें जिससे वहां और भी विद्यार्थी जैन साहित्य पर शोध कार्य कर सके। यही नहीं हिन्दी जैन कवियो को हिन्दी साहित्य के इतिहास में उचित स्थान भी प्राप्त हो सके।

**डा० कस्तूरचन्द कासलीवाल**
निदेशक एव प्रधान सम्पादक

# अध्यक्ष की कलम से

श्री महावीर ग्रन्थ अकादमी का द्वितीय पुष्प "कविवर बूचराज एवं उनके समकालीन कवि" को पाठको के हाथ में देते हुए अतीव प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। इसके पूर्व गत वर्ष इसका प्रथम पुष्प "महाकवि ब्रह्म रायमल्ल एवं भट्टारक त्रिभुवनकीर्ति" प्रकाशित किया जा चुका है। मुझे यह लिखते हुए प्रसन्नता होती है कि अकादमी के इस प्रथम प्रकाशन का सभी क्षेत्रों मे जोरदार स्वागत हुआ है और सभी ने अकादमी की प्रकाशन योजना को अपना आशीर्वाद प्रदान किया है।

इस दूसरे पुष्प मे सवत् १५६१ से १६०० तक होने वाले ५ प्रमुख जैन कवियो का प्रथम बार मूल्यांकन एव उनकी कृतियो का प्रकाशन किया गया है। इस प्रकार श्री महावीर ग्रन्थ अकादमी समूचे हिन्दी जैन साहित्य को २० भागो में प्रकाशित करने के जिस उद्देश्य को लेकर स्थापित की गयी थी उसमें वह निरन्तर आगे बढ रही है। प्रथम पुष्प के समान इस पुष्प के भी लेखक एवं सम्पादक डा० कस्तूरचन्द कासलीवाल हैं जो अकादमी के निदेशक भी हैं। डा० साहब ने बड़े परिश्रम पूर्वक राजस्थान के विभिन्न ग्रन्थ भण्डारो मे सग्रहीत कृतियो की खोज एव अध्ययन करके उन्हें प्रथम बार प्रकाशित किया है। ४० वर्षों की अवधि मे होने वाले ५ प्रमुख कवियो—ब्रह्म बूचराज, कविवर छीहल, चतुरुमल, गारवदास एव ठक्कुरसी जैसे जैन कवियो का विस्तृत परिचय, मूल्याकन एवं उनकी कृतियो का प्रकाशन आज अकादमी के लिए एक बहुत बडी उपलब्धि है। ये ऐसे कवि हैं जिनके बारे मे हमे बहुत कम जानकारी थी तथा चतुरुमल एव गारवदास तो एकदम अज्ञात से थे। प्रस्तुत भाग मे डा० कासलीवाल ने पाच कवियो का तो विस्तृत परिचय दिया ही है साथ मे १३ अन्य हिन्दी जैन कवियो का भी सक्षिप्त परिचय उपस्थित करके अज्ञात कवियों को प्रकाश मे लाने का प्रशसनीय कार्य किया है। वैसे तो श्री महावीर ग्रन्थ अकादमी की स्थापना ही डा० कासलीवाल की सूझबूझ एव सतत् साहित्य साधना का प्रतिफल है। डा० साहब ने अब तो अपना समस्त जीवन साहित्य सेवा मे ही समर्पित कर रखा है यह हमारे लिए कम गौरव की बात नहीं है।

मुझे यह लिखते हुए प्रसन्नता है कि श्री महावीर ग्रन्थ अकादमी को समाज द्वारा धीरे-धीरे सहयोग मिल रहा है लेकिन अभी हमे जितने सहयोग की अपेक्षा थी

उसे हम अभी तक प्राप्त नहीं कर सके हैं। अब तक सचालन समिति की सदस्यता के लिए ४५ महानुभावों की एव विशिष्ट सदस्यता के लिए १२५ महानुभावो की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। हम चाहते हैं कि सन् १९७९ मे इसके कम से कम १०० सदस्य और बन जावें तो हमे आगे के ग्रन्थो का प्रकाशन मे सुविधा मिलेगी। अकादमी श्री साहु अशोककुमार जी जैन को सरक्षक के रूप मे पाकर तथा श्री गुलाबचन्द गगवाल रेनवाल, श्री अजितप्रसाद जैन ठेकेदार देहली, श्री सेठ कमलचन्द जी कासलीवाल जयपुर, श्री कन्हैयालाल जी सेठी जयपुर, श्रीमान् सेठ पदमचन्द जी तोतूका जौहरी जयपुर, सेठ फूलचन्द जी साहब विनायक्या डीमापुर एव त्रिलोकचन्द जी साहब कोठ्यारी कोटा, का उपाध्यक्ष के रूप मे सहयोग पाकर अकादमी गौरव का अनुभव करती है। इसलिए मेरा समाज के सभी साहित्य प्रेमियो से प्रार्थना है कि वे इस सस्था के सचालन समिति के सदस्य अथवा अधिक से अधिक सख्या मे विशिष्ट सदस्यता स्वीकार कर साहित्य प्रकाशन की इस अकादमी की असाधारण योजना के क्रियान्विति में सहयोग देकर अपूर्व पुण्य का लाभ प्राप्त करे।

इसी वर्ष हम कम से कम तृतीय एव चतुर्थ पुष्प और प्रकाशित कर सकेंगे। तीसरा पुष्प "महाकवि ब्रह्म जिनदास एव भट्टारक प्रतापकीर्ति" की पाण्डुलिपि तैयार है और मुझे पूर्ण विश्वास है कि उसे हम अक्टूबर ७९ तक अवश्य प्रकाशित कर सकेंगे।

प्रस्तुत पुष्प के सम्पादक मण्डल के अन्य तीन सम्पादकों— डा० ज्योतिप्रसाद जैन लखनऊ, डा० दरबारीलाल जी कोठिया न्यायाचार्य, वाराणसी, प० मिलापचन्द जी शास्त्री जयपुर का भी मै आभारी हूँ जिन्होने डा० कासलीवाल जी को पुस्तक के सम्पादन मे सहयोग दिया है। आशा है भविष्य मे भी उनका अकादमी को इसी प्रकार का सहयोग प्राप्त होता रहेगा।

मद्रास

कन्हैयालाल जैन पहाड़िया

# विषय-सूची


| क्र०सं० | विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| १. | श्री महावीर ग्रन्थ अकादमी का परिचय | iii–vi |
| २, | अध्यक्ष की कलम से | vii–viii |
| ३ | लेखक की ओर से | ix–xii |
| ४ | सम्पादकीय | xiii–xv |
| ५ | सवत् १५६० से १६०० तक का इतिहास | ६–१० |
| ६. | कविवर बूचराज | |
| | जीवन परिचय एव कृतियो का मूल्यांकन | १०–४४ |
| ७. | मूलपाठ | |
| | (१) मयणजुज्झ | ४५–६६ |
| | (२) सतोषजयतिलकु | ७०–८६ |
| | (३) नेमीस्वर का बारहमासा | ८७–८६ |
| | (४) चेतन पुद्गल धमाल | ६०–१०१ |
| | (५) नेमिनाथ बसतु | १०२–१०३ |
| | (६) टडाणा गीत | १०४–१०५ |
| | (७) भुवनकीर्ति गीत | १०६–१०७ |
| | (८) पार्श्वनाथ गीत | १०८ |
| | ६ से १६ तक विभिन्न रागो में ११ गीत | १०६–१२० |
| ८. | छीहल कवि। | |
| | जीवन परिचय एव कृतियों का मूल्याकन | १२१–१३४ |
| ६. | मूल पाठ · | |
| | (२०) पञ्च सहेली गीत | १३५–१४० |
| | (२१) बावनी | १४१–१५२ |
| | (२२) पंथी गीत | १५३–१५४ |
| | (२३) वेलि गीत | १५५ |
| | (२४) वैराग्य गीत | १५६ |
| | (२५) गीत | १५७ |

| | | |
|---|---|---|
| १० | चतुरुमल कवि : | |
| | जीवन परिचय एवं कृतियों का मूल्यांकन | १५८–१६५ |
| ११ | मूल पाठ | |
| | (२६) नेमीश्वर की उरगानो | १६६–१७५ |
| | (२७–२९) गीत | १७५–१७६ |
| | (३०) क्रोध गीत | १७७ |
| १२ | कवि गारवदास | |
| | जीवन परिचय एवं कृतियों का मूल्यांकन | १७८–१९४ |
| १३ | मूल पाठ | |
| | (३१) यशोधर चौपई | १९५–२३६ |
| १४. | कविवर ठक्कुरसी : | |
| | जीवन परिचय एवं कृतियों का मूल्यांकन | २३७ २६२ |
| १५. | मूल पाठ | |
| | (३२) सीमंधर स्तवन | २६३ |
| | (३३) नेमीराजमति वेलि | २६४–२६७ |
| | (३४) पञ्चेन्द्रिय वेलि | २६८–२७१ |
| | (३५) चिन्तामणि जयमाल | २७२ |
| | (३६) कृपण छन्द | २७३–२८० |
| | (३७) शील गीत | २८१ |
| | (३८) पार्श्वनाथ स्तवन | २८२–२८४ |
| | (३९) सप्त व्यसन षट्पद | २८५–२८७ |
| | (४०) व्यसन प्रबन्ध | २८८ |
| | (४१) पार्श्वनाथ जयमाला | २८९ |
| | (४२) ऋषभदेव स्तवन | २९०, |
| | (४३) कवित्त | २९१ |
| | (४४) पार्श्वनाथ सकुन सत्तावीसी | २९२–२९५ |
| १६. | प्रथम भाग पर मंगल आशीर्वाद | २९६ |
| १७. | अनुक्रमणिका | २९७–३०० |

# सम्पादकीय

भाषा निबद्ध पूजा-पाठो, स्तवन-विनती-पद-भजनों, छहढाला, समाधिमरण, जोगीरासा प्रभृति पाठो, पुराणों की तथा कई एक सैद्धान्तिक एव चारणानुयोगिक ग्रन्थो की भाषा वचानिकाओ के नित्यपाठ, स्वाध्याय अथवा शास्त्र प्रवचनो में बहुत उपयोग के कारण वर्तमान शताब्दी ई० के प्राथमिक दशको मे, कम से कम उत्तर भारत के जैनी जन मध्योत्तर कालीन अनेक हिन्दी जैन कवियो एव साहित्यकारों के नाम और कृतियो से परिचित रहते आये थे। किन्तु उस समय हिन्दी जैन साहित्य के इतिहास की कोई रूपरेखा नही थी। कतिपय नाम आदि के अतिरिक्त पुरातन कवियो एव लेखको के विषय मे विशेष कुछ ज्ञात नहीं था। उनका पूर्वापर भी ज्ञात नही था। लोकप्रियता के बल पर ही उनकी रचनाओं का प्रचलन था। मुद्रणकला के प्रयोग ने भी वैसी रचनाओ के व्यापक प्रचार-प्रसार मे योग दिया। किन्तु उक्त रचनाओं का साहित्यिक मूल्याकन नही हो पाया था। जैनेतर हिन्दी जगत् तो हिन्दी जैन साहित्य से प्राय अपरिचित ही था, अत समग्र हिन्दी साहित्य मे उसका क्या कुछ स्थान है, यह प्रश्न ही नही उठा था। केवल 'मिश्रबन्धु विनोद' में कुछएक जैन कवियो का नामोल्लेख मात्र हुआ था।

जबलपुर मे हुए सप्तम हिन्दी साहित्य सम्मेलन में स्व० प० नाथूराम जी प्रेमी ने अपने निबन्ध पाठ द्वारा हिन्दी जगत का ध्यान हिन्दी जैन साहित्य की ओर सर्वप्रथम आकर्षित किया। सन् १९१७ मे वह निबन्ध "हिन्दी जैन साहित्य का इतिहास" नाम से पुस्तकाकार भी प्रकाशित हो गया। शनै शनै हिन्दी साहित्य के इतिहासो एव आलोचनात्मक ग्रन्थो मे जैन साहित्य की ओर भी क्वचित संकेत किये जाने लगे। शास्त्र भण्डारो की खोज चालू हुई। हस्तलिखित प्रतियो के मुद्रण-प्रकाशन का क्रम भी चलता रहा। सन् १९४७ मे स्व० बा० कामता प्रसाद जैन का 'हिन्दी जैन साहित्य का सक्षिप्त इतिहास' और सन् १९५६ में प० नेमिचन्द्र शास्त्री का 'हिन्दी जैन साहित्य परिशीलन' (२ भाग) प्रकाशित हुए। विभिन्न शास्त्र भण्डारों की छानबीन और ग्रन्थ सूचियाँ प्रकाशित होने लगी। अनेकान्त, जैन सिद्धान्त भास्कर आदि पत्रिकाओ में हिन्दी के पुरातन जैन लेखकों और उनकी कृतियों पर लेख प्रकाशित होने लगे। परिणाम स्वरूप हिन्दी जैन साहित्य ने अपना स्वरूप और इतिहास प्राप्त कर लिया और अनेक विश्वविद्यालयों ने पी० एच० डी० आदि के

लिए की जाने वाली शोध-खोज के लिए इस क्षेत्र की क्षमताओं एवं सम्भावनाओं को स्वीकार करना प्रारम्भ कर दिया। गत दो दशकों में लगभग आधी दर्जन स्वीकृत शोध प्रबन्ध प्रकाशित हो चुके हैं, तथा वर्तमान में पचीसों शोध छात्र छात्राएँ हिन्दी जैन साहित्य के विविध अंगों या पक्षों पर शोध कार्य में रत हैं।

इस सब के बावजूद इस क्षेत्र में कई खटकने वाली कमियां अभी भी हैं, यथा—(१) हिन्दी के जैन साहित्यकारों की सूची अभी पूर्ण नहीं है—शोध खोज के फलस्वरूप उसमें कई नवीन नाम जोड़े जाने की सम्भावना है। (२) ज्ञात साहित्यकारों की भी सभी रचनाएँ ज्ञात नहीं हैं—उनमें वृद्धि होते रहने की सम्भावना है। (३) ज्ञात रचनाओं में से भी सब उपलब्ध नहीं हैं और उपलब्ध रचनाओं में से अनेक अभी भी अप्रकाशित हैं। (४) जो कृतियां प्रकाशित भी हैं उनमें से बहुभाग के सुसम्पादित स्तरीय संस्करण नहीं हैं। (५) सभी साहित्यकारों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रमाणिक, विशद आलोचनात्मक एवं ऐतिहासिक प्रकाश डाला जाना अपेक्षित है। (६) रचनाओं का भी विस्तृत साहित्यिक एवं समीक्षात्मक अध्ययन अपेक्षित है, और (७) महत्वपूर्ण जैन साहित्यकारों तथा उनकी प्रमुख कृतियों का उनके समसामयिक जैनेतर हिन्दी साहित्यकारों तथा उनकी कृतियों के साथ तुलनात्मक अध्ययन करके उनका उचित मूल्यांकन करने और समग्र हिन्दी साहित्य के इतिहास में उनका समुचित स्थान निर्धारित करने की आवश्यकता है।

प्रसन्नता का विषय है कि जयपुर के साहित्य प्रेमियों ने श्री महावीर ग्रन्थ अकादमी की स्थापना की है, जिसके प्राण सुप्रसिद्ध अनुसंधित्सु बन्धुवर डा० कस्तूरचंद जी कासलीवाल हैं। उन्हीं के उत्साहपूर्ण अध्यवसाय और श्लाघनीय सद्प्रयास से श्री महावीर ग्रन्थ अकादमी उपरोक्त अभावों की बहुत कुछ पूर्ति में संलग्न हो गई प्रतीत होती है। उसका प्रथम पुष्प "महाकवि ब्रह्म रायमल्ल और भट्टारक त्रिभुवन कीर्त्ति" था, जिसमें उक्त दोनों साहित्यकारों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रभूत प्रकाश डालते हुए उनकी रचनाओं को भी सुसम्पादित रूप में प्रकाशित कर दिया है। प्रस्तुत द्वितीय पुष्प में १६ वीं शती ई० के पूर्वार्ध के पांच प्रतिनिधि कवियों—ब्रह्म बूचराज, छीहल, चतुरुमल, गारवदास और ठक्कुरसी के व्यक्तित्व एवं कृतीत्व पर यथासम्भव विस्तृत प्रकाश डालते हुए और सम्यक् मूल्यांकन करते हुए उनकी सभी उपलब्ध ४४ रचनाएँ भी प्रकाशित कर दी हैं। डा० कासलीवाल जी की इस अभूतपूर्व सेवा के लिए साहित्य जगत् चिरऋणी रहेगा। संवत् १५६१ से १६०० तक की अर्द्ध शती एक सन्धिकाल था। राजस्थान को छोड़कर प्राय सम्पूर्ण उत्तर भारत में मुस्लिम शासन था। उक्त अवधि में राजधानी दिल्ली से सिकन्दर और इब्राहीम लोदी, बाबर और हुमायुं, मुगल तथा शेरशाह एवं सलीमशाह सूर ने क्रमश. शासन

किया। अपभ्रंश में साहित्य सृजन का युग समाप्त हो रहा था, और पिछले लगभग दो सौ वर्षों से जो हिन्दी शनै-शनै उसका स्थान लेती आ रही थी, उसने अपने स्वरूप को स्थैर्य बहुत कुछ प्राप्त कर लिया था। मुगल सम्राट अकबर का शासन अभी प्रारम्भ नहीं हुआ था—उसके शासनकाल में ही हिन्दी जैन साहित्य का स्वर्णयुग प्रारम्भ हुआ जो अगले लगभग तीन सौ वर्ष तक चलता रहा।

अस्तु इस ग्रन्थ में चर्चित अपने युग के उक्त प्रतिनिधि कवियों का, न केवल हिन्दी जैन साहित्य के वरन् समग्र हिन्दी साहित्य के इतिहास मे अपना एक महत्व है, जिसे समझने मे अकादमी का यह प्रकाशन सहायक होगा। खोज निरन्तर चलती रहती है, और भावी लेखक अपने पूर्ववर्ती लेखकों की उपलब्धियों के सहारे ही आगे बढ़ते हैं। आशा है कि श्री महावीर ग्रन्थ अकादमी की यह पुष्प शृंखला चालू रहेगी और हिन्दी जैन साहित्य के अध्ययन एव समुचित मूल्यांकन की प्रगति में अतीव सहायक होगी। योजना की सफलता के लिए हार्दिक शुभकामना है।

ज्योतिप्रसाद जैन
दरबारीलाल कोठिया
मिलापचन्द शास्त्री

# लेखक की ओर से

हिन्दी साहित्य कितना विशाल एवं विविध परक है इसका अनुमान लगाना ही कठिन है। इस हिन्दी साहित्य को अंकुरित, पल्लवित एवं विकसित करने में जैन कवियो ने जो योगदान दिया है उसके शताश का भी प्रकाशन एवं मूल्यांकन नही हो सका है। काव्य के विविध क्षेत्रो मे उन्होने जो अपनी लेखनी चलायी वह अद्भुत है। जैसे-जैसे ये अज्ञात कवि हमारे सामने आते जाते हैं हम उनके महत्व से परिचित होते जाते हैं तथा दांतो तले अ गुली दबाने लगते हैं।

प्रस्तुत पुष्प मेसंवत् १५६१ से १६०० तक होने वाले ४० वर्षों के पांच प्रमुख कवियों का परिचय प्रस्तुत किया गया है। ये कवि हैं—ब्रह्म बूचराज, छीहल, चतुरुमल, गारवदास एवं ठक्कुरसी। वैसे इन वर्षों मे और भी कवि हुए जिनकी सख्या १३ है। जिनका सक्षिप्त परिचय प्रारम्भ मे दिया गया है। लेकिन इन पाच कवियो को हम इन ४० वर्षों का प्रतिनिधि कवि कह सकते हैं। इन कवियो मे से गारवदास को छोडकर किसी ने भी यद्यपि प्रबन्ध काव्य नही लिखे किन्तु उस समय की माग के अनुसार छोटे छोटे काव्यों की रचना कर जन साधारण को हिन्दी की ओर आकर्षित किया। अभी तक इन कवियों के सामान्य परिचय के अतिरिक्त न उनका विस्तृत मूल्यांकन ही हो सका तथा न उनकी मूल रचनाओं को पढ़ने का पाठको को अवसर प्राप्त हो सका। इसलिए इन कवियो द्वारा रचित सभी रचनाएँ जिनकी सख्या ४४ है प्रथम बार पाठकों के सम्मुख आ रही है। इनके अतिरिक्त इनमे से कम से कम १५ रचनाएँ तो ऐसी हैं जिनका नामोल्लेख भी प्रथम बार ही प्राप्त होगा।

हिन्दी साहित्य के इतिहास मे सवत् १५६१ से १६०० तक के काल को भक्ति काल माना है किन्तु जैन कवि किसी काल अथवा सीमा विशेष में नही बघे। उन्होंने जन सामान्य को अच्छा से अच्छा साहित्य देने का प्रयास किया। ब्रह्म बूचराज रूपक काव्यों के निर्माता थे। उनका 'मयणजुज्झ' एवं 'संतोषजयतिलकु' दोनों ही सुन्दर एवं महत्त्वपूर्ण रूपक काव्य हैं। जिनका पाठक प्रस्तुत पुस्तक में रसास्वादन कर सकेंगे। इसी तरह बूचराज की "चेतन पुद्गल धमाल" उत्तर-प्रत्युत्तर के रूप में लिखी हुई बहुत ही उत्तम रचना है। चेतन एवं पुद्गल के मध्य

जो रोचक वाद-विवाद होता है और दोनो एक-दूसरे को दोषी ठहराने का प्रयास करते हैं। कवि ने एक से एक सुन्दर युक्ति द्वारा चेतन एव पुद्गल के पक्ष को प्रस्तुत किया है वह उसकी अगाध विद्वत्ता का परिचायक है साथ ही कवि के आध्यात्मिक होने का सकेत है। सारे जैन साहित्य में इस प्रकार की यह प्रथम रचना है। इन तीन कृतियो के अतिरिक्त 'नेमीश्वर का बारहमासा' लिख कर कवि ने यह सिद्ध करने का प्रयास किया है कि जैन कवि जब वियोग शृ गार काव्य लिखने बैठते हैं तो उसमें भी वे पीछे नहीं रहते। इसी तरह 'नेमिनाथ बसन्तु', 'टडाणा गीत' एवं अन्य गीत हैं। अब तक कवि की ११ कृतियों का मैंने 'राजस्थान के जैन सन्त' मे उल्लेख किया था किन्तु बडी प्रसन्नता है कि कवि की आठ और कृतियो को खोज निकाला गया है और सभी के पाठ इसमे दिये गये हैं।

इस पुष्प के द्वितीय कवि हैं छीहल, जिनके सम्बन्ध मे रामचन्द्र शुक्ल से लेकर सभी आधुनिक विद्वनो ने अपने हिन्दी साहित्य के इतिहास मे चर्चा की है। छीहल कवि एक ओर "पच सहेली गीत" जैसी लौकिक रचना करते हैं तो दूसरी ओर 'बावनी' जैसी विविध विषय परक रचना लिखने में सिद्धहस्त हैं। छीहल की 'पच सहेली गीत' रचना बहुत ही मार्मिक रचना है। प्रस्तुत पुष्प मे हम छीहल की सभी छह रचनाओ को प्रकाशित कर सके हैं।

चतुरुमल तीसरे कवि हैं। कवि के अभी तक चार गीत एव एक "नेमीश्वर को उरगानो" कृति मिल सकी है। ये ग्वालियर के निवासी थे। सवत् १५७१ मे निबद्ध 'नेमीश्वर का उरगानो' कवि की सुन्दर कृति है। अब तक चतुरु की केवल एकमात्र रचना का ही उल्लेख हुआ था लेकिन अब उसके चार गीत और प्राप्त हो गये हैं जो हमारे इस पुष्प की शोभा बढ़ा रहे हैं।

गारवदास हमारे चतुर्थ कवि हैं जिनकी एकमात्र रचना "यशोधर चौपई" अभी तक प्राप्त हो सकी है। लेकिन यह एक रचना ही उनकी अमर यशोगाथा के लिए पर्याप्त है। महाकवि तुलसी के रामचरित मानस के पूरे १०० वर्ष पूर्व चौपई छन्द में निबद्ध यशोधर चौपई हिन्दी की बेजोड रचना है। अभी तक गारवदास हिन्दी जगत् के लिये ही नही, जैन जगत् के लिए भी अज्ञात से ही थे। चौपई में ५४० पद्य हैं जिनमे कुछ सस्कृत एव प्राकृत गाथाएँ भी हैं।

ठक्कुरसी इस पुष्प के पांचवें एव अन्तिम कवि हैं। ठक्कुरसी ढूढाहड प्रदेश के प्रमुख नगर चम्पावती के निवासी थे। इनके पिता घेल्ह भी कवि थे। इसलिए ठक्कुरसी को काव्य रचना की रुचि जन्म से ही मिली थी। ठक्कुरसी की अभी तक १५ रचनाएँ प्राप्त हुई हैं जिनमें "मेघमाला कहा" अपभ्रंश की कृति है बाकी सब

राजस्थानी भाषा की कृतिया हैं। कवि की ७ रचनाओं के नाम तो प्रथम बार सुनने को मिलेंगे। कवि की पञ्चेन्द्रिय बेलि, नेमिराजमति बेलि एव कृपरण छन्द, पार्श्वनाथ सकुन सत्तावीसी, सप्त व्यसन बेलि बहुत ही लोकप्रिय रचनाएँ हैं।

उक्त पाच प्रतिनिधि कवियो के अतिरिक्त सवत् १५६१ से १६०० तक होने वाले कविवर विमलमूर्ति, मेलिग, प० धर्मदास, भ० शुभचन्द्र, ब्रह्म यशोधर, ईश्वर सूरि, बालचन्द, राजहस उपाध्याय, धर्मसमुद्र, सहजसुन्दर, पार्श्वचन्द्र सूरि, भक्तिलाभ एव विनय समुद्र का भी संक्षिप्त परिचय दिया गया है। इस प्रकार ४० वर्षों में देश में करीब १८ जैन कवि हुए जिन्होने जैन साहित्य की महत्वपूर्ण सेवा की।

इस प्रकार प्रस्तुत पुष्प मे पाच कवियो का जीवन परिचय, उनकी कृतियो का मूल्याकन एव उनकी कृतियो के पूरे पाठ दिये गये हैं जिनकी सख्या ४४ है। ये सभी रचनाएँ भाषा एव शैली की दृष्टि से अपने समय की प्रमुख रचनाएँ है जिनमे सामाजिक, आर्थिक एव राजनैतिक सभी पक्षो के दर्शन होते हैं। सामाजिक कृतियो मे 'पञ्च सहेली गीत', 'मयणजुज्झ', 'सन्तोष जयतिलकु', 'सप्त व्यसन बेलि' के नाम उल्लेखनीय हैं जिनमे तत्कालीन समाज की दशा का सजीव वर्णन किया गया है। 'कृपण छन्द' सुन्दर सामाजिक रचना है जिसमे एक कृपरण व्यक्ति का अच्छा चित्र प्रस्तुत किया गया है। इसके अतिरिक्त उस समय की प्रचलित सामाजिक रीति रिवाज, जैसे सामूहिक ज्योनार, यात्रा सघ निकालना आदि का वर्णन उपलब्ध होता है। राजनैतिक दृष्टि से 'पारसनाथ सकुन सत्तावीसी' का नाम लिया जा सकता है जिसमे मुस्लिम आक्रमण के समय होने वाली भगदड, अशान्ति का वर्णन है। साथ ही ऐसे समय मे भी जिनेन्द्र भक्ति से ही अशान्ति निवारण की कल्पना ही नही अपितु उसी का सहारा लिया जाता था इसका भी उल्लेख मिलता है।

प्रस्तुत पुस्तक के प्रकाशन मे श्री महावीर ग्रन्थ अकादमी का विशेषत उसके संरक्षक, अध्यक्ष, उपाध्यक्षो तथा सभी माननीय सदस्यो का मैं पूर्ण आभारी हूँ जिनके सहयोग के कारण ही हम प्रकाशन योजना मे आगे बढ़ सके हैं। हिन्दी जैन कवियो के मूल्यांकन एव उनकी मूल रचनाओ के प्रकाशन का यह प्रथम योजनाबद्ध प्रयास है। आशा है समाज के सभी महानुभावो की शुभकामनाओं एव आशीर्वाद से इसमे हम सफल होगे।

मैं सम्पादक मण्डल के सभी तीनों विद्वान सम्पादको—आदरणीय डा० ज्योतिप्रसाद जी जैन लखनऊ, डा० दरबारीलाल जी सा० कोठिया वाराणसी एव प० मिलापचन्द जी सा० शास्त्री जयपुर का, उनके पूर्ण सहयोग के लिए आभारी हूँ। डा० कोठिया सा० तो अकादमी की सचालन समिति के भी माननीय सदस्य हैं।

तीनों ही सम्पादकों का अकादमी की योजना को आशीर्वाद प्राप्त है तथा समय-समय पर उनसे सम्पादन के अतिरिक्त सदस्यता अभियान में सहयोग मिलता रहा है।

सम्पादन के लिए पाण्डुलिपियां उपलब्ध कराने में श्रीमान् केशरीलाल जी गगवाल बूंदी का मैं पूर्ण आभारी हूँ। जिन्होंने नागदी मन्दिर बूंदी का गुटका उपलब्ध कराकर ब्रह्म बूचराज की अधिकांश रचनाओं के सम्पादन से पूर्ण सहयोग दिया। इसी तरह श्री लूणकरण जी पाण्ड्या के मन्दिर के शास्त्र भण्डार के व्यवस्थापक श्री मिलापचन्द जी बागायत वाले, शास्त्र भण्डार दि० जैन मन्दिर तेरहपन्थी के व्यवस्थापक श्री प्रेमचन्द जी सोगानी, शास्त्र भण्डार मन्दिर गोधान के व्यवस्थापक श्री राजमल जी संघी तथा शास्त्र भण्डार दि० जैन मन्दिर पाटोदियान के व्यवस्थापक श्री भवरलाल जी बज तथा शास्त्र भण्डार पार्श्वनाथ दि० जैन मन्दिर के व्यवस्थापक श्री अनूपचन्द जी दीवान का मैं पूर्ण आभारी हूँ जिन्होने पाण्डु-लिपियां उपलब्ध करवाकर उसके सम्पादन एव प्रकाशन मे योग दिया है। अजमेर के भट्टारकीय मन्दिर के श्री माणकचन्द जी सोगानी एडवोकेट का भी मै पूर्ण रूप से आभारी हूँ जिन्होने अजमेर के भट्टारकीय भण्डार से ग्रन्थ उपलब्ध कराये।

मैं श्रीमती कोकिला सेठी एम० ए० रिसर्च स्कालर का, जिन्होंने प्रस्तुत पुस्तक की 'शब्दानुक्रमणिका तैयार की, आभारी हूँ। अन्त मे मनोज प्रिंटर्स के व्यवस्थापक श्री रमेशचन्द जी जैन का आभारी हूँ जिन्होने पुस्तक की अत्यन्त सुन्दर ढग से छपाई की है।

डा० कस्तूरचन्द कासलीवाल

१

# कविवर बूचराज एवं उनके समकालीन कवि

## इतिहास

हिन्दी साहित्य के इतिहास मे सवत् १५६० से सवत् १६०० तक के काल को किसी विशिष्ट नाम से सम्बोधित नही करके उसे भक्ति काल मे ही समाहित किया गया है। इस भक्तिकाल मे निर्गुण भक्ति एव सगुण भक्ति इन दोनो की ही प्रधानता रही और दोनो ही धाराओ के कवि होते रहे। इस समय देश में एक ओर अष्ट छाप के कवियों की सगुण भक्ति धारा की गगा बह रही थी तो दूसरी ओर महाकवि कबीर की निर्गुण भक्ति का प्रभाव भी जन सामान्य पर छाया हुआ था। सवत् १५६० से १६०० तक के ४० वर्ष के काल मे १५ से भी अधिक वैष्णव कवि हुए जिन्होने अष्ट छाप की कविता के ढग पर कृष्ण भक्ति से ओतप्रोत कृतियो को निबद्ध किया। भक्ति धारा को प्रवाहित करने वाले ऐसे कवियों मे नरवाहन (स० १५६५), हितकृष्ण गोस्वामी (स० १५६७), गोपीनाथ (स० १५६८), विठ्ठलदास (स १५६८), प्रजबेग भट्ट (स० १५६९), महाराजा केशव (स० १५६९), मलिक मुहम्मद जायसी (स० १५९३), मझन (स० १५९७), लालदास (स० १५८५–८८), स्वामी निपट निरजन (स० १५९५), गोस्वामी विठ्ठलनाथ (स० १५९५), कृपाराम (स० १५९८) के नाम उल्लेखनीय हैं।[1]

लेकिन इन ४० वर्षों में जैन हिन्दी कवियों की सख्या जैनेतर कवियो से भी अधिक रही। मिश्र बन्धु विनोद ने ऐसे कवियों मे ईश्वरसूरि, छीहल, धारबदास जैन, अकुरसी एव बालचन्द ये पाच नाम गिनाये हैं।

"हिन्दी रासो काव्य परम्परा" मे जिन जैन कवियों की रासा कृतियों का उल्लेख किया गया है उनमे उदयभानु, विमल मूर्त्ति, मेलिग, मुनि चन्द्रलाभ, सिधसुख सहजसुन्दर एव पार्श्वचन्द्र सूरि के नाम उल्लेखनीय हैं। लेकिन उक्त जैन कवियों के अतिरिक्त भ० ज्ञानभूषण, ब्रह्म बूचराज, ब्रह्म यशोधर, भ० शुभचन्द्र, चतुरुमल,

---

१ विस्तृत परिचय के लिए देखिये मिश्रबन्धु विनोद पृष्ठ १३० से १५०।

धर्मदास, पूनो जैसे और भी प्रसिद्ध जैन कवि हुए, जिन्होंने हिन्दी भाषा में कितनी ही रचनाएँ निबद्ध की और उसके प्रचार प्रसार में अपना पूर्ण योग दिया। जैन कवि किसी काल विशेष की धारा में नही बहे। वे जनरुचि के अनुसार हिन्दी मे काव्य रचना करते रहे। प्रारम्भ में उन्होंने रास काव्य लिखे। रास काव्य लिखने की यह परम्परा अविच्छिन्न रूप से १७ वी शताब्दी तक चलती रही। १६ वीं शताब्दी के प्रथम चरण के पूर्वार्द्ध तक महाकवि ब्रह्म जिनदास अकेले ने पचास से भी अधिक रासकाव्यो की रचना करके एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। जैन कवि रास काव्यों के अतिरिक्त फागु, वेलि एव चरित काव्य भी लिखते रहे। सवत् १३५४ मे लिखित जिणदत्त चरित तथा सवत् १४११ मे निबद्ध प्रद्युम्न चरित जैसे काव्य इसके प्रत्यक्ष उदाहरण है।

सवत् १५६० से १६०० तक का ४० वर्षों का काल लघु काव्यो की रचनाओ का काल रहा। इन वर्षों मे होने वाले बूचराज, छीहल, ठक्कुरसी, चतुरु एव गारवदास सभी ने छोटे-छोटे काव्य लिखकर जन सामान्य मे हिन्दी भाषा के प्रति रुचि जागृत की। इन वर्षों के जैन कवि दोनो ही वर्ग के रहे। यदि भट्टारक ज्ञानभूषण शुभचन्द्र, बूचराज यशोधर एव सहजसुन्दर सन्त थे तो छीहल, ठक्कुरसी, चतुरु जैसे कवि श्रावक थे। सभी कवि एक ही धारा मे बहे। उन्होने या तो उपदेशात्मक काव्य लिखे, नेमिराजुल मे सम्बन्धित विरहात्मक बारहमासा लिखे या फिर रूपक काव्य एव सवादात्मक काव्य लिखे। उन्होने मानव की बुराइयो की ओर सबका ध्यान आकृष्ट किया। बावनियो के माध्यम से विविध विषयो की उनमे चर्चा की। यद्यपि इन ४० वर्षों मे सगुण भक्ति धारा का अधिक जोर था और उत्तर भारत मे उसने घर-घर मे अपने पाव जमा लिए थे। लेकिन अभी जैन कवि उससे अछूते ही थे। उन्होने पद लिखना तो प्रारम्भ कर दिया था, लेकिन तीर्थंकर भक्ति मे वे इतने अधिक प्रवेश नही कर पाये थे। इसलिए इन वर्षों मे भक्ति साहित्य अधिक नही लिखा जा सका।

फिर भी चालीस वर्षों मे बूचराज, ठक्कुरसी, छीहल जैसे श्रेष्ठ कवि हुए। जिन्होंने अपनी रचनाओ के माध्यम से हिन्दी साहित्य मे अपना स्थान बनाये रखा तथा आगे आने वाले कवियो के लिए मार्ग दर्शन का कार्य किया। प्रस्तुत भाग मे ब्रह्म बूचराज, छीहल, ठक्कुरसी, चतुरु एव गारवदास का जीवन परिचय, मूल्याकन एव उनके काव्य पाठ दिये जा रहे हैं। इसलिए उक्त कवियों के अतिरिक्त अवशिष्ट जैन कवियों का सक्षिप्त परिचय निम्न प्रकार है।

## १. विमल मूर्त्ति

विमल मूर्त्ति कृत पुण्यसार रास संवत् १५७१ की रचना है ।[1] इसे कवि ने घू थक नगर में समाप्त किया था । विमलमूर्त्ति आगमगच्छ के हेमरत्न सूरि के शिष्य थे ।[2] रास का आदि अन्त भाग निम्न प्रकार है—

आदि—

केवल ज्ञान अलकारी सेवइ अमर नरेस
सयल जनु हितकारी जिणवाणी पमरणस
हेमसूरि गुरु बुझिविउ कुमारपाल भूपाल
जेह समु जगि को नहीं जीव दया प्रतिपाल

अन्त—

तसु सानिध्यइ ए अवकास
साभलता हुइ पुण्य प्रकास ।।८३।।

## २ मेलिग

मेलिग कवि १६ वीं शताब्दी के अन्तिम चरण के कवि थे । वे तपागच्छ के मुनि सुन्दरसूरि के शिष्य थे । उन्ही की आज्ञा से उन्होने प्रस्तुत रास की रचना की थी ।[3] सवत् १५७१ मे इन्होने 'सुदर्शन रास' की रचना अपने गुरु की आज्ञा से समाप्त की थी । सुदर्शन रास की एक प्रति पाटण के जैन भण्डार मे तथा एक राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान मे सुरक्षित है ।[3]

---

१ सवत् पनर एकोतरइ पोस बदि इग्यारसि अतरइ ।
घू थकइ पुरि पास समध्य, सोमवार रचिउ अवध्य ।।८०।।
हिन्दी रासो काव्य परम्परा, पृष्ठ स० १६१ ।

२ आगम गछ प्रकास दिणद
श्री हेमरत्न गुरु सूरि गुणचन्द ।।८१।।
हिन्दी रासो काव्य परम्परा पृष्ठ स० १६१

३ सवत पनर एकोतरइ एम्हा, जेठह चउथि विशुद्ध-सुणि ।
पुष्य नक्षत्र गुरु वारिसें ए म्हा चरित्र ए पुहवि प्रसिद्ध सुणि ।।२२२।।

३ आदि भाग—पहिलउ प्रणमिसु अनुकमिइए जिणवर चुवीस ।
पछइ शासीन देवताए तहि नामु सीस ।

क्रमश

## ३. प० धर्मदास

प० धर्मदास उन कवियों में से हैं जिनके साहित्य और जीवन से हिन्दी जगत अपरिचित सा है। हिन्दी जैन साहित्य के इतिहास में भी इनका केवल नामोल्लेख ही हुआ है। धर्मदास का जन्म कब और कहां हुआ था इसका उल्लेख न तो स्वय कवि ने ही अपनी रचना में किया है और न अन्यत्र ही मिलता है। लेकिन सवत् १५७८ वैशाख सुदि ३ बुधवार के दिन इन्होंने 'धर्मोपदेशश्रावकाचार' को समाप्त किया था।[1] इस आधार पर इनके जन्म काल का अनुमान किया जा सकता है। कवि की अभी तक एक ही रचना मिल सकी है। अत यह सम्भव है कि उन्होने यही एक रचना लिखी हो।

धर्मदास ने सम्पन्न घराने मे जन्म लिया था। इनके वशज दानी परोपकारी तथा दयावान थे। य 'साहु' कहलाते थे। साहु शब्द प्राचीन काल मे प्रतिष्ठित और धनाढ्य पुरुषों के लिए प्रयोग हुआ है तथा जो साहूकारी का कार्य करते थे वे भी साहू कहलाते थे। कवि के पिता का नाम रामदास और माता का नाम शिवी था। इनके पितामह का नाम 'पदम' था। ये विद्वान् तथा चतुर पुरुष समझे जाते थे। सज्जनता इनमे कूट-कूट कर भरी हुई थी। स्वय विधाता ने ही मानो इनको परोपकारी बनाया था। देश-देश के बहुत से मित्र इनसे सभी प्रकारके कार्यों के लिए सलाह लिया करते थे। ये कवियो और विद्वानों को खूब सम्मान देते थे। कवि की वशावली इस प्रकार है[2]—

---

समरीअ सामिणि सारदा सामिणि सभाव।
आगइ पालउ प्रतिपय कवितए काउ ॥

अन्त भाग—शील प्रबन्ध जे सांभलिए ए म्हा' ते नर नारि धनधत्व सु।
सुदर्शन रिषि कवलीए म्हा चउविह सघ सुप्रसन्न ॥२५॥

१ पन्द्रहसै अट्ठहत्तरि वरिसु सवच्छर कुसलह कन सरसु।
निर्मल वैशाखी अखतीज बुधवार गुनियहु जानीज ॥

२ जिन पय भत्तउ होरिल साहू, सो जु दान पूज कौ चाहू।
तासु तू मनु सत्य अस गेहू, धर्मशील बल जानेहू।
तासु पुत्र जेठौ करमसी, जिनमति सुमति जासु मन बसी।
दया आदि दे धर्म हि लीन परम विवेकी पाप विहीन।

क्रमश

होरिल साहू
↓
करमसी
↓
पदम
↓
रामदास
↓
धर्मदास

धर्मदास को जैन धर्म पर दृढ़ श्रद्धान था। वह शुद्ध श्रावक था तथा श्रावक धर्म को जीवन मे उतार लिया था। यद्यपि कवि गृहस्थ था। व्यापार करके आजीविकोपार्जन करता था फिर भी उसका अधिक समय शास्त्रो के पठन-पाठन मे व्यतीत होता था।

जैनधर्म सेवै नित्त, अरु दह् लक्षण भाव पवित्त।
नित निर्ग्रन्थ गुरनि मांनउ, जिन आगम कहू पठतु सुनहू।

धर्मोपदेशश्रावकाचार मे दैनिक जीवन में जन साधारण के मन में उतारने योग्य सिद्धान्त का प्रतिपादन किया गया है। अहिंसा, सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य, परिग्रह परिमाण के अतिरिक्त आठ मद, दस धर्म, बारह भावना और सप्त व्यसन पर विस्तृत प्रकाश डाला है।

कवि ने रचना मे अपना कोई पांडित्य का प्रदर्शन नहीं करके साधारण भाषा मे विषय का वर्णन किया है। शब्दो को तोड़ मरोड़ कर प्रयोग करने की आदत कवि में नहीं पायी जाती और न आलकारिक भाषा मे पाठको के चित्त को उलझन मे डालने की चेष्टा की गयी है।

---

पदम नाम ताकै भौ पूत, कवियनु वेवकु कला सजूत।
अवर बहुत गुन गहिर समान, महा सुमति अति चतुर सुजानु।
अरु सो सज्जनता गुण लीन, पर उपगारी बिधना कीन।
बहू मित्री तस मनबि कोइ, सलह हो देस देस को लोइ।
राम सिवी तसु तमिय कलस, परम सील वे पस्य पवित्र।
तासु उदर सुत उपनौ वेवि, जिनु तिजि प्रवचन चार्वहि ते वि।
जै को धर्म विनुह सिरमनी, जिहि धर राम अवांमनी।
बयालीन जिनवर पद धुनी, पर पायो धनु धूलि सम गिनै।

ससारी जीव का वर्णन करते हुए कवि ने कहा है जो युवावस्था मे विलासिता में फसा रहता है, इन्द्रियो ने जिस पर विजय प्राप्त करली है जिसका जीवन इन्द्रियों की लालसा तथा वासना को पूर्ण करने मे ही व्यतीत होता है। ऐसा मनुष्य ससारी कहलाने योग्य है उस मनुष्य को लौकिक जीवन के सुधारने मे कभी सफलता नही मिलती ।

राग लीन जीवन महि रहे इन्द्री जिते परीसा सहै।
ता कहू सिद्धि कदाचित होइ ससारी तिन जानहु सोइ ॥

पण्डित अथवा विवेकी मनुष्य वही है जो पुत्र, मित्र, स्त्री, धन आदि पर अनुचित मोह नही करता है तथा उनके उपयोग के अनुसार ही उन पर मोह करता है—

पुत्र, मित्र नारी धन धानु, बधु सरीर जु कुल असमान।
अवरु प्रीय वस्तु अनुसरै ता पर राग न पण्डित करै।

वेश्यागमन मनुष्य के लिए अति भयकर है। वह उसे कर्त्तव्य मार्ग से विमुख कर देता है। इस जीवन को तो दुखमय बना ही देता है किन्तु पारलौकिक जीवन को भी दुख मे डाल देता है। सच्चरित्र पुरुष वेश्या के पास जाते हुए डरते हैं। क्योंकि व्यसनो मे फसाना ही उसका काम होता है—

वेश्या सग धर्म को हरै, वेश्या सग नर्क को करै।
जाते होइ सुगति को भगु, नहि ते तज नौ वेश्या सगु ॥

मनुष्य जीवन बार-बार नही मिलता। जो इस जीवन का सदुपयोग नही करता उसको अन्त मे पश्चाताप के सिवा कुछ नहीं मिलता। जैसे समुद्र मे फेंके गये माणक को फिर से प्राप्त करना मुश्किल है उसी प्रकार मनुष्य जीवन दुर्लभ है। लेकिन प्राप्त हुए मानव जीवन को व्यर्थ खोना सबसे बड़ी मूर्खता है। वह मनुष्य उस मूर्ख के समान है जो हाथ मे आये हुए माणक को कौए को उडाने मे फेंक देता है—

समुद माइ माणिक गिरि जाइ, बूडत उछरत हाथ चडाइ।
पुनु सो काग उडावन काज, राख्यौ रतन मूढ वे काज।
तेम जीव भव सागर माहि, पायो मानुस जन्म अनाहि।

श्रेष्ठ मनुष्यो की सगति ही जीवन को उन्नत करती है। कुसगति से मनुष्य व्यसनी बन जाता है। कुसगति से गुणी-निर्गुणी, साधु असाधु तथा धर्मात्मा पापी बन जाता है। यह उस दावानल के समान है जो हरे-भरे वन को जला कर राख कर देती है।

ज्वरी मांसाहारी जीव अवगनु, जिन्हि चोरी की भीख ।
पर तिय लीन करहि मद पान, विन सौं सत्रुन दूजो आन ।
करै कुमित्र सगु जौ कोइ, गुनवन्तौ जो निर्गुण होइ ।
सूलै दाद सग ज्यौ हूर्यौ दावानल महि पुनु सौ पर्यो ।

इस प्रकार कवि समाज के शिक्षक के रूप मे हमारे समक्ष आता है । उसने यह दर्शाया है कि गृहस्थी रहकर भी मानव अपने जीवन को उन्नत बना सकता है । उसे साधु सन्यासी बनने की आवश्यकता नही है ।

कवि की रचना मे ब्रजभाषा तथा अवधी भाषा के शब्दो का प्रयोग अधिक हुआ है । इससे तत्कालीन हिन्दी साहित्य पर उक्त दोनो भाषाओ का प्रभाव झलकता है । अलकारिक भाषा न होते हुए भी उदाहरणों के प्रयोग से रचना सुन्दर बन गयी है ।

## ४. भट्टारक शुभचन्द्र

शुभचन्द्र भट्टारक विजयकीर्ति के शिष्य थे । वे अपने समय के प्रसिद्ध भट्टारक, साहित्य प्रेमी, धर्म प्रचारक एव शास्त्रों के प्रबल विद्वान थे । इनका जन्म सवत् १५३०-४० के मध्य हुआ था । जब वे बालक थे तभी इनका भट्टारको से सम्पर्क हो गया । पहले इन्होने सस्कृत एव प्राकृत के ग्रन्थो का गहन अध्ययन किया । तत्पश्चात् व्याकरण एव छन्द शास्त्र मे निपुणता प्राप्त की ।

सवत् १५७३ मे ये भट्टारक के सम्माननीय पद पर आसीन हो गये । इनकी कीर्ति धीरे-धीरे देश मे फैल गयी । ये राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, पजाब एव उत्तर प्रदेश सभी प्रदेशो मे लोकप्रिय बन गये । ये वक्तृत्व कला मे पटु तथा आकर्षक व्यक्तित्व वाले सन्त थे । इन्होने जो साहित्य-सेवा की थी वह अभूतपूर्व एव अद्वितीय है । भट्टारक के उत्तरदायित्व एव सम्माननीय पद पर होते हुए भी इनका विशाल साहित्य सर्जन अनुकरणीय है ।

शुभचन्द्र ४० वर्षों तक भट्टारक पद पर रहे । चालीस वर्षों मे इन्होने सस्कृत की ४० रचनाए एव हिन्दी की ७ रचनाओ का सर्जन किया । हिन्दी रचनाओ मे "तत्वसार दूहा", "दान छन्द", "गुरु छन्द", "महावीर छन्द', नेमिनाथ छन्द, विजयकीर्ति छन्द एव अष्टाह्निका गीत के नाम उल्लेखनीय हैं । तत्वसार दूहा के अतिरिक्त सभी लघु कृतिया हैं । तत्वसार दूहा सैद्धान्तिक रचना है, जो जैन सिद्धान्त पर आधारित है । इसमे ९१ दूहे हैं । इसे श्रावक दुलहा के अनुरोध से लिखा था । महावीर छन्द मे २७ पद्य हैं, इसी तरह विजयकीर्ति छन्द मे २९ पद्य हैं । गुरु छन्द

में ११ तथा नेमिनाथ छन्द मे २५ पद्य हैं।[1]

## ५ ब्रह्म यशोधर

ब्रह्म यशोधर का जन्म कब और कहाँ हुआ इस विषय में कोई निश्चित जानकारी उपलब्ध नही होती। लेकिन एक तो ये भट्टारक सोमकीर्ति (सवत् १५२६ से १५४०) के शिष्य थे तथा दूसरी इनकी रचनाओं मे सवत् १५८१ एव १५८५ ये दो रचना-काल दिये हुए हैं इसलिए इनका समय भी सवत् १५४० से १६०० तक के मध्य तक निश्चित किया जा सकता है। इनकी रचनाओं वाला एक गुटका नैणवा (राजस्थान) के शास्त्र भण्डार मे उपलब्ध हुआ है। उसमे इनकी बहुत सी रचनाए दी हुई हैं तथा वह इनके स्वय के हाथ का लिखा हुआ है।

अब तक कवि के नेमिनाथ गीत (तीन) मल्लिनाथ गीत, बलिभद्र चौपई के अतिरिक्त अन्य कितने ही गीत उपलब्ध हुए हैं, जो विभिन्न शास्त्र भण्डारों मे सग्रहीत हैं। बलिभद्र चौपई इनकी सबसे बडी कृति है जो १८६ पद्यो मे समाप्त होती है। कवि ने इसे सवत् १५८५ में स्कन्ध नगर के अजितनाथ के मन्दिर मे पूर्ण की थी। कवि की सभी रचनाए भाव भाषा एव शैली की दृष्टि से उच्चस्तरीय रचनाए हैं।[2]

## ६ ईश्वर सूरि

ये शान्ति सूरि के शिष्य थे। इनकी एकमात्र कृति 'ललिताङ्ग चरित्र' का उल्लेख मिश्रबन्धु ने किया है।[3] ललिताङ्ग चरित्र का रचना काल सवत् १५६१ है।

सालकार समत्थ सच्छन्द सरस सुगुण सजुत्त।
ललियग कुमर चरिय ललणा ललियव निसुणेह।
महि महति मालव देस घण कणय लच्छि निवेस।
तिह नयर माडव दुग्ग अहि नवउ जाणकि सग्ग।
नव रस विलास उल्लोल नवगाह गेह कलोल।
निज बुद्धि बहुअ बिनाणि, गुरु धम्म कफ बहु जाणि।

---

१ कवि का विस्तृत परिचय के लिए देखिये लेखक की कृति "वीर शासन के प्रभावक आचार्य"—पृष्ठ सख्या १७८ से १८८ तक।

२ विशेष परिचय के लिए लेखक की कृति—'राजस्थान के जैन सन्त–व्यक्तित्व एव कृतित्व' पृष्ठ सख्या ८३ से ९२।

३ मिश्रबन्धु विनोद, पृष्ठ सख्या १३४।

इय पुण्य चरिय सबन्ध ललिअम नृप सवध ।
पहु पास चरियह् चित्त उद्धरिय एह् चरित्त ॥

### ७. बालचन्द

इन्होंने संवत् १५८० में राम-सीता चरित्र की रचना की थी ।[1]

### ८ राजशील उपाध्याय

खतरगच्छ के साधु हर्ष के शिष्य थे । इन्होंने संवत् १५६३ मे चित्तौड़ नगर मे 'विक्रम चरित्र चौपई' की रचना की थी । रचना काल एवं रचना स्थान का वर्णन निम्न प्रकार दिया हुआ है ।[2]

पनरसइ त्रिसठी सुविचारी जेठ मासि उज्जल पाखि सारी ।
चित्रकूट गढ तास मझाई भणता भवियण जय जयकारी ।

### ९ वाचक धर्मसमुद्र

धर्मसमुद्र वाचक विवेकसिंह के शिष्य थे । अब तक इनकी निम्न रचनाएं प्राप्त हो चुकी हैं[3]—

सुमित्रकुमार रास — संवत् १५६७
गुणाकर चौपई — संवत् १५७३
कुलध्वज कुमार — संवत् १५८४
सुदर्शन रास —
सज्झाय —

### १०. सहजसुन्दर

ये उपाध्याय रत्नसमुद्र के शिष्य थे । संवत् १५७० से १५९६ तक लिखी हुई इनकी २० रचनायें प्राप्त होती हैं । इनमे इलातीपुत्र सज्झाय, गुणरत्नाकर छन्द (सं० १५७२), ऋषिदत्ता रास, आत्मराग रास के नाम उल्लेखनीय है ।

### ११. पार्श्वचन्द्र सूरि

पार्श्वचन्द्र सूरि का राजस्थानी जैन कवियों में उल्लेखनीय स्थान है । इन्हीं के नाम से पार्श्वचन्द्र गच्छ प्रसिद्ध हुआ था । ९ वर्ष की आयु मे ये मुनि बन गए ।

---

१ मिश्रबन्धु विनोद, पृष्ठ संख्या १४४ ।
२ राजस्थान का जैन साहित्य, पृष्ठ संख्या १३२ ।
३ राजस्थान का जैन साहित्य, पृष्ठ संख्या १७३ ।

गहन अध्ययन के पश्चात् १७ वर्ष की आयु में ये उपाध्याय बन गये। अब २८ वर्ष के थे तो ये आचार्य पद से सम्मानित किये गये। साहित्य निर्माण मे इन्होने गहन रुचि ली और पर्याप्त सख्या मे ग्रन्थ निर्माण करके एक कीर्तिमान स्थापित किया। इनकी भाषा टीकायें प्रसिद्ध हैं जिनमे राजस्थानी गद्य के दर्शन होते हैं।[1] सवत् १५९७ मे इन्होने वस्तुपाल तेजपाल रास की रचना समाप्त की थी।[2]

### १२ भक्तिलाभ एव चारुचन्द्र

भक्तिलाभ एव चारुचन्द्र दोनो गुरु शिष्य थे। राजस्थानी भाषा मे इन्होने कितने ही स्तवन लिखे थे। ये सस्कृत के भी अच्छे विद्वान् थे। चारुचन्द्र ने सवत् १५७२ मे बीकानेर मे उत्तमकुमार चरित्र की रचना की थी।[3]

### १३ वाचक विनयसमुद्र

ये उपकेशीय गच्छ वाचक हर्षसमुद्र के शिष्य थे। अब तक इनकी ३० रचनाए उपलब्ध हो चुकी है जिनका रचना काल सवत् १५८३ से १६१४ तक का है। इनकी विक्रम पचदड चौपई (स० १५८३) आराम शोभा चौपई (स० १५८३) अम्बड चौपई (स० १५९९) मृगावती चौपई (स० १६०२) पद्मावती रास (स० १६०४) पद्म चरित्र (स० १६०४) आदि के नाम उल्लेखनीय हैं।[4]

उक्त कवियो के अतिरिक्त इन ४० वर्षों मे और भी जैन कवि हुये हैं जिन्होने हिन्दी मे विपुल साहित्य का निर्माण किया था। देश के विभिन्न शास्त्र भण्डारो मे ऐसे कवियो की खोज जारी है।

## ब्रह्म बूचराज

कविवर ब्रह्म बूचराज विक्रम की १६ वी शताब्दी के अन्तिम चरण के कवि थे। वे भट्टारकीय परम्परा के साधु थे तथा ब्रह्मचारी पद को सुशोभित करते थे। कवि ने अपना सबसे अधिक जीवन राजस्थान मे ही व्यतीत किया था और एक स्थान से दूसरे स्थान पर बराबर विहार करके यहाँ की साहित्यिक जाग्रति मे अपना योग दिया था। रूपक काव्यो के निर्माण मे उन्होने सबसे अधिक रुचि ली साथ ही जन सामान्य मे अपने काव्यो के माध्यम से आध्यात्मिकता का प्रचार प्रसार किया।

---

१ राजस्थान का जैन साहित्य पृष्ठ १७३।

२ हिन्दी रासो काव्य परम्परा-पृष्ठ १९६–९७।

३ राजस्थान का जैन साहित्य पृष्ठ १७३।

४ विस्तृत परिचय के लिए—राजस्थानी साहित्य का मध्यकाल—पृष्ठ ६६-७६

ब्रह्म बूचराज भट्टारक भुवनकीर्ति के शिष्य थे।[1] जो अपने समय के सम्माननीय भट्टारक थे। वे सकलकीर्ति जैसे भट्टारक के पश्चात् भट्टारक पद पर विराजमान हुए थे। बूचराज ने भुवनकीर्ति गीत में, भट्टारक रत्नकीर्ति का भी उल्लेख किया है जिससे ज्ञान पड़ता है कि कवि को अपने अन्तिम समय में कभी-कभी भट्टारक रत्नकीर्ति के पास रहने का सौभाग्य भी प्राप्त हुआ था। इसीलिए उन्होंने भुवनकीर्ति गीत मे 'बूचराज भणि श्री रत्नकीर्ति पाटिह सगु कलिया सुरतरो" रत्नकीर्ति के प्रति अपनी भक्ति प्रदर्शित की है।

कवि राजस्थानी विद्वान थे। लेकिन इनका पर्याप्त समय पजाब के नगरो मे व्यतीत हुआ था। इन्होने स्वय अपने जन्म-स्थान, माता-पिता, शिक्षा-दीक्षा, आयु आदि के बारे मे कुछ भी परिचय नही दिया। इनकी अधिकांश रचनाएँ राजस्थान के शास्त्र भण्डारो मे ही उपलब्ध हुई है। इसलिए इन्हे राजस्थानी विद्वान् कहा जा सकता है। इन्होने अपनी दो रचनाओ मे रचना सवत् का उल्लेख किया है। जो सवत् १५८९ एव सवत् १५९१ है। सवत् १५८९ मे रचित मयणजुज्झ मे इन्होंने न किसी स्थान विशेष का उल्लेख किया है और न किसी व्यक्ति विशेष का परिचय दिया। इसी तरह सवत् १५९१ मे रचित 'सतोष जय तिलकु' मे केवल हिसार नगर मे काव्य रचना समाप्त करने का उल्लेख किया है। अत. वश एव माता-पिता का परिचय प्रस्तुत करना कठिन है।

बूचराज का प्रथम नामोल्लेख सवत् १५८२ की एक प्रशस्ति में मिलता है। यह प्रशस्ति 'सम्यकत्व कौमुदी' के लिपि कर्त्ता द्वारा लिखी हुई है। उसमे भट्टारक प्रभाचन्द्र देव के आम्नाय का, चम्पावती (चाकसू, जयपुर) नगर का, वहाँ के शासक महाराजा रामचन्द्र का उल्लेख किया गया है। चम्पावती के श्रावक खण्डेलवाल वशीय साह गोत्र वाले साह काघिल एव उनके परिवार के सदस्यो ने सम्यक्त्व कौमुदी की प्रति लिखवाकर ब्रह्म बूचराज को प्रदान की थी। इससे ज्ञात होता है कि सवत् १५८२ मे कवि चम्पावती मे थे। वहा मूल सघ के भट्टारको का जोर था और ये भी उन्ही के सघ मे रहते थे।[2] चम्पावती उस समय भट्टारक प्रभाचन्द्र

१ श्री भुवनकीर्ति चरण प्रणमोहू सखी आज बधावहो। भुवनकीर्ति गीत

२ सवत् १५८२ वर्षे फाल्गुन सुदी १४ शुभदिने श्री मूलसघे बलात्कारगणे सरस्वतीगच्छे नद्याम्नाये श्री कुन्दकुन्दाचार्यान्वये भट्टारक श्री पद्मनन्दि-देवा स्तत्पट्टे भट्टारक श्री शुभचन्द्र देवास्तत्पट्टे भट्टारक श्री जिनचन्द्रदेवास्तत्पट्टे

क्रमश

एव ब्रह्मचारी शिष्यों का केन्द्र थी। इसी संवत् में राजवार्तिक जैसे ग्रन्थ की प्रति करवाकर ब्रह्म लाल को दी गयी थी।[1] संवत् १५७५ से १५८५ तक जितनी प्रशस्तियाँ हमारे सग्रह मे उपलब्ध होती है उन सभी के ग्रन्थ किसी न किसी भट्टारक अथवा उनके शिष्य, ब्रह्मचारी या साधु को भेंट किये गये थे। उस समय बूचराज की भट्टारक प्रभाचन्द्र के प्रिय शिष्यों में गिनती थी। इनकी सम्भवत वह साधु बनने की प्रारम्भिक अवस्था थी। भट्टारक सघ मे संस्कृत एव प्राकृत के ग्रन्थों का अध्ययन चलता था। इसीलिए भट्टारक प्रभाचन्द्र अपने शिष्यों के पठनार्थ ग्रन्थो की प्रतियाँ भेंट स्वरूप प्राप्त करते रहते थे।

चाटसू (चम्पावती) से इनका विहार किधर हुआ इसका स्पष्ट निर्देश तो नहीं किया जा सकता लेकिन सवत् १५८९ मे ये राजस्थान के किसी नगर में थे। वहीं रहते हुए इन्होंने अपनी प्रथम कृति 'मयणजुज्झ' को समाप्त की थी। यह अपभ्र श प्रभावित कृति है।

सवत् १५९१ मे वे हिसार पहुँच गये और वहाँ हिन्दी मे इन्होने 'सतोषजय-तिलकु' की रचना समाप्त की। उस दिन भादवा सुदी पचमी थी। पर्यू षण पर्व का प्रथम दिन था। बूचराज ने अपनी कृति दशलक्षण पर्व मे स्वाध्याय के लिए समाज को समर्पित की। सवतोल्लेख वाली कवि की यह दूसरी व अन्तिम कृति है। इस कृति के पश्चात् कवि की जितनी भी शेष कृतियाँ प्राप्त हुई है उनमे किसी मे सवत् दिया हुआ नही है।

### हस्तिनापुर गमन

कवि ने अपने एक गीत मे हस्तिनापुर के मन्दिर एव शान्तिनाथ स्वामी के मन्दिर का वर्णन किया है तथा वहाँ पर होने वाले कथा पाठ का उल्लेख किया है। इससे मालूम पडता है कि कवि हस्तिनापुर दर्शनार्थ गये थे।

---

भट्टारक श्री प्रभाचन्द्रदेवास्तदाम्नाये चपावती नामनगरे महाराव श्री रामचन्द्रराज्ये खडेलवालान्वये साह गोत्रे सघभार धुरधर सा० काचिल भार्या कावलदे तस्य पुत्र जिनपूजापुरन्दर सा० गूजर भार्या प्रथम लाछी द्वतीया सरो......... ...एतान् इद शास्त्र कौमुदी लिखाप्य कर्मक्षय निमित्त ब्रह्म बूचाय दत्तं।

(प्रशस्ति संग्रह—सम्पादक डा० कासलीवाल पृष्ठ, ६३)

१ देखिये प्रशस्ति सग्रह—सम्पादक डा० कस्तूरचन्द कासलीवाल, पृ० ५४।

## कृतियाँ

उक्त दोनो कृतियों सहित बूचराज की अब तक निम्न रचनाएँ प्राप्त हो चुकी हैं—

१ मयरगजुज्झ
२ सन्तोष जयतिलकु
३ बारहमासा नेमीस्वर का
४ चेतनपुद्गल धमाल
५ नेमिनाथ बसतु
६ टंडाणा गीत
७ भुवनकीर्ति गीत
८ नेमि गीत
९. विभिन्न रागो में निबद्ध ११ गीत एवं पद

इस प्रकार कवि की अब तक १९ कृतियाँ प्राप्त हो चुकी हैं जो भाषा, शैली एव भावो की दृष्टि से हिन्दी की अच्छी रचनाए हैं। कवि के पदो पर पजाबी भाषा का स्पष्ट प्रभाव है जिससे मालूम पडता है कि कवि पजाबी भाषा भाषी भी थे।

## विभिन्न नाम

कविवर बूचराज के और भी नाम मिलते हैं। बूचराज के अतिरिक्त ये नाम है बूचा, वल्ह, बील्ह, बल्हव। कही-कही एक ही कृति मे दोनो प्रकार के नामो का प्रयोग हुआ है। इससे लगता है कि बूचराज अपने समय के लोकप्रिय कवि थे और विभिन्न नामों से जन सामान्य को अपनी कविताओं का रसास्वादन कराया करते थे। वैसे उनका बूचा अथवा बूचराज सबसे अधिक लोकप्रिय नाम रहा था।

## समय

कवि के समय के बारे मे निश्चित तो कुछ भी नही कहा जा सकता। लेकिन यदि उनकी आयु ७० वर्ष की भी मान ली जावे तो हम उनका समय सवत् १५३०-१६०० तक का निश्चित कर सकते हैं। आखिर सवत् १५९१ के बाद उन्होंने जितनी कृतियों को छन्दोबद्ध किया था उसमें कुछ वर्ष तो लगे ही होगे। इसके अतिरिक्त ऐसा लगता है उन्होंने साहित्य लेखन का कार्य जीवन के अन्तिम १५-२० वर्षों में ब्रह्मचारी की दीक्षा लेने और संस्कृत, प्राकृत एव अपभ्रंश का गहरा अध्ययन करने के पश्चात् ही किया था।

कवि ने अपनी किसी भी कृति मे तत्कालीन शासक का उल्लेख नही किया और न उनके अच्छे बुरे शासन के बारे मे लिखा। जान पडता है कि उस समय देश मे कोई भी शासक कवि को प्रभावित नहीं कर सका था इसलिए कवि ने उनका नामोल्लेख करने की आवश्यकता ही नही समझी।

## मयणजुज्झ (मदन युद्ध)

मयणजुज्झ कवि की सवतोल्लेख वाली प्रथम रचना है। यह अपभ्र श भाषा प्रभावित हिन्दी कृति है। हिन्दी अपभ्र श का किस प्रकार स्थान ले रही थी यह कृति इसका स्पष्ट उदाहरण है। मदनयुद्ध एक रूपक काव्य है जिसमे प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव एव कामदेव के मध्य युद्ध होने पर भगवान ऋषभदेव की उस पर विजय बतलाई गयी है।

मदनयुद्ध कवि की प्रथम रचना है यह तो स्पष्ट नही कहा जा सकता क्योंकि उनकी अधिकाश रचनाओ मे रचना काल दिया हुआ नही हैं। फिर भी ऐसा लगता है कि यह उनकी प्रारम्भिक रचना है जिसमे उन्होने अपभ्र श भाषा का प्रयोग किया है और इसके पश्चात् जब केवल हिन्दी की ही रचनाओ की माग हुई तो कवि ने अन्य रचनाओ मे केवल हिन्दी का ही प्रयोग किया। इस काव्य का रचना काल सवत् १५८९ आश्विन शुक्ला प्रतिपदा शनिवार है।[1] कृति मे रचना स्थान का कोई उल्लेख नही मिलता।

इस रूपक काव्य मे १५९ पद्य हैं। जो विभिन्न छन्दो मे निबद्ध है। इन छन्दो मे गाथा, रड मडिल्ल, दोहा, रगिका, षट्पद कवित्त् आदि के नाम उल्लेखनीय हैं। भाषा की दृष्टि से हम इसे डिगल की रचना कह सकते हैं। शब्दो पर जोर देने की दृष्टि से उन्हें युगलात्मक बनाया गया है। जैसे निर्वाण के लिए णिव्वाणि, पैदा होने के लिए उपज्जइ, एक के लिए इक्कु (१७) अधर्म के लिए अधम्म आदि इसके उदाहरण हैं। काव्य की कथा बडी रोचक एव शिक्षाप्रद है। कथा भाग का सारांश निम्न प्रकार है।

### कथा

प्रारम्भिक मगलाचरण के पश्चात् कवि ने कहा हैं कि काया रूपी दुर्ग मे चेतन राजा निवास करते हैं। मन उनका मत्री है। प्रवृत्ति और निवृत्ति ये दो उसकी स्त्रियाँ हैं। दोनो के ही एक-एक पुत्र उत्पन्न होता है जिनके नाम मोह एव

---

१ राइ विक्कम तणउ सवतु नवासिय पनरहसै सरद रुति आसवज बखाणिउ।
लिथि पडवा सुकलु पखु, सनि सुबाक करू नखित् जाणिउ॥
मयण जुज्झ

विवेक हैं। चेतन राजा से दोनों को ही बराबर स्नेह मिलता है। मोह के घर में माया रानी होती है जो जगत को सहज ही मैं फुसला लेती है। निवृत्ति विवेक को साथ लेकर नगर छोड़ देती है। वे दोनो आगे चलकर पुण्य नगर पहुँचते हैं जहाँ चेतन राजा राज्य करते थे। वहाँ उन दोनो को बहुत आदर दिया गया। सुमति का विवाह विवेक के साथ हो जाता है। विवेक का वहाँ राज्य हो जाता है।

इससे मोह को बहुत निराशा होती है। उसने पुण्य नगर मे अपने चार दूत भेजे। उनमे से तीन तो वापिस चले आये केवल वहाँ कपट बचा जो सरोवर पर पानी भरने वाली महिलाओ के पास जाकर बैठ गया। नगर मे ज्ञान जल सरोवर भरा हुआ था। वहाँ जो वृक्ष थे वे मानो व्रत रूप ही थे। उस पर जो पक्षी बैठते थे वे मानो रिद्धि रूप मे ही थे। कपट ने साधु का वेष धारण करके नगर मे प्रवेश किया। वहाँ उसने न्याय नीति का मार्ग देखा तथा इन्द्र लोक के समान सुख देखे। वहाँ से वह अधर्मपुरी पहुँचा तथा मोह से सब वृतान्त कह सुनाया।

अपने दूत द्वारा सब वृतान्त सुनकर उसे बडा विषाद हुआ और उसने शीघ्र ही रोष, झूठ, शोक सताप, सकल्प विकल्प, चिंता, दुराव, क्लेश आदि सभी को अपने दरबार मे बुलाया और निम्न वाक्य कहे—

करिवि सभा तब मोह मदु, इव चिंतइ मन माहि।
जव लग जीवइ विवेक इहु, तब लगु सुख हम नाहि ।।३३।।

मोह की बात सुनकर उसका पुत्र कामदेव उठा और उसने निवृत्ति के पुत्र विवेक को बाध कर लाने का वचन दिया। इससे सभी ओर प्रसन्नता छा गयी। साथ मे उसने कुमति, कुसीख एव कुबुद्धि को साथ लिया।

कामदेव को अपनी विजय पर पूर्ण भरोसा था। सर्वप्रथम उसने बसन्त को भेजा। बसन्त के आगमन से चारो ओर वृक्ष एव लताए नवपल्लव एव पुष्पो से लद गयी। कोयल कुहु कुहु की मधुर तान छेडने लगी तथा भ्रमर गुजार करने लगे। सुरभित मलयानिल, सुन्दर मधुर गीत एव वीणा आदि वाद्यो के मधुर गीत सुनायी देने लगे। चारो ओर अजीब मादकता दिखाई देने लगी। मदनराज आ गये हैं यह चर्चा होने लगी। कामदेव ने बहुत से ऋषि मुनियो को तप से गिरा दिया। बडे-बडे योद्धा जिन्हे अब तक मदोन्मत्त हाथी एव सिंह भी डरा नही सके थे वे सब कामदेव के वशीभूत होकर चारो खाने चित्त पड गये। इस प्रकार कामदेव सब पर विजय प्राप्त करता हुआ उस वन मे पहुँचा जहाँ भगवान ऋषभदेव ध्यानस्थ थे।

वह धर्मपुरी थी। विवेक ने सयमश्री का विवाह आदिनाथ से कर दिया था। लेकिन जब उसने कामदेव का आगमन सुना तो शत्रु को पीठ दिखा कर भागने

की अपेक्षा लडना उचित समझा। मदन सब देशों पर विजय प्राप्त करके स्वच्छन्द विचरने लगा। नट व भाट उसकी जय जयकार कर रहे थे। पिशाच एव गधर्व गीत गा रहे थे। कामदेव जब विजय प्राप्त करके लौटा तो उसका अच्छा स्वागत हुआ। रति ने भी कामदेव का खूब स्वागत किया और उसको विजय पर बधाई दी। लेकिन साथ मे यह भी प्रश्न किया कि उसने कौन-कौन से देश पर विजय प्राप्त की है। इस पर कामदेव ने निम्न प्रकार उत्तर दिया—

जिणि सकरु इदु हरि बमु, वासिग्ग पयालि जिसु।
इदु चदु गहगण तारायण विद्याधर यक्ष सु गधव्व सहि देव गण इण।
जोगी जंगम कापडी सन्यासी रस छदि
ले ले तपु वण महि दुडिय ते मइ घाले बदि ॥६२॥

रति ने अपने पति कामदेव की प्रशसा करते हुए कहा कि धर्मपुरी को अभी और जीतना है जहाँ भगवान का ऋषभदेव का साम्राज्य है। रति की बात सुनकर कामदेव को बहुत क्रोध आया और वह तत्काल धमपुरी को विजय करने के लिए चल पडा। उसने आदीश्वर को शीघ्र ही वश मे करने की घोषणा की। कामदेव ने अपने साथी क्रोध, मोह, मान एवं माया सभी को साथ लिया और धर्मपुरी पर आक्रमण कर दिया। अपने विपुल हावभाव एव विलास रूपी शस्त्रो से उन्हे जीतने का उपक्रम किया।

दोनो ओर युद्ध के लिए खूब तैयारी की गयी तथा एक ओर सभी विकारों ने ऋषभदेव के गुणो पर आक्रमण कर दिया। अज्ञान ने ज्ञान को पछाडने का उपक्रम किया। मिथ्यात्व जैसे सुभट ने पूरे वेग से आक्रमण किया। लेकिन सम्यक्त्व रूपी योद्धा ने अपनी पूरी ताकत से मिथ्यात्व का सामना किया। जैसे सूर्य को देख-कर अन्धकार छिप जाता है उसी प्रकार मिथ्यात्व भी सम्यकत्व के सामने नही टिक सका। राग ने गरज कर अपना अस्त्र चलाया लेकिन वैराग्य ने इसके वार को बेकार कर दिया। मद ने अपने आठ साथियो के साथ ऋषभदव पर एकसाथ आक्रमण किया लेकिन ऋषभदेव ने उन्हे मादव धर्म से सहज ही मे जीत लिया। इसके पश्चात् माया ने अपना जाल फेंका और बाईस परिषहो ने एक साथ आक्रमण किया। लेकिन ऋषभदेव ने माया को आर्जव से तथा बाईस परिषहो को अपने 'धीरज' सुभट से सहज ही में जीत लिया। इसके पश्चात् 'कलह' ने पूरे वेग से अपना अधिकार जमाना चाहा लेकिन क्षमा के सामने वह भी भाग गया। जब मोह का कोई वश नही चला और वह मुख फेर कर चल दिया तो लोभ ने अपनी पूरी सामर्थ्य से विजय प्राप्त करना चाहा। उसका प्रभाव सारे विश्व मे व्याप्त है, कभी वह आगे बढता और कभी पीछे हट जाता। लेकिन जब सन्तोष ने पूरे वेग से प्रत्याक्रमण किया तो वह ठहर नही सका। कुशील पर ब्रह्मचर्य ने विजय प्राप्त की।

ऋषभदेव ने कुमति को तो पहिले ही छोड़ दिया था इसलिए सुमति ही विवेक के साथ हो गयी। लेकिन मोह ने अपने सभी साथियों की हार सुनी तो उसकी आँखें लाल हो गयी तथा वह दांत पीसने लगा तथा अपने रौद्र रूप से उसने आक्रमण कर दिया। ऋषभदेव ने विवेक रूपी सुभट को बुलाया और स्वय अपूर्व-करण गुणस्थान मे विचरने लगे। मोह की एक भी चाल नही चली और अन्त में वह भी मुख मोड़ कर चल दिया।

जब कामदेव ने मोह को भी भागते देखा तो वह अपनी पूरी सेना के साथ मैदान मे उतर गया। लेकिन ऋषभदेव सयम रूपी रूप मे सवार हो गये थे। तीन गुप्तियाँ उनके रथ के घोड़े थे। पच महाव्रत एव क्षमा उनके योद्धा थे। ज्ञान रूपी तलवार को हाथ मे लेकर सम्यक्त्व का छत्र तान कर वे मैदान मे उतरे। रणभूमि से कामदेव के सहायक एक एक करके भागना चाहा। लेकिन ऋषभदेव ने युद्ध भूमि का घेरा इतना तीव्र किया कि कोई भी वहाँ से भाग नही सका और सबको एक-एक करके जीत लिया गया। चारो कषायो को जीत लिया, मिथ्यात्व का पता भी नही चला। ऋषभदेव को कैवल्य होते ही देवो ने दुदुभि बजानी प्रारम्भ कर दी तथा चारो दिशाओ मे ऋषभदेव के गुणगान होने लगे।

इस प्रकार कवि ने प्रस्तुत काव्य मे काम विकार एव उसके साथियो पर जिस प्रकार गुणो की विजय बतलायी है वह अपने आप मे अपूर्व है। इस प्रकार के रूपक काव्यो का निर्माण करके जैन कवि अपने पाठको को तत्कालीन युद्ध के वातावरण से परिचित भी रखते थे तथा उन्हे आध्यात्मिकता से दूर भी नही होने देते थे।

### भाषा एव शैली

मयणजुज्झ यद्यपि अपभ्रश प्रभावित कृति है लेकिन इसमे हिन्दी के शब्दो का एव उसके दोहा एव रड, षट्पद, वस्तुबध एव कवित्त जैसे छन्दो का प्रयोग इस बात का द्योतक है कि देशवासियो का मानस हिन्दी की ओर हो रहा था तथा वे हिन्दी की कृतियो के पढने के लिए लालायित थे। हिन्दी का प्रारम्भिक विकास जानने के लिए मयण जुज्झ अच्छी कृति है।

कवि ने कुछ तत्कालीन प्रचलित शब्दो का भी प्रयोग किया है। उसने सेना के स्थान पर फौज शब्द का[1] तथा तुरही के स्थान पर नफीरी का प्रयोग किया है।

---

१ ले फौज सबलु संकहि करि, इव विवेक भडु आइयउ।

इससे पता चलता है कि कवि प्रचलित शब्दों के प्रयोग का मोह नहीं त्याग सका और उसने अपने काव्य को लोकप्रिय बनाने के लिए प्रचलित शब्दों का प्रयोग करके उनको भी अपनाने का प्रयास किया।

मयणजुज्झ की राजस्थान के शास्त्र भण्डारो में कितनी ही प्रतियाँ संग्रहीत है। इनमें निम्न उल्लेखनीय हैं।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| १ भट्टारकीय शास्त्र भण्डार अजमेर | गुटका स० २३२ | पद्य स० १५८ | | लिपि सवत् १६१६ |
| २ दि० जैन मन्दिर दीवानजी कामां[1] | ,, | ६ | — | — |
| ३ दि० जैन मन्दिर लश्कर, जयपुर | ,, | १६ | — | — |
| ४. दि० जैन मन्दिर बड़ा तेरहपथी जयपुर[2] | ,, | २४२ | — | लिपि स० १७०५ |
| ५. दि० जैन मन्दिर बडा तेरहपथी, जयपुर | ,, | २७६ | — | ,, १७०७ |
| ६ महावीर भवन, जयपुर[3] | ,, | ४६ | ,, १५६ | — |
| ७ दि० जैन मन्दिर नागदी, बूंदी | | १०४ | १४२ | — |

## २ सतोष जयतिलकु

बूचराज की यह दूसरी रचना है जिसमे उसने रचना समाप्ति का उल्लेख किया है। सतोष जयतिलकु का रचना काल सवत् १५९१ भाद्रपद शुक्ला ५ है अर्थात् मयण जुज्झ के ठीक २ वर्ष पश्चात् कवि ने प्रस्तुत कृति को समाप्त किया था।[4] दो वर्ष के मध्य मे कवि केवल एकमात्र रचना लिख सके अथवा अन्य लघु रचनाओं को भी स्थान दिया इसके सम्बन्ध मे निश्चित जानकारी नहीं मिलती है। लेकिन कवि राजस्थान से पजाब चले गये थे यह अवश्य सत्य है। प्रस्तुत कृति को उन्होंने हिसार मे छन्दोबद्ध की थी। जैसा कि स्वय कवि ने उल्लेख किया है

सतोषह जय तिलउ जपिउ हिसार नयर मझ मे।
जे सुणहि भविय इक्क मनि ते पावहि वछिय सुक्ख ॥

सतोष जय तिलकु भी एक रूपक काव्य है जिसमे लोभ पर सतोष की विजय बतलायी

१. राजस्थान के जैन शास्त्र भण्डार की ग्रन्थ सूची पचम भाग पृष्ठ ६८४, १०८८, ११०६।
२ वही, द्वितीय भाग।
३ वही, प्रथम भाग।
४ सवति पनरह इक्याणु भद्दवि सिय पक्खि पचमी दिवसे।
सुक्कवारि स्वाति वृषे जेठ तह जाणि वभणामेण ॥१२२॥

गयी है। मयरण जुज्झ मे जिस प्रकार ऋषभदेव नायक एवं कामदेव प्रतिनायक है उसी प्रकार प्रस्तुत काव्य में सतोष नायक एवं लोभ प्रतिनायक है। ऐसा लगता है कि कवि आत्मिक विकारों की वास्तविकता को पाठकों के सामने प्रस्तुत करके उन्हे आत्मिक गुणों की ओर लगाना चाहता था तथा आत्मिक गुणों की महत्ता को रूपक काव्यों के माध्यम से प्रकट करना उसको अधिक रुचिकर प्रतीत होता था।

प्रस्तुत रूपक काव्य मे १२३ पद्य हैं जो साटिक, रड, गाथा षट्पद, दोहा, पद्धडी छद, मडिल्ल, चंदाइरण छन्द, गीतिका छन्द, तोटक छन्द, रगिका छन्द, जैसे छन्दों में विभक्त है। छोटे से काव्य मे विभिन्न ११ छन्दो का प्रयोग कवि के छन्द ज्ञान की ओर तो प्रकाश डालता ही है साथ ही मे तत्कालीन पाठको की रुचि का भी हमे बोध कराता है कि पाठक ऐसे काव्यों का सगीत के माध्यम से सुनना अधिक पसन्द करते थे। इसके अतिरिक्त उस समय सगुण भक्ति के गुणानुवाद से भी पाठक गण ऊब चुके थे इसलिए भी वे अध्यात्म की ओर झुक रहे थे।

प्रस्तुत काव्य की सक्षिप्त कथा निम्न प्रकार है।

मगलाचरण के पश्चात् कवि लिखता है कि भगवान महावीर का समवसरण पावापुरी मे आता है। भगवान की जब दिव्य ध्वनि नही खिरती तब इन्द्र गौतम ऋषि के पास जाता है और कहता है कि महावीर ने तो मौन धारण कर रखा है इसलिए "त्रैकाल्य द्रव्य षटक नव पद सहितं' आदि पद्य का अर्थ कौन समझा सकता है? तब गौतम तत्काल इन्द्र के साथ जाने को तैयार हो जाते हैं। जब वे दोनो महावीर के समवसरण मे स्थित मानस्तम्भ के पास पहुंचते हैं तो मानस्तम्भ को देखते ही गौतम का मान द्रवित हो जाता है।

> देखत मानथभो गलियउ तिसु मानु मनह मज्झमे।
> हूवउ सरल पणामो पुछ गोइमु चित्ति सदेहो ।।१०।।

गौतम ने भगवान् महावीर से पूछा कि स्वामी, यह जीव ससार मे लोभ के वशीभूत रहता है तो उसके बचने के क्या उपाय हैं? क्योकि लोभ के कारण ही मानव प्राणिवध करता है, लोभ के कारण ही वह झूठ बोलता है। लोभ से ही वह दूसरो के द्रव्य ग्रहण करता है। सब परिग्रहों के सग्रह मे भी लोभ ही कारण है। जिस प्रकार तेल की बूद पानी मे फैल जाती है उसी प्रकार यह लोभ भी फैलता रहता है। एक इन्द्रिय के वश मे आने से यह प्राणी इतने दुःख पाता है तो पांच इन्द्रियों के वशीभूत होने पर उसकी क्या दशा होगी, यह वह स्वय जान सकता है। लोभी मनुष्य उस कीडे के समान है जो मधु का संचय ही करता है उसका उपयोग नहीं करता है। क्रोध, मान, माया तथा लोभ इन चारो मे लोभ ही प्रमुख है।

इसके साथ ही तीन अन्य कषायो का प्रादुर्भाव होता है। जैसे सर्प के गले मे गरल विष सयुक्त होता है उसी प्रकार राग एव द्वेष दोनों ही लोभ के पुत्र हैं। जहाँ राग सरल स्वभावी एव द्वेष वक्र स्वभावी होता है। लोभ के इन दोनों पुत्रो ने सभी प्राणियो को अपने वशीभूत कर रखा है फिर चाहे वह योगी हो अथवा यति एव मुनि हो। भगवान महावीर गौतम ऋषि से कहते हैं कि प्राणी को चारो गति मे डुलाने वाला यह लोभ ही है, इसलिए लोभ से बुरा कोई विकार नही है।

गौतम स्वामी ने भगवान महावीर से फिर प्रश्न किया कि लोभ पर किस प्रकार विजय प्राप्त की जा सकती है तथा किस महापुरुष ने लोभ पर विजय पायी है। इस प्रकार भगवान महावीर ने निम्न प्रकार कहा—

सुणहु गोइम कहहु जिणणाहु,
यहु सासणु विम्मलइ, सुणत धम्मु भव बध तुट्टहि,
अति सूषिम भेद सुणि, मनि सदेह खिण माहि मिट्टहि।
काल अनतिहि ज्ञान यहि कहियउ आदि अनादि।
लोभु दुसहु इव जिजत्तियइ सतोषहु परसादि ॥४८॥

लेकिन गौतम ने भगवान से फिर निवेदन किया कि सतोष कैसे पैदा हो, उसके रहने का स्थान कौन सा है। किसके साथ होने से उसमे शक्ति आती है। उसकी कौन-कौन सी सेना दल है तथा सतोष सुभट कैसा है। जब तक ये सब मालूम नही होगा लोभ पर विजय प्राप्त करना सम्भव नही है।

महावीर स्वामी ने कहा कि आत्मा मे सतोष स्वाभाविक रूप से पैदा होता है तथा वह आत्मपुरी मे ही रहता है। धर्म की सेना ही उसका बल है। ज्ञान रूपी बुद्धि से उस पर विजय प्राप्त की जा सकती है। जिस प्राणि ने सतोष को अपने मे उतार लिया बस समझलो कि उसने जगत को ही जीत लिया। जिसके जितना अधिक सतोष होगा उसको उतना ही सुख प्राप्त हो सकेगा। सतोषी प्राणी मे राग द्वेष की प्रवृत्ति नही होती तथा वह शत्रु मित्र मे समान भाव रखने वाला होता है। जिनके हृदय मे सतोष है उनकी बुद्धि चन्द्रकला के समान होती है तथा उनका हृदय कमल खिल जाता है। सतोष एक चिंतामणि रत्न है जिससे चित्त प्रसन्न रहता है। वह कामधेनु के समान सबको वाछित फल देता रहता है। जहाँ सतोष है वहाँ सब सुख विद्यमान हैं। सतोष से उत्तम ध्यान होता है, परिणामो मे सरलता आती है। वाछित सुखो की प्राप्ति होती है। सतोष से सवर तत्त्व की प्राप्ति होती है जिसके सहारे ससार को पार किया जा सकता है और अन्त मे निर्वाण की प्राप्ति हो सकती है।

इधर जब लोभ को संतोष की बात मालूम हुई तो वह बहुत कोधित हुआ और उसने सतोष को सदा के लिए समाप्त करने की घोषणा कर दी। उसने उस समय झूठ को अपना प्रधान बनाया। क्रोध एवं द्रोह, कलह एवं क्लेश, पाप एवं सताप सभी को उसने एकत्रित किया। मिथ्यात्व, कुव्यसन, कुशील, कुमति, राग एवं द्वेष सभी वहाँ आ गये और इन सब को अपने साथ देखकर लोभ प्रसन्न हो गया। उसने कपट रूपी नगाड़ो को बजाया तथा विषय रूपी घोड़ों पर बैठकर सतोष पर आक्रमण कर दिया।

सतोष ने जब लोभ रूपी शत्रु का आक्रमण सुना तो उसे प्रसन्नता हुई। उसका सेनापति आत्मा वही आ गया और उसने अपनी सेना को भी वही बुला लिया। वहाँ १८००० अगरक्षकों के साथ शील सुभट आया। साथ मे ही सम्यक् दर्शन, ज्ञान एवं चारित्र, वैराग्य, तप, करुणा, पच महाव्रत, क्षमा एवं सयम आदि सभी योद्धा वहाँ आ गये। वह अपने सैनिको को लेकर लोभ से जा टकराया। जिन शासन की जय जयकार होने लगी तो मिथ्यात्व भागने लगा। जय जयकार की महाधुनि को सुनकर ही कितने ही शत्रु पक्ष के योद्धा लड़खडा गये। शील का चोला पहनकर रत्नत्रय के हाथी पर सवार होकर विवेक की तलवार लेकर सम्यकत्व रूपी छत्र पहनकर पद्म एवं शुक्ल लेश्या के जिस पर चवर ढुल रहे थे, ऐसा सतोष राजा रण मे लोभ से जा भिडा। उसने अपने दल के अन्दर अध्यात्म का सचार किया। जो शूरवीरो के हृदयो मे जाकर बैठ गया। एक ओर लोभ छलकपट से अपनी शक्ति को तोलने लगा तथा दूसरी ओर सतोष ने अपने सुभटों मे सरलता एव निर्मलता के भाव भरे। इस पर दोनो ओर से चतुरंगिनी सेना एकत्रित हो गयी। भेरी बजने लगी। तब लोभ ने अपने सैनिको को सतोष के सैनिको पर आक्रमण करने के लिए ललकारा। सतोष ने लोभ से कहा कि ऐसा लगता है कि उसके सिर पर काल चढ गया है। उसके सब साथियो को मूढता सता रही है। जहाँ लोभ है वहाँ रात दिन यह प्राणी दुख सहता रहता है। लेकिन जहाँ सतोष है वहाँ उसकी इन्द्र एव नरेन्द्र सेवा करते हैं। लोभ ने जगत मे अभी तक सभी को सताया है तथा जगत मे सभी को जीत रखा है, लेकिन आज सतोष का पौरुष भी देखे। यह सुनकर लोभ ने झूठ को आगे भेजा। लेकिन सतोष ने सत्य को भेजा और उसने उसका सिर काट लिया। इसके पश्चात् मान को बीडा दिया गया और वह जब रणभूमि मे उतरा तो मार्दव ने उसका सामना किया और उसको बलहीन कर दिया। लेकिन फिर भी वह हटा नहीं तो महाव्रतों ने एक साथ उस पर आक्रमण कर दिया और क्षण भर मे ही उसे परास्त कर दिया। अब मोह अपने प्रचण्ड हाथी पर बैठ कर आगे बढ़ा। मोह को देखकर विवेक उठा और उसे रणभूमि मे से भागने

पर मजबूर कर दिया। माया ने विकट रूप धारण कर लिया और यह समझा कि उससे लड़ने की किसी में शक्ति नहीं है। लेकिन आर्जव ने उसे सहज में ही जीत लिया। क्रोध को क्षमा से तथा मिथ्यात्व को सम्यकत्व से जीत लिया गया। आठ कर्मों के प्रखर प्रहार को तप से जीतने मे सफलता प्राप्त की। अन्य जितने भी छोटे-छोटे योद्धा थे उनकी एक भी नही चली और उन्हे युद्ध भूमि मे ही सुला दिया। लोभ अपने सभी साथियो को युद्ध भूमि में खेत हुआ देखकर माथा धुनने लगा।

लोभ गरज कर अपने हाथी पर सवार हुआ। कपट का उसने छत्र लगाया तथा विषयो की तलवार को हाथ मे ली। लेकिन सामने दसवें गुणस्थान मे चढ़े हुए तपस्वी विराजमान थे। लोभ पूरे विकट स्वभाव में था। कभी वह बैठता, कभी वह उठता, कभी आकाश में और कभी पृथ्वी पर अपना जाल फैलाने लगता। वह अपने विभिन्न रूप धारण करता। लोभ का रूप ऐसी अग्नि की कणी के समान लगने लगा जो, क्षण भर मे ही सारे जगल को जला डालती है।

लोभ का सामना करने के लिए सतोष आगे बढा। दसवें गुणस्थान से आगे बढकर शुक्ल ध्यान मे विचरने लगा। अज्ञानान्धकार नष्ट हो गया और केवल ज्ञान प्रकट हुआ। जिन वचनो को चित्त मे धारण कर सतोष ने लोभ पर विजय प्राप्त की। तेरह प्रकार के व्रतो को, बारह प्रकार के तप को अपने मे समाहित कर लिया।

सतोष की विजय के उपरान्त देवगण दुदुभि बजाने लगे। ग्यारह अग और चौदह पूर्व का ज्ञान प्रकट हो जाने से मिथ्यात्वियों का गर्व गल गया और चारो ओर आत्मा की जय जयकार होने लगी।

### भाषा

प्रस्तुत कृति की भाषा यद्यपि मयणजुज्झ से अधिक परिस्कृत है लेकिन फिर भी वह अपभ्र श के प्रभाव से पूर्ण रूप से मुक्त नही हो सकीहै। बीच-बीच मे गाथाओ का प्रयोग हुआ है। शब्दों को उकारान्त बनाकर प्रयोग करने मे कवि को अधिक रुचि दिखलायी देती है।

### कवि नाम

कवि ने प्रस्तुत कृति में अपना नाम 'वल्हि' लिखकर रचना समाप्त की है।[1]

---

१ यहु सतोषहु जय तिलउ जपइ बल्हि समाइ।

### ३. बारहमासा नेमीस्वरका

नेमि राजुल को लेकर प्राय: प्रत्येक जैन कवि किसी न किसी कृति की रचना करता रहा है। हमारे कवि बूचराज ने भी नेमीस्वर का बारहमासा लिखकर इस परम्परा को जीवित रखा। यह बारह मासा श्रावण मास से प्रारम्भ होकर आषाढ़ मास तक चलता है। इसमे रागु बडहंसु के १२ पद्य हैं जिनमें एक-एक महिने का वर्णन किया गया है। राजुल की विरह वेदना तथा नेमिनाथ के तपस्वी जीवन के प्रति जो उसकी अप्रसन्नता थी वह सब इन पद्यों मे व्यक्त की गयी है।

इसमे न तो रचना काल दिया हुआ है और न रचना स्थान। इससे कृति का निश्चित समय नहीं दिया जा सकता है। फिर भी भाषा एव शैली की दृष्टि से रचना सवत् १५६१ के पश्चात् किसी समय लिखी गयी थी। इसमे कवि ने अपना नाम 'बूचा' कह कर उल्लेख किया है।[1]

बारह मासा सावण मास से प्रारम्भ होता है। सावण मे राजुल नेमिनाथ से अन्यत्र गमन न करने का आग्रह करती है तथा कहती है कि उनके अभाव मे उसका शरीर क्षण क्षण छीज रहा है। जब आकाश में बिजली चमकती है तो उसका विरह असह्य हो जाता है। जब मोर कुह कुह की आवाज करते हैं उस समय नेमि की याद आती है। इसलिए वह सावण मास मे अन्यत्र गमन न करने की प्रार्थना करती है।[2]

कातिक का महिना जब आता है तो राजुल हाथों मे दीपक लेकर अपने महल पर चढकर नेमिनाथ का मार्ग खोजती है। उसकी आँखें आसुओं से भर जाती हैं। वे दशों दिशाओ की ओर दौडती हैं। सरोवर पर सारस पक्षी के जोडे को देखकर वह कहती है कि नवयौवना एव तरुणी बाला ऐसे समय मे अपने पति के विरह मे कैसे जीवित रह सकती है। इसलिए वह नेमिनाथ से कातिक के महिने मे वापिस आने की प्रार्थना करती है।

---

१ आषाढ़ चडिया भणइ बूचा नेमि अजउ न आईया।

२ ए हति सावणे सावणि नेमि जिण गवणो न कीजै वे।
सुणि सारगा भाव दुसह तनु खिणु खिणु छीजै वे।
छीजति बाढ़ो विरह व्यापित घुरइ घण मइ मतिया।
सालूर सरि रड रडहि निसि भरि रयणि बिजु खिवंतिया।
सुणोवि यह सुह असुह मारुत मोर कुह कुहि बणि बणि।
बिनवंति राजुल सुणहु नेमिजिन गवउ नां कउ सावणे ॥१॥

इसी प्रकार जब वैशाख का महिना आता है तो नयनों को केवल नेमि की बाट ओहले का काम ही रहता है जब नेमि नही आते हैं तो वे वर्षा ऋतु के समान वे बरसने लगते हैं ।[1]

उनके वियोग मे उसका वज्र का हृदय नही फटता है इसलिए ए सखि उनके बिना वैसाख महिना अत्यधिक दारुण दुख को देने वाला बन जाता है ।[2]

नेमि राजुल को लेकर कितने ही जैन कवियो ने बाराह मासा निबद्ध किये हैं । विरह का एव षट् ऋतुओ का वर्णन करने के लिए नेमि राजुल का जीवन जैन साहित्य मे सबसे अधिक आकर्षण की सामग्री है ।

कविवर बूचराज के प्रस्तुत बारहमासा का हिन्दी बारहमासा साहित्य मे उल्लेखनीय स्थान है । कवि ने इसमे राजुल के मनोगत भावो को इस प्रकार प्रस्तुत किया है कि वे पाठको को प्रभावित किये बिना नही रहते । कवि के प्रत्येक शब्द मे विरह व्यथा छिपी हुई है और वह परिणय की आशा लगाये विरही नव यौवना के विरह का सजीव चित्र उपस्थित करता है । राजुल को प्रत्येक महिने मे विरह वेदना सताती है तथा उस वेदना को वह नेमि के बिना सहन करने मे अपने आपको असमर्थ पाती है । कवि को राजुल की विरह वेदना को सशक्त शब्दो मे प्रस्तुत करने मे पूर्ण सफलता मिली है ।

## ४. चेतन पुद्गल धमाल

कविवर बूचराज की यह महत्त्वपूर्ण कृति है । पूरी कृति मे १३६ पद्य है ।

---

१ इनु कातेगे कातिगि आगमु की ताडा पालैवा ।
चढि मडपे मडपि राजुल मग्गो नेहो लैवे ।
मग्गो निहालै देवि राजुल नयण दह दिसि धावए ।
सर रसहि सारस रयणिभिनी दुसहु विरहु जगावए ।
कि बरहउ तुव विणु पेम लुद्धिय तरुणि जोबणि बालाए ।
बाहुडहु नेमि जिण चडिउ कातिगु कियउ आगमु पालए ।।४।।

२ ए यहु आइयडा अब दुसहु सखी बइसाखो वे ।
जइवइसेवा इसि आइ सनेहडा आखोवे ।
आखो सनेहा जाइ बाइस अन्नु नीरू न भावए ।
दुइ नयण पावस करहि निसि दिनु चितु भरि भरि आवए ।
फुट्टउ न ज वल्लभ वियोनिहि हिया दुखि वज्जिहि घड्या ।
बइसाखु तुव विणु सुणहु सखिए दुसहु अति दारुणु चड्या ।।१०।।

उनमें १३१ पद्य राग दीपगु तथा शेष ५ अष्टपद छप्पय छन्द में निबद्ध है। कवि ने धमाल का रचना काल एवं रचना स्थान दोनों ही नहीं दिये हैं। लेकिन भाषा की दृष्टि से यह रचना उसकी अन्तिम रचनाओं में से दिखती है। कवि ने इस कृति मे अपने आप का बल्हपति[1], बल्ह[2], बूचा[3] इन तीन नामो से उल्लेख किया है।

चेतन पुद्गल धमाल एक सवादात्मक कृति है। जिसमे सवाद के माध्यम से चेतन एव पुद्गल दोनो अपना-अपना पक्ष रखते हैं, एक दूसरे पर दोषारोपण करते करते हैं। ससार मे फिराने एव निर्वाण मार्ग मे रुकावट पैदा करने मे कौन कितना सहायक है, इसका बहुत ही सुन्दर वर्णन हुआ है। इस प्रकार के वर्णन प्रथम बार देखने मे आये हैं और वे वर्णन भी एकदम विस्तृत। चेतन पुद्गल के सवाद इतने रोचक एव आकर्षक हैं कि कोई भी पाठक उनसे प्रभावित हुए बिना नही रहेगा। प० परमानन्दजी शास्त्री ने अपने एक लेख मे इस कृति का नाम अध्यात्म धमाल भी दिया है।[4] लेकिन स्वय कवि ने इसे सवादात्मक कृति के रूप मे प्रस्तुत करने को कहा है।[5]

कवि ने प्रारम्भ मे सम्यग्ज्ञान रूपी दीपक की प्रशसा की है। जिसके द्वारा मिथ्यात्व का पलायन हो जाता है। इसके पश्चात् चौबीस तीर्थंकरों का २५ पद्यो मे स्तवन किया गया है। फिर चेतन को इस प्रकार सम्बोधित करके रचना प्रारम्भ की गयी है।

यह जड खिणिहिं विघसिणी, ता सिउ सगु निवारू।
चेतन सेती पिरती करु, जिउ पावहि भव पारो।
चेतन गुण ।।३३।।

चेतन और जड़ के विवाद को प्रारम्भ करते हुए कहा गया है कि जिसने जड को अपना मान लिया तथा उससे प्रीति कर ली वह ससार सागर मे निश्चय ही डूबता है। क्योकि विषधर के मुख मे दूध पडने पर उसका विष रूप ही परिणमन होता है। उससे अच्छे फल की आशा करना व्यर्थ है। लेकिन इस मनतव्य का जड ने

---

१ कवि बल्हपति सुस्वामि के रणवउ चलल सिरु धारि ।।१।।
२ जिस सासरण महि दीवडा बल्ह पया नवकाद ।।३।।
३, इव भराइ बू चा सवा निम्मलु मुकति सरूपी कीया ।।१३६।।
४ अनेकान्त वर्ष १६-१७ पृष्ठ २२६।
५ पच प्रमिष्ठि बल्ह कवि ए पराणमी धरिभाउ।
चेतन पुद्गल बहुक साडु विवादु सुरणावो ।। चेयरण सुगु ।।३२।

बहुत सुन्दर खण्डन किया है जो निम्न प्रकार है—

चेतनु चेति न चालई, कहुउत मानै रोसु ।
आये बोलत सो फिरै, जडहि् लगावहि् दोसु ।। चेयन सुणु ।।३८।।

चेतन षट्रस एव अन्य विविध पकवानो से शरीर को प्रतिदिन सींचता रहता है तो फिर इन्द्रियो के वशीभूत चेतन से धर्म पर चलने की आशा कैसे की जा सकती है । खेत में जब समय पर बीज ही नहीं डाला जावेगा तो उसके उगने की आशा भी कैसे की जा सकती है । वास्तव मे देखा जावे तो यह चेतन जब २४ प्रकार के परिग्रह तज कर १५ प्रकार के योग धारण करता है लेकिन वह सब तो जड़ के सहारे से ही है । फिर उसकी निन्दा क्यो की जावे । पुद्गल का विश्वास कर जो प्राणी मन मे नि शक हो जाता है वह तो निश्चित ही कलकित होने के समान है । यह मूर्ख मानव आपने आपको जाग्रत नही करता है और विषयो मे लुभाए रखता है । वह तो अधे पुरुष द्वारा बटने वाली उस जेवडी के समान है जिसको पीछे से बछडे खाते रहते हैं ।

मूरख मूलनु चेतई, लाहै रह्या लुभाइ ।
अधा बाटै जेवडी, पाछइ बाछा खाइ ।।४५।।

जड फिर चेतन को कहता है कि जिसने पाँचो इन्द्रियो को वश मे करके आत्मा के दर्शन किये हैं उसी ने निर्वाण पद प्राप्त किया है तथा उसका फिर चतुर्गति मे जन्म नही होता,

पचै इदी दडि करि, आपी आप्पणु जोइ ।
जिउ पावहि् निरवाण पदु, चौगइ जनमु न होइ
चेयन सुणु ।।४८।।

जैसे काष्ठ मे अग्नि, तिलो मे तेल रहता है उसी प्रकार अनादि काल से चेतन और पुद्गल की एकात्मकता रहती है । पुद्गल के उक्त कथन का चेतन निम्न प्रकार उत्तर देता है,

लेहि् वैसदरु कठु तजि लेहि् तेलु खलि राडि ।
चेतहि् चेतनु मेलियै, पुद्गल परिहरि बालि ।।
चेतन गुण ।।५५।।

मन का हठ सभी कोई पूरा करते हैं लेकिन चित्त को कोई भी वश मे नहीं करता है क्योंकि सिखर के चढने के पश्चात् घबराहट होने पर उसको दूर कैसे की जा सकती है—

मन का हठु सवु कोइ करइ, चित्तु वसि करइ न कोइ ।
चडि सिखरहु जब खडहडै, तवरु विगुचणि होइ ।। चेयन सुणु ।।

इसका उत्तर चेतन ने निम्न प्रकार दिया,

सिखरहु मूलिन खबहुडै जिण सासण आधारु ।
सूलि ऊपरि सीझियाँ चोरि जप्या नवकारु ।। चेयन गुण ।।६६।।

जड़ और पुद्गल ने बहुत सुन्दर एव तर्कपूर्ण विवाद होता है लेकिन दोनो ही एक दूसरे के गुणो की महत्ता से अपरचित लगते हैं । इसलिए एक दूसरे के अवगुणो को बखारने मे लगे रहते है ।

पुद्गल कहता है—कि पहले अपने आपको देखकर सयम लेना चाहिए । जितना ओढ़णा हो उतना ही पाव पसारना चाहिए । इसका पुद्गल उत्तर देता हुआ कहता है कि भला-भला सभी कहते हैं लेकिन उसके मर्म को कोई नहीं जानता । शरीर खोने पर किससे भला हो सकता है—

भला करितहि मीत सुणि, जे हुइ बुरहा जाणि ।
तौ भी भला न छोडिये उत्तिम यहु परवाणु ।। चेयन सुणु ।।७०।।
भला भला सहु को कहैं, मरमु न जाणै कोइ ।
काया खोई मीत रे भला न किस ही होए ।। चेयन गुण ।। १।।

यह शरीर हाड मास का पिजरा है । जिस पर चमडी छायी हुई है । यह अन्दर नरको से भरा हुआ है लेकिन यह मूर्ख मानव उस पर लुभाता रहता है । इसका पुद्गल बहुत सुन्दर उत्तर देता है कि जैसे वृक्ष स्वय धूप सहन कर औरो को छाया देता है उसी तरह इस शरीर के सग से यह जीव मोक्ष प्राप्त करता हैं ।

हाडह केरा पजरी घरिया चम्मिहि छाइ ।
वहु नरकिहि सो पूरिया, मुरिखु रहिउ लुभाए ।। चेयन सुणु ।।७२।।
जिम तरु आपणु धूप सहि, अवरह छाह कराइ ।
तिउ इसु काया सगते, जीयडा मोखिहि जाए ।। चेयन गुण ।।

जिस तरह चन्द्रमा रात्रि का मण्डल और सूर्य दिन का उसी तरह इस चेतन का मण्डल शरीर है ।

जिउ ससि मडणु रयणिका, दिन का मडणु भाणु ।
तिम चेतन का मंडणा यहु पुद्गलु तू जाणु ।। चेयन सुणु ।।७८।।

काया की निन्दा करना तथा प्रत्येक क्षेत्र मे उसे दोषी ठहराना पुद्गल को अच्छा नहीं लगा इसलिए वह कहता है कि चेतन शरीर की तो निन्दा करता है किन्तु अपनी ओर तनिक भी झांक कर नही देखता । किसी ने ठीक ही कहा है कि जैसे-जैसे कावली भीगती हैं वैसे-वैसे ही वह भारी होती जाती है ।

काया की निन्दा करहि, आपुन देखहि जोइ ।
जिउ जिउ भीजइ कावली, तिउ तिउ भारी होइ ।। चेयन सुणु ।।१०।।

चेतन कहता है कि उस जड को कौन पानी देगा जिसके न तो फूल है न फल और न पत्ते हैं । उस स्वर्ण का क्या करना है जिसके पहिनने से कान ही कट जावें ।

सा जड मूढ न सीचियै, जिसु फलु फूलु न पातु ।
सो सोना क्या फूकिये, जोरु कटावै कान ।। चेयन गुण ।।१०६।।

पुद्गल इसका बहुत सुन्दर उत्तर देता है कि यौवन, लक्ष्मी, शरीर सुख एव कुलवती स्त्री ये चारो पुण्य जिसे प्राप्त हैं वे तो देवताओ के इन्द्र ही हैं ।

सवादात्मक रूप मे कवि कहता है कि जिन्होंने उद्यम, साहस, धीरता, बल, बुद्धि और पराक्रम इन छ बातो की ओर मन को सुदृढ़ कर लिया उन्होने निर्वाण प्राप्त किया है ।

उद्दिमु साहसु धीरु बलु, बुद्धि पराकमु जाणि ।
ए छह जिनि मनि दिढु किया, ते पहुचा निरवाणि ।।
चेयन सुणु ।।१३०।।

प्रस्तुत कृति मे १३२ से १३६ तक के ५ पद्य अष्ट पद्य छप्पय छन्द के हैं । इनमे दो पद्यो मे जड का प्रस्ताव है तथा तीन मे चेतन का उत्तर है । अन्तिम पद्य चेतन द्वारा कहलवाया गया है जिसमे जड से प्रतीति नही कहने का उपदेश दिया गया है—

जिय मुकति सरूपी तू निकलमलु राया ।
इसु जड कै सग ते भमिया करमि भमाया ।
चडि कबल जिया गुणि तजि कद्दम ससारो ।
भजि जिण गुण हीयडै तेरा यहु विवहारो ।
विवहारु यहु तुझु जाणि जीयडे करहु इदिय सवरो ।
निरजरहु बधण करम्म केरे जानत निठुकाजरो ।
जे वचन श्री जिण वीरि भासे ताहु नित धारहु हीया ।
इव भणइ बूचा सदा निम्मलु मुकति सरूपी जीया ।।१३६ ।।

इस प्रकार चेतन पुद्गल धमाल हिन्दी जगत का प्रथम सवादात्मक रोचक काव्य है जिसमें चेतन एव जड मे परस्पर गहरा किन्तु मैत्री पूर्ण वाद विवाद होता है । इसमे चेतन वादी है और पुद्गल प्रतिवादी है । 'चेयन सुणु' यह पुद्गल कहता है तथा 'चेयन गुण' यह चेतन द्वारा कहा जाता है । पूरा काव्य सुभाषितो

एव सूक्तियों से भरा पड़ा है। कवि ने जिन सीधे सादे शब्दों में प्रस्तुत किया है वह उसके गहन तत्व ज्ञान एवं व्यावहारिक ज्ञान का परिचायक है। कवि ने लोक प्रचलित मुहावरों का भी प्रयोग करके सवाद को सजीव बनाने का प्रयास किया है।

भाषा, शैली एव विषय वर्णन आदि सभी दृष्टियों से यह एक उत्तम काव्य है।

## ५ नेमिनाथ बसन्तु

यह एक लघु रचना है जिसमे बसन्त ऋतु के आगमन का आध्यात्मिक शैली में रोचक वर्णन किया गया है। एक ओर नेमिनाथ तपस्या मे लीन है दूसरी ओर मादकता उत्पन्न करने वाली बसन्त ऋतु भी आ जाती है। राजुल ने पहिले ही सयम धारण कर लिया है इसलिये उसका मन रूपी मधुवन सयम रूपी पुष्प से भरा हुआ है। बसन्त ऋतु के कारण बोलसिरी महक रही है। समूचे सौराष्ट्र मे कोयल कुहक रही है। भ्रमरो की गु जार हो रही है। गिरनार पर्वत पर गन्धर्व जाति के देव गीत गा रहे है। काम विजय के नगारे क्या बज रहे हैं मानों नेमिनाथ के यश के ढोल बज रहे हैं। और उनकी कीर्ति स्वय ही नाच रही हो। सयम श्री वहाँ निर्भय होकर घूमती है क्योंकि सयम शिरोमणि नेमिनाथ के शील की १८ हजार सहेलियाँ रक्षा मे तत्पर है। उनके शरीर मे ज्ञान रूपी पुष्प महक रहे हैं तथा वे चारित्र चन्दन से मडित है। मोक्ष लक्ष्मी उनसे फाग खेलती है। नेमिनाथ तो नवरत्नो से युक्त लगते हैं लेकिन बसन्त स्वय नवरसो से रहित मालूम पडता है। नेमि ने छलिया बनकर मानो तीनो लोको को ही अपने अपने वश मे कर लिया है।

सयम श्री राजुल ऐसी सुहावनी ऋतु मे अपने नेमि को देखती है जो जब ससार जगता है तब वे सोते हैं और जब वे सोते हैं तो ससार जगता है। जिसने मोह के किवाडों को अपने अनिमिष नेत्रों से जला डाला है। स्वय राजुल अपनी सखियो के साथ विभिन्न पुष्पों से नेमिनाथ की वन्दना के लिए सबको कहती रहती है।

### रचना काल

कवि ने इस कृति में किसी भी रचना काल का उल्लेख नही किया है। किन्तु मूल सघ के मडण भट्टारक पद्मनन्दि के प्रसाद से इस कृति का निर्माण हुआ, ऐसा कवि ने उल्लेख किया है।

मूलसघ मुखमडण पद्मनन्दि सुपसाइ।
बील्ह बसतु जि गावइ से सुखि रलीय कराइ॥

## ६. टंडाणा गीत

कविवर बूचराज ने एक और रूपक काव्य लिखे हैं, सबादात्मक काव्य लिखे हैं, तो दूसरी ओर छोटे-छोटे गीत भी निबद्ध किये हैं। उन्होंने सदैव जनरुचि का ध्यान रखा और अपने पाठकों को अधिक से अधिक आध्यात्मिक खुराक देने का प्रयास किया है। टडाणा गीत उसी धारा का एक गीत है जिसमें कवि ने ससार के स्वरूप का चित्रण किया है। गीत का टडाणा शब्द टांडे का वाचक है। बनजारे बैलो के समूह पर वस्तुओ को लाद कर ले जाते हैं उसे टाडा कहा जाता है। साथ ही मे ससार के दु खों से कैसे मुक्ति मिले यह भी बताने का प्रयास किया है।

कवि ने गीत प्रारम्भ करते हुए लिखा है कि यह ससार ही टडाणा है जो दु खों का भण्डार है लेकिन पता नही यह जीव उसके किस गुण पर लुब्ध हो रहा है। यह जगत् उसे अनादि काल से ठग रहा है। फिर भी वह उस पर विश्वास करता है। इसलिए वह कुमार्ग में पडकर मिथ्यात्व का सेवन करता रहता है और जिनराज की आज्ञा के अनुसार नही चलता है। दूसरे जीवो को सता कर पाप कमाता है और उसका फल तो नरक गति का बन्ध ही तो है।

गीत में कवि ने इस मानव को यह भी चेतावनी दी है कि उसने न व्रतो का पालन किया है और न कोई सयम धारण किया है। यही नही वह न काम पर भी विजय प्राप्त करने मे सफल हो सका है। मानव का कुटुम्ब तो उस वृक्ष के समान है जिस पर रात्रि को पक्षी आकर बैठ जाते हैं और प्रात काल होते ही उड कर चले जाते हैं। यह मानव नर के समान अपने कितने ही नाम रख लेता है।

कवि आगे कहता है कि यह मानव क्रोध, मान, माया और लोभ के वशीभूत होकर जगत मे यो ही भ्रमण करता रहता है। जब वृद्धावस्था आती है तो सब साथी यहाँ तक कि जवानी भी साथ छोड कर चली जाती है। कवि ने अन्त में यही कामना की है कि तू जब अन्तरदृष्टि होकर आत्मध्यान करेगा तब सहज सुख की प्राप्ति होगी।

> सुद्ध सरूप सहज लिव निति दिन झावहु अन्तर झाणावें।
> जपति बूचा जिम तुम पावहु वछित सुख निरवाणावै।

इस गीत में कवि ने अपने नामोल्लेख के अतिरिक्त रचना काल एव रचना स्थान नही दिया है।

## ७ भुवन कीर्ति गीत

बूचराज की भुवनकीर्ति गीत एक ऐतिहासिक कृति है। इसमें भट्टारक

भुवनकीर्ति की यशोगाथा गायी गयी है। भुवनकीर्ति सकलकीर्ति के शिष्य थे जिनका भट्टारक काल सवत् १४९९ से सवत् १५३० तक का माना जाता है। भुवनकीर्ति अपने समय के बड़े भारी यशस्वी भट्टारक थे। भ० सकल कीर्ति के पश्चात् इन्होने देश मे भट्टारक परम्परा की गहरी व मजबूत नींव जमा दी थी। बूचराज जैसे आध्यात्मिक कवि ने भुवनकीर्ति की जिन शब्दों मे प्रशसा की है उससे मालूम होता है कि उनकी कीर्ति चारो ओर फैल चुकी थी। कवि ने भुवनकीर्ति के दर्शन मात्र से ही सांसारिक दु खो से मुक्ति एव नव निधि को प्राप्त करने का निमित्त माना है। उनके चरणों मे चन्दन व केशर लगाने के लिए कहा है। भुवनकीर्ति की विशेषताओ को लिखते हुए कवि ने उन्हें तेरह प्रकार के चारित्र से विभूषित सूर्य के समान तपस्वी तथा सर्वज्ञ भगवान द्वारा प्रतिपादित धर्म का बखान करने वालों मे होना लिखा है। वे षट् द्रव्य पचास्ति काय तत्वो पर प्रकाश डालते हैं तथा २२ परिषहो को सहन करते हैं। भ० भुवनकीर्ति २८ मूलगुणो का पालन करते हैं। उन्होने जीवन में दश धर्मों को धारण कर रखा है। जिनके लिए शत्रु मित्र समान है। तथा मिथ्यात्व का खण्डन करने जैन धर्म का प्रतिपादन करते हैं। भुवनकीर्ति के नगर प्रवेश पर अनेक उत्सव आयोजित होते थे, कामनियाँ गीत गाती तथा मन्दिर मे पूजा पाठ करती थी।

बूचराज ने भट्टारक के स्थान पर भुवन कीर्ति को आचार्य लिखा है इससे पता चलता है कि वे भट्टारक होते हुए भी नग्न रहते थे और आचार्यों के समान चारित्र पालन करते थे। लेकिन बूचराज की इनकी भेंट कब हुई हुई इसका उन्होने कोई उल्लेख नही किया। इसके अतिरिक्त इसी गीत मे उन्होने भट्टारक रत्नकीर्ति के नाम का उल्लेख किया है और अपने आपको रत्नकीर्ति के पट्ट से सम्बन्धित माना है। रत्नकीर्ति भ० प्रभाचन्द्र के शिष्य थे जिनका भट्टारक काल सवत् १५७१ से १५८१ तक का रहा है।

### ८. नेमि गीत

बूचराज ने अपने लघु नाम वल्हण से एक नेमीश्वर गीत की रचना की थी। यह भी अपभ्रंश प्रभावित रचना है जिसमे १५ पद्य हैं। सवत् १६५० मे लिपिबद्ध पाण्डुलिपि दि० जैन अ० क्षेत्र श्री महावीर जी के शास्त्र भण्डार मे सग्रहीत थी।

### लघु गीतों का निर्माण

कविवर बूचराज ने एक और मयणजुज्झ एव चेतन पुद्गल धमाल जैसी रचनाओ द्वारा अपने पाठको को आध्यात्मिक सन्देश दिया तो वहाँ नेमीश्वर

बारहमासा, नेमिनाथ बसन्त जैसी रचनाओं द्वारा विरह रस का वर्णन किया और अपने पाठकों को वैराग्य रस की ओर प्रेरित किया। किन्तु इसके अतिरिक्त छोटे-गीतों द्वारा मानव के हृदय में जिनेन्द्र भक्ति के भाव भरे, जगत की नि सारता बतलायी और अपने कर्तव्यों की ओर सकेत किया। लेकिन ये अधिकांश गीत पजाबी शैली से प्रभावित हैं। जिससे स्पष्ट है कि कवि ने ये सब गीत हिसार की ओर विहार करने के पश्चात् लिखे थे। ऐसा अनुमान किया जा सकता है। सभी गीत यद्यपि भिन्न-भिन्न रागो मे लिखे हुए हैं लेकिन मूलत सबका उपदेशात्मक विषय है। मानव को जगत की बुराइयों से दूर हटा कर सन्मार्ग की ओर ले जाना तथा ससार का स्वरूप उपस्थित करना ही इन गीतों का मुख्य उद्देश्य है। कभी-कभी स्वय को भी अपने मन की चपलता के बारे मे ज्ञान प्राप्त हो जाता है और इसके लिए वह चिन्ता करने लगता है। सयम रूपी रथ मे नहीं चढ़ने की उसको सबसे अधिक निराशा होती है। लेकिन उसका क्या किया जावे। अब तो सयम पालन एव सम्यकत्व साधना उसके लिए एकमात्र मार्ग बचता है और उसी पर जाने से वह अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है।

अब तक कवि के ११ गीत एव पद मिल चुके हैं। इन गीतो के अतिरिक्त और भी गीत मिल सकते हैं इससे इन्कार नही किया जा सकता। सभी गीत गुटकों मे उपलब्ध हुए हैं। इसलिए गुटको के पाठो की विशेष छानबीन की विशेष आवश्यककता है। यहाँ सभी गीतो का साराश दिया जा रहा है।

**६ गीत** (ए सखी मेरा मनु चपलु दसै दिसे ध्यावै वेहा)

प्रस्तुत गीत मे उस महिला की आत्म कथा है जिसे अपने चचल मन से बडी भारी शिकायत है। वह चचल मन लोभ रस मे डूबा हुआ है और उसे शुभ ध्यान का तनिक भी ख्याल नही है। यह पाचो इन्द्रियों के सग फसा रहता है। इस जीव ने नरको के भारी दु ख सहे हैं। मिथ्यात्व के चक्कर मे फस कर उसने अपना सम्पूर्ण जन्म ही गवा दिया है। उसका मन भवसागर रूपी भूल भुलैया मे पडकर सब कुछ भुला बैठा है, यही नहीं उसे दु ख होने लगता है कि वह अपनी आत्मा को छोड़कर दूसरी आत्मा के वश मे हो गया। इसलिए अब उसने वीतराग प्रभु की शरण ली है जो जन्म मरण के चक्कर से मुक्त है तथा रत्नत्रय से युक्त है।

गीत में ४ पद हैं और प्रत्येक पद ६–६ पक्तियों का है गीत की भाषा राजस्थानी है। जिस पर पजाबी बोली का प्रभाव है। गीत राग वडहस मे निबद्ध है। इसकी प्रति दि० जैन मन्दिर नेमिनाथ (नागदी) बू दी के शास्त्र भण्डार के एक गुटके मे उपलब्ध है।

१० गीत (सुणिय पथानु मेरे जीय वे की सुभ ध्यानि आवहि)

यह गीत राग धनाश्री मे लिखा हुआ है। गीत मे ४ पद हैं तथा प्रत्येक पद मे ६ पंक्तियाँ हैं।

प्रस्तुत गीत में इस बात पर आश्चर्य प्रकट किया गया है कि यह मनुष्य सच्चे धर्म का पालन नहीं करता है इसलिए उसे व्यर्थ मे ही गतियों में फिरना पड़ता है। मोहिनी कर्म के उदय से वह सत्तर कोडाकोडी सागर तक भ्रमता रहता है फिर भी बन्धन से नहीं छूटता। संपत्ति, स्वजन, सुत एव मनुष्य देह सब कर्म सयोग से मिल जाते हैं। मनुष्य जीवन रूपी रत्न मिलने पर भी वह उसे यों ही खो देता है तथा मधु बिन्दु प्राप्ति की आशा में ही पड़ा रहता है। निर्ग्रन्थ अर्हन्त देव ने जो कहा है वही सच है। उसी से जन्म मरण के बन्धन से छूट सकता है।

११. गीत (पट मेरी का चोलणा लालो, लौग मोती का हार वे लालो)

राग धनाश्री मे लिखा हुआ यह दूसरा गीत है जिसमे ४ पद हैं तथा पहिले वाले गीत के समान ही प्रत्येक पद में ६ पंक्तियाँ हैं।

प्रस्तुत गीत मे हस्तिनापुर क्षेत्र के शान्तिनाथ स्वामी के पूजा के महात्म्य का वर्णन किया गया है। अभिषेक व पूजा की पूरी विधि दी हुई है। शान्तिनाथ की पूजा पीत वस्त्र पहनकर तथा अपने आप का शृंगार करके करना चाहिए। कवि ने उन सभी पुष्पों के नाम गिनाये हैं जिन्हें भगवान के चरणों में समर्पित करना चाहिए। ऐसे पुष्पो मे रायचपा, केवडा, मरुवा, जुही, कुंद, मचकुंद आदि के नाम गिनाये है। कवि ने लिखा है कि जब मालिन इन पुष्पो की माला गूंथ कर लाती है तो मन से बडी प्रसन्नता होती है। उस माला को भगवान के चरणो मे समर्पित कर फिर पाच कलशो से भगवान शान्तिनाथ का अभिषेक किया जाना चाहिए। अन्त मे कवि ने भगवान शान्तिनाथ की स्तुति भी की है—

> मुकति दाता नयणि दीठा, रोगु सोगु निकवणो।
> अवतारु अचला देवि कुखिहि, राइ विससेण नदणो।
> जगदीस तू सुणु भणइ बूचा जनम दुखु दालिद हरो।
> सिरि सति जिणवर देउ तूठा थानु वढि हथिनापुरी।

१२, गीत—रग हो रग हो रगु करि जिणवरु ध्याइयै।

प्रस्तुत गीत राग गोडी मे निबद्ध है जिसके ४ अन्तरे हैं। कवि ने इस गीत मे मानव से जिनदेव के रग मे रगे जाने का उपदेश दिया है। क्योंकि उन्होंने आठ कर्मों पर तथा पचेन्द्रियो के विषयों पर विजय प्राप्त कर ली है इसलिए झूठ एव लालच

में नही फसकर जिनेन्द्र देव का ध्यान करना चाहिए। इसमें कवि ने अपना नाम बूचराज के स्थान पर 'वल्ह' दिया है।

१३ **गीत**—(न जाणो तिसु वेल कौ वे चेतनु रह्या लभाई वे लाल)

इस गीत की राग दीपु है। यह प्राणी किस कारण ससार में फंसा हुआ है। इसका स्वय चेतन को भी आश्चर्य होता है। इस जीव को कितनी ही बार शिक्षा दी जाय पर यह कभी मानता ही नहीं। अब तक वह न जाने कितनी बार शिक्षाएँ ले चुका है लेकिन उन्हे वह तत्काल भूल जाता है। यौवनावस्था मे स्त्री सुखो में फस जाता है तथा साथ ही मरना साथ ही जीना इस चाह मे फसा रहता है। अन्त में कवि कहता है कि इस मानव को इस माया जाल के सागर मे से कैसे निकाला जावे यह सोचना चाहिए।

१४. **गीत**—(वाले वलि वेहु मावे मनु माया धुलि रातावे।)
वाले वलि वेहु मावे रहइ आठ मादि मातावे॥

प्रस्तुत गीत सूहड राग मे निबद्ध है। इसमे ४ अन्तरे हैं। यह भी उपदेशात्मक गीत है जिसमे ससार का स्वरूप बताया गया हैं। पाचो इन्द्रियो द्वारा ठगा जाने पर और चारो गतियो मे फिरने पर भी यह मानव जरा भी नही सम्भलता और अन्त मे यो ही चला जाता है।

१५. **गीत**—(ए मेरे अगणे बाच वावा सोचवे को वल कलि यावा।)

जिनेन्द्र की अष्टविध पूजा से भव के दुख दूर हो जाते हैं। इसी भक्ति भावना के साथ इस गीत की रचना की गयी है। यह राग विहागडा मे निबद्ध है। जिसमें ४ अन्तरे हैं। प्रत्येक अन्तरा मे ६ पक्तियां हैं।

१६ **गीत**—(सजमि प्रोहुणि ना चडे भए अनत सैसारि।)

यह गीत आसावरी राग मे है। प्रथम दोहा है। इस गीत में लिखा है कि सयम रूपी रथ नही चढने के कारण अनन्त ससार मे घूमना पड़ रहा है। यह प्राणी इस ससार मे घूमते-घूमते थक गया है। किन्तु न धर्म सेवन किया और न सम्यकत्व की आराधना की। नरकों की घोर यातना सही, वहा शीत एव उष्ण की बाधा सही, कुगुरु एव कुदेव की सेवा की लेकिन सम्यकत्व भाव पैदा नहीं हुआ। इसलिए कवि जिनेन्द्र देव से प्रार्थना करता है कि उनके दर्शन से ही उसे सम्यक् मार्ग मिल जावे यही उसकी हार्दिक इच्छा है।

१७ **गीत**—(नित्त नित्त नवली देहडी नित नित अवइ कम्मु।)

प्रस्तुत गीत में भी ४ अन्तरे हैं। गीत मे कवि ने कहा है कि जीव को न तो बार-बार मनुष्य जीवन मिलता है और न अपनी इच्छानुसार भोग मिलते हैं इसलिए जब तक यौवनावस्था है, वृद्धावस्था नहीं आती है, देह को रोग नहीं सताते हैं तब तक उसे सम्भल जाना चाहिए।

राजद्वार पर लगी हुई झालरी रात्रि दिन यही शब्द सुनाती रहती है कि शुभ एव अशुभ जैसे भी दिन इस मानव के निकल जाते हैं वे फिर कभी नही आते। इसलिए अब किञ्चित भी विलम्ब नहीं करके जीवन को सयमित बना लेना चाहिए। जिस प्रकार सर्वज्ञ देव ने कहा है उसी प्रकार हमें जीवन मे उत्तम धर्म का पालन करना चाहिए।

प्रस्तुत गीत शास्त्र भण्डार मन्दिर बधीचन्द जी, जयपुर के गुटका सख्या ६७१ मे सग्रहीत है।

१८. पद—ए मनुषि लियडा कवल विगस्सेवा।
ए जिरगु देखीयडा पाप पणस्सेवा॥

प्रस्तुत पद मे भगवान महावीर के आगमन पर अपार हर्ष व्यक्त किया गया है। महावीर के पधारने से चारो ओर प्रसन्नता का वातावरण छा जाता है। उनके दर्शन मात्र से जीवन सफल हो जाता है तथा धर्म की ओर मन लगने लगता है। मालाकार भगवान के चरणो मे विभिन्न पुष्पो से गु थी हुई माला अर्पण करता है। उनके चरणो मे ध्यान ही मानव को जन्म मरण के बन्धनो से छुडाने वाला है।

प्रस्तुत पद बू दी के नागदी मन्दिर के शास्त्र भण्डार मे सग्रहीत गुटके के ५७–५८ पृष्ठ पर लिपिबद्ध है।

१९ धम्मो दुग्गय हरणो करणो सह धम्मु मगल मूल।
जो भास्यो जिण वीरो, सो धम्मो नरह पालेहु॥१॥

भगवान महावीर द्वारा प्रतिपादित धर्म दुर्गति को हरण करने वाला तथा मगलीक फल का देने वाला है इसलिए मानव को उसी धर्म का पालन करना चाहिए ये ही भाव उक्त कुछ छन्दो में निबद्ध है। सभी छन्द अशुद्ध लिखे हुए है तथा लिपिकार स्वय अनपढ़ सा मालूम देता है। फिर ये सभी छन्द तथा १८ वां सख्या वाला पद अभी तक अज्ञात था इसलिए इसका पाठ भी यहाँ दिया जा रहा है।

प्रस्तुत पद बू दी के नागदी मन्दिर के शास्त्र भण्डार मे सग्रहीत गुटके मे लिपिबद्ध है।

**विषय प्रतिपादन**

बूचराज जैन सन्त थे इसलिए उनके जीवन के दो ही उद्देश्य थे। प्रथम अपना आत्म विकास द्वितीय अपने भक्तों को सही मार्ग का निर्देशन। वे स्वय जिन-धर्म के अनुयायी थे इसलिए उन्होने पहिले अपने जीवन को सुधारा फिर जनता को काव्यों के माध्यम से तथा उपदेशो से बुराइयो से बचने का उपदेश दिया। उनके समय में देश की राजनीति अस्थिर थी। हिन्दुओ एव जैनो पर भीषण अत्याचार होते थे। यहां के निवासियो को ठेस पहुँचाना मुस्लिम शासको का प्रमुख काम था। तत्कालीन मुस्लिम शासक विषयान्ध थे। उन्ही के समान यहा के राजपूत शासक भी हो गये थे। महाराजा पृथ्वीराज की वासना पूर्ति के लिए इस देश को गुलाम बनना पडा। मुहम्मद खिलजी ने अपनी वासना पूर्ति के लिए लाखो निरपराधियो का सहार किया।

कविवर बूचराज ने ब्रह्मचारी का पद ग्रहण करके सबसे पहले काम वासना पर विजय प्राप्त की तथा साधु वेष धारण कर ब्रह्मचारी का जीवन बिताने लगे। काम से अपने आप का पिण्ड छुडाया। इसलिए सर्वप्रथम कवि ने 'मयणजुज्झ' नामक एक रूपक काव्य लिख कर तत्कालीन वासनामय वातावरण के विरुद्ध अपनी लेखनी उठायी। यद्यपि उनके काव्य मे कही किसी शासक अथवा उनकी वासना विषयक कमजोरियो का नामोल्लेख नही है। लेकिन कृति तत्कालीन सामाजिक दुर्बलताओ के लिए एक खुली पुस्तक है। १६ वी शताब्दी अथवा इसके पूर्व नारियो को लेकर जो युद्ध होते थे वे सब देश एव समाज के लिए कलक थे। इनसे नारी समाज का मनोबल तो गिर ही चुका था उनमे अशिक्षा एव पर्दा प्रथा ने भी घर कर लिया था। काम वासना से अन्धा पुरुष समाज अपना विवेक खो बैठा था। और पशु के समान आचरण करने लगा था। कवि ने 'मदन युद्ध' रूपक काव्य मे काम वासना पूर्ति के लिए जिन-जिन बुराइयो को अपनाना पडता है उनका बहुत ही सुन्दर वर्णन किया है।

कवि ने अपनी दूसरी कृति सन्तोषजयतिलकु में 'लोभ' रूपी बुराई पर करारी चोट की है। इस पूरे रूपक काव्य मे लोभ के साथ-साथ अन्य कौन-कौन सी बुराई घर कर जाती है उनका विस्तृत वर्णन किया है। लोभ पर विजय पाना सरल काम नही है। बडे-बडे राजा महाराजा साधु महात्मा भी लोभ के चगुल मे फसे रहते हैं इसलिए कवि ने कहा है—

दुसउ लोमु काया गढ अतरि, रयणि दिवस संतवइ निरतरि।
करइ ढीठु अप्पणु बलु मडइ, लज्या न्यावु सीलु कुल खडइ॥

लोभ पर विजय प्राप्त किये बिना चतुर्गति में लगातार भ्रमण करना पड़ता है। लोभ अकेला नहीं है उसका पूरा परिवार है। राग एव द्वेष इसके दो पुत्र हैं। झूठ उसका प्रधान अमात्य है क्रोध और लोभ उसके सेनापति हैं। माया, कुव्यसन एव कुशील उसके अंग रक्षक हैं। कपट उसके ध्वज का निशान है तथा इन्द्रियो के विषय उसके घोडे हैं। दूसरी ओर सन्तोष राजा के समाधि नारी है तथा संवर पुत्र है। अठारह हजार शील के भेद उसके सिपाही हैं। सुधर्म, सम्यकत्व, ज्ञान एव चारित्र, वैराग्य, तप एव करुणा, क्षमा, संयम, महाव्रत ये सभी सन्तोष के अग रक्षक हैं। सन्तोष राजा है। वह रत्नमय हाथी पर सवार है। हाथ मे विवेक की तलवार है तथा सम्यक्त्व का छत्र सिर पर रखा हुआ है। दोनों ओर पद्म एवं शुक्ल लेश्या ही मानो चवर ढोल रही हैं।

कवि ने इस प्रकार दोनो ओर की सेना में घमासान युद्ध कराया है। एक ओर नीति है नैतिकता है तथा सम्यक् आचरण है दूसरी ओर लोभ है, झूठ है, माया एव कपट सभी अनैतिक। सन्तोष और लोभ के मध्य कवि ने अच्छा युद्ध करा दिया है। रण भूमि मे उतरते ही दोनो नायक प्रतिनायक मे वाद-विवाद तथा एक दूसरे को चैलेंज देते है जिससे पता चलता है कि स्वयं कवि को युद्ध भूमि का अच्छा ज्ञान था चाहे स्वय ने कभी युद्ध नही लडा हो। लेकिन जब वाद-विवाद मे लोभ सन्तोष पर विजय प्राप्त नहीं पा सका तो उसने तत्काल ही अपने अमात्य एव सेनापति को युद्ध प्रारम्भ करने के आदेश दिये। इसके बाद दोनो ओर से घमासान युद्ध होता है। जो अत्यधिक रोमांचक एव वीर रसात्मक है। युद्ध भूमि मे एक दूसरे पर घात प्रतिघात तथा जय पराजय का जो वर्णन किया गया है उसमे कवि की काव्य प्रतिभा का पता चलता है। लोभ ने जब झूठ का शस्त्र फेंका तो सन्तोष ने उस पर सत्य के शस्त्र से वार किया। और उसे परास्त करने मे सफलता प्राप्त की। लोभ ने तत्काल मान को रण मे लडने के लिए भेज दिया। सन्तोष ने उसका जवाब मार्दव से दिया। साथ ही महाव्रतों को भी रणभूमि में भेज दिया। दानो मे भयानक युद्ध होता है।

इस प्रकार कवि सत्य-असत्य के मध्य, मान और मार्दव तथा सम्यक् आचरण और मिथ्या-आचरण के मध्य युद्ध करा कर जगत को यह दिखाने मे सफल हो सका है कि चाहे प्रारम्भ में असत्य एव मिथ्याचरण की कितनी ही विजय दिखलाई देती हो लेकिन अन्त मे विजय होती है सन्तोष, सम्यक् आचरण एव मार्दव की। और वही स्थायी विजय होती हैं।

कवि की इस कृति मे यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि मनुष्यत्व प्राप्त

करने के लिए विवेक से काम लिया जाना चाहिए। एक ओर मोह है जिसने अपने माया जाल से सारे जगत को फसा रखा है और जो कोई इससे टक्कर लेना चाहता है उसे किसी न किसी की सहायता से वह गिरा देता है। वह नहीं चाहता कि मानव गुणों से पूर्ण रहे। सम्यक्त्वी हो और व्रतो के धारक हो। विवेक का वह महान शत्रु है।

सत् असत् की यह लडाई यद्यपि आज की नही किन्तु युगो से चली आ रही है। कवि ने इस लोभ रूपी बुराई से बचने के लिए जो उपाय बतलाये हैं वे ठोस प्रमाण पर आधारित हैं।

कवि की 'चेतन पुद्गल धमाल' तीसरी बडी रचना है। चेतन (जीव) और पुद्गल (जड़) का सम्बन्ध अनादि काल से चला आ रहा है। जब तक यह चेतन बन्धन मुक्त नही हो जाता, अष्ट कर्मों से नही छूट जाता तथा मुक्ति पुरी का स्वामी नहीं बन जाता तब तक दोनो इसी प्रकार एक दूसरे से बधे रहेगे। कवि ने इसमे स्वतन्त्रता पूर्वक अपने विचारो को प्रस्तुत किया है। दोनो मे (चेतन, पुद्गल) वाद-विवाद होता है एक दूसरे की ओर से वादी प्रतिवादी बन कर कमियो एव दोषो को प्रस्तुत किया जाता है। सासारिक बन्धन के लिए जब चेतन पुद्गल को उत्तरदायी ठहराता है। तो जड़ बन्धनो का उत्तरदायित्व चेतन पर डालकर दूर हो जाता है। पूरा वर्णन सजीव है। सूझबूझ से युक्त है तथा आध्यात्मिकता से ओतप्रोत है। कवि ने पूरे प्रसग को सरल भाषा मे प्रस्तुत किया है जिससे प्रत्येक पाठक उसके भावो को समझ सके। आत्मा को सचेत रहने तथा पुद्गल द्रव्यो के सेवन से दूर रहने पर कवि ने सुन्दर प्रकाश डाला है।

कबीर ने माया को जिस रूप मे प्रस्तुत किया है बूचराज ने वैसा ही वर्णन पुद्गल का किया है। कबीर ने "माया, मोहनी जैसी मीठी खांड" कह कर माया की भर्त्सना की है। तो बूचराज ने पुद्गल पर विश्वास करने से जो कलक लगता है उसकी पक्तियां निम्न प्रकार है—

इस जड तणा विसासु करि, जो मन भया निसकु।
काले पासि वइट्ठि यह, निश्चै चडइ कलकु ॥४३॥

लेकिन जड तो शरीर भी है जिसमे यह चेतन निवास करता है। यदि शरीर नही हो तो चेतन कहां रहेगा। दोनो का आधार आधेय का सम्बन्ध हैं। उत्तर प्रत्युत्तर देने, एक दूसरे पर दोषारोपण करने तथा कहावतो के माध्यम से अपने मन्तव्य को प्रभावक रीति से प्रस्तुत करने मे कवि ने बडी शालीनता से काव्य रचना की है। वाद-विवाद मे कवि ने जड की भी रक्षा की है। चेतन पर दोषारोपण

करने मे उसने जरा भी सकोच नहीं किया है।[1] कवि ने चार सुख गिनाये हैं और वे हैं यौवन, लक्ष्मी, स्वस्थ्य शरीर एव शीलवती नारी। जहाँ ये चारों हैं वहीं स्वर्ग है। लेकिन सांसारिक सुख तो नश्वर है जो दिन दिन घटते रहते हैं अत संयम ग्रहण ही मोक्ष का एक मात्र उपाय है।

बूचराज ने केवल आध्यात्मिक तथा उपदेशात्मक काव्य ही नही लिखे किन्तु 'बारहमासा' 'नेमिनाथ बसन्त' जैसी रचनाएँ लिखकर अपनी शृंगार प्रियता का भी परिचय दिया है। यद्यपि इन काव्यो के लिखने का उद्देश्य भी वैराग्यात्मक है किन्तु इनके माध्यम से षड् ऋतुओ की प्राकृतिक छटा का तथा राजुल की विरहात्मक दशा का वर्णन स्वत ही हो गया है और इससे काव्यों के विषयों मे कुछ परिवर्तन आ गया है। राजुल नेमिनाथ के आने की प्रतीक्षा करती है। सावन मास से लेकर आषाढ मास तक १२ महिने एक एक करके निकल जाते हैं। राजुल का विरह बढ़ता रहता है तथा उसे किसी भी महिने मे नेमिनाथ के अभाव मे शान्ति नहीं मिलती है। वह अपनी विरह वेदना सहती-सहती थक जाती है। नेमिनाथ अपने वैराग्य मे डूबे रहते हैं उन्हे राजुल की चिन्ता कहाँ। यदि चिन्ता होती तो तोरण द्वार से ही क्यों लौटते। घरबार छोड़कर दीक्षा नही लेते। लेकिन राजुल को ऐसी बात कैसे समझ मे आती। उसने यौवन मे प्रवेश लिया था विवाह के पूर्व कितने ही स्वर्णिम स्वप्न लिये थे। इसलिए उनको वह टूटता हुआ कैसे देख सकती थी। बारहमासा मे इसी सब का तो वर्णन किया हुआ है। सावन मे बिजली चमकती है, मोर मेघ से पानी बरसाने की रट लगाते हैं, भाद्रपद मे चारो ओर जल भर आता है और आने जाने का मार्ग भी नष्ट हो जाता है, इसी तरह आसोज मे निर्मल जल मे कमल खिल उठते हैं ऐसे समय मे राजुल को अकेलापन खाने को दौडता है, उसकी आखों से आसुओ की धारा रुकती नहीं। इसी प्रकार राजुल नेमि के विरह मे बारह महिने के एक एक दिन गिनकर निकालती है उनकी प्रतीक्षा करती रहती है। लेकिन उसका रोना, प्रतीक्षा करना, आहे भरना, सभी व्यर्थ जाते हैं। क्योंकि नेमिनाथ फिर भी नहीं लौटते और न कुछ सदेशा ही भेजते हैं। कवि ने इस प्रकार इन रचनाओ मे पात्रो के आत्म भावो को उडेल कर ही रख दिया है।

कवि ने उक्त रचनाओ के अतिरिक्त पदों के रूप मे छोटे-छोटे गीत भी लिखे हैं जो विभिन्न रागों में निबद्ध हैं। सभी पदों में अर्हत भगवान की भक्ति के लिए पाठकों को प्रेरणा दी गई है साथ ही मे वस्तु तत्व का भी वर्णन किया गया है।

---

१ काया की निंदा करई आपु न देखई जोइ।
जिउ जिउ भीजइ कांबली तिउ तिउ भारी होई ॥४१॥

हुए जीव को फिर चतुर्गति में भ्रमण नहीं करना पड़े इसलिए अरिहन्त भगवान की भक्ति मे मन लगाना चाहिए। ऐसे उपदेशात्मक पदों मे मनुष्य का अथवा इस जीव का यथार्थ चित्रण प्रस्तुत किया है। कवि को बड़ी चिन्ता है कि यह जीवात्मा पता नहीं किस वेला से जगत पर लुभा रहा है। जिसको भी आत्मा मे लगन लग जाती है तो उसे कष्टो का भान नहीं होता।

सयम जीवन के लिए आवश्यक है। जो व्यक्ति सयम रूपी नाव पर नही चढ़ता है वह अनन्त ससार मे डुलता रहता है। इसलिए एक पद मे "सजमि प्रोहणि ना चढ़ै भए अनन्त संसारि" के रूप मे प्रस्तुत किया है। सभी गीतो मे इस जीव को विषय रूपी कलापो से सावधान किया है तथा उसे मोक्ष मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है। क्योंकि स्वय कवि भी उसी मार्ग का पथिक बन गये थे तथा रात्रि दिन आत्म साधना में ही लगे रहते थे।

इस प्रकार कवि ने अपनी कृतियों मे पूर्णत आध्यात्मिक विषय का प्रतिपादन किया है जिसको पढ़कर प्रत्येक पाठक बुराई से बचने का प्रयत्न कर सकता है तथा अपने आत्मा विकास की ओर आगे बढ़ सकता है।

### भाषा

कविवर बूचराज की कृतियों की भाषा के सम्बन्ध में इतना ही लिखना पर्याप्त होगा कि बूचराज जन कवि थे। इसलिए जनता की भाषा मे ही उन्हे काव्य लिखना अच्छा लगता था। उनके काव्यो की भाषा एक सी नही रही। प्रारम्भ मे उन्होंने मयणजुज्झ लिखा जो अपभ्र श से प्रभावित कृति है। इसकी भाषा को हम डिंगल राजस्थानी के निकट पाते हैं। जिसमे प्रत्येक शब्द का बड़े जोश के साथ प्रयोग किया गया है जिसका उद्देश्य अपने वर्णन मे जीवन डालना मात्र माना जा सकता है। मैं मयणजुज्झ की भाषा को राजस्थानी डिंगल का ही एक रूप कहना चाहूँगा। जिसमे जननी को जणणी (२), मध्य को मज्झि (७), पुत्र को पुत्त (१०) के रूप मे शब्दो का प्रयोग हुआ है। यही नही राजस्थानी शब्दो का जैसे पूछण लागा (२२), माथ्या (५६), वीडउ (३५) का भी प्रयोग कवि को रुचिकर लगा है। कवि उस समय सम्भवत ढूंढाड़ प्रदेश के किसी नगर मे थे इसलिए उसमे उर्दू शब्द जो उस समय बोलचाल की भाषा के शब्द बन गये थे, आ गये हैं। ऐसे शब्दो मे चूतडि (३०), खबरि (३१), फौज (६५) जैसे शब्द उल्लेखनीय हैं।

इस समय अपभ्र श का जन सामान्य पर सामान्य प्रभाव था। तथा अपभ्र श की कृतियो का पठन पाठन खूब चलता था। इसलिए बूचराज ने भी अपनी

कृति में अपभ्रंश शब्दों का खुलकर प्रयोग किया । ऐसे शब्दों के कुछ उदाहरण निम्न प्रकार हैं—

| काव्य की भाषा | हिन्दी शब्द |
|---|---|
| णाण | ज्ञान |
| रिसहो | ऋषभ |
| तित्थयरु | तीर्थंकर |
| जम्मणु मरणु | जन्म मरण |
| धम्मु | धर्म |
| दुट्ठ | दुष्ट |
| तिजंच | तिर्यञ्च |
| गव्वु | गर्व |
| गोइमु | गौतम |

कवि ने कुछ शब्दो के आगे 'ति' लगाकर उनका क्रिया पद शब्दो मे प्रयोग किया है। इस दृष्टि मे हाकन्ति, हसति, कुकति, कुरलति, गायति, वजति (३४) जैसे शब्दों का प्रयोग उल्लेखनीय है।

यहाँ पर यह कहना पर्याप्त होगा कि कवि ने प्रारम्भ मे अपनी कृतियो की भाषा को अपने पूर्ववर्ती अपभ्रंश कवियों की भाषा के अनुकूल बनाने का प्रयास किया लेकिन इसमे उसने धीरे-धीरे परिवर्तन भी किया जिसे 'सन्तोष जयतिलकु' एवं 'चेतन पुद्गल धमाल' मे देखा जा सकता है। 'चेतन पुद्गल धमाल' कवि की सबसे अधिक परिष्कृत भाषा मे निबद्ध कृति है। जिसे कोई भी पाठक सरलता से समझ सकता है। सवादात्मक कृति के रूप मे कवि ने बहुत ही सहज एवं बोलचाल के शब्दो में गूढ़ से गूढ़ बातों को रखने का प्रयास किया है। इसलिए उसमे कोमल, सरल एवं सुबोध रूप मे विषय का प्रतिपादन हो सका है।

कवि की तीन प्रमुख कृतियो के अतिरिक्त 'नेमिनाथ बसन्तु', 'टंडाणा गीत' जैसे अन्य गीतो की भाषा भी राजस्थानी का ही एक रूप है। इन गीतो की भाषा पूर्वापेक्षा अधिक सरल है तथा शब्दो का सहज रूप मे प्रयोग किया गया है। इसका एक उदाहरण निम्न प्रकार है—

राज दुवारह झल्लरी, अहि निसि सबद सुणावें।
सुभ असुभ दिनु जो घटइ, बहुडि न सो फिर आवइ।
आवइ न सो फिरि आइ जो दिनु, आउ इणि परि छीज्जइ।
मोक्खु लम्भाइकु व्रत सजम, सिग्घु विलब न कीजिए।

पच परमेष्ठी सवा समणउ हिंसइ लिव्व समिकितु धरइ ।
खिणखिण चितावइ चेत चेतन राज द्वारहु झल्लरी ।

लेकिन जब कवि ने पजाब की ओर प्रस्थान किया तथा वहा कुछ समय रहने का अवसर मिला तो अपनी कृतियो को पजाबी शैली मे लिखने मे वे पीछे नही रहे । इनके कुछ गीतो मे पजाबी पन देखा जा सकता है । शब्दों के आगे वे, वा, वो लगा कर उन्होंने अपने लघु गीतो मे इनका प्रयोग किया है । ए सखी मेरा मरणु चपलु दसै दिसे घ्यावै वेहा' इस पक्ति मे कवि ने 'वेहा शब्द जोडकर पजाबीपने का उदाहरण प्रस्तुत किया है ।

इस प्रकार बूचराज यद्यपि शुद्धत राजस्थानी कवि है । उसके काव्यो की भाषा राजस्थानी है लेकिन फिर भी किसी कृति पर अपभ्र श का प्रभाव है तो कोई पजाबी शैली से प्रभावित है । किसी-किसी पद एव गीत की भाषा भी दुरुह हो गयी है और उसमे सहजपना नही रहा है तथा वह सामान्य पाठक की समझ के बाहर हो गयी है ।

**छन्द**

अब हू देखू विहसती, मोसउ कहउ विचार ।।५५।।

उनका सांई आ गया था । वियोगिन बसन्त ऋतु जा चुकी थी । मिलन की वर्षा ऋतु आ गई थी । मालिन के सुख रूपी पुष्प को पति ने मधुकर बनकर खूब पी लिया था । तम्बोलिन ने चोली खोल कर अपार यौवन भरी देह को निकाला और अपने पति के साथ बहुत प्रकार ये रग किया । आखो से आख मिली और अपूव सुख का अनुभव किया ।

मालिन का मुख फूल ज्यउ बहुत विगास करेइ ।
प्रेम सहित गुञ्जार करि, पीय मधुकर मलेइ ।।५८।।

चोली खोल तम्बोलनी काढ्या गात्र अपार ।
रग कीया बहु प्रीयसु, नयन मिलाई तार ।।५९।।

**रचना काल**

पञ्च सहेली गीत का रचना काल संवत् १५७५ फागुण सुदि पूर्णिमा है। उस दिन होली थी और कवि भी होली के उन्मुक्त आनन्द मे ऐसी सरस रचना लिखने मे सफल हुए थे। इसलिए स्वयं ने लिखा है कि उसने अपने मन के मधुर भावों से इस रचना को निबद्ध किया है।

मीठे मन के भावते, कीया सरस बखाण।
अण जाण्या मूरिख हसइ, रीझइ चतुर सुजाण ॥६७॥

**भाषा**

छीहल राजस्थानी कवि हैं। उनकी कृतियो की भाषा के सम्बन्ध मे डा० शिवप्रसाद सिंह ने लिखा है कि कवि की कुछ पाण्डुलिपियाँ व्रजभाषा के निकट है जबकि कुछ पर राजस्थानी प्रभाव ज्यादा है। आमेर शास्त्र भण्डार वाली पाण्डुलिपि को उन्होने राजस्थानी प्रभावित कहा है। लेकिन अन्त मे वे यही निष्कर्ष निकालते हैं कि पञ्च सहेली गीत की भाषा राजस्थानी मिश्रित व्रजभाषा है।[1] अनूप संस्कृत लाइब्रेरी मे इसकी चार प्रतिया है जिनमें तीन का नाम तो 'पञ्च सहेली री बात" दिया हुआ है।[2] इससे यह स्पष्ट होता है कि प्रतिलिपिकार उसे राजस्थानी भाषा की कृति मान कर चलते थे। वैसे कृति की अधिकाश शब्दावली राजस्थानी भाषा की है। न्हाईया (११) प्रवालीया (१२) बालीया (१३) चल्यु (१७) कुमलाईया (१६) चपाकेरी (२२) बीछुड्या (२६) आदि शब्द एवं क्रिया पद सभी राजस्थानी भाषा के हैं।

पञ्च सहेली गीत एक लोकप्रिय कृति रही है। राजस्थान के कितने ही शास्त्र भण्डारो मे इसकी प्रतिया सग्रहीत है।

१ दि० जैन शास्त्र भण्डार मन्दिर ठोलियान — गुटका संख्या ६७।
२ भट्टारकीय शास्त्र भण्डार अजमेर — गुटका संख्या १३८।
३ शास्त्र भण्डार दि० जैन मन्दिर चौधरियो का मालपुरा (टोक) — गुटका संख्या ११।
४ अनूप संस्कृत लाइब्रेरी केटलाग राजस्थानी सेक्सन न० ७८ छंद स० ६६ पत्र १६-२२ लिपि काल स० १७१८।
५ ,, ,, ,, न० १४२ पृ० ७६–७७।

---

१ सूर पूर्व व्रजभाषा और उसका साहित्य—पृ० १७०–७१।
२ वही।

६ अनूप संस्कृत लाइब्रेरी केटलाग राजस्थानी सेक्शन न० २१७—अन्त में संस्कृत श्लोक भी दिये हुए हैं।

७ „ „ „ न० ७७ पत्र स० १८–१०२ लिपिकाल सवत् १७४६ ।

## मूल्यांकन

पञ्च सहेली गीत राजस्थानी भाषा की एक महत्वपूर्ण कृति है। इसमे श्रृंगार रस का बहुत ही सूक्ष्म तथा मार्मिक वर्णन हुआ है। वियोग श्रृंगार में विरहिणी नायिकाओं के अनुभावो का चित्रण उन्ही के शब्दों में इतना सवेद्य और अनुभूतिपरक है कि कोई भी सहृदय विरह की इस दाहकारी वेदना से व्याकुल हुए बिना नही रहता।[1] कवि ने उसमे वियोग तथा सयोग दोनों का ही चित्रण कर के साहित्य मे एक नयी परम्परा को जन्म दिया है। उन्ही पांचो स्त्रियो की सयोग मे मनोभावो की दशा एकदम बदल जाती है। एक तम्बोलिन की मनोदशा वर्णन मे तो कवि ने सब सीमाओ को लाघ दिया है। वास्तव मे विरह मे और मिलन मे यौवना स्त्री की क्या दशा रहती है कवि ने इसका बहुत ही सूक्ष्म हृदय ग्राही वर्णन करके पाठको को आश्चर्य चकित कर दिया है। भाषा एव शैली दोनो दृष्टियो से भी पञ्च सहेली गीत एक उत्कृष्ट रचना है। राजस्थानी भाषा साहित्य मे इस लघु काव्य को एक महत्वपूर्ण स्थान मिलना चाहिये।

## २ बावनी

छीहल कवि की यह दूसरी बडी रचना है जिसमे कवि ने कितने ही विषयो को छुआ है। प्रो० कृष्णनारायण प्रसाद 'मागध' के शब्दो मे बावनी मे वर्णित नीति और उपदेश के विषय हैं तो प्राचीन पर प्रस्तुतीकरण की मौलिकता, प्रतिपादन की विशदता एव दृष्टान्त चयन की सूक्ष्मता सर्वत्र विद्यमान है। कवि सस्कृत के सुभाषितो एव नीतियों का ऋणी हैं। पर उनके अनुवादन अनुधावन मात्र नही है।[2] प्रस्तुत कृति भाषा एव भाव दोनो के परिपाक का उत्तम उदाहरण है। यद्यपि नीति और उपदेशात्मक विषयो का वर्णन बावनी का मुख्य विषय है फिर भी कवि कभी भी काव्य से दूर नहीं हुआ। उसने अपने विषय को नये ढग एव नये भावो के साथ अभिव्यक्त किया है।

---

१ सूर पूर्व ब्रजभाषा और उसका साहित्य—पृ० ३०७।

२ मरुभारती–वर्ष १५ अक २—पृ० ६।

जैन विद्वानों ने बावनी सज्ञक काव्य लिखने में प्रारम्भ से ही रुचि दिखाई है। ये बावनियां किसी एक विषय पर आधारित न होकर विविध विषयो का वर्णन करती हैं। बावनी लिखने वाले कवियों मे डूगरसी, बनारसीदास, जिनहर्ष, दयासागर, ब्र० माणक, मतिशेखर, हेमराज आदि के नाम उल्लेखनीय हैं। जैन कवि न तो अपने पौराणिक कथानको मे ही बधे रहे और न उन्होने सामन्ती के चित्रण मे जन सामान्य को भुलाया। जैन काव्य मे विराग और कष्ट सहिष्णुता पर बहुत बल दिया गया है। यह भी सत्य है कि इस प्रकार सदाचरण के नीरस उपदेश काव्य को उचित महत्त्व नहीं देते किन्तु यह केवल एक पक्ष है। अपने अध्यात्म जीवन को महत्त्व देते हुए तथा पारलौकिक सुखो के लिए अति सचेष्टा दिखाते हुए भी जैन कवि उन लोगो को नहीं भुला सका जिनके बीच वह जन्म लेता है। उसके मन मे अपने आस-पास के लोगो के सुखी जीवन के लिए अपूर्व सदिच्छा भरी हुई है। वह सृष्टि की सारी सम्पत्ति जनता के द्वार पर जुटा देना चाहता है।[1]

बावनी का एक-एक छप्पय नीति के रत्न हैं जो अपनी प्रभा से उद्भासित और प्रकाशित हैं। कवि ने बडी सम्यता से मर्यादा, नीति और न्याय के पक्ष का समर्थन करते हुए पाखडियो और स्वार्थियो की खबर ली हैं। जगत का स्वभाव प्रस्तुत किया है तथा उसमे मानव को अच्छे कार्य करने की प्रेरणा दी है।

प्रस्तुत बावनी का हिन्दी की बावनियों मे महत्त्वपूर्ण स्थान है। आचार्य शुक्ल ने यद्यपि इसमे ५२ दोहे होना लिखा है पर इसमे ५३ छप्पय छन्द हैं जो ओम से प्रारम्भ होकर नगराक्षर क्रम से निबद्ध हैं। क्रम निर्वाह के लिये ओ, औ, क्ष, त्र वर्ण छोड दिये गये हैं तथा ङ, एव ञ के स्थान पर न का तथा ऋ, ॠ, लृ, लॄ, य, व, श, के स्थान पर क्रमश रि, री, लि, ली, ज, ओ, म, का प्रयोग किया गया है। कई अन्य कवियो द्वारा रचित बावनियो मे भी वर्णमाला का यह परिवर्तित रूप पद्य क्रम के लिये प्रयुक्त हुआ है।[2] बावनी के प्रारम्भिक पाच पदो मे आदि अक्षरो के द्वारा ॐ नम सिद्ध बनता है जो कवि के जैन होने का द्योतक है।

बावनी का प्रथम पद्य मगलाचरण के रूप मे तथा अन्तिम पद्य मे कवि ने बावनी का रचना काल एव स्वय का परिचय दिया है। इसके शेष छन्द नीति एव उपदेश परक हैं। कवि ने बावनी मे विषय का अथवा नीति एवं उपदेशो का कोई क्रम नही रखा है किन्तु जैसा भी उसे रुचिकर प्रतीत हुआ उसी का वर्णन कर दिया।

---

१ सूर पूर्व ब्रज भाषा और साहित्य—पृ० २८१।

२ मरु भारती वर्ष १५ अंक–२ पृ० ६।

**विषय प्रतिपादन**

प्रारम्भ में पांच इन्द्रियों के विषयों में यह जीव किस प्रकार उलझा रहता है और अपने मन को अस्थिर कर लेता है। हाथी स्पर्शन इन्द्री के वशीभूत होकर, हरिण श्रवण इन्द्री के कारण अपनी जान गवा देता है। यही नहीं रसना इन्द्री के कारण मछलियां जाल मे फस जाती हैं। भवरा एव पतग भी इसी तरह जाल मे फसकर अपने जीवन का अन्त कर लेते हैं—

नाद श्रवण आवन्त तजइ मृग प्राण ततच्छिण।
इन्द्री परस गयन्द वास अलि मरइ विचष्यण।
रसना स्वाद विलग्गि मीन वज्झइ देखन्ता।
लोयण लुबुध पतग पडइ पावक पेषन्ता।
मृग मीन भवर कुजर पतग, ए सब विणासइ इक्क रसि।
छीहल कहइ रे लोइया, इन्दी राखउ अप्प वसि।।२।।

कवि ने समस्त जगत को स्वार्थमय बतलाया है। मनुष्य जगत् मे आता है और कुछ जीवन के पश्चात् वापिस चला जाता है। यह सब उसी तरह है जैसे फलो से लदे वृक्ष पर पक्षी आकर बैठ जाते हैं और फल समाप्त होने तथा पत्ते झडने पर सब उड जाते हैं। उसी तरह मनुष्य जगत् से स्वार्थ के लिए अथवा धन के लिए मित्रता बाधता है और वे मिल जाने के पश्चात् उसे वह भुला बैठता है।

छाया तरुवर पिछिष आइ, बहु बसै विहगम।
जब लगि फल सम्पन्न रहै, तब लगि इक सगम।
विहवसि परि अवष्य, पत्त फल झरै निरन्तर।
खिण इक तथ्य न रहइ, जाहि उडि दूर दिसतर।
छीहल कहै द्रुम पखि जिम महि मित्र तणु दब्व लगि।
पर कज्ज न कोऊ वल्लहौ, अप्प सुवारथ सयल जगि।।२६।।

मनुष्य को थोडे-थोडे ही सही लेकिन कुछ अच्छे कार्य करने चाहिए। दूसरो के हित के लिए विनयपूर्वक धन दिन भर देते रहना चाहिए अर्थात् भलाई एव दान के लिए कोई समय निश्चित नही होता। कवि कहता है कि जब तक शरीर मे श्वास है तब तक अपने ही हाथो से अपनी सम्पत्ति का उपयोग कर लेना चाहिए क्योंकि मरने के पश्चात् वह उसके लिए बेकार है। कवि ने बीसल राजा की उपमा दी है जो १९ करोड़ का धन जोड कर छोड गया और उसका जीवन पर्यन्त भोग और दान किसी मे भी उपयोग नही किया।

थोरो थोरो माहि, समय कछु सुकृति कीजइ।
विनय सहित करि हित, विस सारै दिन दीजइ।
जब लगि सांस सरीर मूढ विलसहु निज हत्थहि।
मुवा पछै लपटो, लच्छी लग्गै नहि सत्थहि।
छीहल कहइ वीसल नृपति सचि कोडि उगणीस दब्ब।
लाहौ न लियो भोगब्वि, करि ग्रतकाल गौ छांडि सब्ब ।।३६।।

मनुष्य जीवन भर भविष्य की कल्पना करता रहता है और मृत्यु की ओर जरा भी सचेत नहीं रहता लेकिन जब मृत्यु ग्राती है तो उसकी सब ग्राशाएँ धरी की धरी रह जाती हैं ग्रौर वह कुछ भी नहीं कर सकता। जिस प्रकार मधुकर कमल पुष्प मे बन्द होने के पश्चात् सुखद प्रात काल की कल्पना करता है लेकिन उसे यह पता नही कि उसके पूर्व ही कोई हाथी ग्राकर उसकी जीवन लीला समाप्त कर सकता है इसलिए भविष्य की ग्राशाग्रो की कल्पना छोड़कर वर्तमान मे अच्छे कार्य कर लेना चाहिए—

भ्रमर इक्क निसि भ्रमै, परौ पकज के सपुटि।
मन महि मडै ग्रास, रयणि खिण माहि जाइ घटि।
करि हैं जलज विकास, सूर परभाति उदय जब।
मधुकर मन चितवै, मुक्त हैव हैं बन्धन तब।
छीहल द्विरद ताही समय, सर सपत्तउ दइव वसि।
ग्रलि कमल पत्र पुडइणि सहित, निमिय माहि सो गयो ग्रसि ।।४३।।

इस प्रकार पूरी बावनी सुभाषितो एव उपदेशात्मक पद्यो से भरी पडी है। उसका प्रत्येक पद्य स्मरणीय है तथा मानव को विपत्ति से बचा कर सुकृत की ओर लगाने वाला है। सभी सुभाषित सम्प्रदाय भावनाओ से दूर किन्तु मानवता तथा विश्व सेवा का पाठ पढ़ाने वाले हैं। मानव को राग, द्वेष, काम, क्रोध, मान एव माया के चक्कर से बचाने वाले हैं। यही नही जगत का वास्तविक स्वरूप को भी प्रस्तुत करने वाले हैं। कवि ने इन पद्यो मे अधिक से अधिक भावो को भरने का प्रयास किया है। इसलिए कवि की प्रस्तुत बावनी हिन्दी एव राजस्थानी भाषा की सुन्दरतम कृतियो में से है।

**भाषा**

भाषा की दृष्टि से बावनी राजस्थानी भाषा की कृति है। इसमें ग्रपभ्र श शब्दो की जो भरमार है वे इसके राजस्थानी रूप को ही व्यक्त करने वाले हैं। डा० शिवप्रसाद सिंह ने बावनी को ब्रजभाषा के विकास की कड़ी के रूप में माना है

जो सूरदास के ब्रजभाषा का परिवर्ती रूप है लेकिन बावनी में ब्रज का ही नहीं अपभ्रंश एवं राजस्थानी का भी परिस्कृत रूप देखा जा सकता है।

छीहल कहइ गल गज्जि करि, जो जल उलहरि देइ घन।
चातक्क नीर ते परि पियै, ना तो पियासो तजै तन ॥३४॥

**रचना काल**

बावनी की रचना सवत् १५८४ कार्तिक सुदी अष्टमी गुरुवार के दिन सम्पन्न हुई थी। कवि ने अपने श्री गुरु का नाम लेकर रचना प्रारम्भ की थी और सरस्वती की कृपा से उसकी यह रचना सानन्द समाप्त हुई थी।

चउरासी अग्गला सइ जु पनरह सवच्छर।
सुकुल पष्ष अष्टमी मास कातिग गुरुवासर।
हृदय उपनी बुद्धि नाम श्री गुरु को लीन्हो।
सारद तणइ पसाइ कवित सपूरण कीन्हो।

**कवि का परिचय**

बावनी के अन्तिम पद्य मे कवि ने अपना परिचय दिया है। वह नाथू का पुत्र था। अग्रवाल जैन जाति मे उत्पन्न हुआ था तथा उसका वश नाल्हिग कहलाता था।

नाल्हिग वससि नाथू सुतनु अगरवाल कुल प्रगट रवि।
बावन्नी वसुधा विस्तरी, कवि ककरण छीहल्ल कवि ॥५३॥

बावनी अपने समय मे लोकप्रिय कृति रही है तथा उसका सग्रह गुटको मे मिलता है जिससे पता चलता है कि पाठक इसे चाव से पढा करते थे। अब तक राजस्थान के जैन ग्रथागारों मे बावनी की निम्न पाण्डुलिपियां उपलब्ध हो चुकी हैं—

| | |
|---|---|
| १ शास्त्र भण्डार दि० जैन मन्दिर लूणकरणजी पाडे, जयपुर | गुटका सख्या १४० लेखन काल स० १७१६ (इसमे २२ से ५३ तक के पद्य हैं) |
| २ शास्त्र भण्डार दि० जैन मन्दिर ठोलियान | गुटका सख्या १२५ (इसमे ५० पद्य हैं) |
| ३ भट्टारकीय शास्त्र भण्डार अजमेर | गुटका संख्या ३५ (इसमे ५३ पद्य हैं) |

४ उक्त कृतियो के अतिरिक्त, अनूप सस्कृत लायब्रेरी बीकानेर तथा अभय जैन ग्रथालय बीकानेर मे भी बावनियो की पाण्डुलिपियां मिलती हैं।[1]

---

१ सूर पूर्व ब्रज भाषा और उसका साहित्य पृ० ३७७।

इस प्रकार बावनी राजस्थानी भाषा की एक उत्कृष्ट रचना है जिसकी पाण्डुलिपियां राजस्थान के और भी भण्डारों मे उपलब्ध हो सकती हैं।

वैराग्य गीत मानव को जीवन मे अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरणा स्वरूप है। बचपन, यौवन एव वृद्धावस्था तीनो ही ऐसे ही निकल जाते हैं और जब मृत्यु आती है तो यह मनुष्य हाथ मलने लगता है इसलिए अच्छे कार्य तो जितना जल्दी हो कर लेना चाहिए। यही गीत का सार है जिसको कहने के लिए कवि ने प्रस्तुत गीत निबद्ध किया है।

उदर गीत मे कवि कहता है कि सारा जीवन यदि उदर पूर्ति मे ही व्यतीत कर दिया और अगले जन्म के लिए कुछ नहीं किया तो यह मनुष्य जीवन धारण करना ही व्यर्थ जावेगा। कवि की भावना है कि प्रत्येक मनुष्य अपने जीवन मे ऐसा कोई सुकृत कार्य अवश्य करले जिससे उसका भावी जीवन भी सुधर जावे।

इस प्रकार छीहल कवि की कृतिया राजस्थानी काव्यो मे उल्लेखनीय कृतिया हैं। सभी कृतियां जन कल्याण की भावना से लिखी हुई हैं। इनमे शिक्षा है, उपदेश है, नीति और धर्म का पुट है तथा लौकिक एव आध्यात्मिक दोनो की कहानी प्रस्तुत की गयी है।

□□□

# १. पंच सहेली गीत

नगर वर्णन—

देखा नगर सुहावणा, अधिक सुचंगा थान।
नाउ चंगेरी परगट, जन सुर लोक सुजान ।।१।।

ठाइ मिंदिर सत खिने, सो नइ लिहिया लेहु।
छीहल तन की उपमा कहत न आवइ छेहुउ ।।२।।

ठाइ ठाइ सरवर पेखीया, सू सर भरे निवाण।
ठाइ कूवा बावरी, सोहइ फटक समान ।।३।।

पवन छतीसी तिहां वसइ, अति चतुराई लोक।
गुम विद्या रस आगला, जानइ परिमल लोग ।।४।।

तिहा ठइ नारी पेखीयइ, रभा केउ निहारि।
रूप कत ते आगली, अवर नहीं ससार ।।५।।

पहरि सभाया आभरण, अर दख्यण के चीर।
बहुत सहेली साथि मिलि, आई सरवर तीर ।।६।।

चोवा चदन थाल भरि, परिमल पहुप अनत।
खडह बीडी पान की, खेलहु सखी बसत ।।७।।

केइ गावइ मधुर धुनि, केइ देवहि रास।
केइ हीडोलइ हीडती, इह विधि करइ विलास ।।८।।

तिन माहि पच सहेलिया, नाचइ गावहि ना हसइ।
ना मुखि बोलइ बोल····· ·· ····· ·············।।९।।

नयनहु काजल ना दीउ, ना गलि पहिन्दो हार।
मुख तबोल न खाईया, ना कछु कीया सिंगार ।।१०।।

रूखे केस ना न्हाईया, मइले कप्पड तास।
विलखी बइसी उनमनी, लांबे लेहि उसास ।।११।।

सूके अहर प्रवालीयां, अति कुमलाणा मुख।
तउ मइ बूझी जाइ कह, तुम्ह कहउ केतउ दुख ।।१२।।

दीसय योवन बालिया, रूप दीपती देह ।
मोसउ कहुउ विचार, जाति तुम्हरी केह ।।१३।।

तउ ऊनि सब आखीया, मीठा बोल अपार ।
ना वहु मारी जाति की, छीहल्ल सुनहु विचार ।।१४।।

मालन अर तंबोलनी, त्रीजी छीपनि नारि ।
चउथी जाति कलालनी, पचमी सुनारि ।।१५।।

जाति कही हम तम्ह सउ, अब सुनि दुख हमार ।
तुम्ह तउ सुगना आदमी, लहुउ विराणी सार ।।१६।।

मालिन की विरह व्यथा—

पहिली बोली मालनी, मुझ कू दुख अनत ।
बालइ योवन छडि कइ, चल्यु दिसाउरि कत ।।१७।।

निस दिन बहइ पवालज्यु, नयनहु नीर अपार ।
विरहउ माली दुक्ख का, सूभर भरया किनार ।।१८।।

कमल वदन कुमलाईया, सूकी सुख वनराइ ।
वाझू पीया रइ एक षिन, वरस बरावरि जाइ ।।१९।।

तन तरवर फल लग्गीया, दुइ नारिंग रस पूरि ।
सूकन लागा विरहु फल, सींचन हारा दूरि ।।२०।।

मन बाडी गुण फूलडा, प्रीय नित लेता बास ।
अब इहु थानकि रात दिन, पीडइ विरहु उदास ।।२१।।

चपा केरी पखडी, गू थ्या नव सर हार ।
जइ इहु पहिरउ पीव विन, लागइ अग अगार ।।२२।।

मालनि अपना दुख का, विवरा कह्या विचार ।
अब तू वेदन आपनी, आखि तबोलन नार ।।२३।।

तम्बोलिन की विरह व्यथा—

दूजी कहइ तबोलनी, सुनि चतुराई बात ।
विरहइ मार्या पीव विन, चोली भीतरि गात ।।२४।।

हाथ मरोरउ सिर धन्यु, किस सउ कहु पोकार ।
जउती राता बालहा, करइ न हम दिस भार ।।२५।।

पान झडे सब कंख के, वेल गई तनि सुक्कि ।
दूभरि रति बसत की, गया पीयरा मुक्कि ॥२६॥

हीयरा भीतरि पइसि करि, विरहु लगाई आगि ।
प्रीय पानी विनि नां बूझवइ, बलीसि सबली लागी ॥२७॥

तन बाली विरहउ दहइ, परीया दुक्ख असेसि ।
ए दिन दुभरि कउ भरइ, छाया प्रीय परदेसि ॥२८॥

जब थी बालम वीछुड्या, नाठा खरिखरि सुख ।
छीहल मो तन विरह का, नित नवेला दुख ॥२९॥

कहउ तंबोलनि आप दुक्ख, अब कहि छीपन एहु ।
पीव चलतइ तुझसउं, बिरहइ कीया छेहु ॥३०॥

छीपन का विरह वर्णन—

त्रीजी छीपनि आखीया, भरि दुइ लोचन नीर ।
दूजा कोइ न जानही, मेरइ जीय की पीर ॥३१॥

तन कपडा दुक्ख कतरनी, दरजी विरहा एहु ।
पूरा ब्योत न ब्योतइ, दिन दिन काटइ देहु ॥३१॥

दुक्ख का तागा वाटीया, सार सुई कर लेइ ।
चीनजि बधइ अवि काम करि, नान्हा वखीया देइ ॥३३॥

विरहइ गोरी अतिदही, देह मजीठ सुरग ।
रस लीया अवटाइ कइ, बाकस कीया अग ॥३४॥

माड मरोरी निचोरि कइ, खार दिया दुख अति ।
इहु हमारे जीव कहु, मइ न करी इहु भ्र ति ॥३५॥

सुख नाठा दुख सचरया, देही करि दहि छार ।
विरहइ कीया कत बनि, इम अम्ह सु उपगार ॥३६॥

कलालिन का विरह—

छीपनि कहया विचार करि, अपना सुख दुख रोइ ।
अबहि कलालनि आखि तु, बिरहइ याई सोइ ॥३७॥

चउथी दुख सरीर का, लागी कहन कलालि ।
हीयरह प्रीयका प्रेम की, नित्त खटूकइ भालि ॥३८॥

मोतन भाठी ज्यु तपइ, नयन चुवइ मद बारि ।
विनही अवगुन मुझ सु, कस कर रह्या भरतार ।।३९।।

देखिइ केली तइ दई, विरह् लगाई घाइ ।
बालभ उलटा हुइ रह्या, परउप छारी खाइ ।।४०।।

इस विहुरइ के कारणइ, धन बहु दारू कीय ।
चित्त का चेतन हुाहस्या, गया पीयरा लेय जीय ।।४१।।

माता योवन फाग रिति, परम पीयारा दूरि ।
रली न पूरी जीयकी, मरउ विसूरि विसूरि ।।४२।।

हीयरा भीतरि झूर रहु, कक घणेरा सोस ।
बइरी हुआ बालहा, विहुरइ किसका दोस ।।४३।।

मोसउ व्युरा विरह् का, कह्या कलालन नारि ।
इहु कुछ दुख सरीर महि, सो तु आखि सुनारि ।।४४।।

सुनारिन की व्यथा—

कहइ सुनारी पचमी, अग उपना दाह् ।
हू तउ बूडी विरह् मइ, पाउ नाही थाह ।।४५।।

हीया अगीठ्ठी मूसि जिय, मदन सुनार अभग ।
कोयला कीया देह का, मिल्या सवेइ सुहाग ।।४६।।

टका कलिया दुख का, रेती न देइ धीर ।
मासा मासा न मूकीया, सोच्या सब सरीर ।।४७।।

विहुरहु रूप बुराइया, सूना हुआ मुझ जीव ।
किस हइ पुकारू जाइ कइ, अब घरि नाही पीव ।।४८।।

तन तोले कटउ धरी, देखी किस किस जाइ ।
विरहा कु ड सुनार ज्युउ, घडी फिराय पिराइ ।।४९।।

खोटी वेदन विरह् की, मेरो हीयरो माहि ।
निसि दिन काया कलमलइ, नां सुख धूपनि छाह ।।५०।।

छीहल वयरी विरह् की, घडी न पाया सुख ।
हम पचइ तुम्ह सउ कह्या, अपना अपना दुख ।।५१।।

कहि करि पंचउ चलीयां, अपने दुख का छेहु ।
बाहुरि वइ दूजी मिली, जबहू धडूक्या मेहु ॥५२॥

भुइ नीली घन पू वरि, गुनिहि चमकी वीज ।
बहुत सखी के झूड भई, खेलन आइ तीज ॥५३॥

विहसी गावइ हि रहिससु, कीया सह सगार ।
तब उन पच सहेलीयां, पूछी दूजी बार ॥५४॥

छीहल का पाचों स्त्रियों से पुनर्मिलन—

मइ तुम्ह आमन दूमनी, देखी थी उतवार ।
अब हु देखु विहसती, मोसउ कहउ विचार ॥५५॥

छीहल हम तउ तुम्ह सउ, कहती हइ सतभाइ ।
साई आया रहससु, ए दिन सुख माहि जाइ ॥५६॥

गया वसत वियोग मइ, अर धुप काला मास ।
पावस रिति पीय आवीया, पूगी मन की आस ॥५७॥

मालनि का मुख फूल ज्यउ, बहुत विगास करेइ ।
प्रेम सहित गु जार करि, पीय मधुकर सलेइ ॥५८॥

चोली खोल तबोलनी, काढ्या गात्र अपार ।
रग कीया बहु प्रीयसु, नयन मिलाई तार ॥५९॥

छीपनि करइ वधाईया, जउ सब आए दिट्ठ ।
अति रगिराती प्रीयसु, ज्यउ कापडइ मजीठ ॥६०॥

योवन बालइ लटकती, रसि कसि भरी कलालि ।
हसि हसि लागइ प्रीय गलि, करि करि बहुती आलि ॥६१॥

मालनि तिलक दीपाईया, कीया सिगार अनूप ।
आया पीय सुनारि का, चढ्या चवगणा रूप ॥६२॥

पी आया सुख सपज्या, पूगी सबइ जगीस ।
तब वह पचइ कामिनी, लागी दयन असीस ॥६३॥

हु उ वारी तेरे बोलकु, जहि वरणवी सुहाइ ।
छीहल हम जग माहि रही, रह्या हमारा नाव ॥६४॥

धनिस मंदिर धन्न दिन, धनस पावस एहु ।
धन्न वल्लभ घरि आईया, धनस वुट्ठा मेहु ।।६५।।

निस दिन आइ आनद मइ, विलसइ बहु विध भोग ।
छीहल्ल पंचइ कामिनी, आई पीय सजोग ।।६६।।

मीठे मन के भावते, कीया सरस बखाण ।
अण जाण्या मूरिख हसइ, रीझइ चतुर सुजाण ।।६७।।

सवत् पनर पचहुत्तरइ, पूनिम फागुण मास ।
पच सहेली वरणवी, कवि छीहल्ल परगास ।।६८।।

।। इति पच सहेली गीत सम्पूर्ण ।।

लिख्यत परोपकाराय ।। श्री रस्तु ।।

□ □ □

---

गुटका सख्या ६६ । पत्र सख्या ११-१२ । शास्त्र भण्डार दि० जैन मन्दिर लूणकरणजी पांडे, जयपुर ।

# २. बावनी

ओंकार आकार, रहित अविगति अपरम्पर ।
अलख अजोनी सभ, सृष्टिकरता विश्वम्भर ।
घट घट अन्तर वसइ, तासु चीन्हइ नहि कोई ।
जल थलि सुरगि पयालि, जिहां देखो तिहँ सोई ।
जोगिन्द सिद्ध मुनिवर जिके, प्रबल महातप सद्धयो ।
छीहल्ल कहइ अस पुरुष को, किण ही अन्त न लद्धयो ।।१।।

नाद श्रवण ध्यावन्त, तजइ मृग प्राण ततक्खिण ।
इन्द्री परस गयन्द, वास अलि मरइ विचक्खण ।
रसना स्वाद विलग्गि, मीन बज्झइ देषन्ता ।
लोयण लुबुध पतग, पडइ पावक पेषन्ता ।
मृग मीन भवर कुंजर पतग, ए सब विणसइ इक्क रसि ।
छीहल कहइ रे लोइया, इन्दी राषउ अप्प बसि ।।२।।

मृग वन मज्झि चरति, डरिउ पारधी पिक्खि तिहि ।
जब पाछिउ पुनि चल्यो, वधिक रोपियउ फद तिहि ।
दिसि दाहिणी सु स्वान, सिंह ज्यु सनमुष धावै ।
वाम अगिनि परजलिय, तासु भय जाण न पावै ।
छीहल्ल गमण चहु दिसि नही, चित चिंता चितउ हरण ।
हा हा देव सकट परयो, तुझ बिन अवर न को सरण ।।३।।

सबल पवन उतपन्न अगिनि उडि फद दहे सब ।
ततषिण धन बरसत, तेज दावानल गौ तब ।
दिसि दाहिणी जु स्वान, पेषि जबुक को धायउ ।
जब जान्यो मृत जात, खिस पारधी रिसायउ ।
ताणत[1] धनुष[2] गुण तुट्टिगो, दिसि च्यारउ मुगती भई ।
छीहल न को मारवि सकै, जिहि रष्षण हारा दई ।।४।।

---

१. अनचिन्त
२. बाण

धन्य ति नर सलहिजै, जे हि परकज्जु सवारण ।
भीर सहै तन आपु, सामि सकट्ट उवारण ।
कमो धर कुल मज्झि, सभा सिंगार सुलक्खण ।
विनयवत बड॰चित्त, अवनि उपगार विचष्षण ।
आचार[1] सहित अति हित्त सौ, धरम नेम पालै घणौ ।
पर तरुणि पेष्षि छीहल कहै, सील न षडइ आपणौ ।।५।।

अवनि अमर नहिं कोई, सिद्ध साधक अरु मुनिवर ।
गण गधर्व मनुष्य, जिष्ष किन्नर असुरासुर ।
पन्नग पावक उदधि, भार तरुवर अष्टादस ।
ध्रुव[2] नषित्र ससि सुर, अन्त सब षपै काल बस ।
प्रस्ताव पिष्षि रे नर चतुर, ता लगि कीजइ ऊंच कर ।
तिहु भुवन मज्झि छीहल कहइ, सदा एक कीरति अमर ।।६।।

आवति जाचक[3] पेखि, द्वार सम देहु मूढ नर ।
मिष्ट वयण बुल्लियइ, विनय कीजइ बहु आदर ।
दिन दस अवसर पेखि, वित्त विलसियै सुजस लगि ।
षिण रीती षिण भरी, रहिटी घटी सारिस लगि ।
चिरकाल दसा निहचल नही, जिमि ऊगई तिमि आथमण ।
पलटियै दसा छीहल कहइ, बहुरी बात पुच्छै[4] कवण ।।७।।

इन्द्री पचिय अथिय, सकति जब लगि घट निर्मल ।
जरा जजीरी दूरि, षीण न हुवै आयुबल ।
तब लगि भल पण, दान-पुण्य करि लेहु विचष्षण ।
जब जम पहुचइ आइ, सबै भूलिहइ ततष्षिण ।
छीहल कहइ पावक प्रबल, जिमि घर पुर पट्टण दहइ ।
तिणि काल कूप जो खुद्दियइ, सो उद्यम किमि निरवहइ ।।८।।

ईस ललाटह मज्झि, गेह कीयौ सु निरन्तर ।
चहु दिसि सुरसरि सहित, वास तसु कीजइ अन्तर ।

---

१ आधार
२ ध्रू नव ग्रह
३ सपति बार बार
४ बूझइ

पावक प्रबल समीपि, रहइ रखवाल रयणि दिन ।
प्रतिहार बिसहर बलिष्ट, सोवइ नहि इकु छिन ।
अति जतन्न छीहल कहै, हर मस्तक हिमकर रहइ ।
पूर्व लेख चूकै नही, तऊ राहु ससि कौ ग्रहइ ।।९।।

उदरि मज्झि दस मासु, पिड पाइयै[1] बहुत दुख ।
उर्ध होइ दुइ चरण, रयणि दिन रहइ अधोमुख ।
गरभ अवस्था अधिक जाणि चिंता चितै चित्त ।
जो छूटो इहि बार, बहुरि करहौं निज सुकृत ।
बोलइ जु बोल सकट पडइ, बहुरि जन्म जग महि भयौ ।
लागी जु वाउ छीहल कहइ, सबै मूढ बीसरि गयौ ।।१०।।

ऊसरि फागुण मास, मेहु बरसइ घोरकरि ।
विधवा पतिव्रत तणौ, रूप जोबण आनन परि ।
कवियण गुण विस्तार, नृपति अविवेकी आगे ।
सुपनन्तर की लच्छि, हाथ आवइ नहि जागे ।
करवाल कृपण कायर करह, सुन्न[2] गेह दीपक ज्यु ।
कवि छीहल अकारण एह सब, विनय जु कीज्यै नीच स्यु ।।११।।

रितु ग्रीषम रवि किरण, प्रबल आंगइ निरन्तर ।
पावक सलिल समूह, अधर झिल्लउ धारा धर ।
सीतकाल सीतल तुषार, दूरन्तर टाल्यउ ।
पत्त सही दुखत्थ, अधिक मित्तप्पण पाल्यउ ।
रे रे पलास छीहल कहै, धिक धिक जीवन तुझ तणौ ।
फुल्लयौ पत्त अब मूढ तजि, ए अजुत्त कीयौ घणौ ।।१२।।

रीति होइ सो भरै, भरी खिण इक वै ढालै ।
राई मेर समाणि, मेर जड सहित उषाले ।
उदधि सोषि थल करै, थलहि जल पूरि रहै अति ।
नृपति मगावइ भीख, रक कू थपै छत्रपति ।
सब विधि समर्थ भजन घडन, कवि छीहल इमि उच्चरै ।
इक निमिष माहि करता, पुरुष करण चहै सोई करै ।।१३।।

---

१ देखियै
२ सुनि मेह दीपक ज्यु

लिषा तरणइ परमारिण, राम लष्षण बनवासी ।
सीय निसाचर हरी, भई द्रौपदि पुनि दासी ।
कुंती सुन बैराट गेह, सेवक होइ रहिया ।
नीर भर्‌यौ हरिचंद, नीच घर बहु दुख सहिया ।
आपदा पडी परिग्रह तजि, भमे[1] इकेलउ नृपति नल ।
छीहल कहइ सुर नर असुर, कर्म रेष व्यापइ सकल ।।१४।।

लीन्ह कुदाली हत्थ प्रथम, षोदियउ रोस करि ।
करि रासभ आरूढ, घालि आणियउ गूण भरि ।
देकरि लत्त प्रहार, मूढ गहि चक्क चढायौ ।
पुनरपि हत्थहिं कूटि, धूप धरि अधिक सुकायौ ।
दीन्ही जु अगिनि छीहल कहइ, कुंभ कहइ हउ सहिउ सब ।
पर तरणि आइ टकराहणौ, ए दुख सालइ मोहि अब ।।१५।।

ए जु पयोहर जुगल, अबल उरि मज्झि उपन्ना ।
अति उन्नत अति कठिन, कनक घट जेम रवन्ना ।
कहि छीहल षिण इक्क, दृष्टि देषता चतुर नर ।
धरणि पडइ मुरझाइ, पीर उपजत चित अन्तर ।
विधना विचित्र विधि चित्त करि, ता लगि कीन्हउ कृष्णमुख ।
होय श्याम वदन तिह नर तणौ, जो पर हृदय देइ दुख ।।१६।।

ए ए तू द्रुमराइ, न्याइ गरुवत्तण तेरो ।
प्रथम विहगम लच्छ, आइ तह लीयो बसेरौ ।
फल भुंजै रस पिये, अव्‍र सतोषइ काया ।
दुष्ष सहै तन अप्प, करइ अवरन कू छाया ।
उपकार लगै छीहल कहइ, धनि धनि तू तरुवर सुयण ।
सचइ जिमि सपइ उदधि पर, कज्जि न आवै ते कृपण ।।१७।।

अमृत जिमि सुरसाल, चवति धुनि वदन सुहाई ।
पषिन महि परसिद्ध, लहै सो अधिक बडाई ।
अब वृक्ष महि बसइ, ग्रसइ निर्मल फल सोई ।
ये गुण कोकिल अग, पेषि बदहि नहि कोई ।

---

१. भम्यो

पापिष्ठ नीच यंजन सुतौ, करम सदा क्रमि मल भुगति ।
छीहुलल ताहि पूजइ जगत, करम तणी विपरीत मति ।।१८।।

अहनिस मज्जै मच्छ, कच्छ जल मज्झि रहै नित ।
मौन सहित बक ध्यान, रहै लवलीन इक्क चित ।
ऊदर गुफा निवास, भसम गाद्दहो चलावइ ।
पवन अहारी सर्प, म्रग गाडरी मुडावइ ।
इनि माहि कहउ किण पद लह्यौ, कह्या जोग साँचै जुगति ।
छीहल कहै निष्फल सबै, भाव बिना न हुवै मुगति ।।१६।।

कबहू सिर धरि छत्र, चढवि सुष्पासन धावइ ।
कबहू इकेलौ भ्रमै, पाइ पाणही न पावइ ।
कबहि अठारह भष्य, करइ भोजन मन बछित ।
कबहि न षलु सपजइ, षुधा पीडित कलपै चित्त ।
लभै न कबहू तृण सथ्थरौ, कबहि रमइ तिय भाव रसि ।
बहु भाइ छंद छीहल कहइ, नर चित नच्चइ देव बसी ।।२०।।

खत्तिय रणि भज्जनो, विप्प आचार विहीणो ।
तपीयै जीति कइ अगि, रहै चित लालच क्षीणो ।
तीय जु अति निर्लज्ज, लज्ज तजि घरि घरि डोलइ ।
सभा माहि मुषि देषि, साषि जउ कूडी बोलइ ।
सेवक स्वामी द्रोह करि, सग रहइ न इक्क षिण ।
छीहल कहइ सो परिहरि, नृपति होइ विवेक बिण ।।२१।।

गरब न कर गुणहीन, अरे कच्चन के गिरवर ।
तो समीपि पाषाण, अध्धि तरुवर ते तरुवर ।
किये न अप्प समांन, वृथा गुरुवत्तण तेरउ ।
मलयाचल सलहिजै, सुजस तस सगति केरउ ।
कटु तित्त कुटिल परिमल रहित, तरु अनत जे वन थया ।
श्री षड सगि छीहल कहइ, ते समस्त चदन भया ।।२२।।

घरी घरी नृप द्वार[1], एह घडियालउ बज्जै ।
कहै पुकारि पुकारि, आउ षिणही षिण छीज्जै ।

---

१ गेहि

सपति सांस सरीर, सदा नर नाहीं निसचल ।
पुरइणि पत्र पतत बूद जल लव जिमि चंचल ।
इमि जानि जगत जातो, सकल चित चेतो रे मूढ नर ।
ऊवरै जु तो छीहल कहइ, दीजिइ दाहिण उच्चकर ।।२३।।

ग्यान बत सुकुलीरा, पुरुष जो हो धनहीना ।
विषम अवस्था पडइ, वयरा नही भाषै दीना ।
नीच करम नहिं करइ, रोरु जो अधिक सतावइ ।
वरि मरिबौ अग वै, निमिष सो नाक न नावइ ।
छीहल कहै मृगपति सदा, मृग आमिष्ष भष्षन करै ।
जो बहुत दिवस लघण परै, तऊ न केहरि तृण चरै ।।२४।।

चैत मास बनराइ, फलहि फुल्लहि तरुवर सहि ।
तो[1] क्यो दोस बसन्त, पत्त होवइ करीर नहु ।
दिवस उलूक ज्यु अध, ततौ रवि को नहिं अवगुण ।
चातक नीर न लहइ, नत्थि दूषण बरसत घण ।
दुष सुष दईव जो निर्मयौ, लिषि ललाटा सोइ लहइ ।
विषमाद न करि रे मूढ नर, कर्म दोष छीहल कहइ ।।२५।।

छाया तरुवर पिष्षि, आइ बहु बसै विहगम ।
जब लगि फल सम्पन्न, रहैं तब लगि इक सगम ।
विहवसि परि अवथ्थ, पत्त फल झरै निरन्तर ।
षिण इक तथ्थ न रहइ, जाहि उडि दूर दिसतर ।
छीहल कहै द्रुम पषि जिम, महि मित्त तणु दब्ब लगि ।
पर कज्ज न कोऊ वल्ल हो, अप्प सुवारथ सयल जगि ।।२६।।

जलज बीज जल मज्झि, तरुणि[2] कप्पसि किहि कारण ।
मो मन इच्छा एह, अमरवल्ली विस्तारण ।
सु दरि इहि ससार, किया कोइ किरत न जाणइ ।
जे गुण लषउ करोरि, सुतौ अवगुण करि मानइ ।
अबला अयानि इक सिष्ष सुनि, जौ फुल्लै उल्लास भरी ।
छीहल कहै एइ कमल, तब करि हैं तुम वदन सरि ।।२७।।

---

१ ता किम
२ बरणतरपिसि

भीण लंक पदमिणी, सेजि नहीं रमी सुरति रस ।
अरियण असिवर धार, आस कीन्हैं न अप्प बस ।
सुज्जस कज्ज ससार, दव्व दीनों न सुपत्तह ।
बोरे अपणइ चहुत, याव पिष्पियौ न चित्तहु ।
कर्यो न सुकृत के करम मन, कलि अवतरि छीहल्ल भनि ।
उद्यान मज्झि जिमि मालती, तिमि नर जनम अकियथि गिनि ।।२८।।

निरमल चित्त पवित्त, सदा अच्छै उत्तम मत्ति ।
जो उह बसइ कुठाइ, तासु नहि भिदै कुसगति ।
तिह समीपि सठ बहुत, मिलिब जौ करइ कुलच्छण ।
सुभ सुभाव आपणौ, तऊ मुक्कइ न विचच्छण ।
श्रीषड सग जिम रयणि दिन, अहि असषि बैठ्यौ रहै ।
तद्दपि सुबास सीतल मलय, विष न होय छीहल कहै ।।२९।।

टलै न पुव्व निबद्ध, मित्त मत दीनौ भाषे ।
जब आयुर्बल घटै, षिनक तब कोइ न राषै ।
विनय न करि अनकाज, मूढ जन जन के आगै ।
गुरूवत्तन मम हारि, लोभ लिषमी कै लागै ।
आवै अवसर अनपार श्री, जेम मीचु तिम जानि धन ।
छीहल्ल कहै द्रिढ सग्रहौ, मान न मुक्को निज रतन ।।३०।।

ठाकुर मित्त जु जाणि, मूढ हरषइ जे चित्तह ।
निज तिय तणउ विसास, करइ जिय महि जे मित्तह ।
सरप सुनार रू पारस रस, जे प्रीति लगावहि ।
वेस्या अपणी जाणि, छयल जे छन्द उछावहि ।
बिरचत बार इन कहू नही, मूरिख नर जे रूचिया ।
छीहल्ल कहइ ससार महि, ते नर अति विगूचिया ।।३१।।

डरपइ दादुर सद्द, बाहु घालै केहरि गलि ।
बूडइ कूडइ नीर, तिरै नद जाइ अथगि जल ।
मरइ फूल कै भार, सीस धरि पर्वत टालइ ।
कपई ऊदरि देखि, पकरि धरि कुजर रालइ ।
सीदरी देखि सकै सदा, विषहर को बल बट ग्रहइ ।
छीहल सुकवि जपइ वयण, तिरिय चरित्र को नवि लहइ ।।३२।।

ढोलि कुंभ जे अमी, सोइ पूरति सुरा जलि।
कसतूरी परिहरइ, नीच सग्रहइ कवू थलि।
कचण पीतलि तणौ, जहाँ कोइ भेद न जाणें।
तरुवर अब उपारि, अरड रोपे तिहि ठाणें।
गुण छांडि निगुण जड मानियै, जस तजि अपजस संचियै।
सो थान सुकवि छीहल कहै, दूरन्तर ही वंचियै ॥३३॥

णिसि वासर जिय आस, बसै उन बूदन केरी।
चंचु न बोरइ अवर, ठाउ नदि तिथ्थ घनेरी।
आदर विण घर सलिल, पिष्खि परिहरइ ततच्छण।
सरवर निर्झर कूप, सीस नावइ न विचच्छण।
छीहल्ल कहइ गल गज्जि करि, जो जल उल्हरि देइ घन।
चातक्क नीर ते परि पियै, न तो पियासौ तजै तन ॥३४॥

तरु कदली कुहकत, कीर ऊंचौ द्रुम दिठ्ठौ।
कोमल फल तजि मूढ, जाइ नालेर बइठ्ठौ।
छुधा प्रबल तनि भइ, असन कह ठुकज दिन्नी।
आसा भइ निरास, चचु विधना हर लिन्नी।
मति हीण पखि छीहल कहइ, सिर धुनि रोवइ भरि नयण।
सुक जेम सु नर पछिताइ हैं, जे होईहि सतोष विण ॥३५॥

थोरो थोरो माहि, समय कछु सुकृति कीजइ।
विनय सहित करि हित्त, वित्त सारै दिन दीजइ।
जब लगि सांस सरीर, मूढ विलसहु निज हत्थहिं।
मुवा पछै लपटी, लच्छि लग्गै नहिं सत्थहिं।
छीहल कहइ बीसल नृपति, संचि कोडि उगणीस दव्वु।
लाहो न लियौ भोगव्वि करि, अंतकाल गो छाडि सव्वु ॥३६॥

दरबु गाडि जिन धरहिं, धरो किछु काम न आवइ।
विलसि न लाहो लेइ, सु तो पाछै पछतावइ।
नर नरिंद नर भुवनि, संचि सपइ जे मूवा।
तें वसुधा मैं बहुरि, जनमि सूकर कै हूवा।
धनकाज अधोमुष दसन सिउ, धरणि विदारहि रयणि दिन।
छीहल्ल कहइ सोचत फिरै, कहू न पावहिं पुण्य विण ॥३७॥

अन ज्यु' ललाटहिं लिख्यो, तुच्छ बहुती विधि अच्छर ।
सो न मिटै सुनि मूढ़ झप कीजइ रयणायर ।
रचि करि कोडि उपाय, सकल ससारहिं धावइ ।
पौरुष आणि विनाणि किये कछु अधिक न पावइ ।
छीहल्ल कहै जह जहं फिरइ कर्म बध तहं तह लहै ।
पिष्यौ यह कूप समुद्र महं घट प्रमाणि जल सग्रहै ।।३८।।

नीच सरिस नहीं प्रीति, वैर कीजइ न प्रबल करि ।
मध्य भाइ आछिये, सग छांडिय दूरतरि ।
हित अथवा अनहित, चित चितवै बुरि मति ।
निसचय सुख की हानि, दुष्य उपजै दहू गति ।
छीहल कहै पिष्यहु प्रगट, कर अंगारहिं कोउ धरै ।
दाझै निबद्ध तातौ लिये, सीरो कारी कर करै ।।३९।।

पत्त सुतौ अति तुच्छ काज नहिं आवै कत्थहु ।
फल वाकस रसहीण, छांह निदीअ कियथ्यहु ।
साषा कटक कोटि, लेइ पषी न बसेरउ ।
छीहल गुणियन कहइ, कौन गुण वरणौ तेरउ ।
र रे बबुलनि लच्छण निलज, पापी परहु न उपगरै ।
जो देहि फूल फल अवर तरू, तिनहु की रष्या करै ।।४०।।

फिर चउरासी लष्य, जोणि लद्धौ मानुष जम ।
सो निसफल न गंवाइ, मूढ कीजइ सुकृत क्रम ।
कनक कचोली मज्झि मूढ भरि छारिन नाखिसि ।
कल्पवृक्ष उष्खेलि, मूढ एण्डम रष्विसि ।
वायस्सि उडावण कारणौ, चिंतामणि क्यों रालिये ।
छीहल कहै पीयूष सौं, नाऊ पांव पषालिये ।।४१।।

बसुधा विश्वामित्र, सरिस जे तपिय गरिट्ठा ।
सपति ते भोगवै, रहै वनषडहि बैठा ।
लोभ मोह परिहरै, किया इन्द्री पचे बस ।
तरुणि वदन निरषत, तेइ पुनि परइ काम रस ।
आहार करहिं षटरस सहित, पचामृत जुगति सिम ।
छीहल्ल कहै तिहि पुरुष को, इन्द्री निग्रह होइ किम ।।४२।।

भ्रमर इक्क निसि भ्रमै, परौ पकज के सपुटि ।
मन महि मडै ग्रास, रयणि षिण माहि जाइ घटि ।
करि हैं जलज विकास, सूर परभाति उदय जब ।
मधुकर मन चितवैं, मुक्त ह्वै हैं बन्धन तब ।
छीहल द्विरद ताही समय, सर सपत्तउ दइव बसि ।
अलि कमल पत्र पुडइणि सहित, निमिष माहि सो गयौ ग्रसि ।।४३।।

मग्गि चलहु कुलवहि, जेणि विकसैं मुख[1] सज्जन ।
होइ न जस की हाणि, पिष्षि करि हसइ न दुज्जन ।
जप तप सजम नेम, धर्म आचार न मुक्कइ ।
परमष्षर निज एहु, क्रिया आपनी न चुक्कइ ।
पर तरुणि पाप अपवाद परि दूरन्तर ही परिहरउ ।
मन वचन काय छीहल कहैं, पर उपकारहि चित धरउ ।।४४।।

जब लगि तरुवर राइ, फुल्लि करि फलिय विवह परि ।
तब लगि कटक कोटि, रहै चहु दिसा बेढि करि ।
पषी आसा लुद्ध, ब्रिष्ष तक्कवि जो आवइ ।
फल पुनि हथ्थ न चढै, छाह विश्राम न पावइ ।
छीहल्ल कहै हो अब सुणि, यह अवगुण सपति थियैं ।
तो सदा काल निरफल फलौ, जिहि सुख छाह बिलवियै ।।४५।।

रे रे दीपक नीच, लष्ष अवगुण तुअ अगहु ।
पत्तहि करइ कुपत्त, प्रकृति सुभाव मलिन रगहु ।
बत्तिय गुण निरदहण, तैल सनेह घटावन ।
जिहि थानक तू होइ, तिहा कालिमा लगावन ।
छीहल्ल कहै वासर समय, मान न लम्भै इक्क चुष ।
जौ सहस किरण रवि अथ्थवइ, तौ जग जोवै तुज्झ मुष ।।४६।।

लछण ससि कह दीन्ह, कीन्ह अति षार उदधि जल ।
सफल एरण्ड धतूर नागवल्ली सो नीफल ।
परिमल बिणु सोवन्न, बास कस्तूरी विविध परि ।
गुणियन सपत्ति हीण, बहुत लच्छीय कृपण घरि ।

---

१ मन

तिय तरुण बयस[1] विधवा परुउ, सज्जन सरिस वियोग दुष ।
इतनै ठाम छीहल्ल कहइ, किया विवेक न विधि पुरुष ॥४७॥

ओछो सज्जन प्रीति, अवर पुनि छाया बद्दल ।
दासी सरिष सनेहु, अवर बरषइ जु ओस जल ।
सरवरि छीलरि पानि, अगिनि तृण केरउ तप्पन ।
विडहु सरिस भड बाउ, पिष्षि[2] गब्बहु जिनि अप्पन ।
का पुरुष बोल वेस्याविसन, एता अंत न निरवहै ।
विस्वास करइ ते हीण मति, साचि बयण छीहल कहै ॥४८॥

ससि उगवनि जो कवल मज्झि मकरंद पियो जिहि ।
विकसित चित्त उलहास, वास केतकी लई तिहि ।
कुंभस्थल गय मय प्रवाहु, ग्रस्यो कदली वन ।
सरस सुगन्ध जु पुहुप, विहसि[3] पुज्जइय रली मन ।
छीहल्ल विविहु वणराइ, जिहि रितु मानो अप्पन समै ।
सो भ्रमर अबहि विधि पुरुष बसि, अक्क करीरहि दिन गमै ॥४९॥

षल दुज्जन मुष विवर, मज्झि निवसहि जे कुवचन ।
तेई सरप समान, होइ लागहिं घटि सज्जन ।
सोषइ सकल सरीर, लहरि आवइ जोवतहु ।
मूलो गद गारुडी, गिनै नहिं तत्त न मतहु ।
उपचार इक्क छीहल कहै, सुणिय विचष्षण उत्तमा ।
विष दोष निवारण कारणैं, निज औषध साधउ षिमा ॥५०॥

समय जु सीत वितीत, वृथा वस्तर बहु पाए ।
षीण षुधा घटि गई, वृथा पचामृत षाए ।
वृथा सुगति संभोग, रयणि के अंत जु कीजइ ।
वृथा सलिल सीतल सु तासु, बिण तृषा जु पीजइ ।
चातक कपोत जलचर मुए, वृथा मेघ बहु जल दए ।
सो दान वृथा छीहल कहै, जो दीजइ अवसर गए ॥५१॥

---

१ बेस
२ जन जे आपन
३ विलसि

हुइ धनवत आलसी, ताहि उद्यमी पयम्पइ ।
क्रोधवत अति चपल, तऊ थिरता अम अम्पइ ।
पत्त कुपत्त न लखइ, कहइ तसु इच्छाचारी ।
होइ बोलण असमथ्थ, ताहि गुरु वत्तन भारी ।
श्रीवन्त लच्छ अवगुण सहित, ताहि लोग करि गुण ठवइ ।
छीहल्ल कहै ससार महि, सपति को सहु को नवइ ।।५२।।

चउरासी अग्गला, सइ जु पनरह सवच्छर ।
सुकुल पक्ख अष्टमी, मास कातिग गुरुवासर ।
हृदय उपन्नी बुद्धि, नाम श्री गुरु को लीन्हो ।
सारद तणइ पसाइ, कवित सपूरण कीन्हो ।
नाल्हिग बस सिनाथू सुतन, अगरवाल कुल प्रगट रवि ।
बावन्नी वसुधा विस्तरी, कवि ककरण छीहल्ल कवि ।।५३।।

इति छीहल कृत बावनी सपूर्ण समाप्त । सवत १७१६ लिखित पाडे वीरू लिख्यापित व्यास हरिराम महला मध्ये । राज श्री स्योवसिंघ जी राज्ये सवत १७१६ का वर्षे मिती वैसाख सुदी ५ शनिसरवार ।। शुभ भवतु ।।[1]

□□□

१ शास्त्र भण्डार दि० जैन मन्दिर लूणकरण जी पांडे जयपुर गुटका सख्या १४० ।

# ३. पंथी गीत

इक पंथी पथ चलतौ, बन सिहनि माहि पहुतौ ।
भूलौ ऊबट दह दिसि धावै, वह मारग कहियन पावै ।
पावै न मारग विषम बन मैं, फिरै भ्रमि भटकत हो ।
देखियौ तहा सामहौं आवत, गरुव गज मयमत हो ।
सो रौद्र रूप प्रचंड सुंडा, दंड फेरै रिस भर्यौ ।
भयभीत होइ कंपिया लागो, पथिक चित्त अतरि डर्यौ ।।१।।

ता देखि सु पंथी भागौ, वाकी पूठिहि कुंजर लागौ ।
जीव कै डरि आतुर धायौ, आगै कूप हुतौ त्रिण छायौ ।
त्रिण छयौ कूप जुहु तौ आगै, विचि बेलि छवि रह्यौ ।
तिहि माहि पथिक पड्यौ अजानत, भेद भौंदू ना लह्यौ ।
वहि गही अवलंबि बाकारणि, और कछु न पाइयौ ।
कूचडो एक सरकनौ केरौ, पडत हाथें आइयौ ।।२।।

तब सरकन दिढ करि गहियौ, झूलत दारण दुख सहियौ ।
सिर ऊपरि गदौ गयदा, दिसि च्यार्यौ चारि फुणिदो ।
चहु दिसि हि चारि फुणिंद न्योली, बधे करि बैठे जहां ।
तलि मुख पसारि विरह्यौ अजिगर, ग्रसन कै कारणि तहा ।
सित असित दूं देखिया मूषक, जड खणै सरकन तणी ।
सकट पड्यौ अब नहि उबरण, करै चिंता चित्ते घणी ।।३।।

कुवा ढिग इक विरख बडे रौ, तहा छातौ लग्यौ महुके रौ ।
नहि हसती हलाई डाली, मोखी अगनित उडी विसाली ।
मोखी विसाली उडिवि अगनित, लगि उडी वैहि नर तणै ।
उपसर्ग अंगि करै घणैरी, तास को सख्या गिणै ।
वहि समै मधुकण अहर ऊपरि, पडत रस रसना लियौ ।
या बिन्दु कै सुखि लागी लोभी, सबै दुख वीसरि गयौ ।।४।।

मधु बिन्दु जु सुख ससारो, दुख बरणत लहु बनयारो।
जीव जाणों पथिक समानो, अग्यान निबड उद्यानो।
उद्यान घन अग्यान गिनिजै, जम भयानक कुजरो।
भव अंध कूपरु चारो गति, अहि मखिक व्याधि निरतरो।
अजिगर सु एहु निगोद वोयम, भखत जगत न धापये।
दुइ पक्ष उज्जजल किसन मूषक, आयु खिण खिण का पये ॥५॥

ससार की यहु व्यवहारो, चित चेत हु क्यों न गवारो।
मोह निद्रा में जे सूता, ते प्राणी अति बिगूता।
प्राणी विगूता बहुत ते जिनि, परम ब्रह्म विसारीयो।
भ्रमि भूलि इद्री तणै रसिनर, जनम वृथा गवाइयो।
बहुकाल जाना जोनि दुख, दीरघ सह्या छीहल कहै।
करि धर्म जिन भाषित जुगति स्यौ, त्यों मुकति पदवी लहै ॥६॥

॥ इति पथी गीत समाप्ता ॥

□ □ □

# ४. वेलि गीत

रे मन काहे कू भूलि रहे विषया बन भारी।
इह ममता मैं भूलि रहे मति कुण[1] तुहारी।
मति कुण तुहारी देखी बिचारी, अति अधिक दुख पावो।
जिण[2] इक मृग तिसना जल देखत, बहुडि न प्यास बुझावो।
गृह सरीर सपति सुत बधौ, एतै थिरि किरि जाण्या।
श्री जिणवर की सेव न कीधी, रे मन मूरिख अयाणा ॥१॥

बहु जूणी मै भ्रमता माणस जन्म जु पायौ।
है[3] देवन कू दुर्लभ सो कत वादि गवायौ।
कत वादि गवायो मुड मुडाले, काहै पाव परवालै।
काग उडावणि कारिणि कर थे, च्यतामणि काइ रालै।
इककु जिनवर सेव बिना सब भूठा, ज्यो सुपना की माया।
वृथा[4] जन्म खोय माणस को, बहु जूणी भ्रमि आया ॥२॥

उतिम धर्म्म है जीव दया, सो दिढु करि गहिए।
अरहंत ध्यानु धरिज्यो सत, सजमस्यो रहिये।
रहिये सजमस्यो परधन पर रमणी पर निंदा पर हरिये।
पर उपगार सार है प्राणी, बहुत जतन स्यौं करिये।
जब लग हस अभित काया मै, कुछ सुकृत उपावो भाइ।
अति कालि तुहि मरती बेला, हो हो धर्म्म सहाइ ॥३॥

कलि विष कोट विणासै जिनवर नाम जु लीया।
जै घट निर्मल नाही, का तपु तीरथ कीया।
का तप तीरथ कीया, जै पर दोह न छाडै।
लपट इद्री लघु मिथ्या भ्रमु, अनमु आपणो भांडै।
छीहल कहै सुणो मन बोरे, सीख सीयाणी करिये।
चितवत परम ब्रह्म कै[5] ताई, भव सायर कूं तिरिये ॥४॥

॥ इति वेलि गीत समाप्त ॥

१ कवण (ख प्रति) २ जिणु मुग (ख प्रति)
३. हय (ख प्रति) ४. वृथा न खोइ जनम माणस कउ (ख प्रति)
५ ब्रह्म स्यो रहिये जिम भव दुतर तिरिये (ख प्रति)

# ५. वैराग्य गीत

ऊदर उदक मैं दश मास रह्यौ, पडिवि वोमुखि बहु संकटु सह्यौ ।
कहु सहिउ सकटु उदर अतरि, चितवै चिंता घणी ।
ऊवरो अबकी बार जेहौ, भगति करिस्यौं जिण तणी ।
ए बोल सकट पडै बोलै, बहुडी जमि जामण भयो ।
संसार का जम भूवालि लागो, मूढ तब वीसरि गयो ।।१।।

बालक विकहु अचेत······ भखि अभखि ए कछु अतरु लहै ।
लहै ना भखि अभखि अंतरु, लाल मुखि अरिल चुवैं ।
पडइ लोटै धरणि उपरु, रोइ करि अमृत पिवइ ।
तनु मूत विष्टा रहै बोद्यौ, सुकृत ना कायौ कियौ ।
वीसरयो जिन भक्ति प्राणी, बाल पणौं यौ हा गयो ।।२।।

जोवनि मातो नर बहु दिशि भवै, परधन परतीय ऊपरि मनु रचै ।
रचैं परधनु देखि परतीय, चित्त ठाइण राखए ।
छाडै अनीफल सेव जिनकी विषय विष फल भाखए ।
काम माया मोह व्याप्यो अमत हम विसार ।
पूजइ न जिणवर स्वामि ववरो, अविरथा जोबन गालए ।।३।।

जरा बुढापा वैरी आइयौ सुधि बुधि नाठी तब पछिताइयौ ।
पछिताइयो तब सुद्धि नाठी, सयण[1] जगतु न बूझए ।
जियन कारणि करै लालच नयन जगत्त न सूझए ।
मनु[2] कहइ छीहल सुणहि रे मन भरमि भूलौ काइ फिरै ।
करि सेव जिणवर मति सेती, जो भव समुद दूतरु तिरै ।।४।।

गुटका सख्या ६५, पाटोदी का मन्दिर जयपुर ।

□□□

१ श्रवण सबद न बूझए ।
२ जन कहइ छीहल सुणो रैं नर भ्रमि भूलि काई फिरैं ।
करि भगति जिनकी कुगति स्यो स्यौ मुकति लीलइ बरौं ।।४।।

# ६. गीत

## राग सोरठा

संसार छार विकार परहरि, सुमरि श्री जिण आण ।
रे जीव जगत सुपनो जाणि ।।१।।

एक रक सारो सहर जाच्यो, सुतो द्रुम तलि आणि ।
आणिक वड भूपाल पोढ्यो, छत्र धारी सोक ।
चवासी विजणा वहालि ढोले, सेक रही कहि जोडि ।
एक आणि रभा पाव चुवं, वहो विधि आवै भेंट ।
ए ताही मैं जागि तो ठीकरो सिर हेठि ।
रे जीव जगत सुपनो जाण ।।२।।

एक बाझ कै घरि कुवर बागा, आणिक जनम्यो बाल ।
बुलाइ पण्डित बुझै जोशी होसी वह भूपाल ।
मेरो पुत्र कुमाइसी श्रिया बहुत बधी आस ।
ए ताही मैं जागि देखे तो नाखिया रानिसास ।
रे जीव जगत सुपनो जाण ।।३।।

एक निरधन जानै हुवो धनवत सो भी गभी पूरि ।
अर्थ दर्व बहुभर्या भण्डा बधु निधि बाधी आस ।
एता मे ही जागि देखे नहीं कोडी पासि ।
रे जीव जगत सुपनो जाण ।।४।।

एक मूरिख जानै हुवो पण्डित मुखा चारधो वेद ।
नाग आगम सबही सूझयो तीन भवन तन मोखि ।
एता मे ही जागि देखे तो नहीं आखिर रेव ।
रे जीव जगत सुपनो जाण ।।५।।

संसार सुपनो सबै जाण्यो जाण्या कछु न होइ ।
कहै छीहल सुमरि जीवडा जिण भज्या चलो होइ ।[1]
रे जीव जगत सुपनो जाण ।।६।।

□□□

१ पुटका संख्या ८, शास्त्र भण्डार दि० जैन मन्दिर गोधान जयपुर ।

३

# चतुरुमल

१६ वीं शताब्दि के अन्तिम चरण मे होने वाले जितने हिन्दी जैन कवि अल्प ज्ञात हैं उनमें चतुरुमल अथवा चतुरु कवि भी है। राजस्थान के जैन ग्र थागारों मे अभी तक ऐसे सैकड़ो कवि पोथियो मे बन्द हैं जिन्होने हिन्दी भाषा मे कितनी ही सुन्दर रचनाए लिखी थी और अपने युग मे प्रसिद्धि प्राप्त की थी। लेकिन समय के अन्तराल ने ऐसे कवियो को पर्दे के पीछे धकेल दिया और फिर वे सामने आ ही नही सके।

कुछ बडे कवि तो फिर भी प्रकाश मे आ गये और उनका अध्ययन होने लगा लेकिन कितने ही कवि जिन्होने लघु रचनाए लिखी, पद एव सुभाषित लिखे तथा पुराणो के आधार पर चरित व रास लिखे, बावनी व बारहमासा लिखे, ऐसे पचासो कवि अभी तक भी गुटको मे बन्द हैं और उन्होने हिन्दी की जो अमूल्य सेवाए की थी वे अभी तक हमारे से ओझल हैं।

जैन कवियो के हिन्दी मे केवल चरित एव रास सज्ञक प्रबन्ध काव्य ही नही लिखे किन्तु साहित्य के विविध रूपो मे अपनी कृतियो को प्रस्तुत करके हिन्दी के प्रचार प्रसार मे महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होने स्तोत्र, पाठ, सग्रह, कथा, रासो, रास, पूजा, मगल, जयमाल, प्रश्नोत्तरी, मत्र, अष्टक, सार, समुच्चय, वर्णन, सुभाषित, चौपई, शुभमालिका, निशाणी, जकड़ी, व्याहलो, बधावा, विनती, पत्री, आरती, बोल, चरचा, विचार, बात, गीत, लीला, चरित्र, छद, छप्पय, भावना, विनोद, काव्य, नाटक, प्रशस्ति, धमाल, चौढालिया, चौमासिया, बारामासा, बटोई, बेलि, हिंडोलणा, चूनडी, सज्झाय, बाराखडी, भक्ति, बन्दना, पच्चीसी, बत्तीसी, पचासा, बावनी, सतसई, सामायिक, सहस्रनाम, नामावली, गुरुवावली, स्तवन, सबोधन, एव मोडवो सज्ञक रचनायें निबद्ध करके अपने विशाल ज्ञान का परिचय दिया। डा० वासुदेवशरण अग्रवाल के शब्दो मे इन विविध साहित्य रूपो मे से किसका कब प्रारम्भ हुआ और किस प्रकार विकास और विस्तार हुआ यह

शोध के लिए रोचक विषय है। इन सब की बहुमूल्य सामग्री देश के जैन ग्रन्थागारों में उपलब्ध होती हैं।[1]

लेकिन साहित्य के उक्त विविध रूपों के अतिरिक्त अभी तक और भी बीसों रूप हैं जिनकी खोज एव शोध आवश्यक है। अभी हमे साहित्य का एक रूप "उरगानो" प्राप्त हुआ है। जिसके रचयिता हैं कविवर चतुरुमल अथवा चतुरु।

## कवि परिचय

चतुरुमल १६ वीं शताब्दी के अन्तिम चरण के कवि थे। यद्यपि इनकी अभी तक अधिक रचनाए उपलब्ध नही हो सकी हैं लेकिन फिर भी उपलब्ध कृतियों के आधार पर कवि श्रीमाल जाति के श्रावक थे। दि० जैन धर्मानुयायी थे तथा गोपाचल ग्वालियर के रहने वाले थे।[2] कवि के पिता का नाम असवत था।[3] अपने पिता के वे इकलौते पुत्र थे। कवि ने अपने परिचय मे लिखा है कि जन्म लेते ही उसका नाम चतुरु रख दिया गया। कवि की शिक्षा दीक्षा कहा तक हुई इसकी तो विशेष सूचना प्राप्त नही है किन्तु नेमिपुराण सबसे अधिक प्रिय था और उसी के आधार पर उसने 'नेमीश्वर का उरगानो' काव्य की रचना की थी। क्योंकि उसने अनेक पुराणो को सुना था तथा स्वाध्याय की थी लेकिन हरिवंश पुराण मे उसका सबसे अधिक आकर्षण हुआ। उस समय वहा धवल पण्डित रहते थे। वे साहसी एव धैर्यवान थे।[4] उन्ही के पास कवि ने पुराणो का अध्ययन किया था। और उसी अध्ययन के आधार पर प्रस्तुत कृति की रचना की थी।

## रचनाएँ

कवि ने हिन्दी मे कब से लिखना प्रारम्भ किया इसकी तो अभी खोज होना शेष है लेकिन सवत् १५६६ मे उसने गोपाचल गढ मे आकर के गीतों की रचना

---

१ राजस्थान के जैन शास्त्र भण्डारों की ग्रन्थ सूची—भाग चतुर्थ पृ० ४।

२ मधि देसु सुख सयल निधान, गढु गोपाचलु उत्तिम थानु ॥४४॥

३ श्रावगु सिरमलु अरु असवत निहचै जिय धर्म धरंत।
चउ चल नभवि वंवतौ, पुत्र एकु ताके घर भयौ।
जनमत नाम चतुरु तिनी लियो, जैनधर्म विहु जीवहु धरी ॥४३॥

४ सुनि पुरानु हरिवंस गम्हीर, पंडित धवलु जु साहस धरि।
तिनिसु तरया निसु रचि कियौ, कलि केवलि कौ त्रिभुवन साच ॥२॥

प्रारम्भ की थी।[1] अभी तक हमे कवि के चार गीत उपलब्ध हो सके हैं और चारों ही एक गुटके मे सग्रहीत हैं।

कवि की सबसे बडी रचना "नेमीश्वर की उरगनो" है। इस को कवि ने ग्वालियर में सवत् १५७१ मे सावबा बुदी पचमी सोमवार को समाप्त की थी। उस दिन रेवती नक्षत्र था।[2] इसमे ४५ पद्य हैं। तथा नेमिनाथ एवं राजुल के विवाह की घटना का प्रमुखत वर्णन है।

उक्त रचनाओ के अतिरिक्त कवि ने और कौन कौनसी कृतियां निबद्ध की इसका अभी पता नही चल पाया है लेकिन यदि मध्य प्रदेश के शास्त्र भण्डारो मे खोज की जावे तो सभवत कवि की और भी रचनायें उपलब्ध हो सकती हैं।

कवि ने ग्वालियर के तोमर शासक महाराजा मानसिंह के शासन का अवश्य उल्लेख किया है तथा ग्वालियर को स्वर्ण लका जैसा बतलाया है। महाराजा मानसिंह की उस समय चारों ओर कीर्ति फैली हुई थी तथा अपनी भुजाओ के बल से वह जग विख्यात हो चुका था। ग्वालियर मे उस समय जैन धर्म का प्रभाव चारो ओर व्याप्त था। श्रावकगण अपने षट्कर्मों का पालन करते थे तथा उनमे धम के प्रति अपार श्रद्धा थी।

कवि के कुछ समय पूर्व ही अपभ्र श के महाकवि रइधू हो चुके थे जिन्होने अपभ्र श में कितने ही विशालकाय काव्यो की रचना की थी। रइधू ने जिस प्रकार ग्वालियर का, वहा के श्रावको का, तोमर वशी राजाओ का वरान किया है लगता है ग्वालियर दुग का वही ठाट बाट कवि चतुरुमल के समय मे भी व्याप्त था। लेकिन चतुरु ने न रइधू का नामोल्लेख किया और न नगर के साहित्यिक वातावरण का ही परिचय दिया।

कवि के जिन रचनाओ की अब तक उपलब्धि हुई है उनका परिचय निम्न प्रकार है—

१ गीत—(ना जानो हो को को पैरे ढीलरीया कत जाई)

---

१ चतुरु श्रीमाल वासुदेव वधी। गति गारि की आइ कीयो गढ नर संवत् १५६६ को। गुटका - शास्त्र भण्डार दि० जैन मन्दिर बडा तेरहपथियो का, जयपुर। वेष्टन सख्या २४८७।

२. सवतु पन्द्रहसै वो गनै, गुन गुनुहत्तरि ता ऊपरि भवे। भादो वदि तिथि पचमी वार, सोम न खित्तु रेवती मास।

यह लघु गीत है जो पद रूप में है। जिसमें मानव को भगवान की पूजा आदि करके निर्वाण मार्ग पर बढते जाने को कहा गया है। पद की अन्तिम पंक्ति में "संसारह श्रावग कुलि साह मगई चतुश्रावगु श्रीमाल" कह कर अपना परिचय दिया है।

दूसरा गीत—इस गीत का शीर्षक है 'वाडी के गढवार की'। यह भी आध्यात्मिक पद है जिसमे दशधर्म को जीवन में उतारने तथा सातो व्यसनो को त्यागने की प्रेरणा दी गई है। पद का अन्तिम चरण इस प्रकार है—

"श्रावग सुणहु विचारु, चतुरु यो गावहिमै"

तीसरा गीत—इस गीत का शीर्षक है "आईति वावा वारी कै जईयौ" यह भी उपदेशात्मक पद है जिसमे श्रावक को मानव जीवन को सफल बनाने का अनुरोध किया गया है। कवि ने पद के अन्त मे "भनई चतुरु श्रीमाल" से अपने नाम का उल्लेख किया है।

४ क्रोध गीत—यह भी लघु गीत है जिसमे क्रोध, मान, माया और लोभ की निन्दा करके उन्हे छोडने का उपदेश दिया गया है। इसमे चार अन्तरे हैं। मान कषाय का पद निम्न प्रकार है—

मानु न कीजै ओईयरा, तिसु मानहि हो मानहि जीयरा दुख सहे।
अप्पु सराहे हो भलो, गुणि परु की हो परु की णित करई।
परु करई निंद्रा नित प्रानी, इसोइ मन गरवै खरौ।
हउ रूप चतुरु सुजानु सु वरु, ईसोय भनौ मद भरै।
अहमेव करि करि कर्म्म बधो, लाख चौरासी महि फिरै।
ईम जानि जियरा मानु परिहरि, मानु वहु दुखह करौ ।।२।।

५ नेमीश्वर का उरगानो—प्रस्तुत कृति कवि की सबसे बडी कृति है। अब तक काव्य के जितने भी नाम आये हैं उनमें 'उरगानो' संज्ञक रचना प्रथम बार प्राप्त हुई है। 'उरगानो' का अर्थ स्वय कवि ने 'गुन विस्तरौ' अर्थात् गुणो को विस्तार से कहने वाले काव्य को उरगानो कहा है। इसमे नेमिनाथ के जीवन की विवाह के लिए तोरण द्वार को छोडकर वैराग्य धारण करने की घटना का वर्णन किया गया है। उरगानो की कथा का सक्षिप्त सार निम्न प्रकार है—

मगलाचरण के पश्चात् उरगानो नारायण श्रीकृष्ण के पराक्रम की प्रशसा से प्रारम्भ होता है जिसमे कहा गया है कि द्वारिका मे ५६ कोटि यादव निवास करते थे जो सब प्रकार से सुखी एव सम्पन्न थे। नारायण श्रीकृष्ण ने जरासध पर

विजय प्राप्त करके शखनाद के साथ द्वारिका पहुचे। एक दिन पूरी राज्य सभा जुडी हुई थी। विविध खेल हो रहे थे। राजा एवं रानी दोनों ही प्रसन्न थे। उसी समय नेमिकुमार आए। सभी ने उनका आरती उतार कर स्वागत किया। नारायण श्रीकृष्ण ने सभी सभासदों को नेमिनाथ का परिचय दिया तथा कहा कि वर्तमान समय में नेमिनाथ से बढकर कोई साहसी एवं धैर्यवान है। बलभद्र ने नेमिनाथ के बारे मे और भी जानना चाहा। श्रीकृष्ण जी ने नेमिनाथ का चित्र लिया तथा राजा उग्रसेन के पास गये और उनसे नेमिनाथ के लिये राजुल को माग लिया। उन्होंने कहा कि हम सब यादव नेमिनाथ की बारत मे आयेंगे। उग्रसेन ने अत्यधिक प्रसन्न होकर राजुल से नेमिनाथ के विवाह की स्वीकृति दे दी। लेकिन साथ मे उन्होने चुपचाप ही कुछ पशुओ को एकत्रित करने के लिए कह दिया।

कुछ समय के पश्चात् नेमिनाथ बारात लेकर वहां पहुचे। उन्होंने वहा चारों ओर देखा और पशुओ को एकत्रित करने का कारण जानना चाहा। लेकिन जब उन्हे मालूम पडा कि ये सब बरातियो के लिए आये हैं तो उन्हे एकदम वैराग्य हो गया और विवाह ककण तोडकर तथा रथ को छोडकर गिरनार पर्वत पर जा चढे। नेमिनाथ के वैराग्य से राजुल के माता पिता एव परिजनो सबको दु.ख हुआ और वे विलाप करने लगे। जब राजुल को उनके वैराग्य लेने का पता चला तो वह मूर्छित हो गई। वह कभी उठती कभी बैठती और कभी चिल्लाती। वह अपने पिता के पास जाकर रुदन करने लगी। पिता ने सारा दोष श्रीकृष्ण जी पर डाल दिया। लेकिन उसने राजुल से यह भी कहा कि उसका विवाह किसी दूसरे राजकुमार से कर दिया जावेगा जो नेमि के समान ही रूपवान एव धैर्यवान होगा। तथा विद्याओ का आगार होगा। राजुल को पिता के शब्द सुनकर अत्यधिक दुख हुआ। और नेमिनाथ के अतिरिक्त दूसरे किसी से भी बात नही करने के लिए कहा।

राजुल भी नेमि के पीछे-पीछे शिखर पर जा चढी और नेमि से ही उसे छोडकर चले आने का कारण जानना चाहा। नेमिनाथ ने स्वय के लिए सयम लेने की बात कही तथा राज्य, हाथी, घोडा एव अन्य सभी परिग्रह छोडने की बात कही। लेकिन उन्होने राजुल से वापिस घर जाकर विवाह करने के लिए कहा क्योंकि तपस्वी जीवन अत्यधिक कठिन जीवन है। इसमे साथ-साथ रहना परित्याज्य है। राजुल ने नेमि को छोडकर घर लौटने से इन्कार कर दिया और कहा कि चाहे उसके प्राण ही क्यों न चले जायें वह तो उन्ही के चरणो मे रहेगी। घर जाकर क्या करेगी। इसके बाद राजुल ने दो-दो महिनो को लेकर बारह महिनों मे होने वाले ऋतु जन्य सकट का वर्णन किया तथा कहा कि ऐसे दिन में उनको छोडकर कैसे जा सकती हैं। वह तो उनही की सेवा करेगी। राजुल ने कहा सावन भादो में

तो घनघोर वर्षा होगी। बिजली चमकेगी तथा मयूर एवं पपीहा की रट लगेगी। ऐसे दिनों में वह नेमि को छोड़कर कैसे जावेगी। आसोज एव कार्तिक मास में शरद ऋतु होगी। सरोवर एव नदियों में स्वच्छ जल भरा होगा। आकाश मे चन्द्रमा भी निर्मल हो जावेगा। चारो ओर गीत एव नृत्य होगे ऐसी ऋतु मे नेमि बिना वह कैसे रह सकेगी।

मगसिर एव पोष मे खूब सर्दी पडेगी। शरीर मे काम रूपी अग्नि जलेगी। घर घर मे सभी मस्ती मे रहेगे लेकिन नेमि के बिना वह किस घर में रहेगी और उसका हृदय पत्ते के समान कपित होता रहेगा। एक ओर काली रात्रि फिर बर्फ का गिरना। लेकिन उसका मन तो पिया के बिना ही तरसता रहेगा।

अघन पुषु अति सीत अपारु, जाडौ विषु व्यापे ससारु।
काम अगिनि वहु पर जलु, घर घर सुख करै सब कोई।
तुम बिनु हमहि कहा घर होई, हिरदौ कपे पात ज्यो।
निसि अध्यारी परतु तुसारु, काम लहरि अति होइ अपार।
यहु मनु तरसै पीउ बिना, सबु ससार करै अति भोग।
राजल रटै करै पीय सोगु, नेमि कुवर जिन वन्दिहो ॥३०॥

माघ और फाल्गुण ऋतु मे तो बसन्त की बहार रहेगी। सभी बसन्त का आनन्द लेंगे। कामनिया अपने प्रियतम के साथ विलास करेंगी। वे अपने अगो मे चन्दन का लेप करेंगी तथा माथे पर तिलक भी करेंगी। घर घर वन्दनवार होगी। राजुल भी ऐसी ऋतु मे अपने पिया के साथ परिहास करना चाहती है तथा दिन मे अपने कत की सेवा करना चाहेगी।

चैत्र और वैशाख मे सभी वनस्पतियां खिल जावेंगी। नन्दन वन के सभी पुष्प भी खिले होगे। भौरे फलो का रस पीते होगे। वन में कोयल कुहु कुहु के प्रिय शब्द सुनाई देगी। विरहिणी स्त्रिया अपने प्रिय के बिना तडफती रहेगी लेकिन वह स्वय बिना नेमि के क्या करेगी।

इसी तरह जेठ और आषाढ मे गर्मी खूब पडेगी। सूर्य भी तपेगा। कुछ लोग चन्दन लगा कर शरीर को शीतल करेंगे। लू चलेगी। लेकिन उसे तो प्रिय के बिना और भी ऊष्णता सतावेगी। इसलिए वह रात्रि दिन नेमि पिया नाम की माला जप कर उनके शीतल वचनों को सुनती रहेगी।

इस प्रकार राजुल बारह महिनो के विरह दुख को नेमि के सामने रखती है और चाहती है कि विवाह न किया तो न सही किन्तु वह उनके चरणो मे रहकर

ही उनकी सेवा करती रहे । यह कह कर वह रोने लगी और उसकी आंखों से अश्रुधारा बह चली ।

नेमि ने राजुल की बात सुनी । उन्होंने कहा कि वे तो वैरागी हो गये हैं सयम धारण कर लिया है इसलिए अब राजुल की सेवा कैसे स्वीकार कर सकते हैं । इसके अतिरिक्त उन्होंने राजुल से वापिस अपने परिजनो मे लौटने की सलाह दी । जिससे वह राज्य सुख भोग सके । लेकिन राजुल कब मानने वाली थी । उसने फिर अनुनय विनय किया । रोयी और नेमि से उसे भी व्रत देने की प्रार्थना की । अन्त मे नेमिनाथ को उसकी प्रार्थना को स्वीकार करना पडा और उसे आर्यिका की दीक्षा दे दी । इसके साथ ही नेमिनाथ ने आवश्यक व्रतों को पालने का उपदेश दिया ।

इस प्रकार 'नेमीश्वर का उरगानो' एक शान्त रस प्रधान काव्य है जिसमे विरह मिलन की अद्भुत सरचना है । नेमि द्वारा तोरणद्वार पर आकर वैराग्य धारण कर लेने की इतिहास में अकेली घटना है । फिर उनसे राजुल का घर वापिस लौटने के लिए अनुनय विनय, पति के विरह में होने वाले कष्टो का वर्णन और वह भी आमने सामने । जहा एक वैरागी हो और एक नयी नवेली बनी हुई उसी की दुल्हिन । भगवान शिव को तो पार्वती की तपस्या के सामने झुकना पडा लेकिन नेमिनाथ के वैराग्य को राजुल नही डिगा सकी । उसने भी नेमि से अधिक से अधिक आग्रह किया, रोई विलाप किया, लेकिन वे कब अपने वैराग्य से वापिस लौटने वाले थे । अन्त मे राजुल का ही सयम धारण करना पडा ।

## भाषा

प्रस्तुत कृति व्रज भाषा की कृति हैं जिस पर राजस्थानी का प्रभाव है । अखारे (६), कोरि (४), औतरे (७), कन्हइ (६), जोवहि (११), मोरि (१३), तोरि (१३), होइ है (१६), तिहारे (२२) आदि शब्दो का पर्याप्त प्रयोग हुआ है । ड और ट के स्थान पर र का प्रयोग किया गया है ।

## रचना काल

प्रस्तुत कृति सवत् १५७१ की रचना है । रचना समाप्ति के दिन भादवा बुदी पचमी सोमवार था । रेवती नक्षत्र एव लगन मे चन्द्रमा था ।[1]

---

१ सवतु पन्द्रहसं दो गनौ, गुन गुनहत्तरि ता उपरि चन ।
भादौ वदि तिथि पचमी वार, सोम नखितु रेवती सार ।
लगुन भली सुभ उपजी मति, चन्द्र जन्म बलु पाइयौ ॥

## रचना स्थान

'नेमीश्वर का उरगानो' का रचना स्थान गोपाचल दुर्ग (ग्वालियर) रहा। उस समय वहा के शासक महाराजा मानसिंह थे जिनके सुशासन की कवि ने प्रशस्ति मे प्रशसा की है। महाराजा मानसिंह तोमर वशी शासक थे। वहां जैन धर्म का पूरा प्रभाव व्याप्त था तथा उसके अनुयायी देव पूजा, गुरु सेवा, स्वाध्याय, सयम, तप और दान जैसे कार्यों का प्रति दिन पालन करते थे।

## पाण्डुलिपि

उरगानो की एकमात्र पाण्डुलिपि शास्त्र भण्डार दि० जैन मन्दिर तेरह पंथियान् के एक गुटके मे सग्रहीत है। पांडुलिपि सवत् १८२""माह बुदी १४ गुरुवार के दिन समाप्त हुई थी। सवतोलेख वाला अन्तिम अक नहीं है इसलिए वह पाण्डुलिपि सवत् १८२० से १८२६ के मध्य किसी समय लिखी गयी थी। प्रतिलिपि करने वाले थे आचार्य देवेन्द्रकीर्ति थे जिन्होंने इसे अपने शिष्य के लिए लिखा था।

□ □ □

# १. नेमीश्वर को उरगानो

अथ उरगानो लिखित नेमी कुंवर को।

मंगलाचरण—

प्रथम चलन जिन स्वामी जुहारु, ज्यौं भवसायरु पावहि पारु।
लहइ मुकति दुति दुति तिरौ, पच परम गुर त्रिभुवन सारु।
सुमिरत उपजै वुधि अपारु, सारद मनाविऊ तोहि।
गुरु गोतमु मो देउ पसाउ, जो गुन गाउ जादु राइ।
उरगानो गुन विस्तरो, समद विजै सिव देवी कुवार।
जाके नाम तिरै ससारु, चतुर गति गमनु निवारियो।
राजमति तजि जीव मिलाई, चढि गिरनैरि लियौ तपु जाई
नेमि कुवरु जिन वदि हो ॥१॥

सुनि पुरानु हरिवस गम्हीरु, पडित धवलु जु साहस धीरु।
तिनि सुत रयनि जु रचि कियो, कलि केवलि जो त्रिभुवन सारु।
सुनि भाविय भव उतरै पारु, नेमि कुवर जिन वदि हो ॥२॥

नारायण श्रीकृष्ण का वर्णन—

वरनौ आदि जु होइ पसारु, जादौ कुल इतनौ व्योहारु।
जो नाराइनु अौतरे, अरु जी जानौ नेमि कुमारु।
जाके नाम तिरै ससारु, नेमि कुवरु जिन वदि हो ॥३॥

छप्पन कोरि सु जादो वीरु, रहइ द्वारिका सायर तीरु।
भोग भाइ वहु विधि रहै, राजु करै हित सो पारवारु।
वाढै हय गय अथु भडारु, नेमि कुवर जिन वदि हो ॥४॥

जीति जुरासिधु सधु वजाई, पुनि द्वारिका पऊचे जाइ।
चक्र नाराइन कर चढै, करहि वीप्रा ए मगलचार।
पच सवद वाजहि अनिवार, नेमि कुवरु जिन वदि हो ॥५॥

सभा पूरि वैठे हरि राउ, चऊधा सयनु न सुभै ठाउ।
होइ अचारे पेषनै, रानी राइ भइ मनोहारी।
नाराइन आरते उतारी, नेमि कुवर जिन वदि हो ॥६॥

नेमीश्वर का परिचय—

तब वसुदेव कहै सतभाव, यहु नेमीसुरु त्रिभुवन राउ ।
समद विजै घर औतरे, छप्नु देहु यौं ज्यौं नर नाहा ।
वाहि चरन ग्रारले कराउ, नेमि कुवर जिन वदि हो ।।७।।

तब हरि भनै सुनै बसदेउ, नेमि तिनौ तुम जानौ भेउ ।
सो कारन हम सौ कहौ, विद्या बलु या पासन ग्राहि ।
जीत्यौ कहै जुरासिधु ताहि, मैं मारौ करि जानियौ ।
तब हि कहै बलिभद्र कुमारु, मो पहि सुनौ याको व्यौहार ।
गुपित रूप गुन ग्रागरौ, नेमि कुवरु यहु गरुवो वीरु ।
या समान नहि साहस धीरु, नेमि कुवर जिन वदि हो ।।८।।

दूत का उग्रसेन के पास जाकर राजुल के विवाह का प्रस्ताव—

सुनत ग्रचभौ हरि मन भयौ, पटतरौ नेमी कुंवर कौलियो ।
तब बलु आउत देखियौ, बिलख वदन माहरी मन जाम ।
कर ही उपाउ त्रिसो ताम, दूतु तब हि तिन पाठयौ ।
उग्रसेनि धिया राजकुमारि, राजुल देवी रूप कि ग्रारि ।
देहु राइ कन्हरु भनौ, नेमि कुवरु या ब्याहै ग्राइ ।
जादौ सयल साथ समुहाइ, नेमि कुवर जिन वदि हो ।।९।।

उग्रसेनि तब हरखिय गात, परियन वोलि कही तिनि बात ।
सोज करौ वहु अति धनि, जादौं ग्रावहि स्यौ परिवार ।
कला हमारी रहै अपार, मनु नाराइन रजियो ।
वधिक बुलाइ राइ यौ कह्यौ, वन मा जीउन एकू रहै ।
तौ निग्रहु तुम सौ करौ, हिरन रौझ वहु जीव ग्रपार ।
आनहु घेरि न लावो वार, नेमि कुवर जिन वदि हो ।।१०।।

बारात—

छपन कोरि जो जादौ असमान, पहुचे उग्रसेन के थान ।
पच सवद वाजैहि धनै, छायहु सुर गगन ग्राकासु ।
सुरपति सेसु डरोहि काविलास, तीनि भुवन मन कपियौ ।
नेमि कुवर जोवहि चहु पास, जीव देखि चितु कियो उदास ।
नेमि कुवर जिन वदि हो ।।११।।

**नेमिकुमार का प्रश्न—**

नैमी भनै हरि सुनहु बिराउ, जीव कहाए बहुत अपार ।
कौन काज ए घेरियो, कारनु कवनु सुनौ बडवीर ।
बहुत चिंता मो भईय सरीर, सांचउ वयनु प्रभासियो ।

**नारायण का उत्तर—**

भनहि नाराइनु सुनहु कुवार, जो नर सोइ होइ सधार ।
बहु ज्योनार रचाइबीयो, वधिए जीउ सह लईहि काज ।
भोजन करहि तुम्हारे काज, नेमि कुवर जिन वंदि हो ।।१२।।

**नेमिकुमार का वैराग्य—**

भयो विरागी सुनत हरि वयनु, ग्रैसो व्योह करै अब कवनु ।
ककन मुकट जु परिहरे, छाडी अथ भडारु जु राजु ।
जीव सइल मुकराऊ ग्राजु, व्याहु छोडि तपु सु गह्यो ।
रथ तैं उतरि चले बन मोरि, कर ककन सब डारे टोरि ।
नेमि कुवर जिन वंदि हो ।।१३।।

जानिउ सयल ससार ग्रासारु, छाडि चाले सबु राजु भडारु ।
चित्त बैरागु जु दिढ धरो, गौ गिरनैरि सिखिरि वर वीरु ।
चौवा जोवै साहस धीरु, भुवनु खानु देखियो ।
उत्तिम ठाऊ जु ग्रामनु देहि, लोभु मानु जे दुरि करेहि ।
निहचल मनु करि सोइ रहै, पचम महाव्रत सजमु धरै ।
कष्ट सरीर बहुत विधि करै सील सुमति जिहि जिय वसी ।
नेमि कुवर जिन वंदि हो ।।१४।।

जोग जुगति सौं ध्यानु कराइ, चौ गै गमनु कि वारियो ।
मनु इन्द्र पचो निगहे, कर्म तारासु परम पदु लहै ।
नेमि कुवर जिन वंदि हो ।।१५।।

नेमि कुवर गिरनयरिहि, जादौ सयल विलखित भए ।
कन्हर मनु ग्रानद भए, उग्रसेनि दुख करहि अपारु ।
कियौ हमारो सुबु भयो ग्रासरु, नेमिकुवर जिन वंदि हौ ।।१६।।

**राजुल का विलाप—**

राजुल देवी तवि सुधि लही, दासी वात जाइ तव कही ।
नेमि सुनो गिरि सो गए सुनत वासु मुछिय जाइ ।

कौन पाप हम कीने माइ, छिन छिन मुरछि, भौ परिजाइ।
थिन थिन उठि जोवइ चहुं पास, धरीय विलषी लेइ उसास।
को मनु मेरौ धीरवै, कोनु बहोरै नेमि कुंवारु।
कोयहु जाइ करै उपगारु, नेमि कुंवर जिन वदि हौं ॥१७॥

राजुल का अपने पिता के पास जाना—

तब उठि कुंवरि पिता पहि जाहि, बात करत वे धरीय लजाइ।
नेमि सुने थिरि भौ भये, कहउ पिता तुम जानउ भेउ।
कौनु बहोरे जाबो देव, गवहु भरि चित न सहारौ।
सुनत बात सो मुरछी जाइ, व्याहु छांडि संजम लिया।
उनि बैराग कियौ किहि काज, छाडिउ छत्र संघानु राजु।
नेमि कुंवर जिन वदि हौ ॥१८॥

उग्रसेन का उत्तर—

उग्रसेनि यौ कहि विचार, यहु सबु जानै कन्हु मुरारि।
जिन ए जीव घिराईयो, देखि तिन्हहि मनु भौ बैरागी।
वोछउ कुंवरि तुम्हारो भाग, कन्हर कुरम कमाइयो।
लेन गये हम करि मनोहारि, जादौ अयल रहे पचिहारि।

दूसरे राजकुमार के साथ विवाह का प्रस्ताव—

वे दिढु संजमु लै रहे, अवहि कवरि हम करिहै काजु।
व्याहु तुम्हारा होइ है आजु, वर चौखौ ले आइ हैं।
अति सरूप सो राजकुवारु, चौदह विद्या गुनहनि धानु।
नेमि कुंवर जिन वदि हौ ॥१९॥

राजुल का उत्तर—

यहु सुनि राजुल उठी रिसाइ, ऐसौ बोलु कहै कतराइ।
व्याहु जनम औरै करो, एही जनम मो नेमि भरतारु।
उग्रसेनि सौ सवु ससारु, चढि गिरिनयरिहि जासीउ।
उनहि साथ हौं संजमु धरी, सहऊ परीसहि सेवा करौ।
कर्म कुचित सब टारिहै, अरु नित रहहु पिया के साथ।
नेमि कुंवर जिन वदि हौ ॥२०॥

राजुल की पुन चिंता करना—

मारगु जोवै करै सदेहुऊ, नेन भरै जनु भादौ मेहु ।
कत कवन गुन परिहरी, गढी होइ सो चलति तुरन्त ।
दुद्धर दुषु दियो मो कंत, तुम बिनु को मनु धीरवै ।
जगु अप्यारौ मेरे जान, अौर न देषौ तुमहि समान ।
नेमि कुवर जिन वदि हौं ।।२१।।

झूरवै कारन करै वहुतु, वर्नन जाइ तासु गुन रूपु ।
रुदनु करत मारगु गहै, तुम बिनु जन्मु जु वाह्यायो ।
पुर्व्व जन्म विछोही नारि, पाप पराचित हम किए ।
पथ अकेली चलति अनाहु, अैसो तुमहि न वुभिए नाहु ।
हमहि छाडि गिरि तुम गये, पिय बिनु सुदरि करवि काइ ।
रहै समीप तिहारै नाहु, नेमि कुवर जिन वदि हो ।।२२।।

गिरिनार पर राजुल का पहुंचना—

करति विष्षादु गई सो नारि, पहु जी जाइ सिषिरि गिरनैरि ।
चरन लागि सो वीनवै, कर जोरै सो वात कहाइ ।
दासी वर मो जानो राइ, सेवा वहु दिन दिन करौ ।

नेमिकुमार से निवेदन—

हम परिय कवन तुम काज, छाडौ व्याहु माई मो लाज ।
तुम गिरनैरिहि आइयो, दोसु कवन पीय लागो मोहि ।
सो कहि स्वामी पुछु तोहि, नेमि कुवर जिन वदि हो ।।२३।।

नेमिनाथ का उत्तर—

नेमि भनै सुनि राज कुवारि, हमि सजम लियौ चढि गिरनारि ।
राज रीति सव परिहरि, हय गय विभव छत्र धन राजु ।
परियन व्याहु नही मो काजु, जीव दया प्रतिपालिहौ ।
यहु ससारु जु साइरु भव भवनु, वहुरिउ भ्रमि भ्रमि वूडै कौनु ।
नेमि कुवर जिन वदि हौ ।।२४।।

अब तुम कुवरि वहु घर जाहु, ककन वंधौ करहु वियाहु ।
हम गौंहि नु करि वावरी, राजधिया तु अति सुकुमाल ।

भोग विलास करो तुम बाल, तपु न करि सकै सुन्दरि ।
हम जोगी वि जोगु धराइ, ध्यान जुगति सौं कष्ट सहाइ ।
हम तुम साधु न वुझिय, जाऊ कवरि हम छाडी भाय ।
करहु बहु विधि भोग विलास, नेमि कुंवरु जिन वदि हौं ।

राजुल एवं नेमिकुमार का उत्तर प्रत्युत्तर—

राजुल भनै सुनोहु जदु राइ, तुम घौं छाडि घरै हम जाइ ।
पापु कौन हम कौं परै, तुम जु कहौ हम सौ घर जान ।
जीब कह तु हौ तजौ परान, चरन कमल दिन सेई है ।
धरु करि हौ तुम नामु अधार, जिहि चढि भव जल उतरै पारु ।
नेमि कुवर जिन वदि हौं ।।२६।।

तव हि कुवर तैं उतरु दयौ, घर कौ भरु तुम्हारैं लेइ ।
वन हु अकेली तपु करौ, हम वहु कष्ट सहै चितु लाइ ।
तुम हि कुवरि सहौ कत आइ, नेमि कुवर जिन वदि हौ ।।२६।।

उग्रसेनि धिय चतुर सुजान, कुवर सुनहु यौ उत्तर ठानि ।
पास रहौ सेवा करौ, जाउ घरें हौ कैसे रहौ ।
गरुवो दुख वहु तू क्यो सहौ, खडर तु मान को हाथि है ।

बारह महिनो का विरह वर्णन, सावन भादों—

सावन भादौ वर्षा काल, नीरु अपवलु वहुत असराल ।
मेघ घटा अति नऊ नई, लहु लह वीजुरी चमकति राति ।
तव घर रयनि सह्यारे कति, परदेसी चितु बहु भरै ।
दादुर मोर रढे दिन रैनि, पपीहा पिउ पिउ करै ।
को झील करोउ महै नेत्र, तुम बिन को जिउ राषिहे कत ।
नेमि कुवर जिन वदिहौ ।।२८।।

आसोज कातिक—

कातिक क्वार सरद रितु होइ, नरि हुलासु करै सवु कोई ।
निर्मल नीर सुहावनो, णिसि निर्मल ससि अति सोहति ।
भरि जलि नैन सम्हारै कति, विरह व्यथा अति ऊपजै ।
गीत नाद सुनि अै चहु पास, हम तुम बिनु पिय घरी अनास ।
नेमि कुवर जिन वदिहौं ।।२६।।

**मंगसिर पोष —**

अघन पुषु अति सीत अपारु, जादौ विषु व्यापं ससार ।
काम अगिनि बहु पर जलु, घर घर सुख करै सब कोई ।
तुम बिनु हमहि कहा घर होइ, हिरदौ कपै पात ज्यौ ।
निसि अध्यारी परतु तुषारु, काम लहरि अति होइ अपार ।
यहु मनु तरसै पीउ विना, सवु ससार करै अति भोग ।
राजुल रटै करै पीय सोगु नेमि कुवर जिन वदिहौं ।।३०।।

**माघ फाल्गुन —**

माघ पवनु फागुन रितु होइ, रितु वसत खेलै सब कोई ।
कत सतवर कामिनी, दिन दिन रागु करै अनसरै ।
सजोग सिगारु बहुत विधि करे, फागुण फागु सुहावनी ।
सोहै सरिसु करै दिनु खेलु, गावहि गीत करे पिय मेलु ।
परि मेघुरि उडाइसी, हुंज, सवनि सिर उडई सीहु ।
चोवा चन्दन अगर कपूरु, तिलकु करै कर सुन्दरी ।
घर घर बाधे बन्धन वार, पच सबद वाजही अनि अार ।
पिय परिहसु राजुल करै, दिन दिन तुम्ह ही सह्मारै कत ।
राखि सकै को हस उडात, नेमि कुवर जिन वदिहौं ।।३१।।

**चैत्र वैशाख —**

चैतु सुहावो अरु वैशाख, वनसपती सब भई हुलासु ।
भार आठारह मोरियौ, सव फुलै नन्दन वन फूल ।
वासु सुगध भौर रस भुलि, फलहिते अमृत फल घनै ।
वन कोयल कुहु कुहु सुर करहि, गह गह मोर सुहावनै ।
बिरहिनि त्रम म्हारै कत, पिय बिनु जनमु अकारथ जत ।
रइनि निरासी क्या गमै, हमहि पिया जनि करहु निराए ।
वीसर रैनि सु म्हारी आस, नेमि कुवर जिन वदि ही ।।३२।।

**जेठ आषाढ —**

जेठु अषाढु गरम रितु होइ, घाम धरे व्यापै सब कोइ ।
तपा तपै तनु अति तपै, पेम अगिनि तन डहै सरीरु ।
लुवल वहि झर सघन परही, सीतल जतन ते सयल करही ।
श्रीखड घसि तनु मडहि, अरु वीच गरम पसी जै देहु ।

होइ बिथा अति पिय के नेहु, वाउ सरीरु सुहावानो ।
सपती अधिक पिय तुम बिनु होय, हुस उबत न राखे कोई ।
निसि वासर गुन तुम्हेरो, सीतल वचन तुम्हारे कत ।
सुनत हमहि सुखु होइ तुरन्त, नेमि कुंवर जिन बंदिहौं ।।३३।।

ए षट् रिपु को सकै सह्यारि, उपजै दुषु तुमहि सम्हारि ।
क्यौं करियहु मनु राषि है, रहि है पास तुम्हारे देव ।
करिहैं चरन कमल नित सेव, नेमि कुंवर जिन बंदिहौं ।।३४।।

जादौ राइ भनै सुनि बैन, रुदनु करहु कंत भरि जल नैन ।
हम मनु सजमु दिढु धरै, तुम अति गाढु कत करौ बहुत ।
राजु करहु वर सखिनि सजुत्त, नेमि कुंवर जिन बंदिहौं ।।३५।।

तव सुनि राजुल बिलखी होई, तुम बिनु स्वामी भैहै कोइ ।
साथ सहित सजमु धरौ, अरु श्रावक व्रत कर उरवास ।
और सबै छाडौ हम आस, कष्ट बहु बिधि हौं सही ।
करहु दया मो दे उपदेसु, ज्यो तिरिए संसारु असेसु ।
नेमि कुंवर जिन बंदिहौं ।।३६।।

यह सुनि बोलै त्रिभुवन नाथ, धर्म सनेह रहै हम पास ।
मनु निहचलु करि रायो, सुनहु कुंवरि ससारु असारु ।
भव सायरु जलु गहीर अपारु, चतुर्गति गमनु निवारियो ।
जीव छौ चौरासी जाति, सहइ बहुत दुषु अन अन भाति ।
भ्रमतनि अतु न पाइऐं, रहट माल ज्यौं यहु जीव फिरै ।
रूप अनेक बहुत विधि करै, नेमि कुंवर जिन बंदिहौं ।।३७।।

अब समिकितु धारियो दिढ चितु, मोख मुगति जो लहइ तुरन्त ।
परु परिहरि सुनि सुन्दरी, चेतनि सुन्दरी सम करहु गुन आसु ।
ध्यानु धरहु जानो दीनो तासु, मिथ्या मोहवि परिहरौ ।
पच परम गुरु जपु पाहु, जीव दया जीवहु तय राहु ।
नेमि कुंवर जिन बंदिहौं ।।३८।।

पालउ आठ मूल गुन सारु, सात बिसन तजि तिरि ससारु ।
वर अनोव्रत दिन करहु, अरु ग्यारह प्रतिमा जिय धरौ ।
त्रेपन क्रिया करि भव तिरौ, गुन अस्थान चौदह चढौ ।
ए श्रावक व्रत कीजहि सार, जिहि तै कुंवरि तिरौ ससारु ।

पच मगल धुपाइये, यहु तजि कुवरि निवारी मोहु ।
दीक्षा घरऊ मोहि व्रत देउ, नेमि कुवर जिन वदिहौं ।।३९।।

लै सजमु व्रत ध्यानु धराहि, जो परुजानि ते हारि कराइ ।
भ्रम्य गुनु गहि निर्मलो, इहि विधि कर्म दसन सो करे ।
राजल नेमी चलत नित धरै । नेलि कुवर जिन वदिहौं ।।४०।।

नेमि कुवरु राजमती नारि, दुहु संजमु लियौ चढि गिरनैरि ।
तीनि भुवन जसु मडियौ, अरु तिन उपजो केवल ग्यानु ।
सुरनि सहित सुरपति अकुल्यानु, करन महोछो आयौ इन्द्रु ।
पूजा नित सेवा कराइ, पच सवद तल रसी वजाइ ।
कलस अठोतर धरियौ आई, करि आरतो धर वुज वदियौ ।
समोसरनु स्वामी को कियौ, सुर नर केनिक आईयौ ।
गन गधर्व वीद्याधर अछि, जादौ सयलति राइ लषि ।
नेमि कुवर वदिहौ ।।४१।।

वनी इन्द्रु तवही तिनि कियौ, सुनतई नु जग मन भयौ ।
शीव निदा नदि ते भाऐ, जै जैस वदु तिहु लोकहु भए ।
जै जै सवउ तिहु लोकहु भए, पचम गति सीद्ध त सुभयौ ।
नेमि कुवर जिन वदिहौं ।।४२।।

प्रशस्ति—

श्रावगु सिरीमलु अरु जसवत, निहचै जिय धर्म धरत ।
चरु सलन भवि वदतो, पुत्र एकु ताके घर भयौ ।
जनमत नाउ चतुरु तिनि लियौ, जैन धर्म दिढु जीयहु धरो ।
नेमि चरितु ताके मन रहै, सुनि पुरानु उरगानौ कहै ।
नेमि कुवर जिन वदिहौ ।।४३।।

मधि देसु सुख सयल निधान, गढु गोपाचलु उतिम ठानु ।
एक सोवन की लका जिसि, तौंवरु राउ सवल वर वीर ।
भुववल आप जु साहस धीरु, मान सिंघु जग जानियै ।
ताके राजु सुखी सब लोगु, राज समान करहि सब भोगु ।
जैन धर्म बहु विधि चलै, श्रावग दिन जु करे षट् कर्म ।
निहचै चितु लावैहि जिन धर्म, नेमि कुवर जिन वदिहौ ।।४४ ।।

सवतु पन्द्रहसै बो गर्मे, बुन बहुहतरि ता उपरि भने ।
भादो वदि तिथि पचमी बार, सोम नषितु रेवती सार ।
सगुन भली सुभ उपजी मती, चन्द्र जस्म बलु पाइयौ ।
चवुर भने भली सयलनि दासु, गुनिय सुनत जिय करहि न हासु ।
लद्धि उपसमै बुधि हीनु, मै स्वामी को कियो बखानु ।
पठत सुनत जां उपज्यै ग्यानु, मन निहचल करि जिय धरऊ ।
राजमती जिन सजमु लियो, नेमि कुवर नेमि सयल बीनयौ ।
नेमि कुवर नेमि जिन बदिहौं ।।४५।।

।। इति नेमिसुर को उरगानो समाप्त ।।

सवत् १८२····वर्ष सव माह वदी १४ व सेरो गुरु । लीखीत श्री देवेन्द्रकीर्ति आचरज सीसज के पट्ट ।

□ □ □

# २. गीत (गारि)

## [१]

ना जानो हो को को वेरै ढीलरीया कत जाई ।।
मन चेतहु हो अमुका सवई सुणहु विचारु ।। मन ।।
चमु गति भवकत भ्रमहु, ससारु, घरु परविणु सबु भयो है जारु ।
जगतारनु जिण नामु अधारु, जीवदया विनु धरम्मु न सारु ।। मन ।।
जिनवर पूजा रचहु करि भाउ, आठ दव्व लेई पूजा साहु ।। मन ।।
पर परम गुरु जाय जपाहु, समिकतु निहचलु चितह धराहु ।। मन ।।
भवति जिलषु पचम गति जाहु, संसारह श्रावग कुलि सारु ।। मन।।
भनई चमु श्रावगु श्रीमारु, मन चेतहु हो अमुका सवई सुणहु विचार ।।

## [२]

गाडी के गडबार की पइया घर कहिगै ।। इहि भावति ।।
गनधर गोतम स्वामी, सुमिरि जिणु वदहुगै ।
भव संसारु अपारु, भविक गण ऊतरहिगै ।

चौगै गवरगु निवारि, मुकति सिरी सी जैगी।
तुम्ह लईय भविक जन लेहु, कहा भव की जैगी।
श्रावग कुलि अवतारु, वहुरि णर लीजैगै।
धर्म्म दया जग सारु, सुनिहु यैको जैगे।
दस लखिरिण जिन धम्मु, दिनहु किन कीजैगे।
सातो विसन नीवारि, कर्म्म क्यो की जैगै।
तिजि मिथ्यातु अपारु, सुमति जी धरि जैगी।
क्रोधु मान मदु लोमु न मया की जैगी।
पइ परिहरि भव दूरि कवन सुखु पावहिगै।
परमात्मा मन ध्यानु परिवि चितु लावहिगो।
जा ते तिरिहु तुरत संसारु मोख पद पावहिगै।
श्रावग सुणहु विचारु, चतुरु यो गावहिगै।।

[३]

माइ तिवा बावारी के जईयो।।
बावा वारी क्यो जइयो, भवियण वदहु करि जोरि।
जिनवर चलन जुहारी, चैं गै भमनु निवारि।
भव ससारहु तारै, सभलि जीव अजाणा।
माया मोह भुलाना, बहु मिथ्यातु भरीई।
श्रावग कुलि कत आयो, अहलै जन्मु गवायो।
ऊतिम कुलि कत अवतरीया, सात विसन मद भरिया।
मोह महा मद राच्यो, मूलगुना नउ जाणै।
ईन्द्री पाचो सुखु मानो, माई तिवा वावारी के जइयो।।
भवीयहु लाख चौरासी, बध्यो मोह की पांसि।
जिणवर चलन जुहारी, आवागमनु निवारी।
यहु त्रीय लोकु भमाई, सवै देव जुहारे।
को भव पार उतारी, जीव दया नउ पारै।
सिवपुरि गमनु निवारै, माई तिवा आवारी के जईयौ।
भोजनु राति कराई, वहु ससारु भमाही।
चौविधि दानु न दीरगै, सुधो भाउ न कीरगै।
मिथ्या मोह भुलाणा, जिनवर धम्मु न जाण्यो।
लहियो श्रावग कुलि जन्मु करि दिन जिरगवर धम्मु।
ज्यो जीय लहै सुख ठाऊ, तो घरि निहचलु भाऊ।

आत्मा ध्यानु करीजै, सहि पचम गति लीजै ।
श्रावग सुणहु विचारु, भनई चतुरु श्रीमारु ॥

## क्रोध गीत [४]

क्रोध—

क्रोध न कीजै जीवरा, कछु उपसमु हो ।
उपसमुहि पराकिए घरहि, क्रोध अगिनि जब पर जोरै ।
तब अप्पो हो अप्पो तापई परुतवै ।
परुतवै अप्पा गुननि जारैई, क्रोध हीयरा जब धरै ।
सुमति करनरण वीसरई, ईही सील सजमु सवु अविरया ।
जब सुरिस मन सचरैई, इम जानि जिवडा गहहि उपसमु ।
क्रोधु खिणमत कोई करै, क्रोध न कीजै जीवरा ॥१॥

(२)

मान—

मानु न कीजै जोईवरा ।
तिसु मानहि हो मानहि जीयरा दुखु सहै ।
अप्पु सराहै हो भलो, पुणि परु की हो परु की णित करई ।
परु करैइ निंद्रा नित प्रानी, इसोइ मन गरवै खरौ ।
हउ रूप चतुरु सुजानु सदरु ईसोप भनै मद भरै ।
अहमेव करि करि कर्म्म बधौ, लाख चौरासी महि फिरै ।
इम जानि जियरा मानु परिहरि, मानु बहु दुखह करौ ॥२॥

(३)

माया—

माया परिहरि जीवडा, जीऊ सुर्गहि हो सुहि पावइ सुख घनौ ।
माया कपटै जे चलहि ते पावहि हो पावहि दुख दालिदु घनौ ।
दुख तनोऊ दालिदु भरिऊ जीवरा, कर्म्म फेरै ऊडो लई ।
घर घरह भीतरि आनु प्रानी बयन मैरै बोलए ।
परपचु करि करि तवई परु कहु कपटु सवु माया तनौ ।
इम जानि जीवडा तिजहि माया, जीऊ सुपावई सुख घनौ ॥३॥

(४)

**लोभ—**

लोभु न कीजई जीवरा, तिसु लोभहि हो लोभहि लाग्यौ पापु घनौ ।
तिसु पापहि हो पापहि जीयडा दुखु सहेई ।
दुखु सहइ जीउयरा लोभ काहन लोभ कहुडीउ तरफरई ।
ईहु लोभ कारम जीऊ पतिगा, देखत इदियडा परई ।
सकलप विकलप भर्‍योऊ जियडा, लोमु इछइ चित धरई ।
इम भनई वँ मनि निसुनि भवियन, लोमु खिन मत कोई करँ ।।४।।

।। इति क्रोध गीत समाप्त ।।

ये सभी चारों पद शास्त्र भण्डार दि० जैन बडा मन्दिर तेरहपथियान् जयपुर के गुटके मे सग्रहीत है ।

□ □ □

४

# गारवदास

गारवदास विक्रमीय १६ वी शताब्दि के चतुर्थ पाद के कवि थे। उनके सम्बन्ध मे सर्वप्रथम मिश्रबन्धु विनोद मे एक उल्लेख मिलता है जिसमे एक पक्ति में कवि का नाम, ग्रन्थ नाम, रचना काल एव रचना स्थान का नाम दिया हुआ है। लेकिन उसमे गारवदास के स्थान पर गौरवदास तथा रचना सवत् १५८१ के स्थान पर सवत् १५८० दिया हुआ है। मिश्रबन्धु के परिचय के पश्चात् भी हिन्दी विद्वानो के लिए गारवदास अज्ञात एव उपेक्षित से रहे। सन् १९४८-४९ मे जब मैंने राजस्थान के जैन शास्त्र भण्डारों की ग्रन्थ-सूची बनाने का कार्य प्रारम्भ किया तो जयपुर के ही दि० जैन बडा मन्दिर तेरह पथियान् मे इसकी एक पाण्डुलिपि प्राप्त हुई जिसका उल्लेख ग्रन्थ-सूची के चतुर्थ भाग मे पृष्ठ सख्या १९१ के २३१३ सख्या पर किया गया। लेकिन उस समय भी कवि के महत्व को प्रकाश मे नही लाया जा सका और इसके पश्चात् भी कवि एव उनका काव्य विद्वानो से ओझल ही बने रहे।

श्री महावीर ग्रन्थ अकादमी द्वारा प्रकाश्य दूसरे पुष्प के सवत् १५६० से १६०० तक होने वाले कवियों के सम्बन्ध मे जब निर्णय लेने से पूर्व गारवदास एव उनकी रचना यशोधर चरित को देखा गया तो हिन्दी की महत्वपूर्ण कृति होने के कारण कविवर बूचराज के साथ गारवदास को भी सम्मिलित किया गया।

गारवदास हिन्दी कवि थे लेकिन वे प्राकृत एव सस्कृत के भी अच्छे विद्वान् थे। यद्यपि अभी तक उनकी एक ही काव्य कृति यशोधर चरित्र उपलब्ध हो सकी है लेकिन वही एक कृति उनकी विद्वता की परख के लिए पर्याप्त है। वैसे कवि की और भी रचनाये हो सकती हैं लेकिन जब तक उत्तर प्रदेश के प्रमुख भण्डारो की खोज पूर्ण न हो जावे तब तक इस सम्बन्ध मे कुछ नही कहा जा सकता।

## कवि परिचय

कविवर गारवदास उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे। उनका ग्राम था फफोतूपुर

(फफोंदु) जिसमे श्रावको की अच्छी बस्ती थी । वे प्रति दिन अष्ट द्रव्य से जिन पूजा करते थे । उनके पिता का नाम राम था । कवि पर सरस्वती की पूर्ण कृपा थी । इसलिए उनका वाक्य ही काव्य बन जाता था ।[1] पुराणो को सुनने में कवि को विशेष रुचि थी । एक बार कवि को नगकैलई के निवासी साहु थेघु के पास जाने का काम पडा । जब थेघु श्रावग ने गारवदास के वचनामृत का पान किया तो वह प्रसन्न हो गये और हाथ जोडकर कहने लगे कि यदि यशोधर कथा को काव्य बद्ध कर सको तो उसका जीवन सफल माना जावेगा । थेघु श्रीमन्त ने यह भी कहा कि जिस प्रकार कवि ने इस कथा को अपने गुरु से सुनी है उससे भी अधिक सुन्दर रूप से उसको वह चाहता है । कथा कवित्त बध चौपई छन्द मे होनी चाहिए । इस प्रकार प्रस्तुत काव्य रचने की प्रेरणा कवि को फफोंदु निवासी थेघु से प्राप्त हुई थी ।[2]

कवि ने यशोधर चरित्र की रचना सवत् १५८१ भादवा शुक्ला १२ बृहस्पतिवार को समाप्त की थी ।[3] रचना समाप्ति के समय कवि सम्भवत अपने आश्रयदाता के पास ही थे ।

## आश्रयदाता

उत्तर प्रदेश मे गगा और यमुना के बीच मे कैलई नाम की नगरी थी । उसको देवतागण भी सुख और शान्ति की नगरी मानते थे । वहाँ ३६ जातियाँ थी

---

१ राम सुतनु कवि गारववासु, सरसुति भई प्रसन्नी जासु ।
बसत फफोतपुर सुभ ठोर, श्रावग बहुत गुणी जहि और ।।५३२।।
वसुविह पूज जिनेस्वर एहानु, लै प्रभात दिन सुनहि पुरानु ।।५३३।।

२ थेघु सनै कवि गारववासु, निसुनि वचनु चित भयो हुलासु ।
हुँ कर जोरि भणै गुन गेहु, सफल जनम मेरो करि लेहु ।।१८।।
ललित कथा जसहर की भासि, जिम गुरु पास सुनी तुम रासि ।
जो बहु आविकविसुर भए, अरथ कठोर चरित रचनए ।।१६।।

३ सवत् पन्द्रह सै इकयासी, भादौ सुकिल श्रवण द्वादसि ।।५३३।।
सुर गुरुवारु करणु तिथि भली, पूरी कथा भई निरमली ।
जसहर कथा कही सब भासि, सिरवलौ भाव परम गुर पासि ।

जो सभी सम्पन्न थी।[1] अभयचन्द्र[2] वहां का शासक था जो अतीव सुन्दर एवं पूर्ण चन्द्रमा के समान था। प्रजा में सुख एवं शान्ति व्याप्त थी तथा किसी को कोई भी दुःख नहीं था। उस नगरी में श्रावकों की घनी बस्ती थी। उसी में पद्मावती पुरवाल जाति थी जो जैन धर्मानुयायी थी। उसी में साहू कान्हर थे और उनके सुपुत्र थे भारग साहू। वे यशस्वी श्रावक थे। उन्होंने चार गाव बसाये थे जिनके नाम थे जसरानो, गौछ, मैनपुरु और सोहारु।[3] इनके बसाने से उसकी कीर्ति चारो ओर फैल गयी। सुलतान भी उसके कार्य से प्रसन्न था। उसकी धर्म पत्नि का नाम था देवलदे।[4] उसके उदर से तीन सन्तान हुई जिनके नाम थे मेघु जनकु एवं थेघु साहू। थेघु साहू बहुत ही स्वाध्यायी श्रावक थे। एक बार थेघु साहू ने सघ सहित पार्श्वनाथ की यात्रा भी की थी और वापिस आने पर उसने नगर मे सबको भोजन कराया। कुछ समय पश्चात् उसको पुत्र रत्न की प्राप्ति भी हुई। थेघु सेठ दानशील भी थे और लोगों को भक्तिपूर्वक दान देते थे।[5] वे रात्रि को जागरण करवाते थे जिससे श्रावकों मे जिनेन्द्र भक्ति का प्रचार हो।

---

१ गग जमुन विच अंतर वेलि, सुख समूह सुरमानहि केलि।
नयरी कैलई जनु सुरपुरी, निवसै धनी छतीसौ कुरी ॥५२२॥

२ अभयचन्दु जह राउ निसकु जनु कुलु षोडस कला मयंकु।
परजा दुखी न दीसै कोइ, घर घर बधि बधाऊ होइ ॥५२३॥

३ श्रावग बहुत बसहि जहि गाम, जनु आसिकौ दीनौ सियराम।
पोमावे पुरवर सुखसील, सुर समान घर मानहि कील ॥५२४॥
सा कन्हर सुतु भारग साहु, जिनि धनुष रचि लियो जसलाहु।
जस रानौ परनु सुभ ठोरु, गौछ महापुरु दूजो औरु ॥५२५॥
मनगरु मैनपुरु अरु सौहारु, चारयौ गांव बसावन हारु।
जासु नामु पड्वा सुरितान, राज काज जान्यौ सुरिताण ॥५२६॥

४ तासु नारि देवलदे नाम, जिम ससिहर रौहिनि रतिकाम।
सोलु महातहि लीनौ पोषि, नंदन तीनि अवतरे कोषि ॥५२७॥
मेघु मेघु परसूजस रासि, जनुकु सु सूरु ससि सुक्र अकासि।
जेठौ थेघ साहु सुपहाणु, जासु नाम मै ठयो पुराणु ॥५२८॥

५ पुन्न हेतु जानै उपगारु, जिनवर भगति करावण हारु।
बहुत गोठि लै चाल्यो साथ, करी जात सिरी पारसनाथ ॥५२९॥
खरचि बहुतु धनु रावन थान, घर आयौ दियो भोयण दाण।
ताकौ पुत्र रत्नु अवतर्यौ, रयनायरु गुन बीसै भरयौ ॥५३०॥

यशोधर चरित की कथा को समस्त जैन समाज मे पर्याप्त लोकप्रियता प्राप्त है । यही कारण है कि इस कथा पर आधारित चरित्र, चरित, रास एव चौपई आदि सज्ञक काव्य कितने ही जैन कवियों ने निबद्ध किये हैं तथा हिन्दी एवं राजस्थानी भाषा मे ही नही किन्तु प्राकृत, अपभ्र श एव सस्कृत मे भी यशोधर के जीवन पर कितने ही काव्य मिलते हैं ।

यशोधर के जीवन से सम्बन्धित स्वतन्त्र रचना का उल्लेख सर्वप्रथम आचार्य उद्योतन सूरि (७७६ ई०) ने अपनी कुवलय माला कहा मे प्रभजन कवि के किसी यशोधर चरित का उल्लेख किया है । लेकिन उक्त कृति अभी तक अनुपलब्ध है । इसके पश्चात् महाकवि हरिषेण ने अपने बृहत्कथाकोष (६३२ ई०) मे यशोधर के जीवन से सम्बन्धित एक स्वतन्त्र आख्यान लिखा है इसलिए अभी तक उपलब्ध रचनाओ मे हम इसे यशोधर के जीवन पर आधारित प्रथम आख्यान मान सकते हैं । लेकिन १० वी ११ वी शताब्दि के साथ ही यशोधर के आख्यान ने जैन समाज मे बहुत ही लोकप्रियता प्राप्त की और एक के पश्चात् दूसरे कवि ने इस पर अपनी लेखनी चलाकर उसे और भी लोकप्रिय बनाने मे पूर्ण योग दिया ।

राजस्थान के जैन भण्डारो मे यशोधर के जीवन पर आधारित निबद्ध कितने ही काव्य उपलब्ध होते है । इन काव्यो के नाम निम्न प्रकार हैं—

**अपभ्र श**

| | | | |
|---|---|---|---|
| १ | जसहरचरिउ | महाकवि पुष्पदन्त | १० वी शताब्दि |
| २ | ,, | ,, रइधू | १५ वी शताब्दि |

**सस्कृत**

| | | | |
|---|---|---|---|
| ३ | यशस्तिलक चम्पू | आ० सोमदेव सूरि | सवत् १०१६ |
| ४ | यशोधर चरित्र | वादिराज | ११ वी शताब्दि |
| ५ | यशोधर चरित्र | भट्टारक सकलकीर्ति | १५ वी शताब्दि |
| ६ | ,, | आचार्य सोमकीर्ति | सवत् १५३६ |
| ७ | यशोधर कथा | भट्टारक विजयकीर्ति | १५ वी शताब्दि |
| ८ | यशोधर चरित्र | वासवसेन | — |
| ९ | ,, | पद्मनाभ कायस्थ | — |
| १० | ,, | पद्मराज | — |
| ११ | ,, | पूर्णदेव | — |
| १२ | ,, | ज्ञानकीर्ति | स० १६५६ |

| | | | |
|---|---|---|---|
| १३. | यशोधर चरित्र | श्रुतसागर | १६ वीं शताब्दि |
| १४. | ,, | क्षमाकल्याण | स० १८३९ |

## हिन्दी राजस्थानी

| | | | |
|---|---|---|---|
| १५ | यशोधर रास | ब्रह्म जिनदास | १६वीं श० (प्रथम चरण) |
| १६ | ,, | भट्टारक सोमकीर्ति | ,, (चतुर्थ चरण) |
| १७ | यशोधर चरित | देवेन्द्र | सं० १६८३ |
| १८ | ,, | परिहानन्द | स० १६७० |
| १९ | यशोधर रास | जिनहर्ष | स० १७४७ |
| २० | यशोधर चौपई | खुशालचन्द | स० १७८१ |
| २१ | ,, | अजयराज | स० १७९२ |
| २२ | यशोधर रास | लोहट | १८ वीं शताब्दि |
| २३ | यशोधर चरित्र | मनसुखसागर | स० १८७८ |
| २४ | यशोधर रास | सोमदत्त सूरि | — |
| २५ | ,, | पन्नालाल | स० १९३२ |

इस प्रकार यशोधर के जीवन से सम्बन्धित राजस्थान के जैन ग्रन्थागारों में २५ कृतिया प्राप्त हो चुकी है और अभी और भी कृतिया मिलने की सम्भावना है।

उक्त सूची के आधार पर यह कहा जा सकता है कि गारवदास द्वारा यशोधर की कथा को काव्य रूप देने के पूर्व महाकवि पुष्पदन्त एव रइधू ने अपभ्र श मे, आचार्य सोमदेव सूरि, वादिराज, भट्टारक सकलकीर्ति, भट्टारक सोमकीर्ति एव विजयकीर्ति ने सस्कृत मे तथा ब्रह्म जिनदास, भट्टारक सोमकीर्ति ने राजस्थानी भाषा मे यशोधर के जीवन पर काव्य कृतियां निबद्ध की हैं। यद्यपि कवि गारवदास ने वादिराज के यशोधर चरित्र को अपने काव्य का मुख्य आधार बनाया था लेकिन उसने यशोधर से सम्बन्धित रचनाओ को भी अवश्य देखा होगा लेकिन स्वय कवि ने इसका कोई उल्लेख नही किया है।

गारवदास का यशोधर चरित ५३७ छन्दों का काव्य है। वह न सर्गों मे विभक्त है और न सन्धियो मे। प्रारम्भ से अन्त तक कथा बिना किसी विराम के धारा प्रवाह चलती है और समाप्त होने पर ही विराम लेती है। इससे पता चलता है कि अधिकाश जैन कवियों ने काव्य रचना की जो शैली अपनायी थी उसका गारवदास ने भी अनुसरण किया प्रस्तुत कृति यद्यपि हिन्दी भाषा की कृति है लेकिन कवि ने उसमें बीच-बीच मे सस्कृत के श्लोको एव प्राकृत गाथाओ का प्रयोग

करके न केवल अपनी भाषा विद्वता का परिचय दिया है लेकिन काव्य अध्ययन में थकने वाले पाठकों के लिए विराम तथा संस्कृत प्राकृत भाषा भाषी पाठको के लिए नयी सामग्री उपस्थित की है। १६ वीं शताब्दि मे यह भी एक काव्य रचना की पद्धति थी। भट्टारक ज्ञानभूषण (सवत् १५६०) ने भी 'आदीश्वर फाग' में इसी शैली की रचना की है जो गारवदास के ही समकालीन कवि थे।

यशोधर चरित की कथा का सार निम्न प्रकार है—

जम्बू द्वीप के भरतक्षेत्र मे राजगृही नगरी थी। जो सुन्दरता तथा वन उपवन एव महलो की दृष्टि से प्रसिद्ध थी। वहा के राजा का नाम मारिदत्त था। राजा मारिदत्त की युवावस्था थी इसलिए उसकी सुन्दरता देखती ही बनती थी। कला एव सगीत क वह प्रेमी था। एक दिन एक भस्म लगाया हुए योगी उसके नगर मे आया। योगी के बडी-बड़ी जटायें थी तथा वह भग के नशे मे धुत्त हो रहा था। गौरवर्ण था। उसका नाम था भैरवानन्द। नगर मे जब भैरवानन्द की तान्त्रिक एव मान्त्रिक की दृष्टि से चारो ओर प्रशसा होने लगी तो राजा ने भी उसे अपने महल मे मिलने के लिए बुला लिया। भैरवानन्द के महल मे आने पर राजा ने उसका विनय पूर्वक सम्मान किया। राजा की भक्ति से वह बहुत प्रसन्न हुआ और कोई भी इष्ट वस्तु मागने के लिए कहा। राजा ने अमर होने, एक छत्र राज्य चलाने तथा विमान मे चलने की इच्छा प्रकट की। भैरवानन्द ने राजा की प्रार्थना को पूर्ण करने का आश्वासन दिया लेकिन उसने चडमारि देवी के मन्दिर मे बलिदान के लिए सभी प्रकार के जीवो को लाने तथा एक मानव युगल का भी बलिदान करने के लिए कहा। राजा तो विद्या के लिए अन्धा हो चुका था इसलिए उसने तत्काल अपने अनुचरो को आदेश पालने के लिए कहा। उसके सेवक चारो ओर दौड गये तथा सभी प्रकार के पशु पक्षियो को लाकर उपस्थित कर दिया। लेकिन मानव युगल खोजने पर भी नही मिला।

कुछ ही समय पश्चात् वन मे अनेक मुनियो के साथ सुदत्त मुनि का आगमन हुआ। वह वन खिल उठा। चारो ओर पुष्पो पर भ्रमर गुञ्जार करने लगे एव कोयल कुहु कुहु करने लगी। मुनि ने उसी वन मे ठहरने का विचार कर लिया। लेकिन वह वन गधर्वों का भी निवास स्थान था जहां वे केलि किया करते थे इसलिए सुदत्ताचार्य को वह वन समाधि के उपयुक्त नही लगा। वह अपने सघ सहित श्मशान भूमि पर चले गये। आचार्य ने एक युवा मुनि एव साध्वी को नगर में आहार के लिए जाने को कहा। वे दोनो भाई बहिन थे। दोनो अत्यधिक कमनीय शरीर के थे तथा बत्तीस लक्षणो वाले थे। इतने मे ही राजा के सेवको की दृष्टि

उन दोनों पर पड़ी। उनकी प्रसन्नता का ठिकाना नहीं रहा और वे दोनों को चण्डमारि देवी के मन्दिर में ले गये।

मन्दिर का दृश्य विकराल था। चारों ओर पशु पक्षियो की मुण्डियां, अस्थियां एवं उनका रक्त बिखरा हुआ था। भयकर दुर्गन्ध से वातावरण अत्यधिक भयानक था। भाई ने बहिन को शरीर से मोह छोड़ने तथा आत्म स्थित होने के लिए समझाया। साथ ही मे साधु सस्था के महत्व को भी समझाया। जब राजा ने अत्यधिक सुन्दर उस मानव युगल को देखा तो वह भी उनके रूप लावण्य को देखकर आश्चर्य करने लगा। उसने उन दोनों से दीक्षा लेने का कारण जानना चाहा तथा बाल्यावस्था मे ही तपस्वी बनने का कारण पूछा। राजा का वचन सुनकर अभयकुमार ने हँसकर निम्न प्रकार अपनी जीवन गाथा कही—

अवन्ती देश की उज्जयिनी राजधानी थी। वह नगर स्वर्ग के समान सुन्दर था। चारो ओर फलो से लदे वृक्ष तथा मन्दिर एव महलो से युक्त थी। वहां के नागरिक भी देवता के समान थे। नगर मे सभी जातिया रहती थी। वहा के राजा का नाम यशोधु था तथा चन्द्रमती उसकी रानी थी। वह शरीर से कोमल तथा गजगामिनि थी। न्यायपूर्वक शासन करते हुए जब उन्हे बहुत दिन बीत गए तो उन्हे एक पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई जिसका नाम यशोधर रखा गया। बालक बड़ा सुन्दर एव होनहार लगता था। आठ वर्ष का होने पर उसे चटशाला मे पढने भेजा गया। विद्यालय जाने के उपलक्ष मे लड्डू बाटे गये तथा गणेश एव सरस्वती की पूजा की गयी। यशोधर ने थोड़े ही दिनो में तर्कशास्त्र, व्याकरण शास्त्र, पुराण आदि ग्रन्थ तथा अश्व, हाथी आदि वाहनो की सवारी सीख ली। पढ़ लिखकर वह पुन माता-पिता के पास गया। इससे दोनो बड़े आनन्दित हुए। यशोधर का विवाह कर दिया गया। एक दिन राजा यशोधु सभा मे विराजमान थे कि उन्होने अपने सिर मे एक श्वेत केश देख लिया इससे उन्हे वैराग्य हो गया और अपना राज्य कार्य यशोधर को सौपकर स्वय तपस्वी बनने के लिए वन मे चल दिये।

यशोधर बड़ी कुशलता पूर्वक राज्य कार्य करने लगा। उसकी महारानी का नाम अमृता था जो देवी के समान थी। कुछ काल उपरान्त एक कुमार उत्पन्न हुआ जिसका नाम यशोमती रखा गया। यशोधर ने अपने राजकुमार को शासन का भार सौंप स्वय अपनी रानी अमृता के साथ आनन्द से रहने लगा। यशोधर को अमृता के बिना कुछ भी अच्छा नहीं लगता था। अमृता के महल के नीचे ही एक कुबड़ा रहता था जो दुर्गन्धयुक्त शरीर वाला, अत्यधिक विरूप था लेकिन वह संगीत का बहुत ही जानकार था। रानी ने जब उसका सगीत सुना तो वह उस पर

आसक्त हो गयी और उसके बिना अपना जीवन व्यर्थ समझने लगी। अर्ध रात्रि को जब राजा यशोधर उसके पास सो रहा था तो वह उसको सोता हुआ छोड़कर अपनी एक सेविका के साथ उस कुबड़े के पास चल दी। कवि ने रानी अमृता एव दासी की बहुत ही सुन्दर वार्ता प्रस्तुत की है साथ मे सगीत विद्या का भी राग रागनियो के साथ अच्छा वर्णन किया है।

जाती हुई रानी के नुपुर की आवाज सुनकर राजा को चेत हो गया। जब उसने रानी को अर्ध रात्रि मे कहीं जाते हुए देखा तो एक बार तो उसे अपनी आखो पर विश्वास नही हुआ। लेकिन उसे पलग पर नहीं पाकर वह भी हाथ में तलवार लेकर रानी के पीछे-पीछे दवे पाव से चल दिया। रानी ने कुबडे को जाकर जगाया और उसके चरणो को छुआ। कुबडे ने उसे गारी निकाली फिर भी रानी एव उसकी दासी हँसती रही और उसकी मनुहार करती रही। रानी ने उस कुबडे के गले लग कर कहा कि वह उसके बिना नही रह सकती। लेकिन वे दोनो ऐसे लगे जैसे हस के साथ कौवा। रानी ने कूबडे के पाव दबाये तथा सभी तरह से उसकी सेवा की। यह देखकर राजा से नही रहा गया और उसने तलवार निकाल ली। लेकिन उसने विचार किया कि स्त्रियो पर तलवार चलाना कायरता कहलाती है तथा कुबडा जो दिन भर झूठन खाकर पेट भरता रहता है उसे मारने से तो उल्टा उसे अपयश ही हाथ लगेगा। यह सोचकर राजा ने तलवार वापिस रख ली।

वहां से राजा यशोधर अपने हृदय को बज्र के समान करके पालकी मे बैठ कर चित्रशाला चला गया। रानी तो काम विह्वला थी इसलिये कूबडे के साथ काम क्रीडा करके वापिस महलों में आ गयी। अब वह राजा को जहरीली नागिन के समान लगने लगी। जिसके साथ क्रीडा करने मे राजा आनन्द की अनुभूति करता था वह अब विषवेलि लगने लगी। राजा को रानी की लीला देखकर जगत् से उदासीनता हो गयी। प्रातःकाल हुआ। उसकी माता चन्द्रमती भगवान की पूजा करके हाथ मे आसिका लेकर राजा के पास आयी। राजा द्वारा माता के चरण छूने पर उसने आशीर्वाद दिया। राजा ने अपनी माता से कहा कि उसने आज रात्रि को जैसा सपना देखा है उससे लगता है उसके राज्य का शीघ्र विनाश होने वाला है। इसलिए उसके वैराग्य धारण करने का भाव है। लेकिन माता ने कहा कि तपस्वी बनना कायरता है। जो राजा स्वप्न से ही डरता है वह युद्ध भूमि मे कैसे जा सकता है। इसलिए राजकाज करते हुए ही देवी देवताओ को बलि चढ़ा कर उनको प्रसन्न कर लेना चाहिए जिससे सारे विघ्न दूर हो सकें। नगर के बाहर कचाइण देवी है उसको बलि चढ़ाने से सब विघ्न दूर हो सकते हैं। लेकिन

राजा ने ऐसे किसी भी कार्य को करने का प्रतिवाद किया और हिंसा से कभी शान्ति नही मिल सकती, ऐसा अपना मन्तव्य प्रकट किया।

जीव घात जो उपजै धम्मु, तौ को अवरु पाप को कम्मु।
जे ते लख चौरासी खाणि, ते सब कुटमु माइ तू जाणि।।

रानी चन्द्रमती के विशेष आग्रह पर राजा यशोधर देवी के मन्दिर में गया और यह भाव रखते हुए कि वह मानों जीवित कुकुट है, आटे के कुकुट की रचना करवाकर उसी का देवी के आगे बलिदान कर दिया। इससे राजा को जीव हिंसा का दोष तो लग ही गया। देवी के मन्दिर मे से राजा अपने महल में आया और अपना सम्पूर्ण राजपाट अपने लडके को देकर स्वय वन मे तपस्या करने के लिए जाने का निश्चय किया। राजा मारदत्त ने जब यह कथा सुनी तो उसने भी कर्मगति की विचित्रता पर आश्चर्य प्रकट किया।

जब रानी अमृता ने यशोधर के तप लेने की बात सुनी तो वह भविष्य की आशका के भय से डरने लगी। इसलिए वह भी राजा के पास गयी और उसी के साथ दीक्षा लेने की बात कही। राजा ने पहले तो उसके वचनो पर विश्वास ही नही किया लेकिन रानी राजा को मनाने मे सफल हो गयी और उसने साथ-साथ तप लेने की स्वीकृति प्रदान कर दी।

बालम बिनु किम भामिनी, किम भामिनी बिनु गेहु।
दान विहीनौ जेम घरु, सील विहीनो देहु ।।२८८।।

राजा की स्वीकृति पाकर रानी वापिस अपने महल मे चली गई। वहा वह अपने भोजनशाला मे गयी। उसने बहुत से विषयुक्त लड्डू बनाये और उनमे से कुछ लड्डू लेकर वह वन मे गयी जहां राजा यशोधर एव चन्द्रमती बैठे हुए थे। अमृता ने दोनो को विषयुक्त लड्डू खिला दिये। लड्डू खाने के बाद पहिले चन्द्रमती मर गयी और थोडी देर बाद राजा भी वैद्य-वैद्य करता हुआ तडफने लगा। रानी अमृता को इससे बहुत डर लगा और उसने केश मु डाकर साध्वी का भेष धारण कर लिया और अपने पति को घसीट कर मार दिया। फिर वह जोर-जोर से रोने लगी। रानी का रोना सुनकर उसका लडका वहां आया और पिता को मरा हुआ देखकर मुंह फाडकर चिल्लाने लगा, साथ ही मे दूसरे लोग भी रोने लगे तथा रानी को सान्त्वना देने लगे। उन्होने ससार का विविध स्वरूप बताया और सन्तोष धारण करने की प्रार्थना की। सब लोग राजा यशोधर एव चन्द्रमती को श्मशान ले गये और उनका दाह सस्कार किया। यहीं से यशोधर एव रानी चन्द्रमती के भवो का वर्णन प्रारम्भ होता है।

राजा यशोधर मर कर उज्जैनी मे ही मोर हुआ और चन्द्रमती श्वान हुई। श्वान का अन्य जीवों के साथ स्नेह हो गया और वह मन्दिर के बाहर रहने लगा। एक दिन एक शिकारी बहुत से पक्षियो को पकड़ कर वहा लाया। उनमे एक मोर बहुत ही सुन्दर था। शिकारी ने उसको मन्दिर मे छोड दिया। वहा वह बहुत ही कौतुक दिखाने लगा। वह कभी कभी वहा नाचता रहता था। एक दिन घनघोर पावस का दिन था। मोर मन्दिर के शिखर पर चढ़ गया उसको वहां पूर्व भव का स्मरण हो आया। वह सब लोगो को जान गया। उसने अपनी चित्रशालाएँ देखी। अपनी नीली गर्दन को देखकर दुःख हुआ तो अपने आप अपनी चोच से घाव करके मर गया। चन्द्रमती मर कर कुत्ता हुई जिसको शिकारी ने महाराज को भेंट मे दिया। वह कुत्ता जो माता का जीव था, उसने मोर की गर्दन पकड कर मार डाला। उस समय राजा जो चौपड खेल रहा था, उसे छुडाने के लिए दौडा लेकिन कुत्ते ने उसे नहीं छोडा। राजा ने कुत्ते को मार डाला। इस प्रकार दोनो ने साथ ही प्राण त्यागे। श्वान मर कर फिर मोर हो गया और वह कुत्ता मर कर कृष्ण सर्प हुआ। मयूर एव सर्प मे स्वाभाविक बैर होता है इसलिए उसने देखते ही सर्प का काम तमाम कर दिया। इनके पश्चात् मोर मर कर बडी मछली हुआ तथा उस सर्प ने मगर की योनि प्राप्त की। उज्जैनी मे एक दिन एक सुन्दरी स्नान के लिए आयी, जब वह स्नान मे तल्लीन थी उस मगर ने उसे निगल लिया। तत्काल धीवर को बुलाया गया और उसने जाल डालकर उस मगर को पकड लिया तथा उसे लाठियो, घूसो एव लातो से मार दिया। उसके बाद वह मर कर बकरी हो गयी। कुछ दिनो बाद मछली भी पकड मे आ गयी। मरने के बाद वह भी पुन बकरा बन गयी।

एक दिन जब बकरा एव बकरी स्नेहासिक्त थे तब उनके मालिक द्वारा वह बकरा लाठियो से मार दिया गया। लेकिन उसने पुन बकरे के रूप मे जन्म लिया। कुछ समय बाद बकरी एक टाग काट दी गयी और धीरे धीरे वह मृत्यु को प्राप्त हुई। फिर वह मर कर भैंसा हो गयी। और उसके पश्चात् दोनो का जीव मृत्यु को प्राप्त कर मुर्गा मुर्गी के रूप मे पैदा हुआ। एक दिन राजा को मुर्गा मुर्गी की लडाई देखने की इच्छा हुई लेकिन वह उनकी सुन्दरता से इतना प्रभावित हुआ कि उसने उन्हे वन मे छोड देने का आदेश दिया। वही पर जैन मुनि सुदत्त का आगमन हुआ। रानी ने उनसे धर्म कथा का श्रवण किया। सुदत्ताचार्य ने अहिंसा को जीवन मे उतारने पर बल दिया। साथ ही मे उसने यशोधर एव चन्द्रमती की कथा कही जिन्होंने आटे का मुर्गा मारने से सात जन्मों तक अनेक कष्ट सहे। राजा यशोमति ने एक दिन दोनो मुर्गा मुर्गी को मार डाला। लेकिन उन दोनों का जीव ही रानी के गर्भ में कुमार एव कुमारी के रूप मे अवतरित हुए। राजकुमार का नाम अभयरुचि

एवं राजकुमारी का नाम अभयमति रखा गया। राजा यशोमति ने जब सुदत्त को वन में तपस्या करते हुए देखा तो वह क्रोधित होकर उन्हें मारने को तैयार हुआ। लेकिन गोवर्द्धन सेठ ने राजा से मुनियों को न मारने की प्रार्थना की तथा उनकी महिमा के सम्बन्ध में राजा को बतलाया।

अभयरुचि एव अभयमति को अपने पूर्व भव की बात सुन वैराग्य हो गया। और उन दोनो ने सुदत्ताचार्य के पास जाकर मुनि दीक्षा धारण करने की प्रार्थना की लेकिन सुदत्ताचार्य ने दोनो की बाल अवस्था देखकर निम्न प्रकार से कहा—

तुम दोऊ बालक सुकुमाल, कोमल जिसे पऊके नाल।
पच महाव्रत दूसह खरे, ते तुम पासि जाहि किम धरे ॥४६६॥

दोनो ने गुरु के वचन सुनकर अणुव्रत धारण कर लिये तथा कपड़े उतार क्षुल्लक क्षुल्लिका की दीक्षा ले ली। उन दोनो ने राजा मारिदत्त से कहा कि सयोग-वश हम तुम्हारी नगरी मे आहार के लिए आ रहे थे कि तुम्हारे सेवको ने हमे पकड लिया और यहां ले आए। राजा मारिदत्त यशोधर के पूर्व भवो की कथा को सुनकर भयभीत हो गया तथा दोनो के पावो मे पड गया। उधर सुदत्ताचार्य ने अपने ज्ञान से अभयकुमार की बात जानकर तत्काल देवी के मन्दिर मे आ गये। राजा मारिदत्त आचार्य श्री को देखकर उनके पांवो मे पड गया। उसने देवी के मन्दिर को पूर्णत स्वच्छ करा दिया। उसने विनय पूर्वक अपने तथा दूसरों के पूर्व भवो के बारे मे पूछा। राजा मारिदत्त ने जब अपने पूर्व भवो के बारे मे जाना तो उसे वैराग्य हो गया। उसने पच मुष्ठि केश लोंच करके मुनि दीक्षा ले ली। भैरवानन्द जोगी भी उनके पांवो मे गिर गया, सब पाखण्ड भाव छोड दिये और मुनि दीक्षा देने के लिए निवेदन किया। सुदत्ताचार्य ने कहा कि उसकी आयु केवल २२ दिन है। जोगी ने यह जानकर कठोर तप साधना की और मरकर दूसरे स्वर्ग मे जन्म लिया। अभयरुचि एव अभयमति मर कर प्रथम स्वर्ग मे गये। इसी तरह मारिदत्त एव सेठ भी तपस्या के बाद स्वर्ग मे देव हुआ। आचार्य सुदत्त सम्मेद शिखर पर तपस्या करते हुए सातवें स्वर्ग में उत्पन्न हुए।

## काव्य की विशेषताएँ

इस प्रकार यशोधर चौपई की कथा पूर्णत रोचक एवं धाराप्रवाह मे निबद्ध है। चौपई हिन्दी साहित्य की एक अनुपम कृति है जिसके सभी वर्णन अत्यधिक सरस एव सुन्दर हैं। कवि घटनाओ के वर्णन के साथ-साथ व्यक्ति विशेष एव स्थान विशेष का जब चित्रण करता है तो उनको भी सुन्दर एव रुचिकर शब्दो मे प्रस्तुत करता है। एक ओर वह स्थान विशेष की सुन्दरता के वर्णन करने मे सक्षम है तो

उसी के विकृत वर्णन मे भी वह अपनी योग्यता प्रस्तुत करता है। जहां एक ओर वह प्रकृति वर्णन मे पाठको का मन मोहता है तो दूसरी ओर घटना विशेष का वर्णन करके पाठकों के हृदय को द्रवित कर बैठता है।

कथा के एक प्रमुख पात्र है भैरवानन्द जिनके कारण ही सारा कथा स्रोत बहता है। उसी भैरवानन्द का जब कवि वर्णन करने लगता है तो वह स्वय भैरवानन्द बनकर लिखने लगता है। उसकी दीर्घ जटाएँ हैं। शरीर पर भस्म रमा रखी है तथा कानो मे मुद्रिका पहिन रखी है। भग चढा रखी है जिससे आखे एव मुख लाल प्रतीत होता है। रग से वह गोरे हैं और पूर्णिमा के चन्द्रमा के समान सुन्दर लगते हैं।

भस्म चढाई मुद्राकान, अनही बूझै कहै कहान।
दीरघ जटा चढाए भग, नयन घुलावै वदन रग।
गोर वरण मनो पून्यो चदु, प्रगट्यो नाम भैरवानन्दु ॥३१॥

कवि श्मशान का वर्णन करने मे और भी चतुरता प्रकट करता है। मुनि अपने सघ के साथ श्मशान मे जाकर विराजते है। एक ओर श्मशान की भयानकता तो दूसरी ओर निर्ग्रन्थ मुनियो का वहीं ध्यानस्थ होना—कितना उत्तम सयोग है— श्मशान का वर्णन करते हुए कवि लिखता है—

सग सहित मुनि गयो मसान, मरे लोग डहिहि जहि थान।
मुड रुड दीसहि बहु परो, कृमि कीला लवि गधि घृण भरे ॥६०॥
जबुक स्वान गधि अरु काग, व्यतर भूत खपरिहा लाग।
डाइनि पिवहि रुधिरु भरि चुरू, सूकै तरु वरि वासै उरू ॥६१॥
चिता बहुत पजलहि चौ पास, धूमानलु भमि रह्यो अकास।
नयननु देखत फटै हियो, वैवस भवनु जनकु विहि कियो ॥६२॥

इसी तरह कवि के देवी के वर्णन में वीभत्स रस के दर्शन होते है। उसके हाथ में त्रिसूल है तथा वह सिंह पर आरुढ है। गले मे मुड माला पहिने हुए है तथा उसकी जीभ बाहर निकले हुए है। आखे लाल हो रही हैं। ऐसा लगता है मानो अग्नि की ज्वाला उसके शरीर से ही निकल रही हो। उस देवी का पूरा शरीर ही रुधिर से सना हुआ था तथा पूरे शरीर मे सप डोल रहे थे।

ऐसे भयानक स्थान पर भी जब साधु आते हैं तो उन्हे देखकर सभी नत-मस्तक हो जाते हैं। राजा मारिदत्त ने जब अभयरुचि और अभयमति को वहां देखा तो वह उनकी सुन्दरता पर मुग्ध हो गया—

को हरिहर सकरु धरणींसु, के दीसे विद्याधर मैसु ।
अरु सरूपका एह कुमारि, सुरि नरि किन्नरि को उनहारि ।।६८।।
यह रभा कि पुरदरि सची, रौहिनि रूप कवन विहि रचि ।
सीता तारकि मदोदरी, को दमयन्ती जोवन भरी ।।६६।।

प्रस्तुत काव्य मे कितने ही ऐसे प्रसग हैं जिनसे तत्कालीन सामाजिक एवं आर्थिक दशा का भी पता चलता है । उस समय जब बालक आठ वर्ष का हो जाता था तो उसे पढने के लिए चटशाला मे भेज दिया करते थे । राजा यशोधर को भी उसी तरह पाठशाला भेजा गया था । गुरु के पास पढने जाने पर घी गुड के लड्डू बना कर बाटा करते थे तथा सरस्वती की विनयपूर्वक पूजा की जाती थी—

पढन हेत सौप्यौ चटसार, घिय गुरा लाडू किये कसार ।
पूजि विनायगु जिन सरस्वती जासु पसाइ होइ बहुमती ।।१३१।।
भाउ भक्ति गुरु तनी पयासि, पाटी लिखलीनी ता पासि ।
पढ्यो तरकु व्याकरण पुराण, हय गय वाहन आवध ठान ।।१३२।।

राजा वृद्धावस्था आते ही अपना राज्य अपने पुत्र को देकर स्वय आत्मा साधना मे लीन हो जाते थे । महाराजा यशोधर के पिता ने भी जब अपना एक श्वेत केश देखा तो उन्हे वैराग्य हो गया और राज्य कार्य अपने पुत्र को सोप कर स्वय तपस्या करने वन मे चले गये ।

अवर बहुत बैठे नरनाथ, पेष्यौ मुहु दर्प्पनु लै हाथ ।
धवलौ एकु कनेपुता केसु, मन वैराग्यौ ताम नरेसु ।।१४०।।
राउ जसोधर थाप्यो राज, आपनु चल्यो परम तप काज ।
लीनो दीक्ष परम गुरु पास, तपु करि मुयो गयो सुर पास ।।१४४।।

पूरी कथा मे कितनी बार उतार-चढ़ाव आते हैं । प्रारम्भ मे भैरवानन्द के प्रवेश से नगर मे हिंसा एव बलि देने की प्रवृत्ति बढ़ती है तथा देवी देवताओं को प्रसन्न करके उनसे इच्छित वरदान मागने की प्रवृत्ति की ओर हमारी कहानी आगे बढ़ती है । यह बलि पशु पक्षी तक ही सीमित नही रहती किन्तु अपने स्वार्थपूर्ति के लिए मानव युगल की भी बलि देने मे तरस नही आता ।

लेकिन जब अभयरुचि एव अभयमति के रूप मे मानव युगल देवी के मन्दिर मे प्रवेश करते हैं तो कथा दूसरी ओर घूमने लगती है । उसका कारण बनता है राजा की उनके पूर्व जीवन को जानने की उत्सुकता । अभयरुचि बडे शान्त भाव से अपने पूर्व भवो की कहानी कहने लगते हैं । राजा यशोधर के जीवन तक

प्रस्तुत काव्य की कथा बड़े रोचक ढग से आगे बढ़ती है। पाठक बड़े धैर्य से उसे सुनते हैं। लेकिन महारानी अमिय देवी एव कोढी का प्रेमालाप उन्हें उत्सुकता एवं आश्चर्य मे डालने वाला सिद्ध होता है। नारी कहा तक गिर सकती है, धोखा दे सकती है और पति तक को विष दे सकती है, जैसी घटनाएँ एक के बाद एक घटती रहती है और पाठक आश्चर्यचकित होकर सुनता रहता है।

यशोधर एव चन्द्रमती के आगे के भवो की कहानी, उनका परस्पर का वैर विरोध ससार के स्वरूप के साथ कर्मों की विचित्रता को बतलाने वाला है। यशोधर एव चन्द्रमती सात भवों तक एक दूसरे के प्राणो को लेने वाले बनते हैं। उनके सात भवो की कहानी को पाठक मानो श्वास रोककर सुनता है और जब उसे अभयरुचि एव अभयमति के रूप मे पाता है तो उसे कुछ आश्वस्त होने का अवसर मिलता है। राजा मारिदत्त कभी भय विह्वल होता है तो कभी भयाक्रान्त होकर सभा स्थल से ही भागने का प्रयास करता है क्योकि उसे ऐसा लगता है कि मानो वह उसी के जीवन की कहानी हो।

काव्य का अन्त सुखान्त है। सैकडो जीवो की बलि करने वाला स्वय भैरवानन्द अपने पापो का प्रायश्चित करना चाहता है। और जब उसे अपनी आयु के २२ दिन ही शेष जान पडते हैं तो वह कठोर साधना मे लीन हो जाता है और मर कर स्वर्ग प्राप्त करता है। इसी तरह राजा मारिदत्त भी सब कुछ छोडकर प्रायश्चित के रूप मे साधु मार्ग अपनाता है। यही नही स्वय देवी की भी प्रवृत्ति बदल जाती है और वह हिंसा के स्थान पर अहिंसा का आश्रय लेती है। पहिले उसका मन्दिर जहा रक्त एव चिल्लाहट से युक्त था वहा अहिंसा का साम्राज्य हो जाता है। अभयरुचि, अभययति एव आचार्य सुदत्त सभी अपनी-अपनी तप साधना के अनुसार स्वग लक्ष्मी प्राप्त करते हैं।

इस प्रकार यशोधर चौपई एक अतीव सजीव काव्य है जिसकी प्रत्येक चौपई एव दोहा रोचकता को लिए हुए है। सचमुच १६ वी शताब्दि के अन्तिम चरण मे ऐसी सरस रचना हिन्दी साहित्य की अनुपम उपलब्धि है। क्योकि यह वह समय था जब देश मे सामान्यजन मे भक्ति की ओर तथा अध्यात्म की ओर झुकाव हो रहा था। मुसलिम युग होने के कारण चारो ओर युद्ध एव मारकाट मची रहती थी इसलिए मनुष्य को ऐसे काव्य पढ़कर कुछ सीखने को मिलता था।

कवि ने काव्य समाप्ति पर निम्न मगल कामना की है—

सयलु सघु वदौ सुख पूरु, जब लगि गग जलधि ससि सूरु ॥५३५॥

मेघमाल बरसै असरार, वोथ बधाए मगलचार ।
जि सुनि चितलमन लावहु कोरि, हीनु अधिक सो लीजहु जोरि ।।५३६ ।।

कवि ने अन्तिम पद्य में अपनी रचना के प्रचार प्रसार पर भी जोर दिया है तथा लिखा है कि जो भी उसकी प्रतिलिपि करेगा, करवायेगा तथा उसे औरों को सुनावेगा उसे अपार सुख होगा । पुत्र जन्म एव सुख सम्पत्ति मिलेगी ।[1]

**भाषा**

भाषा की दृष्टि से यशोधर चौपई ब्रज भाषा की कृति है । गारवदास फफोदपुर (फफोदू) के निवासी होने के कारण ब्रज प्रदेश से उनका अधिक सम्बन्ध था । साथ ही मे वे ब्रज भाषा की मधुरता एव कोमलता से भी परिचित थे । इसलिए अपनी रचना मे सीधे सादे ब्रज शब्दो का प्रयोग किया है । नीचे दो उदाहरण दिये जा रहे हैं—

(१) तोहि कहा एते सौ परी जो हौं कही सुन्दरि रावरी ।
विहिना लिख्यो न मेट्यौ जाइ, मन मौ सखी खरी पछिताहि ।।२२२।।
(२) एक नारि कौ नदनु भयौ, कंसहर पास बधैया गयो ।।१४५।।

**छन्द**

यशोधर चौपई अपने नाम के अनुसार चौपई प्रधान रचना है । कवि के समय चौपई छन्द ब्रज भाषा का लाडला छन्द था तथा जन साधारण भी चौपई छन्द की रचनाओ को ही अधिक पसन्द करता था । चौपई छन्द के अतिरिक्त कवि ने दोहा, दोहरा, वस्तुबन्ध एव साटकु छन्द का भी प्रयोग किया है । चौपई छन्द के पश्चात् दोहा छन्द का सबसे अधिक प्रयोग हुआ है तथा दो वस्तुबन्ध एव एक साटकु छन्द का भी प्रयोग करके कवि ने अपने छन्द ज्ञान का परिचय दिया है । इन छन्दो के अतिरिक्त कवि ने अपने पाडित्य प्रदर्शन के लिए सस्कृत के श्लोकों, प्राकृत गाथाओ[2] का भी यत्र तत्र प्रयोग किया है । इससे मालूम पडता है कि उस समय जन साधारण की सस्कृत के प्रति भी अभिरुचि थी ।

**अलंकार**

अलकारो के प्रयोग की ओर कवि ने विशेष ध्यान नहीं दिया । सीधी-सादी

---

१ पढै गुणैं लिखि देई लिखाइ, अरु मूरिख सौ कही सिखाइ ।
ता गुण वरणि सहुतु कवि कहै, पुत्र जनमु सुख सम्पति लहै ।।५३७।।

२ ८६ वीं पद्य प्राकृत गाथा का है ।

बोलचाल की भाषा मे काव्य रचना का मुख्य उद्देश्य होने के कारण उपमा एव अनुप्रास अलकारो के अतिरिक्त अन्य अलकारों का अधिक प्रयोग नही हो सका है ।

**शैली**

काव्य की वर्णन शैली बहुत सुन्दर एव प्रवाहक है । कवि ने कथा की प्रत्येक घटना को बहुत ही सुन्दर शब्दो मे निबद्ध किया है । कवि के वर्णन इतने सजीव होते हैं कि पाठक पढता-पढता आश्चर्यचकित होकर कवि के काव्य निर्माण की प्रशंसा करने लगता है । रानी एव दासी मे पर पुरुष के प्रसग मे जब वाद-विवाद होने लगता है तो पढने मे बड़ा आनन्द आता है । यहा उसका एक उदाहरण प्रस्तुत किया जाता है—

दासी—

सु दरि जोवनु राजधनु, पेषिन कीजै गव्वु ।
सवरु सीलनु छाडिये, अवसि विनसो सव्वु ।।२०२।।
सुनि फुल्लार विद मूख जोति, छाडहि रयनु गहहि किम पोति ।
तजहि हसु किम सेवहि कागु, भूलो भई खिलावहि नागु ।।

रानी—

परि जब मयनु सतावे वीर, तू न सखी जनहि पर पीर ।
मन भावतो चढै चित आणि, सोई सखी अमर वर जानि ।।२१६।।

इस प्रकार यशोधर चौपई कथानक, भाषा एव शैली की दृष्टि से १६ वीं शताब्दि का एक महत्वपूर्ण हिन्दी काव्य है । प्रस्तुत काव्य अभी तक अप्रकाशित है और उसका प्रथम बार प्रकाशन किया जा रहा है । राजस्थान के जैन शास्त्र भण्डारों मे काव्य की एकमात्र पाण्डुलिपि जयपुर के दि० जैन बडा तेरहपथी मन्दिर के शास्त्र भण्डार मे सुरक्षित हैं । प्रस्तुत पाण्डुलिपि सवत् १६३० मर्गासिर सुदी ११ रविवार के दिन समाप्त हुई थी ऐसा उसकी लेखक-प्रशस्ति मे उल्लेख है । पाण्डुलिपि सुन्दर एव शुद्ध है लेकिन उसमे लिपि सवत् के अतिरिक्त लिपिकार का परिचय नहीं दिया गया है । पाण्डुलिपि के ४३ पृष्ठ हैं जो १०×४½ इञ्च ग्रन्थ आकार के हैं ।[1]

□ □ □

२ राजस्थान के जैन शास्त्र भण्डारो की ग्रन्थ सूची भाग—चतुर्थ—पृ०

# यशोधर चौपई

।। ॐ नम ।। अथ यशोधर चौपई लिखते ।।

मंगलाचरण —

जयउ जिनवरु विमलु अरहतु सुमहतु सिव कतवरु ।
अमर णयण रणिम्यर वदिउ ।
उवसमिय फलूसरइ तिजय बधु दहधम्म णदिउ ।।

## दोहा

पणविवि पच पमेढि गुरु अरकमि पुन्न पवित्त ।
णिसुणहु भव्व विचित्त कहू जसहर तनउ चरित्त ।।१।।

फुनि पणवमि सामिणि भारहि, जासु पसाइ सुबुधि मइ लही ।
चद्रवदणि मृग णयणि बिसाल, धवलवर आरुही मराल ।।२।।

अबिरल विमल भास रस खाणि, वीणा दड सुमडिय पाणि ।
छह दरसनि माणी वहुभाइ, सरसै सामिणि होइ हाइ ।।३।।

पणविवि भाव सम्मुं गुरु सूरि, भासमि सुकहू सुयण सुधु पूरि ।
गुर गूगुर वदन तिल तेल, जल चदन चरु पुष्फण एल ।।४।।

पूजमि पडिम जासु के भाल, खेत्रपाल सुमु करहु दयाल ।
लाजे दुरिजन ता कहि परछेद, बिनु कारण प्रगटहि बहु भेद ।।५।।

जे पर दुषसुखु माणहि आपु, मूढ रयणे दिनु विढवहि पापु ।
वगज्यो देनिहुराई रहै, बोलत वुरो पराई कहै ।।६।।

## श्लोक

मुहपद्मजलाकार वाचासोतलसञ्जुत ।
हृदय कर्त्तरि सयुक्त त्रिविधि दुर्ज्जनलक्षण ।।७।।

न विना परवादेसु दुर्ज्जनो रमतोजस ।
स्वान सर्व्वरस भोक्ते अमेध वितृना नष्यते ।।८।।

तिनको नाम न लीजे भोर दान पुण्य को धरे कठोर ।
ते सवहीनु दूरि परिहुरो, तिन अपतनु कोतातिन करो ॥६॥
भलो ना कछु निपजै तिन पास, करत निहोरो धरे उदास ।
तिनके बचन कीजहि कान, अर्थ जोवहि दोजहि जान ॥१०॥

## श्लोक

नवन्ति सफला वृक्षा नवन्ति सजना जना ।
सुक्ककाष्ट च मूर्खं च न णवति भजतिज ॥११॥

जिनके वयनु न निकसै पोचा, निसि दिनु करहि दया पर रोचा ।
जे पर को चितवहि उपगारु, निम्मंलु सुजसु भम्यौ ससारु ॥१२॥
ते कलिमह पचानन सीहा, तिन थुति करनि केम इक जीह ।
तिन सवहिनु सौ विनो पयासि, मो पर दया करहु गुण रासि ॥१३॥

## दोहा

जे परभीर समुद्धरण, पर घर करण समत्थ ।
ते विहि पुरिसा अमरु करि, हरिस्यो जोरि विहत्थ ॥१४॥
पयडु महीयलि उत्तम बसु, निय कुल मान सरोवर हसु ।
पदमावती वस धवल जस रासि, तागुण सयल सकै को भासि ॥१५॥

**आश्रयदाता का परिचय—**

भारग सुतनु घेघु गुनगेहु, जिनवर पय अवुरुह दुरेहु ।
कीनै बहुत सतोष विहान, पिणिभव्व चिच सचौदान ॥१६॥
निसि दिनु करै गुणी को मानु, धम्मुं छाडि चित धरै न आनु ।
मग कैलई निवसे सोइ, जहि श्रावग निवसै बहु लोइ ॥१७॥
घेघु सनै कवि गारवदासु, निसुनि वयनु चित भयो हुलासु ।
हुँ कर जोरि भणौ गुणगेहू, सफलु जन्मु मेरो करि लेहू ॥१८॥
सलिल कथा जसहर की भासि, जिम गुरु पास सुनी तुम रासि ।
जे वहु आदि कविसुर भए, ग्ररथ कठोर वरित रचे नए ॥१९॥
तासु छाह ले मौसो भासि, कवितु चौपही बंध पयासि ।
गारभु भनै निसुनि कुल सूर, परिघन विवस आस रस पूर ॥२०॥

**कवि द्वारा अपनी लघुता प्रकट करना—**

पढयो न मैं व्याकरण पुराण, छद माइ अक्षर को ज्ञाता ।
जौ वुधि विनु कछु कीजे जोरि, तौ बुधजन हसि लावहि षोरि ॥२१॥

तौ कहुमि तिनके पालामि, चाहै वम्मु जाइ तमु वामि।
बार बार पनविवि जिनराउ, सरसै सामि तिसु गुर पसाउ ॥२२॥
गाथा पयडिय आगम सुत्त अंतिम तित्थयर वीर समसरण।
गणि गोयमेण भणिय, णिसुनिय सिरिसेणि एन कहू विमल ॥२३॥
वीरवानि सुनि गोयम भनी, प्रगटी कथा जसोधर तनी।
सुनि श्रेणिक प्रगटी कलिमाह, बारवु भने तासु की छाह ॥२४॥

कथा का प्रारम्भ—

जम्बूदीपु सुदसनु मेर, लवनोदधि वेठ्यो चहुफेर।
भरहु खेतु दाहिनि दिसि बसै, पेषत मनु सुर केकौ लसै ॥२५॥
रायगेहु पाटन सुभ ठौरु, जा सम महियलि णयरु ण ओरु।
पच वरण मनि दीसै षच्यौ, सोमहि तनौ तिलहु विहि रच्यौ ॥२६॥

मारिदत्त राजा—

चारि पवरि सतषने अवासा, वन उपवन सरवर चौपासा।
तहि पुर मारिदत्त महिपालु, सूरज तेजु दुवउ रसालु ॥२७॥
जोवनवतु राजमद भर्यौ, अति प्रचडु महियलि अवतर्यौ।
रुपिनि नाम गेह बर णारि, अति सरूप रभा उनहारि ॥२८॥
कोक कला सगीत निवास, षेवहि अगरु कुसम रसवास।
ता समेतु मानै बहु भोगु, निसुनहु अवरु कथा को योगु ॥२९॥

भैरवानन्द का आगमन—

योगी एकु तहा अवधूतु, राज गेह पुर आइ पहूतु।
भस्म चढाइ मुद्रा कान, अनही बूझै कहै कहान ॥३०॥
दीरहु जटा चढाए मग, मवन घुलावै वदन रग।
गौर बरण मनो पून्यो चदु, प्रगट्यौ नाम भैरवानदु ॥३१॥
काहू जाय राइ सौ कह्यौ, जोगी एकु नगर मौ रह्यौ।
तत्र मत्र जानै बहुभाइ, जोगी गुन गरुवो सुनि राइ ॥३२॥
राजा भनै जाहू ता पासि, लै आवहु बहु विनउ पयासि।
जो किंकर नरवै पठायो, पवन वेग जोपहु गयो ॥३३॥
पभनै स्वामी करहु पसाउ, वेगै चलहु बुलावै राउ।
आडंबर सौ जोगी चल्यौ, कोतिग लोग नगर कौ मिल्यौ ॥३४॥

योगिहि पेषि राउ गहूमह्यौ, आसनु छाडि पाइ परि रह्यौ ।
करु उचाइ तिनि दई असीसा, हूजौ राजु तुम्हारे सीसा ।।३५।।

**श्लोक**

पुष्पयतप्रभालोके यच्छौ सुरतरगिनी ।
तावत् मित्रसम जीव, मरिदत्तो नराधिप ।।३६।।

**आशीर्वाद —**

हौ तोको सुनि तूठो राइ, मांगि मागि यो हियैइ समाई ।
मनै अमरुहौ महि अवतर्यो, जानमि सयलु महागुन भर्यो ।।३७।।
व्यतर भूत हमारे ईठ, रावनु रामु भिरत मैं दीठ ।
जब भारथु वीत्यौ कुरषेता, पेष्यौ भीमुह कारै देता ।।३८।।
जबहि कसु नारायन हयौ, पेषत जरासिघु क्षौ गयौ ।
बरणे भुवनु जिते महि भए, मौ आगै च्यारघौ जुग गए ।।३९।।
द्वै कर जोरि मन्यौ तब राइ, पुण्य हमारो भयो सहाइ ।
तौ मो तेरौ दरसनु भयौ, देषत पापु हमारो गयौ ।।४०।।
जौ तूसौ किमि मगमि आणा, करहि अमरु अरु चलमि विवाना ।
एक छत्र ज्यो अविचल राजू, इतनै करमि हमारो काजू ।।४१।।
पाखडी बोलै धरि घ्यानु, साचौ जाको फुरै न आनु ।
पुजवमि राय तुमारी आसा, होहि अमरु अरु चलहि अकासा ।।४२।।

**चडमारि देवी का वर्णन—**

एकु बचनु करि मेरौ एहु, जैतो इन वार्ता नको गेहु ।
चडमारि देवी आप पनो, बहु विधि पूजा करिता तनी ।।४३।।
जे ते जीव जुयल सब आनि, नरवर आषिनि सुनि गुणषाणि ।
दैवलि सब देवी कै थाना, सिह्लवमि कायु निसुनि सिध जाना ।।४४।।
तब सुनि राव मूढ मति भयौ, राजा राजु करत परिहरो ।
योगी तनी कुमति प्रभु घुह्यौ, कुजर उवरि राउ आरुह्यौ ।।४५।।
कीयौ वहुतु योगी को मान, गयौ तहा देवी को थान ।
योगी देवी भगतु नरेसु, किकर को दीनो उपदेसु ।।४६।।

**देवी के लिए जीवों को पकड़ कर लाना—**

इतनी करहु हमारी काजु, देविहि बलि अब लावहु आजु।
राअ वयनु सुनि आए धरे, बन मौ जीव जाय पाकरे ।।४७।।

हरिण रोझहू सूकर सिवसान, महिस्स मेस छेरे लवकाना।
कुंजर सीह बाघ फणि नोरघा, लारी आदि गनै को औरा ।।४८।।

जेते जीव पिवे सब अषि, लए तितर करि पसु पषि।
फुनि कर योरि पयासहि सेवा, इस नर युवलु न पायो देवा ।।४९।।

तव नर वै अवरा तिसो कही, मनुव युवलु विनु पूजा रही।
तेरी कायु सवारहू एहु, मनुव जुवलु गहि देवेहि देहु ।।५०।।

निसु दिनु रहे हिंस मति भई, चड कर्म्मं कर्कश मिहंई।
दस दिसि गए राय उपदेस, मठ विहार वन फिरहि असेस ।।५१।।

सुदत्त मुनि का विहार—

निसुनहु भव्व कहतरु आनु, दया धर्म्म गुणसील पहानु।
तहि अवसरि सुदत्त मुनि सूर, कर्म्म पयडिष्यो कीनी चूरि ।।५२।।

मुद्रा नगन कमडर हाथ, बहुत रिषीश्वर ताके साथ।
भवतु भवतु सो तीरथ तान, पेष्यो तिवनु केवल नान ।।५३।।

तिहि नयरी आयो मुनि नाहु, जा सिवरमनि रमन को गाहु।
भव्व कुमु पयडिवोहन चंदु, नाय नरिंद पुरन्दर वंदु ।।५४।।

**श्लोक**

ताम मुनिवरु पत्तु तव तत्तु गुण जुत्तु सजमतिलउ।
कोह-लोह-मय-मोहवत्तउ, बहु मुनिवर परियउ।
सील जलहि सिवरमनि रत्तउ, तव कम्मा सव सवरणु।
भव्व सरोरुह मित्तु, अवरहीनु अनग हरु निम्मल सुचरित्तु ।।५५।।

जहि णदन वनु नरवे तनौ, दल फल पल्लव दीसै घनौ।
जहि वसत फूली फुलावाइ, कोइल मधुरी सादु कराइ ।।५६।।

धुमु घुमु सति पषी सुक मोर, सुरकामिनि मोहै मुनि धौर।
चैत्र मासु सुदि णवलु वसतु, गुंजारै मधुकरु मयमतु ।।५७।।

भनै रिषीसुर वनु अवलोइ, इहि ठा मुनि थिरु ध्यानु न होइ।
इहि वण केम जतीसुर वसै, निवसत मयनु भुजगमु डसै ।।५८।।

इक सोरण फूली फूल वादि, पेषत होइ महा तपु वाधि ।
जहि निवसत मूसै मन चारु, नासैं तपो तनौ तप चौर ॥५६॥

जहि वन गन गध्रवं निवासु, विलसहि सुर कामिनि रस वासु ।
निवसत होइ सील की हानि, मुनिवरु छाडि चल्यौ मन जानि ॥६०॥

**श्मशान का दृश्य—**

सग सहित मुनि गयो मसान, मरे लोग दहिहि जहि थान ।
मु ड रु ड दीसहि बहु परे, कृमि की लालवि मषि छुण भरे ॥६१॥

जबुकसान गधि ग्ररु काग, ग्रतर भूत खपरिहा लाग ।
डाइनि पिवहि रुधिरु भरि चूरू, सूकै तरु वढि वासै उरु ॥६२॥

चिता बहुत पजलहि चौ पास, घूमानलु भमि रह्यो ग्रकास ।
नयननु देषत फटै हियो, जैवस भवनु जनकु विहि कियो ॥६३॥

तहि ठा पेषि परासगु ठानु, सघ सहित मुनि हुान.........।
ग्रनुबयघ्यर तासु कै सग, चपक्र, सुम सम कोमल ग्रग ॥६४॥

तिनहि सकोसल मुनिवरु जानि, पभन्यो सुगुरु सरस रस वानि ।
निसुनि ग्रभयरुचि नाम कुमार, लेहु भोजु तुम नयरि मझार ॥६५॥

**बहिन भाई द्वारा नगर मे भिक्षा के लिए जाना—**

बालक तुम जो करहु उपासु, आरति उपजि होइ तप नासु ।
सुनि गुरु वयनु बहिनि ग्ररु वीरु, चद्र बदन सम कनक सरीरु ॥६६॥

लेकर पुत्र चले निरगथ, कुमरु कुमारि नगर की पथ ।
तहि ग्रवसर जन राजा तने, ढूढत फिरै जुवल बन घने ॥६७॥

देवी बलि कारण ग्रातुरे, दोऊ द्रष्टि तासु की परे ।
पभन्यो कूकि सफलु भयौ कायु, ए बलि पूजा दीवे ग्राइ ॥६८॥

लषण बत्तीस कनक सम देह, पकरि चलै देवी कै गेहु ।
जनौ रविचद्र, राहु पाकर्यो, जनो कुरगु केसरि वसपर्यो ॥६९॥

**चिन्तन—**

सजम कर शील निरमले, तिनहि पकरि जब किंकर चले ।
ता मन चितै ग्रभैकुमार, जीवनु मरनु जासु एक सारु ॥७०॥

पेख्यो वहिनि वदनु अवलोइ, जाण्यो मत जिय डरपति होइ ।
पभन्यो निसुनि अमैमति बीर, किम सुदरि संकुचहि सरीर ।।७१।।
मुह मयंक किम होहि मलीन, ए किम करहि हमारो हीन ।
जो जिन सासन आगम कह्यौ, हम गुरु पास सुदृढ़करि गह्यौ ।।७२।।
जीव हि कोई सके न मारि, काया थिरु न होइ संसारि ।
ताते मुनिवर करहि न लोहु, काया ऊपरि छाडहि मोहु ।।७३।।
छूटै आवन राषै कोई, तिम अनछूटै मरणु न होइ ।
वहिनु लियह ससारु असारु, एकुइ धर्म्म उतारण हारु ।।७४।।

## दोहा

छिज्जउ भिज्झउ ..ऊ, बहिनु लिएहु सरीरू ।
अप्पा भावहि निम्मलऊ, जे [illegible] भवतीरु ।।७५।।
कम्मह केरौ भाव मुनि, देहु अचेयनु दव्वु ।
जीव सहावें भिन्नु इहु, वहिनुलि बुझहि सव्वु ।।७६।।
अप्पा जानहि नानमऊ, अन्नु परायउ भाउ ।
सो छडेंपिनु भोवहि, निसावाहि अप्प सहाउ ।।७७।।
अट्ठह कम्मह बाहि रऊ, सयलह दोसह चित्तु ।
दसन नान चरित्तमऊ, भावहि वहिणि निरुत्तु ।।७८।।
अप्पे अप्पु मुनत्तु जिउ, सम्माइट्ठि हवेइ ।
सम्माइट्ठी जीवु फुडु लहु कम्मे मुच्चेइ ।।७९।।
समिकत रयनु न दीजै छाडि, हम सो सुगुर कह्यो जो टाडि ।
बार बार किम कहिए बीर, सुदरि होहु अडोल शरीर ।।८०।।
भायर वचनु निसुनि सुकुमारि, सारद मयक वयन उनहारि ।
तुम जानी भयभीत शरीर, तो मो सिष दीनी वर बीर ।।८१।।
ताते बीर तुम्हारो न्याव, तुम जाणो मामनि परजाउ ।
जानमि मरणु पहूच्यौ आनि, डरपमि नही बीर गुरु जानि ।।८२।।
को काको ससार असारु, हिडिउ जीव लेतु अवतारु ।
सो कुलि को जा लईन बीर, सो हुगु कोवु न सह्यौ सरीर ।।८३।।
जे हम सात अवतर फिरे, ते किम बीर बेगि वीसरे ।
जिनवर धर्म्मु सुगुरु को कह्यौ, दई दई करि सो हम लह्यौ ।।८४।।

जिनवरु जपत मरन जो होइ, याते भलो न आयर कोइ।
सो किम आयर दीजे छाडि, हो सन्यासु रही मन माडि ॥८५॥

### गाथा

मुणि भोयणेन दव्व, जस्स सरीर पिषीनु नव यरण।
सन्नासे गय पान तन्नगय कि गय तस्स ॥८६॥

दाढग्रो षीर सिरावमह्यो, आयर वहिनि मोनु तव गह्यौ।
गहि कर किंकर चाले षीढ, मारिदत्त कारज मन इढ ॥८७॥

चंडमारि देवी का वर्णन—

एहु चले देवी कै थान, जीव जुवल जहे बधे म्रान।
वाजहि वाजे समिढो दुनो, नाचहि जोगी अरु जोगिनी ॥८८॥

वाजहि तूर भयान भेरि, जनौ जमु त्रिभुवनु मारे घेरि।
जह देवी बैठी बिगराल, मड पुछ यो महिष की षाल ॥८९॥

हाथ त्रिसूलु सिंह आरुही, मुडनु को करि काठो गुही।
वरडे दत जीह वाहिरी, वारबार मुखु वावे षरी ॥९०॥

अरुण नयन सिर सूधे वार, जानहूवरं अगिनिकी ज्वाल।
रुधिरु उवटनो जाकै अग, आस पास बिढि रहे भुजग ॥९१॥

आमिषु भषे उठ लरकाइ, महू नस केलै षरी जह्याइ।
करि कटाष जव देवी हसो, पेषत गर्भु नारि कौ षसे ॥९२॥

जीव भषण को अति आतुरी, जनौ जम रूप आणि अवतरी।
पेषत षरी भिहावन ठौरु, नीको कहा तासु महि औरु ॥९३॥

### श्लोक

भयभीत सदा कूर्य निर्द्दयोपलभक्षिनी।
निर्धिनी जीवघातिश्चेद्दशी कस्य भवे प्रिया ॥९४॥

साधु साध्वी की सुन्दरता का वर्णन—

जह योगी राजा नर ओर, गहि किंकर लाए तहि ठौरा।
कुमरु कुमारि सकोमल अग, केसरि चप कुसुम सम रग ॥९५॥

नर वेमन पेष्यो अवलोइ, मनुव जुवलु इहि रूपन होइ।
अमरु पुरदरु की ससि सुरु, किम अनगु मानिनि मनचूरू ॥९६॥

को हरि हरु सकरु धरणेसु, कै दीसे विद्याधरं भेसु।
अतिसुरूप का एह कुमारि, सुरि नरि किन्नरि की उनहारि ॥९७॥

यह रंभा कि पुरंदरि सची, रौहिनि रूप कवन विहि रची।
सीता तारा कि मंदोदरी, को दमयंती जोवन भरी ॥९८॥

पोमावेसर सेवन देवि, नाग कुमारि रही तपु लेवि।
कै अनगु जव संकर डह्यौ, तव हो रति विधवा पनु लह्यौ ॥९९॥

ताकौ विरहू न सक्यो सहारि, तौ बालक तपु लियो विचारि।
कै यह देवी मानो होइ मैरी वलि पूजा अवलोइ ॥१००॥

सुप्रसन्न हुइ आइ एह, भेषु फेरि करि निरमल देह।
कुसुमावलि वहिनि मो तनो, कै यह तासु कोषि की जनो ॥१०१॥

पुत्री पुत्रु तासु हो भयो, निसुन्यो तिन वालक तपु लह्यौ।
पेषि रूपु मन वाढ्यो मोहु, राजा तनौ गयो गलि कोहु ॥१०२॥

राजा द्वारा प्रश्न—

तव हसि नरवे वाचाभनो, सुंदर पभणि वात आपनी।
देसु नयरु कुलु माता वापु, सुंदरि कवन कौन तु आपु ॥१०३॥

अति सरूप तुम दीसहू कौन, कारण कवन रहे गहि मौन।
किम वैराग भाव मन भयो, बालक वैस केम तपुलयो ॥१०४॥

अभयकुमार का उत्तर—

राय वयनु सुनि अभयकुमार, भासै विहसि दया गुणसार।
आकुरलु वरते असमान, तह किम मेरो धर्म्म कहान ॥१०५॥

सठ पास जिम तरणि कटाय, वायस जेम कुहारि दाय।
सोवत आगै जेम पुरानु, जिमविनु नेहहि कीजै मानु ॥१०६॥

सरस कथा जिम मूरिष पास, कीनी जैसी किरपन आस।
जिम षल को कीनौ उपगास, जिम विनु भूषहि छरस अहारु ॥१०७॥

वहिरैं आगै जैसो गीउ, जिम सीतज्जुर दीनो घीउ।
माइ पिता विनु जैसो आरि, जिम सिंगार पिया विनु नारि ॥१०८॥

अघहि पास निरतु जिम कियो, जिम धनु अनषायो अनदियो।
ऊसर खेत बए जिम धानु, जैसे भाव भक्ति विनु दानु ॥१०९॥

जिम एवि हूल जाहि प्रभु जानि, तेम हमारी धर्म्म कहानि ।
जहि आनदु करत जिय घात, तिहि किम राय हमारी बात ।।११०।।
जीव जुवल जह वधे वराक, देविहि वलि पूजा कताक ।
ताहि ठाकरै घरा हरि कौनु, ताते राय रहे गहि मौनु ।।१११।।
मारिदत्त मति निरमल भई, मानहु उतरि ठगौरी गई ।
राज पुरवुरु हवर सूर, बाजत दरजि रहाए तूर ।।११२।।
जोगी चक्रु जुस्यौ हो घनौ, बरन्यौ लोगु सयलु आपनौ ।
सयल लोक मुनिवर मुहू पेषि, राषे जन कुचित्र के लेषि ।।११३।।
भनै राउ सुनि बाल जईस, जौ परि तेरौ मनह् नरोस ।
तौ पयडेहि कथा आपनी, जैसी बीत्ती पंषी सुनो ।।११४।।
सुन्दर जती सयलु मह भासि, जो अनुभई सुनी गुरपासि ।
जोनि सुनौ सौनि सुनौ एह, जो न सुनै तसु कीजै केहु ।।११५।।
आसिकु दे वोल्यो रिषि राउ, जान्यो राइ तनो सुभ भाउ ।
निसुनि देव दिढ मन थिरकान, पभणमि अपनी कथा पहान ।।११६।।

## वस्तु बधु

ता अभयसुरुचि राय वयनेणा ।
आहासइ कुमर गुरु, सु हमवाणि सुकुमाल गत्तउ ।
जो सुह मग्ग पयासयरु, धम्म कह तरु एहु ।
नि सुनहु सुयज विचित्र कहा चत्त सुन तह दहु ।।११७।।
भासे अपनी कथा कुमारु जामन तिनु कचनु एक सारु ।
सुनि महिमा निणि माननहार, भोग पुरदर राजकुमार ।।११८।।

**अवन्ती देश एव उज्जयिनी नगरी—**

देसु अवती नयरि उजैनि, भोगभूमि सम सुष की सैन ।
वन उपवन सरवर कुव वाइ, पेषत अमर विलवहि आइ ।।११९।।
दल फल सघन कुसुम रस वास, कलप विरष सम पुजवहि आस ।
मढ मढिर सतषणै अवास, एक समान वसै चौपास ।।१२०।।
मुरह रस मद्यर सुर समलोगा, धन कन कचन विलसहि भोगा ।
वरण वयरि छत्तीसौ कुरी, जनकु सु धनपति निज रचि धरी ।।१२१।।

**जसोहु राजा एव चन्द्रमती रानी—**

तहि पुरि नरवे नाम जसोहू, नियधन इद्रहि लावै षोहु ।
चद्रमती राणी ससि वयणि, मद गज गमनि एण समनयणि ।।१२२।।

कोमल तन कुच कठिन उत्तंग, जनु लैकू कुह किये सुरंग ।
कौना हंस बध सम जानि, अतेवर सबल हृजि पहानि ॥१२३॥

राजु करत पालत नय नीति, इहि विधि भये बहुत दिन बीति ।
पुत्र वेलि जिमि लीनी पोषि, नदनु भयो तासु की कोषि ॥१२४॥

पुत्र का जन्म—

निसुनि राय नदनु अवतरयौ, बाढ्यो रहसभाव सुष भन्यो ।
कोलाहलु बदीजन कियो, दीनौ दानु उल्हास्यो हियो ॥१२५॥

**श्लोक**

पुत्रयन्मोरन निल्वा विवाहो सुभसंज्ञका ।
इष्ट-सजनमेलाप ससारोक-महासुष ॥१२६॥

यशोधर नाम रखना—

पाषरु ज्यारै सुजस की खाणि, असहरु नामु धर्यौ इह आनि ।
बाल विनोद नारि मनु हरै, निसु दिनु बाढे कर सवरै ॥१२७॥

आठ वरिष वीते सुष माहि, बालकु माइ पिता की छाहि ।
नयण पेषि रज्यो परिवारु, सूरतेय सम राजकुमारु ॥१२८॥

अध्ययन —

पढन हेत सौप्यो चटसार, घिय गुरा लाडू किये कसार ।
पूजि विनायगु जिन सरस्वती, जासु पसाइ होइ बहूमती ॥१२९॥

भाउ भक्ति गुर तनी पयासि, पाटी लिषि लीनी ता पासि ।
पढ्यो तरकु व्याकरण पुराण, हय गय वाहन आवधठान ॥१३०॥

पढि गुने सयलु पिता पहु गयो, सिर कु वनु करि अकौ लयो ।
पेषि पुत्र सुषु उपज्यो गात, फुनि माता पहु पठयो तात ॥१३१॥

चद्रमती भेंटो पग परयो, पुत्रहि देषि हियौ सुष भरयौ ।
रूपवत विद्या गुण खानि, सफलु जनमु माता तहि मानि ॥१३२॥

जेसौ माइपिता कौमाहु, पभनै अननि अमरु चिरु होऊ ।
पेषि तरुनु नदन नर नाहु, बंस बेलि हित ठयो विवाहु ॥१३३॥

कुमारि पचसै रायनु तनी, एक एक अछरि सममनी ।
बनकु सुमवन तनौ कट कोधु, चमकत चौकुल गावति चौषु ॥१३४॥

नयन वयन जोवन सुकमारि, जनौ सोरन फूली फुलवारि ।
भयो विवाहु जसोधर तनौ, सुयन कुटम सुषु उपन्यौ घनौ ।।१३५।।

अमिय महादेवी पटराणि, पेषत रपु मनग की हानि ।
नयन वयन कुच परी अनूप, मानहु रची पुरदरि रूप ।।१३६।।

भूल्यो कुमरु भोगत सुसग, बिछुरत डाहू परै दुहु अग ।
एक दिवस जसहर कौ ताउ, सभा सहित सुस्थित महिराउ ।।१३७।।

अवर बहूत बैठे नरनाथ, पेष्यौ मुहु दर्प्पनु लै हाथ ।
धवलौ एकु कनपुता केसु, मन बैराग्यो ताम नरेसु ।।१३८।।

मानहु कहतु पुकारै कान, एर बुढापे केसहि दान ।
करिहै बुरौ वुढापौ हाल, दृष्टि पतनु अरु हालै खाल ।।१३९।।

**श्लोक**

जरामुष्टिप्रहारेण कुब्जो भवति मानव,
गत जोवन मानिक्यां निरीक्षति पदे पदे ।।१४०।।

जब लगि देह न व्यापे व्याधि, तव लगि लेमि परम पदु साधि ।
विरकत भाउ राउ मन भयो, राजु गेहु तिन जो तजि दयो ।।१४१।।

विरक्तस्य तृरण राज्य, सूरस्य मरण तृरण ।
ब्रह्मचारी तृरण नारी, ब्रह्मज्ञानी जगस्त्रिरण ।।१४२।।

राउ जसोधर थाप्यो राज, आपुनु चल्यो परम तप काज ।
लीनो दीक्ष परम गुरपास, तपु करि मुयो गयो सुरपास ।।१४३।।

महाराजा यशोधर का शासन—

महियलि राजु जसोधरु करे, हरि सम राजनीति अ्योहरै ।
नयरि उजैनी स्वर्ग समान, करै राजु जसहरु तहि थान ।।१४४।।

पुत्र जन्म—

अमिय महादेवी सुरतिरी, बहुत दिवस मानि निवसिरी ।
एक नारिकौ नदनु भयो, जसहर पास वधैया गयौ ।।१४५।।

तहि सवु कुटमु महासुख भर्यौ, मनौ जिन जननि देवु अवतर्यो ।
बाढ्यो कुमरु रूप गुण सारु, धरयौ जसोमति नाम कुमार ।।१४६।।

कियो जसोमति तनौ विवाहु, सुवन अनदु दुवन उर दाहु ।
दै जुगराजु पट्ट वैसारि, मगल घोष कलस सिर टारि ।।१४७।।

अन सेवग सब सौंपे थाइ, आपनु भोग करै घर आइ ।
कबहू सभा वैठे थाइ, निसुदिनु पिय भोगवत विहाइ ।।१४८।।

सुनि सपै निवास गुनरासि, नारि वरिलुहो कहमि पयासि ।
मारिदत्त सुनि देषिरु कानु, जसहर राजा तनौ कहानु ।।१४९।।

तहि अवसरि सुखमौ दिन एक, जसहर राउ राज की टेक ।
सभा उठी दिनयरु अथयो, रानी तनो बुलावो गयो ।।१५०।।

ता महल्यो बोलै सिरु नाइ, राणिहि तुम बिनु न सुहाइ ।
चाहइ बाट तुम्हारी नाह, जिम जलहर विनु वारि साह ।।१५१।।

तिम तुम विनु रानो कलमलौ, जोबनु सफलु देवु अवचलौ ।
निसुनि वयनु तब नरवे हसै, रानी पुनि चित ताकै वसै ।।१५२।।

जेसौ भवरु उमाह्यो वास, युग रति रग रवरण की ग्रास ।
चल्यौ राउ रानी के गेह, जेम हसु हसिनि कै नेह ।।१५३।।

## दोहा

यशोधर एव अमृता का प्रेम—

एक हिरावै सुख नही, जौ न दोवराचति ।
मालुति मन मधुकर वसै, मधुकर न मालु ति ।।१५४।।

## चौपई

चपक मला अरु शसिरेह, दोऊ सषी कनक सम देह ।
दोऊ छयल चतुर परबीन, जोवन साम कटि षीन ।।१५५।।

अमिय माहादे तनो षवासि, निसु दिनु निवसहि रानी पासि ।
राय तनोक रूप कस्यो ग्राइ, चित्र साल ले गई चढाइ ।।१५६।।

राउ पेषि रानी विहसाइ, पालिक ते उतरि अकुलाई ।
राय विहसि कर पंची चोर, उघर्यौ रानी तनो शरीर ।।१५७।।

सावै टारि जनकु विहिगढ्यो, मानहु कनकु अगनि ते कढ्यो ।
किष्ल करीब्बौ वैनीडरो, जनुकु गरुड मै नागिनि दुरै ।।१५८।।

विहसति दत पक्ति ऊजरी, जनो घन मो कौधी वीजुरी ।
चचल नयब मरोरति अगु, जनु कुरगि विछोहै सगु ।।१५९।।

हाव भाव विभ्रम सविलास, रुलु घुलंति मधुकर रस वास ।
रम्यो सुरतु सुषु उपज्यो मात, सोयो राउ भई अध रात ।।१६०।।

**कुबड़े द्वारा सगीत प्रदर्शन—**

मारिदत्त यहु निसुनहि आन, नादु पर्‍यो रानी कैं कान ।
हरित झाल निवसै कूवरी, व्याप्यो रोम छुवाहू वरी ॥१६१॥

घरौ सुकठी गावे गीउ, सो निसि दिनु वहरावे जीउ ।
राग छत्तीस मुनै वहु भेय, भूलहि सुर कामिनि सुनि गेय ॥१६२॥

प्रथम रागु भैरौ परभात, सुदरि निसुनि उल्हासी गात ।
ललित भैरवी कीनी रागि, जनुकु विरह वन दीनी आगि ॥१६३॥

रामकरी गूजरी सुठान, निसुनत मयन हुई जनोवान ।
आसासैं धूमिलवे माउ, सुनि गज गामिनि भयौ उमाउ ॥१६४॥

गौरी घरी सुहाई नादु, चन्द्रवदनि मोही सुनि सादु ।
करि गधारु सुकोमल भाव, भामिनि भूलि गई अभिलाष ॥१६५॥

माला कोश जब निसुन्यो बाल, नियतन मयन झलाए झाल ।
मारु जैतसिरी की छाह, जो सुभटनु मीठो रण माह ॥१६६॥

टोडि हि वैरारी सौ सगु, कामनि विरह भरोस्यौ अगु ।
भोव परासो अवर अडान, महिलहि परयो विरह रसु कान ॥१६७॥

करि कामोद ठकुराई रागु, वनितहि धरयौ मयन पुर वागु ।
सुनि हि दोल नारि कर मरी, मखिस लुधि अम जनौ परी ॥१६८॥

करि कल्यान अवरु कानरौ, गेहिनि कान सुहाई घरौ ।
केदारौ कीनौ अधरात, मृगलोचनी पसीजी गात ॥१६९॥

रागु विभास अवरु वडहसु, कीनौ जव हरि मारयो कसु ।
कुविज कठूह राई गूजरी, कीनी राम सिया जब हरी ॥१७०॥

रागु विरावरु अरु वगाला, तिरियहि तई कुसम की माला ।
दीपकु वडोरागु जव करै, जासु तेज उठि दीपकु वरे ॥१७१॥

कियो वघार वधु सरुमेलि, सीचि मयन विरह की वेलि ।
विहागरौ सूहे सौ जोरि, जनु सुजान रसु लियो निचोरि ॥१७२॥

मेघ रागु जब लियो नवाजि, वरसै रिमिझिमि जलहरु गाजि ।
जवर मलापै गौड मलार, विनुही वादर परै फुसार ॥१७३॥

धनासिरी मार ऊह जेज, राणिहि रह्यौ न भावे सेज ।
करी मलाई मध माधई, पब मुनि सुनत मूरछि गई ॥१७४॥

गौरा सारगु सारव नाट, जनकु सुहई मदन को साट ।
जो देसी मिल देवहु आइ, सुनत अहेरै हरिनु भुलाइ ॥१७५॥

रागु बसंतु कुबरौ करै, जनौ मधुमास भंवर गु जरै ।
लागी लात सोरठी तनी, सुनि कनकगि काम भरहनी ॥१७६॥

सिरि रागु सुनि दीनौ कानु, मूरिछु नही होइ जो जानु ।
रानी अगु काम सर हयो, बसहरु राजा विसहरु भयौ ॥१७७॥

भुज पजर तेसो नीसरी, ज्यो घनते निकली बीजुरी ।
सरद पटल ते जनौ ससि रेह, निकरी एम सकुविकरि देह ॥१७८॥

फुणि अरगाइ धरयौ मुइ पाउ, डरपै सो जिनि जाणै राउ ।
चपक माला लीनी बोलि, द्वार कपाट दिये तहि खोलि ॥१७६॥

रानी एवं दासी की वार्ता—

रानी वात कहै अरगाइ, तो ते मेरो काजु सिराइ ।
गधर्व कला रागु जिनि करयौ, ता बिनु जीव जाइ नीकस्यौ ॥१८०॥

जो तू सखी सुजाणी आपु, तौ खोवहि मेरो तन तापु ।
निसुनत रागु वहुत दिन भए, ते सवि पाछै जुग बरिगए ॥१८१॥

करति निहोरौ तोसौ भाषि, अब लै प्राण हमारौ राषि ।
तासु चरण लै मोहि दिषाइ, सोई सिष अषिमो सिष राइ ॥१८२॥

ऐसो बचनु भन्यौ तब वाल, तव तन सकुवि चपक माल ।
हा हा भनि बोली घर थू कि, सुन्दरि बचनु भन्यो किम चूकि ॥१८३॥

कूबड़े का वर्णन—

वहु कूबरौ दईको हयौ, फुटि अगु सबु वाको गयौ ।
जैसो जस्यौ दावा को ठूडु, मानहु काटि बहोर्यौ मूडु ॥१८४॥

पाइ छिबाई मुहू उरघो, निसि दिनु रहै लीदि महु परघो ।
कीरा परे विगधि कौमूलु, अनुदिनु माथै ब्यापै सूलु ॥१८५॥

उलटि पटल अषिनु के रहे, परे कुबरो व्याधि के गहे ।
पूठी साइ रहै हुर हूपु, महियलि सहे नरक कौ दूपु ॥१८६॥

लाठी लात मुठी का सहै, रानो कवनु बरनि घिन कहे ।
माथै कौवा मारहि चौट, सौ विहि रच्यो पाप को मोट ॥१८७॥

हसै न कबहू नीकौ कहै, परघो हठोलै रोवतु रहौ ।
धरौ अलष निकु वायस दीठि, करिहा सौ मिलि आई पीठि ॥१८८॥

हौ रानी किम बरनौ तासु, मुहू पेषै तिहु परै उपासु ।
जाहि सुनत दुषु उपजै कान, सुदरि कहहि तासु पहूजान ।।१८९।।

बात मु हासी छूटी मोहि, भमिनि पमनि सदो किम तोहि ।
तो पिउ रमत भई अधरात, तौ न तो रति उपजो गात ।।१९०।।

रानी वचनु—

सुनि वचनु रानी कलमली, पभनै तै सिष दीनी भली ।
वयनु एकु मेरौ निसु नेहु, चपक माला कानु थिरु देहु ।।१९१।।

गीत नाद बेधिये सुजानु, निसुनि हरिन फुनि देइ परानु ।
अरु जौ बालकु रोवतु होइ, निसुनत रहै गोद महू सोई ।।१९२।।

होइ कौविजो डस्यौ भुजग, निसुनि गीतु विषु रहै न अग ।
चतुर सुजान जिते नर नारि, जे जानहि सुनि मूढ गवारि ।।१९३।।

## श्लोक

सुषणिसुखनिधान दुखितानां विनोद ।
श्रवण हृदयहारो मन्मथस्याग्रदूत ।
मति चतुर सुगम्यो वल्लभो कामिनीना ।
जयति जगति नादो पचमो भाति वेद ।।१९४।।

राग तनै गुण जानहि माइ, मो मूरिष सौ कहा वसाइ ।
जानहि तू न हमारी भीर, पाहनु जिम भेदिये न नीर ।।१९५।।

किमि मुहू मोरि हसै घर वसी, मेरौ मरणु तुहारी हसी ।
जामि सखी तेरी वलिहारु, इतनौ करि मेरौ उपगारु ।।१९६।।

चपक माला का उत्तर—

चपक माल कहै विचारि, आनी निजु सत डोली नारि ।
रानी केम भइ बावरी, को सुनि सीतु कि व्यतर छरी ।।१९७।।

## दोहरा

हा सुर सुदरि सम सरिस, केम पयासहि एहु ।
सतो न वल्लहु परिहरै, अवरु करै नहि नेहू ।।१९८।।

भाभै निम्र सहश पुरिषवस, केम समप्पहि देह ।
सील नवल्ली वल्लरी, जालि करै किम षेह ।।१९९।।

सुंदरि जोबनु जान दै, अरु जौ आइत आउ ।
सीलु महंसौ मति टरौ, आगहु जनम सहाउ ॥२००॥

सुंदरि जोबनु राजु धनु, पेषिन किज्जै गव्वु ।
सवरु सीलु न छांडिये, अवसि बिनस्सै सब्ब ॥२०१॥

सुनि फुल्लार बिंद मुख जोति, छाडहि रयनु गहहिं किम पोति ।
तजहि हंसु किम सेवहि कागु, भूली भई पिलावहि नागु ॥२०२॥

अम्रतु तजि पीवहि विष मूतु, सुरपति छाडि रमहि किम भूतु ।
छाडि ईष किम गोवहि अडु, रानी केम करहि घर भडु ॥२०३॥

सील रयनु तिहुलोक पहानु, सीलु नारिमडन गुन ठानु ।
सोभू सजम भाव करहि, फोरि दहै डीकागनु देहि ॥२०४॥

माता-पिता ससुरु अरु सासु, पेषि बिचारि वस कुलु वासु ।
राउ भतारु तरुनु घर सूनु, चौक चढो चाटहि किम चूनु ॥२०५॥

अरु तू एक बिचारहि आपु, करत कुकम्र्म न दुरिहै पापु ।
ता वही कान दुवन कै परै, जैसै तेलु नीर बिस्तरै ॥२०६॥

अरु जौ केम केम दुरि रहै, तौ पाछै कर तारुण सहै ।
व्यापै रोग सोग तन रोर, फुनि नरकादि सहै दुष घोर ॥१०७॥

अर तू सामिनि पेषि बिचारि, यह अपजसु चलिहे जुग चारि ।
मेरे कहत राषि मनु षैचि, तिय तुस कारण रयनु मन बेचि ॥२०८॥

तू आतुरी करहि किस एह, जाहि रमनप्पो छाडहि गेह ।
काढहि जिया तस सेकी षाल, नारि मरण बुधि भई अकाल ॥२०९॥

णिसुनै पेषै करत कुपाउ, तौ महिषो दिगडावै राउ ।
तौ सुन्दरि मरिये दुष देषि, मै सिष सामिनि दई बिशेषि ॥२१०॥

जिम माषि चदनु परिहरै, बिगधि अमेध जाइ रति करै ।
रवहि कुवरो राजा छाडि, तेलु षाइ घो घरियै गाडि ॥२११॥

ताकै जोवन दीजै ऊक, वयण वेह अरु जीवत्त थूक ।
तपत तासु अग दीजै डाहू, सा यो छाडि बरै परनाहु ॥२१२॥

रानी का उत्तर—

सषी बचनु सुनि बिलषी बाल, जरी रबि किरणि पुप्फकी माल ।
कुंद दसनि बोलै वहू नारि, काज आपनो करि मनुहारि ॥२१३॥

जान मि वसु मेहु कुलुठानु, जोबनु रूपु तेजु गुन मानु ।
रूपु कुरूपु हेतु अनहेतु, पोषु अपोषु किष्क अरु सेतु ।।२१४।।

परि अब मयनु सतावे वीर, तू नहीं सषी जानहि पर पीर ।
मन भाव तौ चढै चित आणि, सोई सषी अमर बर जानि ।।२१५।।

### श्लोक

वयो नव रूपमती वरम्ब कुलोन्नतिश्चेति सुबुद्धि रेषा ।
यस्य प्रसन्नो भगवान्मनोभू, स एव देवो सषि सुन्दरीना ।।२१६।।

जौ तू मो भावति सुमोह, तौ तू साथ हमारै होइ ।
जब रानी पभनै कर जोरि, बोलै सषी बहुरि मुषु मोरि ।।२१७।।

### दोहरा

रानी जे अचलन चलहि, जानत अघ जुजि लाहि ।
दिवस चारि कै पाव मौ, समूले चलि जाहि ।।२१८।।

जे पर पुरिसहि राचहि घनी, ते गति पति काटहि आपनी ।
तू सिष देत न मानहि दापु, षिन सुषु जनम जनम कौ पापु ।।२१९।।

रानी निसुनि भई अनमनी, मोरी वात सषी अवगनी ।
मैं तू जानी सषी सुजानि, तौ मै करी तुम्हारी कानि ।।२२०।।

तो हि कहाए ते सो परी, जोहौ कहौ सु करि रावरी ।
विहिना लिष्यौ न मेट्यौ जाइ, मन मौ सषी षरी पछितांहि ।।२२१।।

रानी एव दासी का कूबडे के पास प्रस्थान—

बरजै कवनु अमारग जाति, तव उनि चली सग मुसिकाति ।
दोऊ जनी चली अरगाइ, मदे देति सुहाए पाइ ।।२२२।।

चमकति चलीजु मोही राग, जनुकु सुहरिणि बिछोही वाग ।
चलत पाउ पाहन सौ षग्यौ, नेवर धुनि सुनि राजा जग्यो ।।२२३।।

अमिय महादे पेषी जात, चितयो कहा चली अधरात ।
बाढ्यौ कोपु राय कै अग, हाथ षरगु लै चाल्यो सग ।।२२४।।

ढूकतु लुकतु पाइ थिर देतु, नारी तनौ कनसुवा लेतु ।
अमिय महादे चपक माल, सोह दुसवार पहूती तहि काल ।।२२५।।

दीने जहि कपाट पर दारु, जाग्यो सुनि नेवर झुनकारु ।
भनै रिसानौ कौ तुम चली, तारे फिरे अर्द्ध निसि गली ।।२२६।।

उत्तर दियौ तासु सुदरि, एक सखि रेषा है दूसरी ।
और मूढ को आवे भान, गढ गाढो राजा के बाण ।।२२७।।

जानि बूझि तू उठहि रिसाइ, मानौ तो लागी बुढबाइ ।
चली नारि यहु उत्तर कीयौ, उसही छेव राय पधु दीयो ।।२२८।।

कूबड़े के पास पहुंचना—

जासु रमण की राणि हि आस, गेहिनि गई कूबरा पास ।
जाइ जगावो चरण नु लागि, अति रिस भर्यौ उठउ सो जागि ।।२२९।।

तिनि दासी भनि दीनी नारि, सुन्दरि बिहंसि करी मनुहारि ।
जो जसु भावे सो तसु ईठु, सत्य पाषानो जग महु दीठु ।

जो जाने जस्य गुणे, सो तस्य आयर कुणए ।
फलियो दषह विडवो, कावो निवाहंलि चुणए ।।२३०।।

## दोहा

सेजह छडिउ वालहा वा कारण निसि जग्गि ।
कठ लागि दोऊ रहे भावरि बुरी व जग्गि ।।२३१।।

रानी का विनय—

रहि न सको तुम्ह विनु, सकमि न तोहि बुलाइ ।
पजरु म्महि राजा रह्यो, ज्यो तो उवरि पाइ ।।२३२।।

रानी गई तासु कै सग, मनो स्वान विटारी गग ।
गरुड नारि मनु मानी नाग, हसिनि जनुकु भागई काग ।।२३३।।

जुनुकु पुरंदरि सेई भूत, जनु ससि रेह राहु ग्रह भूत ।
सोहिनि जनुकु सुडहु को सेठ, रानी रही कूबरा ढेठ ।।२३४।।

आपुनु पेषि राउ पर जर्यौ, जनो ध्योगिम हुतासन पर्यो ।
काढि षडग एहु घालै घाउ, फुणि चित चेति चमंक्यो राउ ।।२३५।।

इहु तिय निद दुष्ट गत लाज, णीचऊ ठबुधि करै अकाज ।
अलितरासिणि चिण अविचार, साहसु करतन लागै वार ।।२३६।।

उत्तिमु छाडि नीचु सग्रहौ, मनमहु अवरु अवमुह कहै ।
पापिणी के किम हरमि पराण, मारण कही न वेद पुराण ।।२३७।।

कपुरिसु एहु कूबरो राडा, दोवक बुरी पीठि को हाडु ।
भूठौ षाइ पेट दिन भरै, पाइन चलहि लीढि मौ परै ।।२३८।।

### श्लोक

दालिद्री च रोगिनो मूर्ख दयादान विवर्जित ।
ऋण ग्राही कलंकी च जीवितोपिमृतोपि च ।।२३९।।

ताक पुरिसहि करमि किम घाउ, रह्यौ बिचारि अवणि कौ राउ ।
दोऊ हणत परत।की हाहि, बहुर्यो राउ एह मन जाणि ।।२४०।।

राजा यशोधर का वापस आना—

चित्रसाल पालिक परिगयो, णिवडिउ जनकु वज्र कौ हयो ।
कारणु करै राउ मन कूरि, परिहस अगिणि दई तण पूरि ।।२४१।।

राणी काम भूत को गही, रमि कूवरो चली गुण रही ।
डगमगाति डरपति डर लई, पेढि स्वानस्यारि बन दई ।।२४२।।

जणु गाडर विजुराई मेह, मलिण सडील पसीनी देह ।
फुणि पिय भुज पजर सचरी, नागिणि जणकु महाविष भरी ।।२४३।।

करतौ राउ सरस रस केलि, सो अवभई महाविस वेलि ।
यह दुषु वह सुषु वरणै कौनु, पापिनि दियो धाइ जनु लौनु ।।२४४।।

### श्लोक

नृमत न विष किंचित्, एषा मुक्ता वरागणा ।
सैवामृतमयो रक्ता विरक्ता विषवल्लरी ।।२४५।।

### चौपई

भामंणि लागी कैम णरेस, जनु राषि सिनि भिहा वण भेस ।
अपत निलज्ज पापकी पुरी, डाइणे जणकु गुदी गहि जूरी ।।२४६।।

### दोहा

तहि णरवै मन चितवै, पेषिवि नारि चरित्र ।
देहु महातरु प्रभु तणौ, दुष महाधन सित्त ।।२४७।।

हाहा एहु भणछु जगि कासु कहि जइ भासि ।
अपजस लाज पयासणौ पावकु कम्मह रासि ।।२४८।।

ही कोहानलु तिय चरिउ देह बनतरि लग्गु ।
चित्त विहगमु मुहु तनौ उडिवि दह दिहि भग्गु ।।२४९।।

हउं जाणमि मो बाल हिय बाहि बिबालहु पोउ ।
पजइ मुझु सम्मप्पि कहू, भण्ण समप्पउ जीउ ॥२५०॥

## चौपई

**राजा यशोधर द्वारा चिंतन—**

तहि अवसर चिंतइ मन राउ, अव फुणि भयो मरण कौ दाउ ।
छाडिम राजु गेहु धनु भोगु, मारिणि कुटमु सरस रस भोगु ॥२५१॥
तपु करि सहमि परीसह घोर, भवभय भवनु निवारमि भोर ।
विनु तप नही कम्मं कौ घातु, तारे गणत भयो परभात ॥२५२॥
तव चूल बासे रवि उयो, अवर तारागणु लुकि गयो ।
तीरणि चकवा मिले अणदि, सूर राइ मनौ काटी बंदि ॥२५३॥
पच सबद वाजे दरबार, बभण पढहि वेद झुणकार ।
जसहरु सभा वैठ्यौ आइ, णिसि दीठौ वैरा गुण जाइ ॥२५४॥

**चन्द्रमती रानी का आगमन—**

तहि अवसरि चन्द्रमती राणी, पूजि किश्न आसिकु लै पाणि ।
आई जहा जसोधरु राव, मोह कम्मु सुवऊ परभाउ ॥२५५॥
आसिकु दयो राइ कै हाथ, पभण्यौ चिरु जीवहि नरणाथ ।
माता चरण परयौ तव राउ, आई माता कियो पसाउ ॥२५६॥

**यशोधर द्वारा स्वप्न वर्णन—**

भणै राउ माता णिसुणेह, भासमि सुपिणु कानु थिरु देह ।
जैसो सुपिणु दीठ णिसि आजु, मानहु अवसि बिनासै राजु ॥२५७॥
वितरु एकु महा परचेडु, किस्न अग कर लीनै दडु ।
चित्रसाल अवर ते परयौ, सो भैभीतु पेषि हौ डर्यौ ॥२५८॥
णिसियरु भणै राइ सघरौ, स्यौ परिवारण गरुव्यो करौ ।
जौ तपु करहित छाडमि आजु, ना तरु अवसि विनासै राजु ॥२५९॥
मेरौ वचन राइ प्रतिपालि, जीतव ईछु लेहु तपु कालि ।
मै भास्यौ तपु करमि विहाण, तब सुरु गयो आपनै थान ॥२६०॥
हौ तपु करमि माइ ससि मती, जासु पसाइ काटमि भवगति ।
कलमलि माइ वचनु तब भन्यौ, जिनवर तनौ धम्मुं अवगन्यौ ॥२६१॥

चन्द्रमती द्वारा शिक्षा—

ऐसो वचनु ण सुव मुहु काढि, याहू तेर ववयनो बाढि ।
सपिणु पेषि मैभीतु ण होहि, कुटमु मुयनु ज्ञव लाम्यो तोहि ।।२६२।।

जै सुपिणहि डरपै वरवीर, समर केम सहहि सुव भीर ।
डरपै हीनु दीनु कुवि रकु, तू कुल मडनु राउ निसकु ।।२६३।।

देविनि के दिन भारे पूत, महियलि मैं मदमाते भूत ।
भवहि रैनि जोगिणि के ठाट, मढ मदिर वण तोरणि घाट ।।२६४।।

जौ सुव बूझहि साची वात, मोहु रयणि जाइ वर रात ।
कचाइणि देवी तो तनी, ताको वलि पूजा करि घनी ।।२६५।।

महिस मेस अज गडवराह, देवी की सुव पूज कराहु ।
भास्यौ दिय वर तनै पुराण, जिनवर धम्मुँण णिसुण्यो काण ।।२६६।।

हो इकु सर सुमु राजु अषड, कचाइणि राषी सुव दड ।
णिसुणि वचनु वोलै महिराउ, हा किमि मूढ भण्यो जिय घाव ।।२६७।।

राजा द्वारा हिंसा का प्रतिरोध—

जीव घात जौ उवजै धम्मुँ, तौको अवर पाप को कम्मुँ ।
जे ते लष चौरासी षाणि, ते सब कुटमु माइ तू जाणि ।।२६८।।

सो ण भवतरु गह्यौण माइ, सो पसु घातु करण किमि जाइ ।
जीव घातु जो कोइ करै, णिहचै णरक माइ सो परै ।।२६९।।

## श्लोक

नास्ति अर्हत्परो देवो, धर्म्मो नास्ति दया बिना ।
तप परम निरग्रन्थो, एतत्सम्यक्त लक्षण ।।२७०।।

चन्द्रमती द्वारा अनिष्ट निवारण का उपाय—

चन्द्रमती बोली विहसि, हीरा दतपति झलकंति ।
एकु बचनु सुव मेरो पारि, देवी तनी ण पूजा टारि ।।२७१।।

जैसे कुसरा भामै तू होइ, दुषु दालिद्र ण व्यापै कोइ ।
वण कुक्कुंट करवा वहि एकु, देवहि देह होइ दुष छेकु ।।२७२।।

फुणि तू तप लीजहि सुकुमार, बलि पूजा करि अबकी वार ।
मान्यौ बचनु चन्द्रमति तनो, माता भाउ पयास्यो घनो ।।२७३।।

वरण कूकुरु कीनो सुति टारि, पेषि रहसु मान्यौ परिवार ।
करत कुभाउ या राजा ग्ररचौ, लै करि दीपु कुवामहु पर्यौ ।।२७४।।

जाणि बूझि कीजै जिय घात, कवरण निवारै रणर कहि जात ।
गयौ राव देवी कै गेह, परमेसुरी अपनी बलि लेय ।।२७५।।

हयौ अचेतु रहसु मन माणि, जनु कुसु सखी महा दुखाणि ।
चन्द्रमती बोली तहि थाणि, थोरै भलौ हमारौ माणि ।।२७६।।

तू कुलदेवी कुल की वारि, रण रावर तू लेहु उवारि ।
बहुत भगति करि रहसी देह, फुणि नदणस्यौ चाली गेह ।।२७७।।

जसहर अस मं कुमरु हकारि, कलस ढारि ग्रासन वैसारी ।
दीनौ राजु पटु दलु देसु, आपुनु वरण तप चल्यौ नरेसु ।।२७८।।

तहि ठा मारदत्त सुवि राइ, कर्म तनी गति कहण न जाइ ।
अमिय महादेवी ससि वयणि, सरस कजदल दीरह णयणि ।।२७९।।

भूलीही न कुवि जर्क हेत, जसहरु राउ सुन्यौ तपु लेतु ।
ग्रकुलानी विह लघल गई, जिम णव बेलि पवन की हुई ।।२८०।।

जो ण होइ थिरु एको घरी, दिनु ग्रथव तप रै कर मरी ।
सुनी न पेषी जो ग्रनवषी, कतहि लैन षेम तपु सदी ।।२८१।।

यह फुणि मानौ कछु विचारु, जिहि ते दीक्षा लेइ भतारु ।
जाणमि राजा भया उदास, देषी रयणि कूवरे पास ।।२८२।।

**रानी ग्रमृता की प्रार्थना—**

पेषत मानु राइ को मल्यौ, ताते कतु लैन तपु चल्यौ ।
जो राजा फिरि माडै राजु, मेरौ सकल विनासै काजु ।।२८३।।

ऐसौ जानि डिभ मनभरी, चवल ग्राइ राइ पग परी ।
नयन कमल भरि छाड्यौ नीरु, विरह बाण घन घुम्यौ सरीर ।।२८४।।

भणै नाह हौ तेरी दासि, साई मोहि तजहि का पासि ।
मो तजि किम तप लेहु भतार, तो विनु प्राण जाहि सुवियार ।।२८५।।

## दोहरा

वालम जोवनु कुसुम वनु, केम चलै दवलाइ ।
सरस वचन विनु जलह रहि, ता विनु केम बुझाइ ।।२८६।।

बालम तुब महुबाल हुउ, तो बिनु एहु मकछ ।
कै जरि बरि माटी भली, कैर तुमारै सछ ।।२८७।।

बालम तुम विनु रूवरी, लहियलि भारी होइ ।
सोता किझइ जणहु जणु धीरी धरै ण कोइ ।।२८८।।

बालम विनु किम भामिनि किम भामिनि बिनु गेहु ।
दान विहीनौ जेम घरु, सील विहीनी देहु ।।२८९।।

## चौपई

रानी भनै जोरि द्वै हाथ, हौ तपु करमि तुमारै साथ ।
परि मो वचनु एकु प्रभु देह, भोजनु करहि हमारै गेह ।।२९०।।

दियवर भणहि वेद की आदि, वलि विधानु भोजन विनु वादि ।
ताते एहु बचनु प्रतिपालि, फुणि तुम हम तपु लीवौ कालि ।।२९१।।

रानी वचनु मोहि प्रभु रह्यौ, मानहु मोहु निसाचर गह्यौ ।
जनु पडि ढउना मेले सीस, भूली सबै पाछिली रीस ।।२९२।।

रानी चरितु रयणि जो रयो, भाई मो सुपिनु हो भयो ।
भरम भुलानौ ठगि सौ लयौ, माग्यौ बचनु नारि कहू दयौ ।।२९३।।

रूपणि रवण कथा णिसुणेहु, मेंटै कवनु कर्म की रेहु ।
मानी राइ नारि की बात, भामिनि रोम हुलासी गात ।।२९४।।

रानी द्वारा जहर के लड्डू बनाना एव राजा को खिलाना—

तब राणी अपनै घर गई, बोली सषी रसोइ ठई ।
लडू किये बहुत बिसु घालि, कछुकु तै बन दीनौ चालि ।।२९५।।

हीन बात किम बरणमि और, लोपि सोधि करि दीनौ ठौर ।
जसहरु चन्द्रमती सु पहाणि, दोऊ जैंव न वैठे आणि ।।२९६।।

लाडू आनि परोसे चापि, भोजन करत उठौ तनु कापि ।
ताकी उपमा दीजै कौन, भूमि चालु सौ लाग्यौ हौन ।।२९७।।

जुर जाडे जहू घूम्यौ अगु, भयौ नयन काणनि कौ भगु ।
नसणी टूटि जीभ लठराण, चन्द्रमती के बिकसे प्राण ।।२९८।।

वैदु वैदु करि राजा पर्यो, अमिय महा दे कौ ज्यौ डस्यो ।
जौ राजा कौ जीवन होइ, तौ प्रभु मारै मोहि विगोइ ।।२९९।।

पापिणि भई आपनै भेस, सिर मुंकराइ दिये लिंचि कैस ।
पकरि जरक सी दीनो दल, णिघिण हुयो आपनो कतु ॥३००॥
जसवै मवनु आयो धाइ, पितहि पेषि रह्यौ मुहु बाइ ।
विवस लोग समुझावहि तासु, जाणि राइ जग मो को कासु ॥३०१॥
आदि अनादि भए अरु मए, जानै कवनु कितिक निरमए ।
पाप पुण्य द्वै चलहि सघात, ऊरण काहू दीसै जात ॥३०२॥
सुपुरिसु किम रोवे मुहु वाइ, लघुता होइ दुवनु विहसाइ ।
लाग्यौ तोहि धरणि धरु बधु, जस मै राज धुरा धरि कंधु ॥३०३॥
अमिय महादै मोको धाहु, मोकाकी करि बाले नाहु ।
सो फुणि प्रभु समुझाइ राषि, जस मै राइ स कोयलु भाषि ॥३०४॥
माता जाणि न थिरु ससारु, वरजि रह्यायो सबु परिवारु ।
जसहरु राउ चन्द्रमति आए, अरथी करि ले गए मसान ॥३०५॥

### श्लोक

अर्थी गृहानिवर्त्तते, मसानेषु च बाधव ।
सरीराग्निसजुक्त च पुन्न-पाप सम व्रजेत् ॥३०६॥

### चौपई

किरिया करि नैन्हाइ सरीर, कुसुलैं दियौ चूरु भरि नीरु ।
कीनी सयल मरे की रीति, भासो कथा गई जिम बीति ॥३०७॥

### वस्तुबधु

देस जयवरु अभयरुह णाम, आहासई गुण गहिरु मारिदत्त पहु ।
सुनि भवतरि कम्माह विचित्र पाव पुन्न फल निसुनि ।
अतर जानतहू जसहर णिवइ कूकुरु भयो अचेउ ।
ससार बुहि हिडियउ आहासमि भव भेउ ॥३०८॥

### चौपई

पभणइ कवि पणविवि परमेस मारग सुतण थेव उपदेस ।
णिसुणहु भव्व सुदिढु करि काणु, जसहर राजा तनौ कहानु ॥३०९॥
जस मै राउ उज्जैनी करै, उपमा आपु इन्द्र की धरै ।
कुसुमावलि कुसम सर वेलि, ता समान मानै सुष केलि ॥३१०॥

**यशोधर का मोर एवं चन्द्रमती का कुत्ता होना—**

कूकुरु हुयौ अवेयनु आपु, जसहर जानत कीनौ पापु ।
बरणौं कवनु महा ममु घोरु, जसहरु राव भयौ मरि मोरु ।।३११।।

चन्द्रमती मरि कूकरु भइ, परमति रमति आपुनु रई ।
एक दिवस विहि सर मधुजाणि, जस वैढोवउ दीनौ आणि ।।३१२।।

स्वानु पेषि मन उपज्यौ भाउ, जो लायौ तहू कीयौ पसाउ ।
णिसि दिनु बध्यौ मदिर रहै, पारधि जात बहूत मृग गहे ।।३१३।।

फुणि जस मै अवलोयौ मोरु, अति सुरुपु गुणु कहत न ऊरु ।
सोलै मेल्यौ मदिर माहू कौतिगु वहूत करै सो ताहू ।।३१४।।

नेवर धुनि सुनि वित्त कराइ, राणिनु षेलत दिवसु विहाइ ।
एक दिवस पावस घनघोरु, मदिर सिषिर गयौ चढि मोरु ।।३१५।।

तहि भव सुमरि नुणि मन जाणि, सयलु लोग पेष्यौ पहिचाणि ।
चित्रसाल पेषी आपनी, अवलोइ कुचिज कस्यौ धनी ।।३१६।।

लो लगीव यन उपज्यौ षोहु, तिनहू परणि वड्यौ करि कोहू ।
कियौ चरण चचू कौ धाउ, तहि पापिनि गहि तोस्यौ पाउ ।।३१७।।

मारिदत्त लै भग्यो परानु गयौ तहा बध्यौहो स्वानु ।
तहि कूकर माता कै जीव, पकरि स्वानु मुहु तोरी गीव ।।३१८।।

सारि पास षेलतु हौ राउ, धायौ तिनहि छुडावन आउ ।
छाडै नही स्वानु रिस लयौ, राइ स्वान सिरु मदिर रह्यौ ।।३१९।।

**काला सर्प एवं मोर होना—**

निकस्यौ साथ दुहू कौ जीव, मुयौ स्वानु दूजौ हरि गीव ।
सिहिस्यौ बैरु स्वानु करि मर्यौ, किश्नु भुजगु छाइ अवतर्यौ ।।३२०।।

जाहौ भयौ सोजि मरि मोरु, पाव कर्म्मभव भव तन ऊरु ।
तिणि फुणि बैरु पुराणौ सरचौ, देषत दीठि नागु सघरचौ ।।३२१।।

दोऊ परे तछ की भेट, ते भषि दोऊ दीनै पेट ।
गोहिन परचौ विधाता रुसि, मरि भुजगु जल उपनो सूसि ।।३२२।।

**नृत्यांगना—**

अधम कर्म सो कीनौ षीनु, सो जाहौ मरि उपज्यौ मीनु ।
णयरे उजैनी जस मै तनी, नाचणि रूर तिलोतम बनी ।।३२३।।

कणक बरण ससिहर मुष जोति, पेषत मुनि रति पति तण होति ।
चचल डोल विलोल बिसाल, कोमल जनुकु पुष्प की माल ॥३२४॥

कुच कचुकी बनी कसि अग, फाटें तर कि भ्रमत बहू भग ।
कटनि मेषला बंधी तानि, जनकु सुगढी बिधाता आणि ॥३२५॥

बहुत कुसुम लै बैनी गुही, जनु चदन नागिनि आरुही ।
ताल पषावज बीना बस, नेवर धुनि सुनि भुलहिं हंस ॥३२६॥

अगनित जानैं कला बिनाना, अवसरु करि जल आइ न्हान ।
कोला करै सषिनुस्यौ मिली, षिणमौ सु सुयार सो गिली ॥३२७॥

हाहा वादु नगर मौ भयौ, सु सुमारु नाचनि गिलि गयौ ।
णिसुनि राउ आयौ नदि तीर, जावि जोग दुहू भयौ सरीर ॥३२८॥

धीवर बोलि चलायौ जारु, पकर्‌यौ सूसि मेल मुहणारु ।
लाए पकरि बाहिरी सूसि, मारी लात लठा मुह घूसि ॥३२९॥

त्ररणै कवनु महादुष षाणि, दुष दिषराये नरक समानि ।
सहिए सोजि सहावै दई, तिस पुरि मो मरि छेरी भई ॥३३०॥

मारिदत्त सुनि भव भयभीति, कछू दिवस जब गए बितीत ।
जीव न लहै कर्म्म पहू ठालि, मीनु गह्यो मुष गारौ घालि ॥३३१॥

आवध लात मुठी कनु हन्यौ, सुर गुर पहू दुष जाइ न गन्यौ ।
रोहौ भणि तिनि दीनौ ठोउ, जस मैं ताकौ कियौ विगोउ ॥३३२॥

पिता मरिवि जो उपज्यौ मीनु, सोइ नाइ पिता कै दीनु ।
अैसैं दीवर भासहि बेद, मूढण लहहि धर्म्म कौ भेदु ॥३३३॥

जीवण जाइ कर्म वस परयौ, छेरी तनै गर्भु अवतर्‌यौ ।
जव तिरजच वडरी भयौ, मातहि रवत अज हण्यौ ॥३३४॥

आपु वाज सो उपन्यौ आपु मारिदत्त को मेटै पापु ।
पूरे दिवस भए जव पेट, एक दिवस प्रभु गयौ अषेट ॥३३५॥

तिहि दिन राजहि भई न घात, वाण हणी छेरी घरजात ।
पेष्यौ उदर वो करावालु, ताकौ काढि कियौ प्रतिपालु ॥३३६॥

दिय बाह्मण वर भन्यौ अजौनी जातु, बडौ भयौ डोलैं घरु षातु ।
तिहि अवसरि णिसुणहु धरि भाउ, गयौ अहेरै जस मैं राउ ॥३३७।

हरिण रोझ सूकर हरि ससे, मारे जीव बहुत वण बसे ।
दियवर भणहि णिसुणि प्रभु माधु, ज्सहर राजा तनौ सराधु ॥३३८॥

आजि मिता तनो दिनु एहु, तासु नाम बहु भोजनु देहु ।
चूठी बहुतु अमिय की रासि, सोर सुभा बहू छेरे पासि ।।३३९।।

निरमलु बोकु अजौनी जातु, लहै सुरगु सुष आजि तात ।
तिनकै कहत अजाचर आनि, दिठु करि मदिर बाध्यौ तानि ।।३४०।।

अमिय महादेवी को नेह, बोकु क्षुधा तृस व्याप्यौ देहु ।
ताकू वेल पयासी बनी, तहि अजाभव सुमरी आपनी ।।३४१।।

देष्यौ कुटमु दासि अरु दासु, मारिदत्त बुषु कहिये कासु ।
सवु मदिरु पेष्यो अवलोइ, तब पछितानै कछु न होइ ।।३४२।।

हो तिरजबु पुकारो कासु, कोइ देइ नपान्यौ घासु ।
कुविनि खाहनि श्रुनिलु धरी, अमीव महादे दीठित परी ।।३४३।।

तहि अवसरि रावर की हासि, पापिनि रानी तनी पवासि ।
जोवन तरुण कनक समगात, कहति चली आपु समहु वात ।।३४४।।

दासि एक पभनै तनु मेरि, करि कटाषु मुहु नाक सकोरि ।
रावर विगधि कहा रमि रही, अवर भनै तुम बात न लही ।।३४५।।

मरमु न जानहि कछु गवारी, राजा स्याव जलयो मारि ।
जसहर चन्द्रमती विनु आजु, होइ बहुत भोजन कौ साजु ।।३४६।।

सरधौ मासु गधि साची एहा, अमिय महादेवी कै गेहा ।
अवर दासी बोली अरगाई, कहमि वात परि कहण न जाइ ।।३४७।।

निसि दिनु सेवा जाकी कीज, सषी तासु किमि बुरी कहीज ।
पाछै तुम्ह देहो मारि, सुनैत सामि निडारै मारि ।।३४८।।

तऊ कहमि जो कहण न जोगु, अमिय महादे वाढ्यौ रोगु ।
विसु दै भोजण मारयौ णाहु, फुनि कूबरी रयो करि गाहु ।।३४९।।

षाइ अमियु डाइनि अवतरि, पापिनि कुष्ट व्याधि सरि परी ।
दुष्ट कर्म्म सो मारी चूरि, ताकी विगधि रही भरि पूरि ।।३५०।।

दासी तनो वयनु सुनि कान, मै घरतन पेष्यो तहि थान ।
तब बैठी देषी सोनारि, कोढिणी बिघना करी विचारि ।।३५१।।

पायौ बेगि आपनो कियौ, जैसो बयो लिसो लुनि लयो ।
मो सुषु भयो नारि अवलोई, जिमि निर्धन धनु पाए होइ ।।३५२।।

मारिदत्त निसुनिहि धरि भाव, काटिउ एकु अभाकौ पाउ ।
तीनि पाइसो अपुरा रह्यौ, छूटै नही कर्म्म दिढु गह्यौ ।।३५३।।

कथा सुणोजिल निसुनहु भाण, छेरी जो प्रभु मारी बाण ।
सो मरि देस महिषु अवतरयौ, अति प्रचडु बल दीसै मर्यो ॥३५४॥

ता परि वणिकु कठारी घालि, लादि चलायौ मथुरी चालि ।
आयौ सो उजैणि नदि तीर, चलत पथ की भई जमीर ॥३५५॥

सो तहि महिषु पैठि जल गयौ, राजा तनौ तुरग महुणभो ।
तब धन बारणु कीनौ सोरु, पकरयौ महिषु घालि गल डोरु ॥३५६॥

राजा आगै विणाइ सेव, हण्यौ तुरग तुमारौ देव ।
सुणि रिसाइ बोल्यौ महिराउ, याको करहु दुहेलो घाउ ॥३५७॥

पाइ बांधित रखऊ आणि, तिम मारहु जिम जाइ न भागि ।
छेरे सहुलै मारहु एहु, णाइ पिता आ जोकै देहु ॥३५८॥

फोरै काण एहु पग तीनि, देऊ पितर जिम पावहि पाणि ।
छेरौ महिषु अगिनि सहि मरो, तब चूल दोऊ अवतरे ॥३५९॥

तहि अवसरि कर लाठी धारु, जस मै राय तनौ फुटवारु ।
दोऊ लए अणुपम जाणि, तिणि राजहि दिषराए आणि ॥३६०॥

कुक्कट जुगलु अनुपम पेषि, राच्यौ राव रग मनु मेषि ।
बहुत मोहु सुष उपनौ दीठि, निज कर तरसी तिनकी पीठि ॥३६१॥

कोटवाल पभणै सुनि राइ, जूझू पेषि मनु धरौ सिहाइ ।
भनै राउ तल वर प्रतिशालि, देहु कूरु पजर लै घालि ॥३६२॥

नदन बन मेरै बर तीर, लै चलि ताव चूल बलबीर ।
गज गामिनि भामिनि मो तनी, ता सहू कील करमि बन घनी ॥३६३॥

तहि कोतिगु पेषमि बन माह, सुफल कुसुम तपवर उन छाह ।
निसुनि बचनु तलबरु सिर णाइ, कुक्कुट लैवण पहुच्यौ जाइ ॥३६४॥

## साटकु

अवनि बकयं व चंदनघनं क किलि वल्लीहरं ।
दरकाणलि लवग पूग कदली सेबि गुजर कामर ॥
जाती चंपक मालती व कुसुम भ्ु करादि देरं ।
गायती भुणि बीए किणरिउ लप भवणं साणर ॥३६५॥

कोटवालु धनु बनु अवलोइ, मन मोहनु सोहनु फिरि सोइ ।
तहि अवसरि णिव मदिर पास, अहि असोय तरुवरु धन सा ॥३६६॥

णगिनु दिगवर दीनै भनु, सुहड दीठु तरुवरु तरहानु ।
कोटवार मन चितयो तहा, इह निलज्जु वन आयो कहा ।।३६७।।

पेषि राउ मन कोपु करेइ, याकी रिस मेरै सिर देइ ।
मुनिवरु वातनु लेमिउ चाटि, यावन ते कडमि निरघाटि ।।३६८।।

डिभ भरयौ आयौ मुनि तीर, नमसि कालु कीनौ बरबीर ।
मुनिवरु ति जग सरोरुह सूर, धर्म्म बुद्धि दीनी गुण पूर ।।३६९।।

सुनि मुनि बचनु सुहडु भनि कहै, कहिये धम्मु कवनु को लहौ ।
धर्म्म धनुषु सिव सूधे बाण, यहू भासिउ दीवर परवाण ।।३७०।।

मुनिवरु भनै नि सुनि कुटवार, पभणमि धर्म्म तनै विवहार ।
कहियै मुकति अमर पद थान. सुखु अनतु को कहण समानु ।।६७१।।

कहियै धम्मु अहिंसा आदि, जा विनु हिंडिउ आदि अनादि ।
मुनिवर बचन सुह दुह सि परचौ, मुनिवर वादि धध महू परचौ ।।३७२।।

कवनु जीव को दुखु सहाइ, मूढ देह माटिहि मिलि जाइ ।
पवन हि पवनु मिलै मन जाणि, किम मुनि भासहि झुठु बषाणि ।।३७३।।

कवन काज दुषु सहहि सरीरा, छाह अगतन पहिरहि चीरा ।
वहूनिण जीव लेइ अवतारू, विनु कण कूटहि काइ पियारु ।।३७४।।

फुणि रिसि वोल्यौ भडणिसु सुणेहा, भिन्न जीव करि जाणहि देहा ।
तातै तपु करि काटहि पापु, जान्यौ देव जीव गुनु आपु ।।३७५।।

जौ परि पवनु गयौ मिलि योनु, दुष सुष मूढ सही तौ कौनु ।
भलौ बुरौ तौ कीजइ काइ, तलवरही णाव कहि किम वाइ ।।३७६।।

जो गुण मुनि वरु भासी पेषि, सो गुणु तलवरु मेटइ दोषि ।
भणै सुभटु दरसण अगु, मुनिवरु भासि करै तिण भगु ।।३७७।।

तलवर झुठु भणै सबु जोरि, सो ससौ मुनि घालै तोरि ।
जितौ वादु मुनि तलवर कीणु तेतौ किमि भासमि बुधि हीनु ।।३७८।।

तलवर तनौ रह्यौ मनु माणि, पादु नुपरौ सु दिढु मुणि जाणि ।
उपमा बहुत केमकरि भनौ, किम षटाइ भुस कौ लीपनौ ।।३७९।।

तलवरु भणै निसुनि गुरदेव, दै आइ सुकरमि किम सेव ।
भासै स वनु सुभट करि एह, आठ मूल गुण दिठु करि लेह ।।३८०।।

जेसा वयवय भासहि वीरा, जासु पसाइ तरहि भव तीरा ।
ए प्रतिपालि धर्म्म की रासि, आगम कह्यौ जिनेसुर भासि ।।३८१।।

फुणि भडु भणे जु तुम मुणि वयौ, सो मन वचन काय मै लयौ ।
परि मेरे कुल मारग एक, मुनिवर निसुनि धर्म्म की टेक ।।३८२।।

पिता भजायो जो घर तातु, आयो चल्यौ बस जीव घातु ।
जसमै राय तनौ कुटवारु, मार मि चोर जार वट पारु ।।३८३।।

भास मि देव वयनु अरिहाति, पालमि सयलु अहिंसा छाडि ।
निसुनि वयनु मुनिवरु हसि परघौ, जान्यौ अजहु मूढमति भरघौ ।।३८४।।

निसुनि मूढ जिम सिर विनु देह, लवन विनु भोजनु नारि बिनु गेह ।
जिम मुहु हीण नयण अरु एक, जिम वहु सून एक विनु अक ।।३८५।।

धम्मु अहिंस धर्म्म की आदि, ता बिनु मूढ धम्मु सवु वादि ।
अरु तू कहहि मूढ निरमस, आइ चली हमारे बस ।।३८६।।

ताको उत्तरु पभनौ भाषि, चलै कोटु जौ सातौ साषि ।
कोइ बैदु मिलै लै मूरी, परि सो काढु करै सव दूरी ।।३८७।।

कहि कहि मूढ आपु गुण साधी, दूर्ण भलो किस हिये व्याधी ।
तव चूल कोणि सुणहि वाता, जिम ए फिरे भवतर साता ।।३८८।।

सहे महा दुष नरक समाना, तिम तू सहि हे मूढ अयाना ।
तव चित चेति वात भड भनी, कहि कहि सुगुरु कथा इण तनी ।।३८९।।

जय वर भनै अमोघ रस वाणि, सुनि वर वीर कथा थिरकाणि ।
जसहरु एक अचेयण घात, भवगति फिरयौ भवतर सात ।।३९०।।

## श्लोक

श्रीमयेह उज्जैनिनामनगरे सुरोजसोघो नृप ।
पत्नी चन्द्रमती सुतो जसधर., नारी चरित्रे मृता ।
सपत्तो सिहि स्वान जावहु फणी जुम्मोपि अमचर. ।
छेली छागु स्ववीर्य छेल महिषो एव पुन कुक्कुंट ।।३९१।।

इनके कहे भवतर वीरा, तव चूल पजर तो तीरा ।
अव नर जनमु तनी अवतारु, दोऊ लहहि काटि दुहु भारु ।।३९२।।

तलवर चेति आपु वतु लयो, जनु रवि किरण पेषि तुम गयौ ।
निसुनी कथा मुनीसुर भनी, कुक्कुट भव सुमरी आपनी ।।३९३।।

जान्यौ सयलु पाछिलौ कियौ, तब पछिताइ विसूरयौ हियौ ।
पायौ दुलहु महा गुण बोहु, जीव भवण कौ कियौ निरोधु ।।३६४।।
भाई काल-लबधि सुभ घरी, भव भय वेलि कटी दुष भरी ।
तब चूल पजर वन माहु, कीनो सव दुसुरुहु रीसाहू ।।३६५।।
जस वैराउ रयणि वण गयौ, राणि हि सहितु सुरतु सुषु लयौ ।
कोक भाव रमि खणि सुजाणि, पषि सवद सर मारे ताणि ।।३६६।।
तव चूल मारति तजि मरे, कुसुमावली गर्भ औतरे ।
पायो धम्मु सुगुरु उपदेस, पोतै परी सु किल सुभ लेस ।।३६७।।
गुरु भव सायर तारण हारु, भव तरुवर कप्परण कुठारु ।
कीजहु भव्व सुगुरु कौ कह्यौ, जासु पसाई उत्तिम कुल लयौ ।।३६८।।
सिसु सारग नयणि ससि वयणि, पिय सौमानि सुरत सुषु रयणि ।
कुसुमावली सहितु घरणाहु, गयौ णयरि मन भयौ उछाहु ।।३६६।।
पयडु असा पति तण सहि दारु, दिन दिन गर्भु जु णवै प्राणु ।
जिनवर तनौ धर्म परभाउ, पुन्न दोहलौ पुरै राउ ।।४००।।
कुंजर चालि सुहाई मंद, पडरु वयनु सरद जनु चंद ।
घुलहि णयण जनु जागी राति, मोरति अगु वयण अरसाति ।।४०१।।
कररुह भाणी परी जह्राई, कोमल जघ जुयलु थहराइ ।
चदन चदु कुसुम रस वासु, सीयल सेज र बैंज्यौ तासु ।।४०२।।
बिरीषडि डारै अघषाइ, सुनै कहानी सखिनु बुलाइ ।
अनुकमेण पूजे दस मास, भयौ जु पलु पूरी मन आस ।।४०३।।

**अभयरुचि का जन्म—**

मगलु भयौ राय कौ गेह, सुहु वेली सीची सुघ मेह ।
हीण दीण पूरै दै दानु, सुयण लोग कौ कीनौ मानु ।।४०४।।
इकु राजा सुत जनम्यौ आनु, ताको सुषु को कहण समानु ।
कीनौ अभौ कुटमु रुचि भरयौ, ताते नामु अभैरुचि धरयौ ।।४०५।।
सुतर अभैमति कचन देहा, अति सरूप जनु ससि की रेहा ।
मारिदत्त सुनि कथा पहाणि, दुसह खरी कर्म गति जानि ।।४०६।।
वलि जो जानि सवनुत दई, वहू हुती सो माता भई ।
नदनु हुतो जसोमति राउ, सो फिरी भयौ हमारो ताउ ।।४०७।।

सबु ससारु विडबनु आणि, राजा चेति धर्म्म पहिचाणि ।
बालक बढे पिता कै गेह, निर्मल अग सकोमल देह ।।४०८।।

लषण वतीस कणक सम अंगु, अनहु अग सहू भयौ अनगू ।
खेलत बाल कूं देष्यौ तात, मुद्रा पेषि भयौ सुषु गात ।।४०९।।

फुणि सुन्दरि देषी सुकुमाल, सब दल सबल णयण सुविसाल ।
णाबकाकेलि बेलि सम अगु, चितवत जनु भयभीत कुरगु ।।४१०।।

दुहु पेषि पभणै नरणाहु, देमि राजु अरु करमि विवाहु ।
मारिदत्त सुनि ग्रहु धरि भाउ, पारधि चल्यौ हमारौ राउ ।।४११।।

स्वान पचहु लीने साथ, कणक डोरु गहि अपनै हाथ ।
पेषहु चरितु दई को आनि, ढाहिणि दिसि तबरु तरहाणु ।।४१२।।

मुनि वर्णन—

बिरकन भाव मुक्ति मन इठु, दीनै ध्यानु मुनी सुदीठु ।
पभणै राउ कोप आतुरचौ, नगिनु दीठु किम मेरी परचौ ।।४१३।।

निर्धनु मलिनु अमगलु एहु, दीयवरणिहु सदूबर देहु ।
सनमुख णगिन रह्यौ दै ध्यानु, या सम मो असगुणु नहि आनु ।।४१४।।

याको मुषु देषत सबु जाइ, अण चीतीउ किम देष्यौ आइ ।
अरु मै बात पत्याई आण, भैंट बुरैस्यौ होइ अचाण ।।४१५।।

सब कूकर मेले मुणि तीर, ध्याए घण जिम लए समीर ।
मुनिवर नीरे मडल जाइ, समहुइ रहे सीसु धरि लाइ ।।४१६।।

गोवर्द्धन सेठ—

तब मन को पुन सक्यो सहारी, धायो राउ काढि तरवारि ।
तहि अवसर गोवरधनु सेठि, जामन अटल पच परमेठि ।।४१७।।

वनिवरु अतरु कीनो आणि, अस मै तनो परम हितु जानि ।
पभनै तू जि अवनि को राउ, मुनिवर उवरि करहि किम घाउ ।।४१८।।

पणवहि चरण वेगि तजि गाहू, मुनिवरु तेज पुज गनाहू ।
वनिवर वयणु निसुनि महिपालु, भनै मित्र किम जपहि आलू ।।४१९।।

मुनि को आहिण आजु उठारु, यासिर करमि पलय की मानू ।
तू मो सहू पाल नया कहही, मानहू मेरी मरमु ण लहहि ।।४२०।।

निश्चो मुणि दिय वरह पुराण, इनके बचन न सुनियहि काण ।
मेरे कूकुर राषे कौलि, अवय करज्यौ कणकु सो लील ।।४२१।।
असो बचनु राइ जब भन्यौ, हा हा पभणि वनिक सिव धुन्यौ ।
नरवै मूढ राज मद भरे, भूली वात कहहि बावरे ।।४२२।।

मुनि के गुणों का वर्णन—

मुनिवर सम को अवरु पहाण, वाकौ गुणनि सुणिहि दै कानि ।
मलिन देह अतर मल हीनु, तिय ण सगु सिव भामिनि लीनु ।।४२३।।
निर्धनुहै परि धनहि न अतु, तीन रयण गही रह्यौ महतु ।
रोस हीनु परिहर्‍यौ अनगु, जो रवि परै तम रहैं न अगु ।।४२४।।
षीण सरीर अतुल वल जाणि, को तप तेज कहै परवाणि ।
वयनु पेषि सुष उपजै गात, अस गुण करै नरक अनु जात ।।४२५।।
यह कलिग नरवै सुपहानु, या समान राउ न होतउ आनु ।
तसकर कारण छाडिउ राजु, तजि आरमु कियौ तप काजु ।।४२६।।
अरु जे ते सावज वणवास, लगते रहहि सदा मुनि पास ।
ता ऊपर किम घालहि घाउ, किम बे काज वढावहि पाउ ।।४२७।।
सुर नर खयर फनीसुर जिते, इणकी सेव करहि सव तितौ ।
माया मोहु ण व्यापै सोकु, नान नयण सूझै तिर लोकु ।।४२८।।
जिन विनु काज वढावहि पापु, पणवहि चरण छाडि मन दापु ।
वनिवर तनी राव सुनि वात, चेत्यो परौ सकुचि करि गात ।।४२९।।

राजा द्वारा मुनि भक्ति—

मन विचार करि उपसम भाउ, मुनिवर चरण परयौ महिराउ ।
रागु रोसु अरु जिन वसि कियौ, धर्म्म बृद्धि भनि आसिषु दियौ ।।४३०।।
दूजौ धर्म्मु पापु षै जाउ, यहु मेरौ आसिक कौ भाउ ।
मुनिवर बचनु राउ सुनि काण, तव नरवै लाग्यौ पछितान ।।४३१।।
इण षिनु एकु न कीनी रोस, करु उचाइ मो दई असीस ।
या सम महियलि साधु ण आनु, इणि परु जान्यौ आपु समानु ।।४३२।।
मेरौ जेम पराछितु जाइ, सीसु काटि लै पर समि पाइ ।
मुनिवरु भन्यौ निसुनि महिपाल, किम मन चितै मरनु अकाल ।।४३३।।

काटहि बीर केम सिर आवु, आवु बात कहि काह खु बापु ।
जिम परघातु आवु तिम जाणि, वचनु अजोखु हमारो मानि ।।४३४।।
जब यहु वचनु मुनीश्वर कह्यौ, नरवे चेति धर्मकि चित रह्यौ ।
सुनि कल्याण मित्र गुण षाणि, मन महू बात लई किम आणि ।।४३५।।
वणिवरु भणै राय जिसुणेहु, किसिक बात जो आनी एहु ।
भई होइगी वरतति अहै, मुनिवरु तिहु लोक की कहै ।।४३६।।
माता पिता पितर सो तनै, जो बूझै सो मुनि वरु भनै ।
राजा तनौ गर्व्व गलि गयौ, बूझै वयनु आतुरौ भयौ ।।४३७।।

राजा द्वारा पूर्व भव जानने की इच्छा—

राउ जसोधु पिता ससिमति, कहि मुनिवर तिनकी भवगती ।
जसहरु अमिय महादे रारिख, भए केम तिम ससौ भानि ।।४३८।।

मुनि द्वारा कथन—

सुनि मुनि वयण नारि मन चूर, भासै सुयण सरोरुह सूर ।
व्यौरो कह्यौ भई जिम बात, जैसे फिरे भवतर सात ।।४३९।।
चन्द्रमती अरु तेरौ ताउ, कियौ अचेयण कुक्कुट घाउ ।
हीडैं तासु पाप के लए, अभैकुमारु अभैमति भए ।।४४०।।
सिरस कुसुम सम कोमल देहु, ते दोऊ पैलहि तुव गेहु ।
भण्यो अमिषु सेयो परदारु, अरु विसु दै मारयो भरतारु ।।४४१।।
कोढिनि भई महा दुषभरी, पचम नरक जाइ अवतरी ।
सो तू अमिय महादे जाणि, तेरी माय पाप की षाणि ।।४४२।।
तो सो भवण भवति गति कही, जिम जिनि करी तेम तिणि लही ।
यहु ससारु जीव करि भरयौ, कर्म कुलाल कमठ बस परयौ ।।४४३।।
भानै गढै गढै फुनि भानि, नर वैं जलद पटल अगु जाणि ।
पुरिस सीहु सुनि जस मै राइ, बिनु जिन धर्महि सुषु ण लहाइ ।।४४४।।
भव व्यौरो निसुन्यो बरबीर, हा हा भनि वर हुस्यो सरीर ।
चेतु लागि मुनिवर पग परयौ, मन बिलषाइ हियौ गहु बरयौ ।।४४५।।
असू टूटहि कंपइ देहु, जनु भर भादौ बरसै मेहु ।
जो जहू पापुण घालै षाइ, तव लगि तपु दै तिहु बणराइ ।।४४६।।

तब पन फरहि पुरदर देव, अरु चक्के स पयहि सेव ।
कहि कल्यान मित्र गुण गेह, सूरि सुक्त वेगि तपु देहू ।।४४७।।

तहि अवसरि प्रभु तनौं पवासु, कूमयौं जाइ जह रणवासु ।
किम सिगाह करहु वरणारि, योवन गयौ भयौ तप धारि ।।४४८।।

किम कसि कचुकि पहिरहु अग, बहुरिरण नाहु मिलै रति रग ।
किम तण पहिरहु दखिण चीर, किम मडहु आभरण सरीर ।।४४६।।

कु कुम रेह करहु किम वानि, केम कसनि कटि बधहु तानि ।
अरु किम चलहु समोरति देह, फिरिरण नाहु आवइ सगेह ।।४५०।।

अजहू नयण केम सुहिणाल, वास सुगध कुसुम को माल ।
अरु किम नेवर चलहु बजाइ, करि कटाषु किम मिल बहू भाइ ।।४५१।।

किम रचि वैनी वधुहु फूल, सेज रचहू किम कोमल तूल ।
किम कर बीन बजावहु नारि, अरु किम विहसहु वयनु पसारि ।।४५२।।

अरु किम चदन चरचऊ अगु, कंत कियौ सजम सिरि सगु ।
स कहुत जाइ वरो रहु णाऊ, सोतलु करहु बिरह तन दाऊ ।।४५३।।

जौ कछु व्याऊ करै करतारु, तौ अव कीव मिलै भरतारु ।
चरण रतनौ वयनु सुनि काण, सब रानी लागी अकुलाण ।।४५४।।

अतेवर बहू कीनौ सोरु, जनु निसिव तकरणु पेख्यौ चोरु ।
मधुकर मिले पवरण सुष वास, विरजति तिनहि चली पिय पास ।।४५५।।

जिहि वन सवरण पास, सुपियरु, तपु मागत देख्यौ भरतार ।
बहुत भाति समुझायौ नाहु, परि तप ऊपर तजै रण गाहु ।।४५६।।

जौ अतिअसहै वहै बयारि, सकै होनु किम परवतु टारि ।
तोरयौ मोहु कर्म को हेतु, हम फुणि सुण्यौ पिता तपु लेतु ।।४५७।।

रथ चढि वीरु वहिरिण वन गए, किंकर बहुत साथ करि लए ।
दरसनु पेषि मुनिसर तनौ, तब हम भौ सुमरयौ आपणौ ।।४५८।।

कुसुमावली हमारी माइ, ताकी छोरि परे मुरझाइ ।
सीचि पवण जल चेयरण लही, अपनै मुहु अरनी भव कही ।।४५६।।

वस्तुबन्ध

हउ जि असहरु चद मै अम्हे पुणु गेह रहे ।
बितहि मरिबिदोबिसिहि साण पसइ ।

सक्काउवए बिलुहु जाहुरे कषि मइ किन्हु बलइ ।
जलयर खेली क्षागु भज्नु मह्वि सुसदु कुरमत्तं ।
सव भूल तनु खाडि तहि, हम ग रहोइ विपत्तं ।।४६०।।

दो विहि कुक्कुंटु हयो अचेतु, हिंडिव झात, भवतर तेतु ।
पुनु माइ दुष देवत फिरै, ते हम बीर बहिणि अवतरे ।।४६१।।

अब तपु दोऊ करहि अलेउ, मनचरि एकु जिनेस्वर देउ ।
चरिणवइ भनै सकोमल भास, निसुनि कमार वयनु मो पास ।।४६२।।

लेइ महातप तेरो ताउ, तू कुमार कीनौ महिराउ ।
बालक वयनु पिता कौ पालि, सौ निवहे कुल केरी चालि ।।४६३।।

पुत्र ण करहि पिता की भाण, तौ ण काजु सीझै परवाण ।
लक्षनु रामु भयो परचङ, पिता वचनु सेयौ बन खंडु ।।४६४।।

ताते राजु करहु दिन चारि, फुनि तपु लीजहु काजु बिचारि ।
राजु सकति करिमो कहू दयौ, जस वे बनिक दुहु तपु लयौ ।।४६५।।

कुसुमावली अरजिका भई, बहुत नारि सहू दिख्या लई ।
मै दिन चारि राजु घर करयौ फुनि दै माइ हि सो परिहरयौ ।।४६६।।

गए सुदत्त सूरि मुनि पास, जो तप तेज सरु बनवास ।
णमसिकारु करि मागी दीषि, तब सुदत्त गुरु दीनी सीष ।।४६७।।

तुम दोऊ बालक सुकुमाल, कोमल जिसे पऊ के नाल ।
पचम महाव्रत दूमहू धरे, ते तुम पास जाहि किम धरे ।।४६८।।

जोग त्रिकाल देहि किम बीर, केम परीसह सहहि सरीर ।
पाच मास किम सहहिउ पास, लहि कुमार किम सहहि पियास ।।४६९।

जब लगि दोऊ समरथ होऊ, अनुव्रत धरहु कुमर दलि कोहु ।
स गुर बचन सुनि कुमरु कुमारि, लीनौ तपु आभरण उतारि ।।४७०।।

कोऊ लाहू जीत्यौ मो मानु, सुष दुष तिणहु मु एक समान ।
थोषहि आगमु बारहु अग, निसि दिनु रहहि गुरु कै सग ।।४७१।।

जिनवर वदत तीरथ थान, संजम रावत पञ्च पराण ।
करत विहार कम्मुं सुनि राइ, नयरि तुमारी पहुचे आइ ।।४७२।।

गुरु उपदेस चले निरगथ, भोजन निमित नगर कै पथ ।
तुव किंकर लैते वरी प्राण, गहिलाए देवी कै थाण ।।४७३।।

हम तू बैठो देख्यो राइ, जनु ससि श्रवर उदौ कराइ ।
तुम प्रतिगह्व करि बूझी बात, मैं सब कही भयौ सुक गात ।।४७४।।

ऐसी सुनि तई गुरु पासि, मारिदत्त तिम पवडी भासि ।
को काको सबु जाणहि बधु, मानसु मूढ ण चेतई अंधु ।।४७५।।

कबहु जियहि ण लाज्यौ चेतु, को गति फिरयौ भवतर लेतु ।
मारिदत्त राजा सुणहालु, निसुण्यौ असहूर तनौ पुरालु ।।४७६।।

मारिदत्त का पापों से भयभीत होना—

चिमक्यौ राव पाप डर लयौ, विसु सौ उतरि स वनु को गयौ ।
पाइ परयौ जोगी अरु राइ, देवी बहुत विमन पछिताइ ।।४७७।।

मारिदत्तु न खेवर वीरु, लयौ उसास नयण भरि नीर ।
निदि अपनोको भासै बात, राखि राखि जय वर जगताल ।।४७८।।

नरक परत राखहि परचड, भवगति सायर तरण तरड ।
दै तपु मोहि ग्मिी सुर बाल, बार बार विनवो महिपाल ।।४७९।।

दोहरा

तहि मुनि सूरि सुदत्त गुरु, जाण्यौ अवधि प्रमाण ।
नर वै अभय कुमार लहु, सबोहिउ तहि थान ।।४८०।।

सुदत्त मुनि का देवी के मन्दिर में आगमन—

निसुनहु कथा अपूरब आण, मुनि आयौ देवी को थान ।
मुद्रा पेषि अचम्यो राउ, आसनु छांडि करयौ पसावाउ ।।४८१।।

पाइनु अभैरुचि परयौ, अमसि कालु जोगी सुर करयो ।
देवी तनौ गवुं गलि गयौ, अपनो थानु सुहाउठयौ ।।४८२।।

मु ह रु ड सब कीनो दूरि, कीनो गेहु कनको पूरि ।
अगमु चदन राष्यौ लोपि, चोया कु कुहु पूरी सीपि ।।४८३।।

बहुत कुसुम तरु वदन वार, भवर बास मु जरहि अपार ।
फेरि रूपु तन अति सुन्दरि, रोहिणि जनकु सुरयं ते परि ।।४८४।।

जीव जुगल सब दे नै मेलि, मगलु घोसिउ माडे केलि ।
मारिदत्तु पभणै गुण रासि, मो सहु देव भवंत भासि ।।४८५।।

पभनहु स्वामि भव आपनी, गोवरधन अरु जोगी तनी ।
राउ जसोधु चन्द्रमति राणि, देवी की भव कहहु बखाणि ।।४८६।।

**पूर्व भवों के बारे में प्रश्न—**

कुसुमावलि अरु छस मैं राउ, मेरी अरु जिम जनमी ताउ ।
अरु जिम महिष तुरंग मुहूयौ, अमिय महादै कूबज कुरयौ ।।४८७।।
सरमबकौ काकौ अवतरयो, भासि सुदत्त बोज रस भरयो ।
मारिदत्त मुनि आसै सूरि, सत्तौ हुरमि चित्त की दूरि ।।४८८।।

**सुदत्त मुनि द्वारा वर्णन—**

गंधर्वं देसु अरु पुरु गंधर्वं, पेषत हूरै अमर की गर्वं ।
तहि वैधर्वं राउ परचडु, एक छत्र भूजै महिषंड ।।४८६।।
विभ्रसिरी भामिनि गुण रेह, रामचद्र घरि सीता जेह ।
गधर्व सेनु पुत्रु तिन जन्यौ, अति सुरुपु जनु सुरपति बन्यो ।।४६०।।
गधर्वा पुत्री मृग नयनि अति मुख जोति चदु जनु रयणि ।
मत्री रामु नामु प्रभु तनौ, राज मत्रु जो जानै घनौ ।।४६१।।
अवला तासु कणक सम देह, वालक हरिण नयण ससि लेह ।
नदन वेवि पयंड सरीर, नामु जितारि भोउ वर वीर ।।४६२।।
गधर्वा सुव राजा तनी, सो जितारि व्याही तन बनी ।
सो देवर रमि चूरी पाप, दुसह जाणि मयन की ताप ।।४६३।।
गधर्वं राजा पारधि गयौ, तहि वैराग भाव मन भयौ ।
सुव वैधर्बहि दीनो राजु, आपुनु कियौ परम ताप काजु ।।४६४।।
अतकाल करि सुव पर मोह, सो मरिण रवै भयौ जसोहू ।
तहि जित सत्र पेषि रतनारि, करि वैरागु महा पुपारि ।।४६५।।
जिनवर धर्म्म पालि गुन षाणि, राउ जसोधर उपन्यौ आनि ।
गधर्व वहिणि तनी सुनि वात, तपु करि सही परीषह गात ।।४६६।।
करि सन्यासु काटि भव पापु, मारिदत्त सो जाणहि आपु ।
गधर्बा जिनि देवरु रयौ, समभौ अन्त काल तपु लयौ ।।४६७।।
सो मारि अमिय महादे भई, रमि कूबरो नरक सो गई ।
सीवरमी वायर की तिरी, कुल कलकु कीनौ मति फिरी ।।४६८।।
सीलु भु जि अपजसु संग्रह्यौ, पापी जन्मु कुविज को लह्यौ ।
मत्री रामु रवन ससि लेह, तपु करि सजम सो सी देह ।।४६६।।
पयरु पयरि दोऊ अवतरे, वर्णी कहा महासुष भरे ।
जिनवरु पुजि धर्म्मुं पहिचाणि, सो अर्भ कुसुमावलि जाणि ।।५००।।

जो ही सवति चन्द्रमति तनी, मरिवि तुरंगु जाम अपनी ।
सो सखिरै महिषु हुयो, सो मिरुगा पूरि पाछो भयो ॥५०१॥
अत काल सायर मुनि काम, तिनि आहके कवि लिखे प्रवाण ।
रुपि निखनि तुम्हारी राइ, ताके कूबर अवतयो आइ ॥५०२॥
राज कुमारु पढिहे सोइ, पुण्य कुमिसु तेरे घर होइ ।
तेरो पिता कम्मं को लयो, चडमारि देवी सो भयो ॥५०३॥
सील निहाण तुमारी माइ, सो सहि जोगी उपन्यो आइ ।
जसवंधुर अवनी को राउ, ताइ जसोध तनो जो ताउ ॥५०४॥
सो सुहभाणा चयो तजि मोहु, जिनवर धर्म्म तनो गहि बोहु ।
देसु कलिग राउ भगदतु, कुद लता भामिनि को कतु ॥५०५॥
घण कण कचण दीसै भयो, जगवधुर तनकु अवतन्यो ।
नामु सुदत्त राउ गुण गेहु, सो मुनिवर हो आयो एहु ॥५०६॥
राय जसोध तनो सुपहासु, मभी राज गेह परधासु ।
आयु अवु सुमिरि परमेठि, सा जानै गोवद्धन सेठि ॥५०७॥
मारिदत्त जो बूझो मोहि, सब समुझई पयासो तोहि ।
अवधि णयण जान्यो परमानु, मैं भास्यो अब अवण कहाणु ॥५०८॥
तुव पुर पच बार फिरि भयो, तो सो राइण दरसनु भयो ।
काल लवधि जब आवै राइ, तब ही सुभ गति जीउ कहाइ ॥५०९॥

मारिदत्त द्वारा दीक्षा—

मारिदत्त तपु लयो बिचारि, पच मूठि सिर केस उपारि ।
जोगी सु गुर तनै पग परयो, सब पाषंड भाउ परिहरयो ॥५१०॥
भनै दिगबर सो तपु लेहु, अथा गेह मत किरमु करेहु ।
चवे सुगुरु मुनि मैरोमव, कैलासम रयणायर चद ॥५११॥

सुदत्त का भैरवानन्द को उपदेश—

दिन बाईस तुमारी आयु, वेगि धर्म्म को करहि उपाउ ।
तव जोगी मन लाग्यो बैसु, चित यों आपु जीव को हेतु ॥५१२॥
परिहरि पानु पाबु सबु भोगु, लै सन्यासु दियो तिन जोगु ।
बारह अनुपेखा मन भाइ, तुपं कुणिय सुर उपन्यो आइ ॥५१३॥
ठोडी भई देवि कर जोडि, सा सि नरक सो कहत बहोरि ।
मो वीरावि वीर तपु देहु, भव सायर बूडत गहि लेहु ॥५१४॥

कुसुमवान मानिकि मन भूरि, भरी सुबर्ण सरोरुह पूरि ।
तो कहू तपुणा जोगु सुर जारि, समिकित रयणु लेहु दिठु धारि ।।५१५।।

स्वयं देवी द्वारा अहिंसा धर्म अंगीकार करना—

जीव घात की छाडहि भाव, जे पूजहि तिन वरजि रहाउ ।
तजहि आपनी पहिली चालि, जिनवर तनौ धम्मु प्रतिपालि ।।५१६।।
जीव घातु तव देवी छाडि, आपुनु फिरी नगर महु टाडि ।
जो मेरै मडंफ बलि देहु, ताके घर किनु देवी लेहु ।।५१७।।
नि सुनहू सबै नंगर नर णारि, मौ पूजत घर दैमि उजारि ।
जो कहि है देवी बलि लेहु, कुसरणि करिहौ ताकै गेहु ।।५१८।।
मेरै नाम बजावै तूरु, ताकै पेट उठै दिन सुरु ।
समिकत रयनु देवि ले रही, परिहरि कुगति सुगति सुरि गई ।।५१९।।
लयो महाव्रतु अभय कुमार, भए वहुत नर समिकत धीर ।
पढम सुग्गं भगिनी अरु बीरु, भए अमर सो सुद्ध सरीर ।।५२०।।
मारिदत्तु जस मै अरु जेठि, ध्याइ ध्याइनु मन धरि परमेठि ।
करि तपु दुद्धर उपनो देव, सुकिल तेरौ सुर हुर गंध सेव ।।५२१।।
सूरि सुदत्तु नाम सुजहाणु, चढि समेदि सिहिरि दै ध्यानु ।
निद्दलि कम्म छीनि अवगति, सप्तम सुग्ग भयौ सुर पति ।।५२२।।
अनुकमेण पावहि सिव ठानु, सुष अपूह को कहण समानु ।
जसहर चरितु वरणि सवु कह्यौ, दया धम्मु फुणि सुनि नर गह्यौ ।।५२३।।
मगलु करो जिनेसरु वीरु, निसुनत निम्मल होइ सरीरु ।
निसुनहु नामु गामु सुभ थानु, जिहि निवसत मै ठयो पुराणु ।।५२४।।

अथ प्रशस्ति—

गग जमुन विच अंतर वेलि, सुष समूह सुर मानहि केलि ।
नयरि कैलई जनु सुर पुरी, निवसै घनी छतीसो कुरी ।।५२५।।
अभयचदु तहं राउ निसंकु, जनुकु सुषोडस कला मयकु ।
परजा दुषी न दीसै कोइ, घर घर वीष वधाऊ होइ ।।५२६।।
श्रावग बहुत बसहि जहि गाम, जनु आसि कौ दीनो सियराम ।
पौमावे पुर वर सुष लील, सुर समान घर मानहि कील ।।५२७।।
सा कन्हर सुतु आरग साहू, जिनि धनुष रचि लियो जसलाहू ।
जस रानो पटनु सुभ ठौरु, गौड महापुरु दूजौ औरु ।।५२८।।
अनगरु अंतपुरु अरु सोहारु, च्यारयो गाव वसावन हारु ।
जासु नामु पडुवा मुरि तान, राज काज जाग्यो सुरिताण ।।५२९।।

तासु नारि देवश्री नाम, जिम ससि हूर रोहिणि रति काम ।
सोलु महा तहि लीनौ पोषि, नंदन तीनि भवतरे कोषि ।।५३०।।
मेघु मेघुपर सूजस रासि, जनु कुसु सूर ससि सुकु प्रकासि ।
जेठौ मेघु साहू सुपहाणु, जासु नाम मैं ठयौ पुराणु ।।५३१।।
पुत्र हेतु जानैं उपगारु, जिनवर जगिन करावण हारु ।
बहुत गोठि लै चाल्यौ साथ, करी जात सिरी पारस णाथ ।।५३२।।
परचि बहुतु धनु राव न थान, घर आयौ दियौ भोयण दाण ।
ताको पुत्र रत्नु अवतर्यौ, रयनायरु गुण दीसैं भर्यौ ।।५३३।।
भाव भगति करि दीजै दानु कीजैं भवन गुणी कौ मानु ।
जौ कुटवु वरणौ विस्तरी, वाढै कथा अवर दूसरी ।।५३४।।
राम सुतनु कवि गारवदासु, सरसुति भई प्रसन्नी जासु ।
वसत फफोतू पुर सुभ ठौर, श्रावग वहुत गुणी जहि और ।।५३५।।

रचना काल—

वसुविहु पूजिनि नेस्वर एहानु, लै अभारु दिन सुनहि पुरानु ।
सवतु पन्द्रहसै इकयसी, भादौ सुकिल श्रवण द्वादसी ।।५३६।।
सुर गुरुवारु करणु तिथि भली, पूरी कथा भई निरमली ।
जसहर कथा कही सब भासि, सिष लै भाव परम गुरपासि ।।५३७।।
वादिराज भासी गुर सूरि, तासु छाहू पभनी भरि पूरि ।
समलु सघु नदौ सुष पूरु, जब लगि गग जलधि ससि सुरु ।।५३८।।
मेघ माल वरसैं असरार, वोध वधाए मगलवार ।
निसुनिवि व सम तला बहू षोरि, हीनु अधिक सो लीजहु जोरि ।।५३९।।
पढै गुणै लिषि देई लिषाइ, अरू मूरिष सौ कहो सिषाइ ।
ता गुण वणि वहुतु कवि कहै, पुत्रु जनमु सुष सपति लहै ।।५४०।।

इति जसोधर चौपई समाप्त ।। सवत् १६३० मागसर सुदि ११ वार दीतवार ।।

□□□

५

# कविवर ठक्कुरसी

भक्ति कालीन कवियों मे कविवर ठक्कुरसी का नाम उल्लेखनीय है। उनकी पञ्चेन्द्रिय वेलि एव कृपण छन्द बहु चर्चित कृतिया रही हैं। इनका परिचय प्राय सभी विद्वानो ने अपने ग्रन्थों मे देने का प्रयास किया है। लेकिन फिर भी जो स्थान इन्हें हिन्दी साहित्य के इतिहास मे मिलना चाहिए था वह अभी तक नहीं मिल सका है। इसके कई कारण हो सकते हैं। सर्वप्रथम प० नाथूराम जी प्रेमी ने अपने "जैन हिन्दी साहित्य के इतिहास" मे इनकी एक कृति कृपण चरित्र का परिचय दिया था। इसके पश्चात् डा० कामता प्रसाद जैन ने "हिन्दी जैन साहित्य का सक्षिप्त इतिहास" नामक पुस्तक मे कवि की कृपण चरित्र के अतिरिक्त पञ्चेन्द्रिय वेलि का भी परिचय उपलब्ध कराया था।

सन् १९४७ से ही राजस्थान के जैन शास्त्र भण्डारो की ग्रन्थ सूचियो का कार्य प्रारम्भ होने से गुटको से अन्य कवियो के साथ-साथ ठक्कुरसी की रचनाओ की भी उपलब्धि होने लगी और प्रथम भाग से लेकर पञ्चम भाग तक इनकी कृतियो का नामोल्लेख होता रहा इससे विद्वानो को कवि की रचनाओ का नामोल्लेख ही नही किन्तु परिचय भी प्राप्त होता रहा। प० परमानन्द जी शास्त्री देहली का पहिले अनेकान्त में और फिर "तीर्थंकर महावीर स्मृति ग्रन्थ" में कवि पर एक विस्तृत लेख प्रकाशित हुआ है जिसमे उसकी ७ रचनाओ का विस्तृत परिचय भी दिया गया है। इससे कवि की ओर विद्वानो का ध्यान विशेष रूप से जाने लगा। इसी तरह और भी जैन विद्वान कवि के सम्बन्ध मे लिखते रहे हैं। इतिहास में स्थान देने वालो मे डा० प्रेमसागर जैन का नाम उल्लेखनीय है जिन्होंने 'हिन्दी जैन भक्ति काव्य और कवि' में कवि के सम्बन्ध में सामान्य रूप से मूल्यांकन प्रस्तुत किया है।

जैन विद्वानो के अतिरिक्त जैनेतर विद्वानों में डा० शिवप्रसाद सिंह का नाम उल्लेखनीय है जिन्होंने "सूर पूर्व ब्रज भाषा और उसका साहित्य" मे कवि की तीन

रचनाओ का परिचय देते हुए कवि की इन कृतियो को राजस्थानी एव ब्रज भाषा से प्रभावित कृतियां बतलायी ।

लेकिन इतना होने पर भी कवि को जो स्थान एव सम्मान मिलना चाहिए था वह उसे प्राप्त नहीं हो सका। इसका प्रमुख कारण भी वही है जो अन्य कवियो के सम्बन्ध मे कहा जाता है ।

ठक्कुरसी राजस्थान के ढूंढाहड क्षेत्र के कवि थे। इन्होंने स्वय ने अपनी कृति "मेघमाला कहा" मे ढूंढाहड शब्द का उल्लेख किया है और चम्पावती (चाटसू) को उस प्रदेश का नगर लिखा है ।[1] कवि चम्पावती के रहने वाले थे । इनके पिता का नाम घेल्ह था । ये स्वयं भी कवि थे जिसका उल्लेख कवि ने अपनी कितनी ही रचनाओं में किया है। घेल्ह कवि की अभी तक की रचनाएँ 'बुद्धि प्रकाश एवं विशाल कीर्ति गीत" उपलब्ध हो सकी हैं। दोनों ही रचनाएँ लघु रचनाएँ हैं। ठक्कुरसी को कवित्व वंश परम्परा से प्राप्त था। ये जाति से खण्डेलवाल दि० जैन थे। इनका गोत्र पहाड़िया था। स्वयं कवि ने अपने आपको पहाड़िया वंश शिरोमणि लिखा है।[2] कवि की माता भी बड़ी धर्मात्मा थी। इसलिए पूरे घर के संस्कार धार्मिक विचारधारा वाले थे ।

ठक्कुरसी सभवत व्यापार करते थे तथा राज्य सेवा मे वे नही थे । यद्यपि कवि ने चम्पावती के शासक 'रामचन्द्र' के नाम का उल्लेख किया हैं लेकिन उससे ऐसा प्रतीत नही होता कि वे राज्य मे किसी ऊंचे पद पर काम करते हो । कवि का जन्म कब हुआ, उसकी बाल्यावस्था एव युवावस्था कैसे बीती, इसका कोई उल्लेख नहीं मिलता है और न कवि ने स्वय ने ही अपने जीवन के बारे मे कुछ लिखा है । कवि का वैवाहिक जीवन कैसे रहा तथा कितनी सन्तानों का उन्हे सुख मिला ये सब प्रश्न भी अभी तक अनुत्तर ही हैं ।

लेकिन इतना अवश्य है कि इनके जमाने मे चम्पावती पूर्णत धन्य-धान्य पूर्ण थी । महाराजा रामचन्द्र का शासन था । तक्षकगढ (टोडारायसिंह) के शासक

---

१ तिहुलोक: ढूंढाहड देस मझि, णयरी चंपावइ अरिक सस्थि ।
तहि अत्थि पास जिणवर णिकेउ, जो भव कण्णिहि तारण हेउ ॥

मेघमाला कहा

२ पंचउ पहाडिहि वंस सिरोमणि, घेल्हा गुरु तसु तियवर घरमिणि ।
ताह तणइ कवि ठाकुरि सुन्दरि, यह कह किय संभव जिण मन्दरि ॥

ही चम्पावती के शासक थे। महाराजा रामचन्द्र के शासन काल में लिखी हुई पचासों हस्तलिखित प्रतियां राजस्थान के विभिन्न जैन ग्रन्थागारों में संग्रहीत हैं। ठक्कुरसी [illegible] से [illegible] कवि के समय के विशेष प्रसिद्धि प्राप्त सेठी थे। कृति से और मालूम पड़ता [illegible] मे विशेष [illegible] और कितने ही ग्रन्थों की प्रतियां करने लिखाने में मल्लिदास का विशेष आग्रह रहा था। लेकिन इसी चम्पावती में कुछ ऐसे व्यक्ति भी थे जो अत्यधिक कृपण थे और किंचित् भी पैसा धर्म कार्य मे खर्च नही करते थे। कवि को इसीलिए 'कृपण छन्द' लिखना पड़ा जिसमें एक कृपण की एव उसके कृपण मित्र की कहानी दी हुई है।

तत्कालीन समाज—कवि के समय के समाज को हम सम्पत्ति-शाली एव ऐश्वर्य सम्पन्न समाज कह सकते हैं। कविवर ठक्कुरसी की 'पार्श्वनाथ शकुन सत्तावीसी' से ढूंढाहड़ प्रदेश एव विशेषतः चम्पावती नगरी का जो वर्णन मिलता है उसके अनुसार चम्पावती व्यापार का केन्द्र भी था। उसमे कोई भी व्यक्ति दुःखी नही दिखाई देता था। जैन समाज भी सम्पन्न समाज था। जहा समय-समय पर महोत्सव होते रहते थे। उस नगर में रहने वाले सभी भाग्यशाली होते थे ऐसी लोगो की धारणा थी।[1] कृपण छन्द मे भी एक स्थान पर वर्णन आया है कि जब श्रावक गण यात्रा से लौटते थे तो वापिस आने की खुशी में बड़े लम्बे-लम्बे भोज होते थे। लोगो का खान पान रहन-सहन अच्छा था। पान खाने की लोगों में रुचि थी। लेकिन सम्पन्न समाज होने पर भी लोग व्यसनों मे फसे रहते थे। यही कारण है कि कवि को सप्त व्यसन पर दो कृतिया लिखनी पडी थी।

साधु गण—चम्पावती उस समय भट्टारको का केन्द्र था और यहीं उनकी गादी था। प्रभाचन्द्र उस समय वहा भट्टारक थे। कवि ने इन्हें मुनि लिखा है और जब वे प्रवचन करते थे तो ऐसा लगता था कि मानो स्वयं गौतम गणधर ही प्रवचन कर रहे हो।[2] इन्ही के शिष्य थे मुनि धर्मचन्द्र जो बाद मे मडलाचार्य कहलाने लगे थे। कवि ठक्कुरसी ने धर्मचन्द मुनि के उपदेश से 'व्यसन प्रबन्ध' की लघु कृति की रचना की थी।[3]

---

१ जहा न को जणु वसइ दुखिउ. जैन महोछव [illegible]।
जहि दिनि दिनि दीसन्ति, तहा वसहि जे धण्णु [illegible] कहति।

२ तसु मज्भि पहासति वर मुणीसु, सह सठिउ ण गोयमु मुणीसु।
मेघमाला कहा

३ मुनि धर्मचन्द उपदेसु लह्यौ, कवि ठाकुरि विसन प्रबंध कह्यौ।
व्यसन प्रबन्ध

खण्डेलवाल समाज—कवि के समय मे चम्पावती मे खण्डेलवाल दि० जैन समाज का अच्छा थोक था। अजमेरा, बाकलीवाल, पहाड़िया, साह आदि गोत्रों के श्रावक परिवार प्रमुख रूप से थे। सभी श्रावक धन सम्पन्न थे। भगवान पार्श्वनाथ की मूर्ति विशेष श्रद्धा एवं भक्ति का केन्द्र थी। मूर्ति अतिशय युक्त थी। बादशाह इब्राहीम लोदी के आक्रमण का भी उसी की भक्ति एवं स्तवन से रक्षा की थी। स्वयं कवि भी भगवान पार्श्वनाथ के पूरे भक्त थे इसलिए जब कभी अवसर मिला कवि पार्श्वनाथ के गीत गाने लगते थे।

## काव्य रचना

कवि की अभी तक कोई बड़ी कृति देखने में नहीं आयी। मेघमाल कहा मे अवश्य २१५ कडवक छन्द तथा २११ अन्य छन्द हैं। कवि की ७ रचनाओं का परिचय प० परमानन्द जी ने दिया था लेकिन शास्त्र भण्डारो की ओर खोज करने पर अब तक कवि की १५ रचनाएँ प्राप्त हो चुकी हैं। जिनके नाम निम्न प्रकार हैं—

| | | |
|---|---|---|
| १ | पार्श्वनाथ शकुन सत्तावीसी | रचना संवत् १५७८ |
| २. | कृपण छन्द | ,, ,, १५८० |
| ३. | मेघमाला कहा | ,, ,, |
| ४ | पञ्चेन्द्रिय वेलि | ,, ,, १५८५ |
| ५ | सीमंधर स्तवन | |
| ६. | नेमिराजमति वेलि | |
| ७ | चिन्तामणि जयमाल | |
| ८. | जैन चउवीसी | |
| ९ | शील गीत | |
| १० | पार्श्वनाथ स्तवन | |
| ११ | सप्त व्यसन षट पद | |
| १२ | व्यसन प्रबन्ध | |
| १३ | पार्श्वनाथ स्तवन | |
| १४ | ऋषभनाथ गीत | |
| १५. | कवित्त | |

उक्त १५ रचनाओं मे प्रथम ४ रचनाओं में रचना संवत् का उल्लेख किया गया है शेष सब रचना काल से शून्य है। उक्त रचनाओं के आधार पर कवि का

साहित्यिक जीवन सवत् १५७५ से प्रारम्भ होकर सवत् १५६० तक चलता है। इन १५ वर्षों मे कवि साहित्य निर्माण में लगे रहे और अपने पाठको को नयी-नयी कृतियो से रसास्वादन कराते रहे। कवि के पूरे जीवन के सम्बन्ध मे निश्चित तो कुछ नही कहा जा सकता है लेकिन ७० वर्ष की आयु भी यदि मान ली जावे तो कवि का समय सवत् १५२० से १५६० तक का माना जा सकता है।

पञ्चेन्द्रिय वेलि में इन्होने अपने आपको जति शब्द से सम्बोधित किया है इसका अर्थ यह है कि इन्होने अपने अन्तिम वर्षों मे साधु जीवन अपना लिया था। तथा भट्टारको के सघ में ही अपना जीवन व्यतीत करने लगे थे।

उक्त १५ रचनाओ मे "मेघमाला कहा" के अतिरिक्त सभी लघु रचनायें हैं इसलिए मेरी तो ऐसी धारणा है कि कवि की अभी और भी बडी रचनायें मिलनी चाहिए क्योकि बडे कवि को छोटी-छोटी रचनाओ से ही सन्तोष नही होता उसे तो अपनी काव्य प्रतिभा बड़ी रचना निबद्ध करने मे ही दिखाने का अवसर मिलता है। 'मेघमाला कहा' एक मात्र अपभ्र श रचना है शेष सब रचनाये राजस्थानी भाषा की रचनाये कही जा सकती है। जिन पर ब्रज भाषा का भी प्रभाव दिखाई देता है।

उक्त रचनाओ का सामान्य परिचय निम्न प्रकार है—

## १. सीमधर स्तवन

इसमे विदेह क्षेत्र मे शाश्वत विराजमान सीमधर स्वामी का ३ छप्पय छन्दो मे वर्णन किया गया है। रचना के अन्त मे 'लिखित ठाकुरसी' इस प्रकार उल्लेख किया हुआ है। भाषा एव भावो की दृष्टि से स्तवन अच्छी कृति हैं। इसकी एक प्रति शास्त्र भण्डार दि० जैन मन्दिर गोधान जयपूर के ८१ सख्या वाले गुटके मे ४८–४६ पृष्ठ पर अकित है

## २ नेमिराजमति बेलि

जैन कवियो ने वेलि सज्ञक रचनायें लिखने मे खूब रुचि ली है। हमारे स्वय कवि ने एक साथ दो वेलिया लिखी हैं जिनमें राजमति वेलि प्रथम बेलि है। इसका दूसरा नाम नेमीश्वर बेलि भी है। इसमे नेमिनाथ और राजुल के विवाह प्रसग से लेकर वैराग्य धारण करने एव अन्त मे निर्वाण प्राप्त करने तक की सक्षिप्त कथा दी हुई है।

बसन्त ऋतु आती है और सब यादव बन विहार के लिए चले जाते हैं। इस अवसर पर नेमिनाथ के अपूर्व पौरुष का सब को पता चल जाता है और उसके

पीछे विवाह को लेकर अन्य घटनाएँ घटती हैं। नेमिकुमार जल क्रीड़ा करके सरोवर से निकलते हैं और गीले कपड़े निचोड़ने के लिए रुक्मिणी से प्रार्थना करते हैं। लेकिन रुक्मिणी तो उनके बड़े भाई नारायण श्रीकृष्ण की पत्नी थी इसलिए वह कैसे कपड़े निचोड़ती। उसने इतना कह दिया कि जो सारग धनुष चढा देगा, पाञ्चजन्य शख पूर देगा तथा नाग शैय्या पर चढ़ जावेगा, उसी के रुक्मिणी कपड़े धो सकती है। रुक्मिणी का इतना कहना था कि नेमिकुमार चल दिये अपना पौरुष दिखलाने आयुध शाला मे। वहां जाकर पल भर मे उन्होने तीनो ही कार्य कर डाले। शख पूरते ही यादवों मे खलबली मच गई और स्वय नारायण वहां आ पहुँचे। नेमिनाथ का बल एव पौरुष देखकर सभी आश्चर्य चकित हो गये। अन्त मे नेमिनाथ को वैराग्य दिलाने की युक्ति निकाली गयी। विवाह का प्रस्ताव रखा गया। बारात चढी। तोरण द्वार के पास ही अनेक पशुओ को दिखलाया गया। नेमिनाथ के पूछने पर जब उन्हे मालूम चला कि ये सब बरातियो के लिए लाये गये हैं तो उन्हें ससार से विरक्ति हो गयी और तत्काल रथ से उतर कर ककण तोड कर गिरनार पर जा चढे और मुनि दीक्षा धारण कर ली। राजुल के विलाप का क्या कहना। उसने नेमिनाथ को समझाया, प्रार्थना की, रोना रोया, आसू बरसाये लेकिन सब व्यर्थ गया। अन्त मे राजुल ने भी जैनेश्वरी दीक्षा ले ली।

प्रस्तुत कृति पद्धडिया छन्द के आधार पर लिखी गयी है। प्रारम्भ मे २ दोहे हैं और फिर कडवक छन्द हैं। इस प्रकार पूरी वेलि मे १० दोहे तथा ५ पद्धडिया छन्द हैं। सभी वर्णन रोचक एव प्रभावोत्पादक हैं। भाषा ब्रज है जिस पर राजस्थानी का प्रभाव है। जब राजुल के समक्ष दूसरे राजकुमार के साथ विवाह करने का प्रस्ताव उपस्थित किया गया तो राजुल ने दृढ़तापूर्वक निम्न शब्दो में विरोध किया—

जपइ रजमतीय अणेरा, जिण विणु वर बधव मेरा ।।११।।
कै वरउ नेमिवरु भारी, सखि कै तपु लेउ कुमारी।
चढि गैवरि को खरि बैसे, तजि सरगि नरगि को पैसै ।।१३।।
तजि तीणि भवन को राई, किम अवरनु वरौ बस माई ।।

नेमिकुमार की अपूर्व सुन्दरता, कमनीयता एव रूप पर सभी मुग्ध थे। जब वे बसन्त क्रीड़ा के लिए जाने लगे तो उस समय की सुन्दरता का कवि के शब्दो मे वर्णन देखिये—

कवि कहइ सुनिय धणु धणु, जसु परणइ एह मदणु।
इणि परितिय अणेक्क पयारा, बहु करिहिति काम विकारा।
जिणु तव इण दिठि वे बोलैं, नाउ मेह पवन भै डोलैं ।।५।।

कवि ने रचना के अन्त में अपना परिचय निम्न प्रकार दिया है—

कवि घेल्हु सुतनु ठाकुरसी; किये नेमि सु अति मति सरसी।
नर नारि अको मिल गावें, श्रो चितै सो फलु पावै ॥२०॥

नेमिराजमति वेलि की पाण्डुलिपिया राजस्थान के कितने ही भण्डारों में उपलब्ध होती है। जिनमे जयपुर, अजमेर के ग्रन्थागार भी हैं।

## ३. पञ्चेन्द्रिय वेलि

पञ्चेन्द्रिय वेलि कवि की बहुत ही चर्चित कृति है। इसमें पांच इन्द्रियो की वासना एव उनमे होने वाली विकृतियों पर अच्छा प्रकाश डाला है। और अन्त में इन्द्रियो पर विजय पाने की कामना की गयी है। जिसने इन इन्द्रियों पर विजय प्राप्त की वह अमर हो गया, निर्वाण पथ का पथिक बन गया लेकिन जो जीव इन्ही इन्द्रियो की पूर्ति मे लगा रहा उसका जीवन ही निकम्मा एव निन्दनीय बन गया। इन्द्रिया पाच होती हैं—स्पर्शन, रसना, घ्राण, चक्षु एव श्रोत्र। और इन पाच इन्द्रियो से पाच काम अर्थात् अभिलाषाएँ उत्पन्न होती हैं और वे हैं, स्पर्श, रस, गन्ध, रूप और शब्द। इन्द्रियो के इन पाच काम गुणो के वशीभूत होकर मन सासारिक भोगो मे उलझ जाता है और अपने सच्चे स्वरूप को भूला बैठता है। इसलिए सच्चा वीर वही है जिसने इन काम गुणों पर विजय प्राप्त की हो। कबीर ने भी सूरमा की यही परिभाषा की है—

कबीर सोइ सूरमा, मन सो माडे जूझ।
पांचो इन्द्री पकडि कै, दूर करे सब दूझ ॥

कबीर ने फिर कहा कि जो मन रूपी मृग को नही मार सका वह जीवन मे अभ्युदय एव श्रेयस का भागी कदापि नहीं हो सकता

काया कसो कमान ज्यो, पाच तत्व कर बान।
मारो तो मन मिट गया, नहीं तो मिथ्या जान ॥

पञ्चेन्द्रिय वेलि कवि की सवतोल्लेख वाली अन्तिम कृति है अर्थात् इसके पश्चात् उसकी कोई अन्य कृति नहीं मिलती जिसमे उसने रचना सवत दिया हो। इसलिए प्रस्तुत कृति उसके परिपक्व जीवन की अनुभूति का निष्कर्ष रूप है। कवि द्वारा यह सवत् १५८५ कार्तिक शुक्ला १३ को समाप्त की गयी थी।[1]

---

१ सवत पन्द्रहसैर पिच्यासे तेरसि सुदी कातिग मासे।
जिहि मनु इ द्री वसि कीया, तिहि हर तरपत जग जीया ॥

ठक्कुरसी ने वेलि के अन्त में अपने और अपने पिता के नाम का भी उल्लेख किया है तथा अपने आपको 'गुणवाम' विशेषण से सम्बोधित किया है। जिससे अनुमान लगाया जा सकता है कि कवि ठक्कुरसी की कीर्ति उस समय आकाश को छू रही थी।[1]

**विषय प्रतिपादन**

कवि ने एक-एक इन्द्रिय का स्वरूप उदाहरण देकर समझाया है। सबसे पहले वह स्पर्शन इन्द्रिय के लिए कहता है कि वन मे स्वतन्त्र रहते हुए वृक्षों के पत्ते एव फल खाते हुए स्पर्शन इन्द्रिय के वश मे होकर ही हाथी जैसा जीव मनुष्य के वश में हो जाता है और फिर अकुशो की मार खाता रहता है। कामातुर होकर हाथी कागज की हथिनी के पीछे सब कुछ भूल जाता है।

वन तरुवर फल खातु, फिरि पय पीवतौ सुछद।
परसण इद्री प्रेरियो, बहु दुख सहै गयन्द।
बहु दुख सहौ गयदो, तसु होइ गई मति मदो।
कागज के कुजर काजे, पडि खाडन सक्यो न भाजे।

कीचड मे फसने के पश्चात् मदोन्मत हाथी की जो दशा होती है उस पर कवि मानो आसू बहाते हुए कहता है—

तहि सहीय घणी तिस भूखो, कवि कौन कहत स दूखो।
रखवाला वलगउ जाण्यो, वेसासि राय घरि आण्यो।
वध्यो पगि सकुलि घाले, तिउ कियउन सक्कइ चाले।
परसण प्रेरे दुख पायो, निति अकुस घावा घायौ॥

कवि ने स्पर्शन इन्द्रिय के वशीभूत होने के कारण जिन-जिन महा-पुरुषों ने अपने जीवन को नष्ट कर दिया है उनके भी कुछ उदाहरण देकर इस इन्द्री की भयकरता को समझाया है। मैथुन के वशीभूत होने पर ही कीचक को जीवन से हाथ धोना पडा। रावण की सारी प्रतिष्ठा एव रावणत्व धूल धूसरित हो गया। इसलिए जिस प्राणी ने स्पर्शन इन्द्रीय पर विजय प्राप्त की है उसी ने जीवन का असली फल चखा है।

परसण रस कीचक पूरयो, जहि भीम सिला तलि चूरयौ।
परसण रस रावण नामै, मारियउ लकेसुर रामैं।

---

1. कवि घेल्ह सुतनु गुणधामु, जगि प्रगट ठकुरसी नामु।

परसण रस सकट राच्यौ, तिम आयौ नट ज्यौ नाच्यौ।
इहि परसरा रस जे भूता, ते नर सुर घरणा विगूता। १॥

दूसरी इन्द्रिय रसना है। मानव सुस्वादु बन जाता है और अपना हिताहित भुला बैठता है। अपनी मृत्यु का कारण वह स्वयं बन जाता है। जल मे स्वच्छन्द विचरने वाली मछली भी रसनेन्द्रिय के कारण ही जाल मे फंस कर अपने प्राण गवा बैठती है—

केलि करतो जनम जलि, गाल्यो लोभ दिखालि।
मीन मुनिष ससारि सरि, काढयौ धीवर कालि।
सो काढयौ धीवरि काले, तिणि गाल्यो लोभ दिखाले।
मछु नीर गहीर पइट्ठौ, दिठि जाइ नही जहि दीठौ।

कवि ने मानव रूपी मछली के रूपक द्वारा रसनेन्द्रिय के दुष्प्रभाव की विशद व्याख्या की है। उसके शब्दो मे जन्म को जल, मनुष्य को मछली, संसार को सरिता और काल को धीवर के रूप में देखने में कितनी यथार्थता है। इसके पश्चात् कवि ने रसनेन्द्रिय के प्रभाव की जो सत्य तस्वीर प्रस्तुत की है वह कितनी सुन्दर है—

इह रसणा रस कउ घाल्यो, बलि आइ मुवै दुख साल्यौ।
इह रसना रस कै तांई, नर मुसै बाप गुरु भाई।
घर फोडै पाडै बाटां, निति करै कपट घरण घाटा।
मुख झूठ सांच सहिहि बोलै, घरि छोड दिसावर डोलै।

कवि के कथन मे अनुभूति है और जीवन की जागती तस्वीर। रात दिन सुनते, देखते, पढ़ते है "इह रसना रस के ताई, नर मुसै बाप गुरु भाई।" इस रसना इन्द्रिय के चक्कर में पडकर इस मानव को झूठ कपट करना पडता है। अपने लहलहाते घर को उजाडना पड़ता है। झूठ का सहारा लेना पडता है तथा घरबार को छोड देश देशान्तर भटकना पडता है। यही नहीं छोटा-बडा, ऊँच-नीच, सब की मर्यादाओ को वह समाप्त कर देता है। यह सब रसना इन्द्रिय का चक्कर है। कवि के शब्दो में कितनी सच्ची अनुभूति है। अन्त में कवि ने यही अभिलाषा प्रकट की है कि यदि मानव जीवन को सफल बनाना है तो फिर रसना इन्द्रिय पर विजय प्राप्त करना आवश्यक है—

रसना रस विणै अकारो, वसि होइ न औगण गारो।
जिहि इहुर विषै वसि कीयौ, तिहि मुनिष जनम फल लीयौ।

हिन्दी के अन्य कवियो ने रसना इन्द्रिय का कार्य केवल हरि भजन माना है। सूरदास ने 'सोई रसना सो हरि गुण गावै' लिख कर रसना इन्द्रिय के प्रमुख कर्त्तव्य की ओर सकेत किया है। कबीर ने अपनी पीडा यो व्यक्त की है —जी भडिया छाला परर्या राम पुकारि पुकारि।

तीसरी इन्द्रिय है घ्राण। इस घ्राण इन्द्रिय के वश में होकर भी प्राणी कभी-कभी अपने प्राण गवा बैठता है। घ्राण इन्द्रिय की शक्ति बड़ी प्रबल है। चिउटी को शक्कर का ज्ञान हो जाता है तथा भौरे कमल को खोज निकालते हैं हम स्वयं भी अच्छी गन्ध मिलने पर प्रसन्न चित्त होकर आनन्द का अनुभव करने लगते हैं तथा दूषित गध मिलने पर नाक पर रुमाल लगा लेते हैं, नाक भो सिकोडने लगते हैं तथा वहां से भागने का प्रयास करते हैं। कवि ने भ्रमर का बहुत सुन्दर उदाहरण दिया है। जिस तरह गध लोलुपी भ्रमर कमल पराग का रस पान करता रहता है और वह कलि मे से निकलना भी भूल जाता है। बन्द कमल मे भी वह रगीन स्वप्न लेने लगता है—"रात भर खूब रस पीऊगा, और प्रात काल होते ही स्वच्छ सरोवर मे कमल की कलियां विकसित होगी मैं उसमे से निकल जाऊगा।" एक ओर वह भ्रमर सुनहरे स्वप्न ले रहा है तो दूसरी ओर एक हाथी जल पीने सरोवर मे आता है और जल पीकर उस कमल को उखाड लेता है और पूरे कमल को ही खा जाता है। बेचारा भौरा अपने प्राणो से हाथ धो बैठता है।

कमल पइठो भ्रमर दिनि, घ्राण गधि रस रूढ।
रैणि पडी सो सकुच्यौ, नीसरि सक्या न मूढ॥

अति घ्राण गधि रस रूढो, सो नीसर सक्यो न मूढो।
मनि चिंतै रयणि सवायो, रस लेस्यौं अजि अघायो।
जब उगैलो रवि विमलो, सरवर विकसै लो कमलो।
नीसरि स्यो तब इह छोडै, रस लेस्यौं आइ बहुडे।
चितवतै ही गज आयो, दिनकर उगवा न पायो।
जलि पैसि सरवर पीयो, नीसरत कमल खुडि लीयो।
गहि सु डि पाव तलि चप्यौ, अलि मारयौ थर हर कप्यौ।
इहु गध विषै छै भारी, मनि देखहु क्यौ न विचारि।
इह गध विषै वसि हुवो, अलि अहलु अखूटी मूवो।
अलि मरण करण दिठि दीजे, तउ गध लोभ नहि कीजे॥३॥

अन्त मे कवि ने मानव को भ्रमर की मृत्यु से शिक्षा लेने को कहा है कि जो प्राणी इस ससार की गन्ध लेने मे ही अपने आपको उसमे समर्पित कर देता है

उसकी भी भ्रमर के समान दशा होती है। आंखो का काम देखना है। इन नेत्रों द्वारा रूप सौंदर्य को देखा जाता हैं और यह मानव अपनी आंखो से रूप सौंदर्य को देखने का इतना आदि हो जाता है कि वह उसी देखने मे अपना आपा खो बैठता है। यह मानव रूप पर कितना मरता है, आंखो की चोरी करता है और दूसरो की स्त्री की ओर झांकता रहता है। कवि ने अहिल्या और तिलोत्तमा का उदाहरण देकर अपने कथन की पुष्टि की है। यही नहीं "लोयण लपट झूठा, बाज्या नहि होइ अपूठा" कह कर चक्षु इन्द्रिय पर करारी चोट की है। यही नहीं आगे कहा है कि मना करने पर भी वह नही मानता है। लेकिन पांचो इन्द्रियो का स्वामी तो मन हैं जब तक मन वश में नही होता तब तक बेचारी ये इन्द्रियां भी क्या करें।[1] इसलिए इसी के आगे कवि ने कहा है कि—

लोयणो दोस को नाहीं, मन मेरे देखन जाही।

श्रोत्रेन्द्रिय का विषय है शब्द, उसकी मधुरता, कोमलता और प्रियता पर प्राण निछावर करना जीव का स्वभाव है। हरिण वधिक का गीत सुनकर प्राण घातक तीर से व्यथित हो प्राण को छोड देता है। सर्प जैसा विषैला जन्तु सगीत की मीठी ध्वनि सुनकर बिल से निकल कर मनुष्य के अधीन हो जाता है। इसलिए कवि ने मानव को सचेत किया है कि वह हिरण की तरह मधुर नाद के वशवर्ती होकर अपने प्राणों का परित्याग न करे।

इस तरह ठक्कुरसी ने पञ्चेन्द्रिय वेलि मे पाचो इन्द्रियो के विषयासक्त पांच प्रतीको द्वारा मानव को सचेत रहने को कहा है। जो मानव इन पाचो इन्द्रियो के वशीभूत हो जाता है वह जल्दी ही अपनी जीवन लीला समाप्त कर बैठता है।

अलि गज मीन पतग मृग एकै कहि दुख दीध।
आइति भो भो दुख सहै, जिहि वसि पच न किद्ध।

ठक्कुरसी कवि को अपनी कृति पर स्वाभिमान है इसलिए वह लिखता है—

करि वेलि सरस गुण गाया, चित चतुर मनुष समझाया।
मन मूरिख सक उपाई, तिहि तणइ चित्ति न सुहाई।।

इस वेलि का दूसरा नाम गुण वेलि भी है।[2]

---

१ नेहु अवग्गलु तेल तसु बाती वचन सुरग।
रूप जोति परतिय विषै, पडहिति पुरुष पतग।।

२ देखिए राजस्थान के जैन शास्त्र भण्डारों की ग्रन्थ सूची भाग-२।

## ४ चिन्तामणि जयमाल

प्रस्तुत जयमाल ११ पद्यो की लघु कृति है जिसमे पार्श्वनाथ का स्तवन एव उनकी भक्ति के प्रभाव से घटित घटनाओ का उल्लेख किया गया है। जिनेन्द्र स्वामी की भक्ति से मानव अथाह समुद्र को तैर कर पार कर सकता है, सूली फूलो की माला बन सकती है और न जाने क्या क्या विपत्तियो से वह बच सकता है। जयमाल की भाषा अपभ्रंश मिश्रित हिन्दी है। कवि ने अन्त मे अपना नामोल्लेख निम्न प्रकार किया है—

> इह वर जयमाल गुणह विसाला, थेल्ह सतनु ठाकुर कहए।
> जो णरु सिरिण सिरक्कइ दिरिण विणि अक्खइ सो सुहमण वछिउ लहए।

प्रस्तुत जयमाल की प्रति जयपुर के गोधो के मन्दिर के शास्त्र भण्डार के ८१ वे गुटके मे पृष्ठ २० से २२ तक सग्रहीत है।

## ५. कृपण छन्द

कविवर ठक्कुरसी का कृपण छन्द लौकिक जीवन के आधार पर निबद्ध कृति है। छीहल कवि ने पच सहेली गीत लिखकर जहाँ एक ओर पति वियोग एव पति मिलन मे नवयुवतियो की मनोदशा का चित्रण किया था वहाँ कवि ठक्कुरसी ने कृपण छन्द लिखकर उस व्यक्ति का चित्रण किया है जो उसके सचय मे ही विश्वास करता है और उसका उपयोग जीवन के अन्तिम क्षण तक नहीं करता।

कृपण छन्द का नाम कही कृपण चरित्र भी मिलता है। यह कवि की सवत् १५८० के पोष मास मे निबद्ध रचना है। रचना एकदम सरस, रुचिकर एव प्रसाद गुण से भरपूर है। इसमे ३५ पद्य हैं। जो षट्पद छन्द मे निबद्ध है। इस कृति की एक पाण्डुलिपि जयपुर और एक भट्टारकीय शास्त्र भण्डार अजमेर मे सग्रहीत है। अजमेर वाली पाण्डुलिपि मे तो कृति का ही नाम कृपण षट्पद दिया हुआ है। कृति की सक्षिप्त कथा निम्न प्रकार है—

एक प्रसिद्ध कृपण व्यक्ति उसी नगर में अर्थात् चम्पावती में ही रहता था और वही कविवर ठक्कुरसी भी रहते थे। वह जितना अधिक कृपण था उसकी धर्मपत्नी उतनी ही अधिक उदार एव विदुषी थी।

> क्रिपणु एक परसिद्ध नयरि निवसति निलक्षणु।
> कही करम संजोग तासु घरि नारि विचक्खण।

सारे नगर के निवासी इस जोडी को देखकर आश्चर्य में भर जाते थे क्योंकि स्त्री जितनी दानी, धर्मात्मा एवं विनयी थी उसका पति उतना ही कजूस था। न स्वयं खर्च करता था और न अपनी पत्नी को खर्च करने देता था। इसी को लेकर दोनो मे कलह होता रहता था। वह कृपण न गोठ करता, न मन्दिर जाता, यदि कोई उससे उधार मागने आता तो वह गाली से बात करता, यही नहीं अपनी बहन, भुआ एवं भाणजियों को भी अपने घर पर नहीं बुलाता था। यदि कोई घर मे बिना बुलाये ही आ जाता तो मुह छिपा कर बैठ जाता था।

घर मे आंगण पर ही सो जाता। खटिया तो उसके घर पर थी ही नहीं तथा जो थी उसे भी बेच दी। घर पर छान बाध ली। जब आधी चलती तो उसकी बडी दुर्दशा होती। वह सबसे पहिले उठता और दस कोस तक नगे पाव ही घूम आता। न स्वय खाता और न अपने परिवार वालो को खाने देता। दिन भर झूठ बोलता रहता और झूठ लिखता, पढता और झूठी कमाई करता। अपनी इस आदत के कारण वह नगर मे प्रसिद्ध था। नगर का राजा भी उसकी आदतो को जानता था।

वह पान कभी नही खाता और न ही किसी को खिलाता था। न कभी सरस भोजन करता। न कभी नवीन कपडे पहन कर शरीर को सँवारता था। वह कभी सिर मे तेल भी नही डालता और न मल-मल कर नहाता था। खेल तमाशे मे तो कभी जाता ही नही था।

कदे न खाइ तबोलु, सरसु भोजन नही भक्खे।
कदे न कपडा नवा पहिरि, काया सुख रक्खे।
कदे न सिर मे तेल घालि, मल मल कर न्हावै।
कदे न चन्दन खरचै, अग अबीरु लगावै।
पेषणो कदे देखे नही, श्रवणु न सुहाई गीत-रसु ।।६।।

उसकी पत्नी जब नगर की दूसरी स्त्रियो को अच्छा खाते-पीते, अच्छे वस्त्र पहिनते तथा पूजा-पाठ करते देखती तो वह अपने पति से भी वैसा ही करने को कहती। इस पर दोनो मे कलह हो जाती। इस पर वह अपने भाग्य को कोसती और पूर्व जन्म मे किये हुए पापों को याद करती जिसके कारण उसे ऐसा कृपण पति मिला। वह याद करती कि क्या उसने कुदेव की पूजा की, अथवा गुरु एवं साधुओं की निन्दा की, क्या झूठ बोली या रात्रि मे भोजन किया अथवा दया धर्म का पालन नहीं किया जो ऐसे कृपण पति से पाला पड़ा। जो न स्वय खरचे और न उसे ही खरचने दे।

ज्यौ देखै देहुरै त्याह् की वर नारी ।
तलि पहरचा पटकूला सब्ब सोवन सिंगारी ।
एकि करावै पूज एकि उभी गुण गावै ।
एक देहि तिय दाणु एक शुभ भावन भावै ।
तिहि देखि भणै हीयो हणै कवणु पापु दीयो दई ।
अहि पाप किए ही पापीयणी कृपणु कत घरि घण हुई ।।६।।

एक दिन कृपण की पत्नी ने सुना कि गिरनार की यात्रा करने सघ जा रहा है तो उसने रात्रि मे हाथ जोडकर हँसते हुए पति से यात्रा सघ का उल्लेख किया और कहा कि लोग उसी गिरनार की यात्रा करने जा रहे हैं जहाँ नेमिनाथ ने राजुल को छोड दिया था और तपस्या की थी। वहाँ पर्वत चढ़ेंगे, पूजा-पाठ करेंगे तथा पशु एव नरक गति के बध से मुक्त होगे। इसलिए हम दोनो को भी चलना चाहिए। इतना सुनते ही कृपण के ललाट पर सलवटे पड गयी और वह बोला कि क्या तू बावली हो गई है जो धन खरचने की तेरी बुद्धि हुई है। मैने अपना धन न चोरी से कमाया है और न मुझे पडा हुआ मिला है। दिन रात भूखा प्यासा मर कर उसे प्राप्त किया है। इसलिए भविष्य मे उसे खरचने की कभी बात मत करना।

नारि वचन सुणि कृपणि, सीसि सलवटि घण यल्ली ।
कि तू हुई धण बावली, कि धण थारी मति चल्ली ।
मै धणु लद्धु न पडयो, मै र धणु लियो न चोरी ।
मै धणु राजु कमाइ, आपु आणियो ना जोरी ।
दिन राति नीद विरु भूख सहि, मैर उपायो दुख घणो ।
खरचि नां तणो वाहुडि, वचनु धण तू आगै मत भणो ।।१४।।

कृपण की पत्नी भी बडी विदुषी थी इसलिए उसने कहा कि नाथ, लक्ष्मी तो बिजली के समान चंचल है। जिसके पास अटूट धन एव नवनिधि थी वह भी साथ नही गयी। जिन्होने केवल उसका सचय ही किया वे तो हार गये और जिन्होने उसको खर्च किया उनका जीवन सफल हो गया। इसलिए यह यात्रा का अवसर नही चूकना चाहिए और कठोर मन करके यात्रा करनी चाहिए। क्योंकि न जाने किन शुभ परिणामो से अनन्त धन मिल जावे। इसके बाद पति पत्नी मे खूब वाद-विवाद छिड जाता है। पत्नी कहती है कि सूम का कोई नाम ही नहीं लेता जब कि राजा कर्ण, भोज एव विक्रमादित्य के सभी नाम लेते हैं। वह फिर कहने लगी कि वह नर धन्य है जिसने अपने धन का सदुपयोग किया है। पाप की होड न करके पुण्य कार्यों की तो अवश्य होड़ करनी चाहिए। पुण्य कार्य मे धन लगाना अच्छी

बात है। जिसने केवल धन का संचय ही किया और उसे स्व पर उपकार में नहीं लगाया वह तो अचेतन के समान है तथा सर्प के डसे हुए के समान है।

पत्नी की बात सुनकर कृपण गुस्से में भर गया और उठ कर बाहर चला गया। बाहर जाने पर उसे उसका एक कृपण ही साथी मिल गया। साथी ने जब उसकी उदासी का कारण पूछा और कहने लगा कि क्या तुम्हारा धन राजा ने छीन लिया या घर मे कोई चोर आ गया अथवा घर मे कोई पाहुना आ गया या पत्नी ने सरस भोजन बनाया है। किस कारण से तुम्हारा मुख म्लान दिखता है।

तबहि कृपणु करि रोस, रुसि घर बाहिरि चलीयो।
ताम एकु सामहो मतु पूरवलो मिलियो।
कृपणु कहै रे कृपण आजि तू दूमण दिठो।
कि तु रावलि गह्यो केम घरि चोर पइट्ठा।
आईयउ कि को घरि पाहुणो कीयो नर भोजन सरसि।
किणि काजि मीत रे आजिउ तु, मुख विलाण दीठो।

कृपण ने कहा कि मित्र मुझे घर मे पत्नी सताती है। यात्रा जाने के लिए धन खरचने के लिए कहती है जो मुझे अच्छी नही लगती। इसी कारण वह दुर्बल हो गया है और रात दिन भूख भी नहीं लगती। मेरा तो मरण आ गया। तुम्हारे सामने सब कुछ भेद की बात रख दी।

उस दूसरे कृपण मित्र ने कहा कि हे कृपण तू मन मे दुख न कर। पापिनी को पीहर भेज दे जिससे तुझे कुछ सुख मिले।

कृपणु कहै रे मत मुझ घरि नारी सतावै।
जाति चालि धन खरीचु कहै जो मोहि न भावै।
तिह कारणि दुब्बलै रयण दिण भषण ण लगाइ।
मतु मरण चाइयो गुझ अख्यो तू आगै।
ता कृपणु कहै रे कृपण सुणी मीत मरण न माहि दुखु।
पीहरि पठाइ दे पापिणी ज्यो को दिणु तू होइ सुख ॥२०॥

इसके पश्चात् उस कृपण ने एक आदमी को बुलाया तथा एक झूठा पत्र लिख दिया कि तेरे जेठे भाई के पुत्र हुआ है अत उसे बुलाया है। पत्नी पति के प्रपच को जानते हुए भी पीहर चली गयी।

कुछ महीनो पश्चात् यात्रा सघ वापिस लौट आया। इस खुशी मे जगह-जगह ज्योनारे दी गयी, महोत्सव किये गये। जगह-जगह पूजा पाठ होने लगे। विविध

दान दिये गये । बाजे बजे तथा लोगों ने खूब पैसा कमाया । कृपण ने यह सब सुना तो उसे बहुत दु:ख हुआ ।

कुछ समय पश्चात् वह बीमार पड़ गया । उसका अन्त समय समझ कर उसके परिवार वालों ने उसे दान पुण्य करने के लिए बहुत समझाया लेकिन उसके कुछ भी समझ मे नहीं आया । उसने कहा कि चाहे वह मरे या जीये ज्योनार कभी नहीं देगा । उसका धन कौन ले सकता है । उसने बड़े यत्न से उसे कमाया है । अब वह मृत्यु के सन्मुख है इसलिए हे लक्ष्मी तू उसके साथ चल । लक्ष्मी ने इसका उत्तर निम्न प्रकार दिया—

लच्छि कहै रे कृपण झूठ हो कदै न बोलो ।
जु को चलण दुइ देह गलत मारगी तसु चालों ।
प्रथम चलण मुझ एहु देव देहुरे ठविज्जे ।
दूजे जात पतिट्ठ दाणु चउसघहि दिज्जै ।
ये चलण दुवै तै भजिया ताहि बिहूणी क्यो चलो ।
भूख मारि जाय तू हो रही बहुडि न सगि थारे चलो ।।२८।।

लक्ष्मी ने कहा कि उसकी दो बातें हैं । एक तो वह देव मन्दिरो मे रहती है । दूसरे यात्रा, प्रतिष्ठा, दान और चतुर्विध सघ के पोषणादि कार्य हैं उनमे तूने एक भी नहीं किया । अत वह कृपण के साथ नहीं जा सकती ।

कुछ समय पश्चात् कृपण मर गया और मर कर नरक मे गया । वहा उसे अनेक प्रकार के दु:ख सहन करने पडे । इसलिए कवि ने निम्न निष्कर्ष के साथ कृपण छन्द की समाप्ति की है—

इसौ जाणि सहु कोइ, मरइण पूरिष धमु सच्यो ।
दान पुण्य उपगार दित धनु कि वै न खचौ ।
दान पुजै वह रासो असो पौष पाचै जगि जाणै ।
जिसउ कपणु इकु दानु तिसउ गुणु कसु बखाण्यौ ।
कवि कहै ठकुरसी घेल्ह तणु, मै परमत्थु विचार्यो ।
चरगियो त्याह उपज्यौ जनमु ज्या पाच्यो तिह हारियो ।।३५।।

प्रस्तुत पाण्डुलिपि में ३५ छन्द हैं ।

## ६. पार्श्वनाथ शकुन सत्तावीसी

कवि की सर्वतोल्लेख यह प्रथम कृति है जिसकी रचना संवत १५७८ माघ शुक्ला २ के शुभ दिन चम्पावती मे हुई थी ।[1] उस समय देहली पर बादशाह इब्राहीम लोदी का शासन था तथा चम्पावती महाराजा रामचन्द्र के अधीन थी। सत्तावीसी एक स्तवनात्मक कृति है जिसमे चाकसू (चम्पावती) के पार्श्वनाथ के मन्दिर मे विराजमान पार्श्वनाथ की ही स्तुति की गयी है। इसमे २७ पद्य हैं। रचना साधारण होते हुए भी सुन्दर एव प्रवाह युक्त है और सोलहवीं शती के अन्तिम चरण मे हिन्दी भाषा के विकास को बतलाने वाली है। सत्तावीसी स्तवन परक कृति होने पर भी इतिहास के पुट को लिये हुए है। प्रस्तुत कृति में इब्राहीम लोदी के रणथम्भोर आक्रमण का उल्लेख है तथा यह कहा गया है कि बादशाह ने अपने प्रबल सैन्य के साथ रणथम्भोर किले पर जब आक्रमण कर दिया तो उसकी सेना आस पास के क्षेत्र मे भी उपद्रव मचाने लगी और वह चम्पावती तक आ पहुँची। लोग गावो को छोडकर भागने लगे ।[2]

चम्पावती के निवासी भी भय से कांपने लगे तथा मना करने भी चारों ओर भागने लगे। लेकिन कुछ लोग नगर मे ही रह गये और भगवान पार्श्वनाथ की स्तुति करने लगे। ऐसे नागरिको मे प० मल्लिदास, कविवर ठक्कुरसी आदि प्रमुख थे ।[3] सभी नागरिक पार्श्वनाथ की स्तुति, पूजा-पाठ करने लगे तथा विपत्ति से बचाने के लिए प्रार्थना करने लगे। भगवान पार्श्वनाथ की कृपा से शीघ्र ही भयकर विपत्ति टल गयी। लोगो को अभय मिला। नगर मे शान्ति हो गयी। चारो ओर पार्श्वनाथ

---

१ घेल्ह नवणु ठकुरसी नामु, जिण पाय पकय भसलु।
तेण पास थुय किय सचो अवि, पवरासय अट्ठतरइ।
माह मासि सिय पखू पुर अवि, पढहि गुणहि जे नारि नर।

२ अवहि लिखउ राणि सग्रामि, रणथभुवि बुग गढु।
अब इब्राहिमु साहि कीधिउ, वलु बौली मो कलिउ।
बोलु कोलु सबु तेण लोपिउ, जिव लग उच्छलि हाइसिउ।
मेछ मूढु भय बज्जि, विगु चपावती देस सहि गया बहुइ बिसि भज्जि।

३ तेण तुहु सिउं कहहि जगनाथ, तिसुणि सिद्धि सुंदरि रयण।
इहि निमित्त कउ किसउ कारणु, भूत भविषित जाणि तुहु।
तुहु समथु जगि तरण तारण, उच्चावला उचबहु।
आइ भव देखइ गांइ, अइसि देखहि पास प्रभु होइ रहहु चिक्कठाइ ॥२३॥

की जय बोली जाने लगी। जो लोग नगर छोडकर चले गये थे वे अधिक दु:खी हुए और जो नगर मे ही रहे वे शान्तिपूर्वक रहे।

एम जपिय करिवि थुय पूज, मल्लिदास पंडिय पमुह।
सइ हथा सामी उचायउ, तुच्छ मूरतिउ चनि तिलु।
हूवो जाणि सुरगिरि सवायउ, इणि विधि परतिउ वारतिहु।
पूरि विहूरी भराति जयवतउ जगि पास तुहु, जेव करी सुख संगति ॥२४॥
तासु पर ते जिके णर भव्वनी भग्गा दिहु रह्या।
हूवा सुखी ते घरा वासै, जे भगा भति करि।
दुख पाया अरु रड्या सांसै, अवरइ परत्या वह इसा।

प्रमु पूरिवा समथु, अजउन जिसु पतिसाइ मनु, मो नरु निगुणु निरथु ॥२५॥

पार्श्वनाथ 'सकुन सत्तावीसी' प० मल्लिदास के आग्रह से रची गयी थी।[1] मल्लिदास ने ठक्कुरसी से पार्श्वनाथ के मन्दिर मे ही इस प्रकार के स्तवन लिखने की प्रार्थना की थी। कवि ने अपनी सर्वप्रथम अल्पज्ञता प्रकट की क्योंकि कहा भगवान पार्श्वनाथ के अनन्त गुण और कहा कवि का अल्पज्ञान। फिर भी कवि अपने मित्र के आग्रह को नही टाल सके और उन्होंने सत्तावीसी की रचना कर डाली। और अन्त मे भी मल्लिदास से सत्तावीसी पढ़ने के लिए आग्रह किया है।

प्रस्तुत सत्तावीसी की पाण्डुलिपि दि० जैन मन्दिर प० लूणकरण जी पाड्या के शास्त्र भण्डार के एक गुटके मे संग्रहीत है। लेकिन गुटके मे एक पत्र कम होने से ५ से १४ वे पद्य तक नही है। सत्तावीसी की एक प्रति अजमेर के भट्टारकीय शास्त्र भण्डार मे भी संग्रहीत है।

## ७ जैन चउवीसी

जैन चउवीसी का उल्लेख प० परमानन्द जी शास्त्री ने अपने लेख में किया है। यह स्तुति परक कृति है जिसमे २४ तीर्थंकरो का स्तवन है। राजस्थान के शास्त्र भण्डारो मे जैन चउवीसी की कोई पाण्डुलिपि नही मिलती।

---

१ एक दिवसह पास जिण गेह मल्लिदास पंडिय कहइ।
ठक्कुरसीह सुणि कवि गुणम्मल गाहा गीय कवित कह।
तइ कियमय निसुणी समभाल।
इव श्रीपास जिणव गुण करहि म कितु हु भव्व।
जहि कीया ये पाविए मन वछित सुख सव्व ॥२॥

## ८ मेघमाला कहा

मेघमाला कहा की एक मात्र पाण्डुलिपि भट्टारकीय शास्त्र भण्डार अजमेर के एक गुटके में सग्रहीत है। इसकी उपलब्धि का श्रेय पं० परमानन्द जी शास्त्री देहली को है।

मेघमाला व्रत करने का उस समय चम्पावती मे बहुत प्रचार था। ठक्कुरसी ने अपने मित्र मल्लिदास हाथुव साहू नामक श्रेष्ठि के आग्रह एव भ० प्रभाचन्द्र के उपदेश से इस कहा की अपभ्र श में रचना की थी। उस समय चम्पावती नगरी खण्डेलवाल दि० जैन समाज का केन्द्र थी तथा अजमेरा, पहाडिया, बाकलीवाल आदि गोत्रो के श्रावको का प्रमुख रूप से निवास था। सभी श्रावकों में जैनाचार के प्रति आस्था थी। कवि ने उस समय के कितने ही श्रावको के नाम गिनाये हैं जिनमे जीणा, तोल्हा, पारस, नेमिदास, नाथूसि, मुल्लण आदि के नाम उल्लेखनीय है। कवि तोषा पडित का और नाम गिनाया है।

मेघमाला व्रत भाद्रपद मास की प्रथम प्रतिपदा से प्रारम्भ होता है। इस दिन उपवास एव दिन भर पूजन करनी चाहिए। यह व्रत पाच वर्ष तक किया जाता है। इसके पश्चात् व्रत का उद्यापन करना चाहिए। यदि उद्यापन न कर सके तो इतने ही वर्ष व्रत का और पालन करना चाहिए।

मेघमाला कहा की समाप्ति सावन शुक्ला ६ मगलवार सवत १५८० के शुभ दिन हुई थी। पूरी कहा मे ११५ कडवक तथा २११ पद्य है। रचना अपभ्र श भाषा मे निबद्ध है।

मेघमाला कहा का आदि एव अन्त भाग निम्न प्रकार है—

आदि भाग—

णय चरिम जिणिंदु वि दय कदु वि सुव सिद्धस्थ वि सिद्धयरो।
कहू कहमि रसाला वयघणमाला णर णिसुणहु करिकण्णथिरो ।।
दिण्णेक ढु ढाहड देस मज्झि, णयरी चपावइ अरिय सत्थि।
तहिं अस्थि पास जिणवरणिकेउ, जो भव कण्णिहि तारणहसेउ।
तसु मज्झि पहासति वर मुणीसु, सह सठिउ ण गोयमु मुणीसु।
तहु पुरउ णिविट्ठिय लोय भव्व, णिसुणत धम्मु मणि गलिय-गव्व।
तह मल्लिदास वणि तणु रुहेण सेवइ सुवुत्त विणय सहेण।
भो बेल्हणंद ! सुणि ठकुरसीह, कइ कुलह मज्झि तुहु लहणु लीह।

तहु मेहमालवय कहु पयासि, इण कियइ केण फलु लद्ध आसि ।
इहु कहु किय चिरु किण सहसकित्ति, तुहु करि पद्धडिया बंध मित्त ।
ता विहसि वि जपइ घेल्हणावु, जो धम्म कहा कहणि बभंदु ।
भो मित्त ! पइमि बुज्झिउ हियत्थु, कहु कहमि केम बुज्झउ ण सत्थु ।
वायरणु न मइ गुणियउ गुणालु, कोवद्दम दीठउ रसु रसालु ।
जो हरइ जड तण तणउ दोसु, सो सवणि सुणियउ तिम सकोसु ।
कहु कहणि बुहयण हसहि मज्झु, किहकरि रजावमि चित्त तुज्झ ।।

अन्तिम भाग—

सुप्रमयडी चिरु लेवि सुत्तयं, करी कहा एह महा पवित्तय ।
उणग्गल जंपय मत्त जपिया, खमेउ त देवी भारही मया ।।
ता माल्हा कुल-कमलु दिवायरु, अजमेराहु वसि मय सायरु ।
विणय सउजण जणमण रजणु, दाणि दुहियणह उल-म जणु ।।
रूवे मयरद्ध य सम सरिसु वि, परयण पुरह मज्झि मइ पुरि सु वि ।
जिण गुण णिग्गथहु पयमत्त वि तोसण पडिय कवियण चित्त वि ।
वुच्छिय वयण सयल परिपालणु, बधव तिय सहयर सुयलालणु ।
एलीतिय भण रुहइल सोहणु, मल्लिदास यातहु मणु मोहणु ।
तिणि सेवइ सुन्दरि यह कह सुणि, सरिसु वउलीमउ सु दिढु मणि ।
पुणु तोल्हा तणेण परमत्थें, कह सुणि वउली योसिर हत्थें ?
पुणुवि पहाडियाहु वरवसवि, लद्धीसयल णयरि सुपसंसवि ।
जीणा नवणेण जिणभत्तें, ताल्हू वउली यो विहसतें ।
पुणु पारस तणेण बुहधीरें, गहिउ सुवउ बइ तइजस धीरें ।
पुणु वाकुलीयवाल सुविसालुवि, वालू वउली यो घणमालुवि ।
पुणु कह मुणिवि ठकुरसी सवणि, खेमिदास भावण भाईय मणि ।
पुणु णाथूसी वग्गरि मुल्लणि, लीयउ बउ जीउ रिय मय डुल्लणि ।
पुणु कह सुणिवि मणोहर णारिहि, अवरहि भव्वण वर णर-णारहि ।
मेघमालावउ चगउ महियउ, इ छिउ फलु लहि सहि कवि करियउ ।
चपावतीव णयरि णिवसते, रामचन्द्रपहु रज्जु करते ।
हाथुवसाहु महत्ति महत्ते, पहाचन्द गुरु उवएसते ।
पणरहु सइजि असीवे अग्गल सावण मासि अट सिय मगल ।
पयउ पहाडिए वससिरोमणि, घेल्हा गइ तसु तिय वर घर मिणि ।
तहु तणइ कवि ठाकुरि सु दरि, यह कहि किय सभव जिन मंदिरि ।

घत्ता—जो पढइ पढावइ णियमणि भावइ लेहाइ विसई करि लिहिये।
तसु वय की यह फलु होइ विणिम्मलु राम सुमणि मोयमु कहिये।
वस्तुबंध—जेण सुंदरि विणवइ वयणेण कराविय एह कह।
मेहमालवय विहि रवण्णिम पुण पुवि बह लिहावि करि।
पयउ कज्जि पडियह दिण्णिय मल्लाणदु सु महियलह सेवउ सेवउ गुणह गहीरु।
नदउ तब लगु जउलइ, वहइ गंगनदि नीरु ॥११५॥

## ९ शील गीत

यह एक छोटा-सा गीत है जिसमें ब्रह्मचर्य की महिमा बतलायी गयी है। प्रारम्भ मे कुछ उदाहरण दिये गये हैं जिनमे विश्वामित्र एवं पाराशर ऋषियो के नाम विशेष रूप से गिनाये गये हैं जो ब्रह्मचर्य के परिपालन में खरे नहीं उतर सके। अन्त में इन्द्रियो पर विजय पाने पर जोर दिया गया है। गीत का दूसरा एवं अन्तिम पद्य निम्न प्रकार है—

सिंघु वसइ बन मज्झि मस आहारि वली अति।
बार एक वरस मैं करइ सिंघणी सरि सुरति।
पेषि परे वो पापु आसु मन मुइइ न आसुर।
खाइ खड पाषाण कामु सेवइ निसि बासर।
भोयणि बसेवु नहु ठकुरसी इहु विकार सब मन तणो।
सील रहहि ते स्यघ नर नहि यति पारापति गिणो ॥२॥

## १० पार्श्वनाथ स्तवन

प्रस्तुत स्तवन प० मल्लिदास के आग्रह पर निबद्ध किया गया था। इसमें चपावती (चाकसू) के पार्श्वनाथ प्रभु की स्तुति की गयी है। पूरा स्तवन १५ पद्यो मे पूर्ण होता है। स्तवन प्रभावक ऐव सुरुचिपूर्ण है। इसका अन्तिम छन्द निम्न प्रकार है—

पास तणी सुपसाइ, पाइ पणमंति आइ अरि।
पास तणै सुपसाइ थाइ, चक्कवइ रिद्धि घरि।
पास तणै सुपसाइ सग्ग सिव सुख लहिजै।
पास तासु पणमति भगि आलस कुम किजै।
ठकुरसी कहै मलिदास सुणि हमि इहु पायो भेडु इव।
जगि ज ज संदरु संपजै, त तं पास पसाउ सव ॥१२॥

## ११ सप्त व्यसन षट्पद

कविवर ठक्कुरसी की जिन ६ कृतियों की प्रथम बार उपलब्धि हुई है उनमें "सप्त व्यसन षट्पद" प्रमुख कृति है। जिस प्रकार कवि ने पञ्चेन्द्रिय वेलि मे पाच इन्द्रियो की प्रबलता, तथा उनके दमन पर जोर दिया गया है उसी प्रकार सप्त व्यसनो मे पड़कर यह मानव किस प्रकार अपना अहित स्वय ही कर बैठता है। व्यसन सात प्रकार के हैं—जुवा खेलना, माँस खाना, मदिरा पीना, वेश्यागमन करना, शिकार खेलना, चोरी करना और परस्त्री सेवन करना। ये सातो ही व्यसन हेय है, त्याज्य हैं तथा मानव जीवन का विनाश करने वाले हैं।

पार्श्व वन्दना के साथ षट्पद को प्रारम्भ किया है। कवि ने कहा है कि पार्श्व प्रभु के गुणो का तो स्वय इन्द्र भी वर्णन करने मे जब समर्थ नहीं हैं तो वह अल्प बुद्धि उनके गुणो का कैसे वर्णन कर सकता है। कवि ने बड़ी ओजपूर्ण भाषा मे अपनी लघुता प्रकट की है—

पुहमि पट्टि मसि मेरु होहि भायरा खर सागर।
अघस अनोपम लेखि साख सुरतर गुरा आगर।
आपु इदु करि लिहै, कहै फणिराउ सहसमुख।
लिहइ देवि सरसत्ति लिहत पुरा रहइ नही चुप।
लेखरिए मसि मही न उब्बरइ, थक्कइ सरसइ इद पूरिए।
आयो नवोडु कहि ठकुरसी तवइ जिरोसर पास गुरिए ।।१।।

जुआ खेलना प्रथम व्यसन है। जुआ खेलने मे किञ्चित् भी लाभ नहीं है। ससार जानता है कि पाचों पाण्डवो एव नल राजा को जुआ खेलने के क्या फल भुगतने पड़े थे। उन्हे राज्य सम्पदा छोड़ने के साथ-साथ युद्ध का भी सामना करना पड़ा था। द्यूत क्रीडा करने से अनेक दुःख सहन करने पड़ते हैं। इसलिए जो मनुष्य द्यूत क्रीडा के अवगुण जानते हुए भी इसे खेलता है वह तो बिना सींग के पशु है।

जूव जुवारुयो घणी लाभु गुरा किवइ न दीसइ।
मतिहीणा मानइ खेलि मति चित्ति जगीसइ।
जगु जाणइ दुखु सह्यो पच पडव नरवइ नलि।
राज रिधि परहरी रणु सेविउ जूवा फलि।
इह विसन लगि कहि ठकुरसी, कवणु न कवणु विगुत्तु वसु।
इव जाणि जके जूवा रमै ते नर गिणिवि ण सीगु पसु ।।१।।

दूसरा व्यसन है मांस खाना। जीभ के स्वाद के लिए जीवों की हत्या करना एव करवाना दोनो ही महा पाप के कारण हैं। मास मे अनन्तानन्त जीवो की प्रतिक्षण उत्पत्ति होती रहती है इसलिए मास खाना सर्वथा वर्जनीय है।

मद्य पान तीसरा व्यसन है। मद्य पान से मनुष्य के गुण स्वत ही समाप्त हो जाते हैं। शराब के नशे में वह अपनी मां को भी स्त्री समझ लेता है। मद्य पान से वह दु खो को भी सुख मान बैठता है। यादवों की द्वारिका मद्य पान से ही जल गयी थी। यह व्यसन कलह का मूल है तथा छत्र और धन दोनो को ही हानि पहुँचाने वाला है एव बुद्धि का विनाशक है। वर्तमान में मद्य पान के विरुद्ध जिस वातावरण की कल्पना की जा रही है, जैन धर्म प्रारम्भ से ही मद्य पान का विरोधी रहा है।

मज्ज पिये गुण गलहि जीव जोगै ज्वाल्यो भणि।
मज्जु पिये सम सरिस माइ महिला मण्णहि मणि।
मज्जु पिये बहु दुखु सुखु सुणहा मैथुन इव।
मज्ज पिये जा जादव नरिंद सकुटब बिगय खिव।
घण धम्म हाणि नर यह गमणु कलह मूल अवजस उतपति।
हारति जनमु हेलइ मुगध मज्ज पियें जे विकलमति ।।३।।

वेश्या गमन चतुर्थ व्यसन है जो प्रत्येक मानव के लिए वर्जनीय है। यह व्यसन धन, सपत्ति, प्रतिष्ठा एव स्वास्थ्य सबको नष्ट करने वाला है। सेठ चारुदत्त की बर्बादी वेश्यागमन के कारण ही हुई थी। कालिदास जैसे महाकवि को वेश्या-गमन के कारण मृत्यु का शिकार होना पड़ा था। इसलिए वेश्यागमन पूर्णत वर्जनीय है।

